ISSN 2277 - 7083

आधुनिक साहित्य

Aadhunik Sahitya

साहित्य, संस्कृति एवं आधुनिक सोच की त्रैमासिकी

UGC Approved Care Listed Journal

वर्ष/Year-11 अंक/Vol.-42 द्विभाषी/Bilingual

अप्रैल – जून / Apr. - Jun. 2022

संपादक

डॉ. आशीष कंधवे



सुमित्रानन्दन पन्त

20 मई 1900

तेरा कैसा गान,
विहंगम! तेरा कैसा गान?
न गुरु से सीखे वेद-पुराण,
न षड्दर्शन, न नीति-विज्ञानय

तुझे कुछ भाषा का भी ज्ञान,
काव्य, रस, छन्दों की पहचान?
न पिक-प्रतिभा का कर अभिमान,
मनन कर, मनन, शकुनि-नादान!

आधुनिक साहित्य

साहित्य, संस्कृति एवं आधुनिक सोच की त्रैमासिकी

संपादक

डॉ. आशीष कंधवे

विश्व हिंदी साहित्य परिषद

प्रकाशन | वितरण | राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

प्रमुख उद्देश्य

- ★ हिंदी का प्रचार-प्रसार
- ★ उत्तम साहित्य का प्रकाशन
- ★ साहित्यकार साहित्य योजना
- ★ पुरस्कार प्रतियोगिता का संचालन
- ★ रोजगारोन्मुख हिंदी के लिए प्रयास
- ★ हिंदी एवं भारतीय भाषाओं का समग्र विकास
- ★ साहित्य एवं संस्कृति के चहुँमुखी विकास के लिए प्रयत्न
- ★ संग्रहालय, पुस्तकालय एवं संगोष्ठी कक्ष की स्थापना में प्रयासरत

मुख्यालय

एडी-94-डी, शालीमार बाग, दिल्ली-110088

संपर्क सूत्र : 09811184393, 011-47481521

ई-मेल : vhspindia@gmail.com, aadhuniksahitya@gmail.com

Website : www.vhsp.in

UGC Approved Care Listed Journal

आधुनिक साहित्य

साहित्य, संस्कृति एवं आधुनिक सोच की त्रैमासिकी

वर्ष/Year-11 अंक/Vol.-42 | अप्रैल-जून 2022/April-June 2022 | द्विभाषी/Bilingual

Aadhunik Sahitya

संपादक

डॉ. आशीष कंधवे*

Editor

Dr. Ashish Kandhway

संरक्षक	Patron
प्रो. उमापति दीक्षित	Prof. Umapati Dixit
कुमार अविकल मनु	Kumar Avikal Manu
उप संपादक	Sub Editor
रजनी सेठ	Rajni Seth
प्रबंध संपादक	Managing Editor
ममता गोयनका	Mamta Goenka
विशेष संवाददाता (अमेरिका)	Special Correspondent (USA)
रश्मि शर्मा	Rashmi Sharma
संवाददाता (अंग्रेजी)	Correspondent (English)
निलांजन बैनर्जी	Nilanjan Banerjee

*आशीष कंधवे (मूल नाम आशीष कुमार)

आधुनिक साहित्य में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार एवं दृष्टिकोण संबन्धित लेखकों के हैं जिनसे संपादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं पत्रिका से जुड़े किसी भी व्यक्ति का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का निपटारा दिल्ली क्षेत्र के अन्तर्गत सीमित है। पत्रिका में सम्पादन से जुड़े सभी पद गैर-व्यावसायिक एवं अवैतनिक हैं।

आधुनिक साहित्य

साहित्य, संस्कृति एवं आधुनिक सोच की त्रैमासिकी

UGC Approved Care Listed Journal

केंद्रीय हिंदी संस्थान के सहयोग द्वारा प्रकाशित

RNI No. DELBIL/2012/42547
ISSN 2277 - 7083

© सर्वाधिकार सुरक्षित
प्रकाशित सामग्री के पुन: उपयोग के लिए लेखक, अनुवादक अथवा आधुनिक साहित्य की स्वीकृति अनिवार्य है।

संपादकीय कार्यालय
एडी-94-डी, शालीमार बाग, दिल्ली-110088
फोन : 011-47481521, +91-9811184393
ई-मेल : aadhuniksahitya@gmail.com
adhuniksahitya@gmail.com

आलेख/रचना/कहानी में व्यक्त विचार संबंधित लेखकों के हैं इससे प्रकाशक या संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

मूल्य : **₹ 150 प्रति अंक**

शुल्क :	तीन वर्ष (12 अंक)	₹ 3100
	पांच वर्ष (20 अंक)	₹ 5100
	(डाक/कोरियर खर्च सहित)	
	आजीवन सदस्यता	₹ 21,000
	विदेश के लिए (3 वर्ष)	100 डॉलर

शुल्क **'AADHUNIK SAHITYA'** के नाम पर भेजें।

Account Name	: Aadhunik Sahitya
Account No.	: 16800200001233
Bank	: Federal Bank Ltd.
Branch	: Shalimar Bagh New Delhi-110088
IFSC Code	: FDRL0001680

'आधुनिक साहित्य' द्विभाषी त्रैमासिकी आशीष कुमार के स्वामित्व में और उनके द्वारा एडी-94डी, शालीमार बाग, दिल्ली-110088 से प्रकाशित तथा आभा पब्लिसिटी, 163, देशबंधु गुप्ता मार्केट, करोलबाग, नई दिल्ली से मुद्रित। स्वामी/संपादक/प्रकाशक/मुद्रक : डॉ. आशीष कुमार।

'AADHUNIK SAHITYA' A quarterly bilingual (Hindi & English) Journal of Literature, Culture & Modern Thinking owned/published/printed/edited by Ashish Kumar from AD-94-D, Shalimar Bagh, Delhi-110088 and printed at Abha Publicity, 163, Deshbandhu Gupta Market, Karolbagh, New Delhi.

अनुक्रम

संपादकीय

- डॉ॰ आशीष कंधवे / *इतिहास बोध : नैसर्गिक निर्दोष मनःस्थिति का यथार्थ* / 8

शोध-संसार

- डॉ. नवकान्त दास एवं प्रांजल कुमार नाथ / *भारतीय संस्कृति में शंकरदेव....*/ 16
- डॉ. ब्रह्मलता / *मनमोहन सहगल के उपन्यासों में संघर्षशील नारी* / 23
- डॉ. प्रेमप्रकाश मीणा / *प्रश्न मीडिया की भाषा* / 29
- श्रीमती निकिता रामटेके एवं डॉ. शंकर मुनि राय / *गिरीश पंकज के कथा साहित्य...*/ 32
- अजय कुमार यादव एवं डॉ. कविता पड़ेगाँवकर / *महिला एवं पुरुष हैंडबॉल खिलाड़ियों के व्यक्तित्व के गुणों का तुलनात्मक अध्ययन* / 37
- बसन्त कुमार / *भाषा और व्यक्तित्व* / 41
- मनीष कुमार कुर्रे / *छत्तीसगढ़ का इतिहास (नामकरण के संदर्भ में)* / 44
- चैतराम यादव एवं डॉ. (श्रीमती) बी.एन. जागृत / *डॉ. गणेश खरे का हिन्दी साहित्य....*/ 53
- एस कुमार गौर एवं डॉ. (श्रीमती) बी.एन. जागृत / *कृष्णा सोबती के उपन्यासों में स्त्री पात्रों की प्रासंगिकता (वर्तमान संदर्भ में)* / 57
- डॉ. प्रियंका सिंह / *समकालीन आदिवासी कविता : समस्यायें और चुनौतियाँ* / 62
- रूबी शर्मा एवं डॉ. विनोद कुमार जैन / *समाकेतिक शिक्षा में डिजिटलीकरण से विद्यार्थियों के शैक्षणिक उपलब्धि पर प्रभाव का अध्ययन* / 66
- डॉ. सुनीता शर्मा / *समकालीन हिन्दी कविता में चित्रित पर्यावरण प्रदूषण (राजेश जोशी और ज्ञानेन्द्रपति के विशेष संदर्भ में)* / 74
- सोनिया / *रामचरितमानस की वर्तमान में प्रासंगिकता* / 82
- माहेश्वरी एवं डॉ. चन्द्रकुमार जैन / *स्त्री-विमर्श : समकालीन परिप्रेक्ष्य में* / 86
- डॉ. भास्कर लाल कर्ण / *भारतीय आधुनिकता* / 89
- डॉ. वेदप्रकाश / *भारतेंदु का बलिया व्याख्यान और वर्तमान परिदृश्य* / 96
- डॉ. जैनेन्द्र कुमार पाण्डेय / *सूचना क्रांति के दौर में भाषिक चुनौतियाँ* / 101
- दीपमाला एवं डॉ. कविता पड़ेगाँवकर / *ग्रामीण विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व का तुलनात्मक अध्ययन* / 106
- सत्येन्द्र पाण्डेय / *आदमी का ज़हर बनाम मोछू नेटुआ* / 109
- डॉ. अंजू बसंल / *भारतीय संस्कृति के दर्पण में 'विदुर नीति'* / 115
- प्रो. (डॉ.) अनुसुइया अग्रवाल एवं दीप्ति ठाकुर / *साहित्य में व्यंग्य* / 122
- गिरजेश कुमार / *मानव समाज को सामाजिक समरसता का पाठ....*/ 125
- रेणु देवी / *स्त्री चेतना का सारगर्भित स्वरूप : ममता कालिया का नरक....*/ 130
- संदीप सो. लोटलीकर / *लेखक-पत्नी की त्रासदी की गाथा 'एक कहानी यह भी'* / 135
- डॉ. वीरेन्द्र सिंह यादव / *हिन्दी यात्रा साहित्य का तुलनात्मक अध्ययन* / 141
- डॉ. मधु कौशिक / *भारतीय रंगमंच में मंच की शास्त्रीय परिकल्पना* / 145

ENGLISH SECTION

Research Article

- Amandeep Kumar / **A case study: Anti-India Activities of ISI** / 153
- Dr. Vibha Srivastava / **Drug Patent Issues In IPR vis-a-vis Public....**/ 160
- Dr. M.N.V. Preya / **Impinging and Enslavement in Kamala Markandaya's novels *Nectar in a Sieve* and *The Coffer Dams*** / 169
- Aiswarya B and Dr. T.S. Ramesh / **Estrangement of Psyche in Anita Desai's *Cry, the Peacock* and *Fire on the Mountain*** / 175
- Ms. Swati Hooda and Dr. Mayur Chhikara / **Intersecting Identities in....**/ 180
- Dhivya Bharathi R and Dr. T.S. Ramesh / P**eeking Ambivalent Sexism viz., Nisha and Aasha Rani of Shobha De's *Sultry Days* and....**/ 188
- Deepak Kumar Kashyap and Dr. Anupama Saxena / **Political Participation of Women in Chhattisgarh Panchayati Raj Institutions** / 192
- Kamaljot Kour / **Postcolonial Ecofeminism in India: Divergent Trajectories and Emergent Voices** / 196
- Dr. Ramyabrata Chakraborty / **Untouchability as an Impediment to Indian Nationalism: A Re-Reading of Mulk Raj Anand's *Untouchable*** / 205
- Tania Shri and Dr. Vandana Sharma / **Paradigms of Gender and Environment Debate in Mahasweta Devi's 'The Hunt' and....**/ 211
- Dr. Mary Sandra Quintal / **Revealing the Complexity of Connectedness in Robertson Davies' *Fifth Business*** / 219
- Sahil Bhagat / T**owards Climate Consciousness: Unveiling the Issues of Climate Change in Barbara Kingsolver's *Flight Behavior*** / 226
- Amita and Dr. Tamishra Swain / **Exploration of Female Consciousness in Urmila Pawar's *The Weave of My Life:* A Deconstructionist Study** / 233
- B. Ramya / **A Study on Sin of Despair: With Reference to Vikram Chandra's Select Works** / 239
- Indusoodan I and Dr. S. Geetha / **Representation of African Culture and African Consciousness in the Fiction of Ben Okri** / 244
- K. Jefferson and Dr. V. Radhakrishnan / **A Study on Enhancing Writing Skills Using Descriptive Tasks at the Tertiary Level** / 248
- S. Priyadharsini and Dr. C.G. Sangeetha / **Inevitable Modifications and Natural Calamities in Paolo Bacigalupi's *The Windup Girl*** / 254
- R. Gomathy and Dr. V. Radhakrishnan / **Enhancing the Reading Competency of the L2 Learners by using CLIL with Metacognitive Strategies** / 259

- Mrs Sasikala AD and Dr. K. Radhai / **The Potential Power and Values of Education Builds a Character : A Study of GithaHariharan's*The Ghosts of Vasu Master*** / 263
- R. Ramya Sri and Dr. V. Radhakrishnan / **A Study on Developing Writing Skills through Vocabulary Activities** / 269
- S. Govarthini and Dr. K. Prabha / **Liminal and Portal-Quest: Neil Gaiman a Hybrid Fantasy Writer** / 274
- R. Janani and R. Padmavathi / **Relentless Suffering of Women in Shashi Deshpande's *A Matter of Time*** / 280
- Ms. K. Niranjana and Dr. T. Gangadharan / **Tracing the Phylogeny of New-fangledwomen in Manju Kapurs Select Novels** / 285
- N. K. Saranya and Dr. B. Visalakshi / **The Unrevealed Meloncholia and the Survival of Life in Sharon M. Draper's *Out of My Mind*** / 290
- Dr. A.J. Manju and Ms. Roja Sankaranarayan / **The concepts of Destiny and Memory in Deep Trivedi's *I am Krishna*** / 296
- Ms. T. Thenmozhi / **Myth and Climate Change in Amitav Ghosh's *The Gun Island*** / 301
- Y. Raja and Dr. T. Gangadharan / ***Artfulness of Lunancy* in Elie Wiesel's Select Novels** / 306
- Dr. Neena T.S. / **'Mirroring the contradictory Images of Women within the Socio- Cultural Scenario of Ancient Times': A Philosophical....**/ 311
- Ms. Deepmala Srivastava and Dr. Annu Bahl Mehra / **Live in Relationship and Domestic Violence in India** / 315
- Eza Deshwal / **Understanding the 'hushed': A Foucauldian Perspective of Selected Literature** / 322
- Vaishali / **A Journey Towards Post Modernism: Study Of Italo Calvino's "The Castle Of Crossed Destinies."** / 327
- Himanshu and Dr. Rama Sharma / **Rights and Conditions of Undertrial Women and their children in India** / 332
- Swati Gandhi and Dr. Rama Sharma / **'Vocal for Local' - Special Treatment to MSMEs under Insolvency and Bankruptcy Code, 2016** / 339
- Vardan Dikshit and Dr. Abhishek Upadhyay / **Internet of Things (IOT) and market research: ethical and data privacy issues** / 347
- Dr. Rituraj Pant, Dr. Himani and Pragya Joshi / **Tourism Planning and Development in Uttarakhand-Prospects and Challenges** / 354
- Kamshad Mohsin and Harshit Kiran / **Right to Privacy in Cyberspace: Is it Real or Fake?** / 361

संपादकीय

इतिहास बोध : नैसर्गिक निर्दोष मनःस्थिति का यथार्थ

इतिहास सृष्टि का एक अभिन्न अंग है। सृष्टि को समझने के लिए जिन साक्ष्यों की आवश्यकता होती है वह हमें इतिहास से ही प्राप्त होता है। अब सृष्टि के किस पक्ष को समझना है यह विषय बहुत विस्तृत है परंतु चाहे पक्ष कोई भी हो इतिहास की उपलब्धता के बिना मानवी संचेतना मानवीय विकास और मानव समाज को संपूर्णता में समझा नहीं जा सकता। मैं इतिहास को मनुष्य जाति की उपलब्धि के रूप में देखता हूं। इतिहास कैसे लिखा गया है, कितना निष्पक्ष है यह एक अलग विषय है ।

प्रत्येक मनुष्य का इतिहास होता है, इसलिये उसे इतिहास-बोध की आवश्यकता होती है। मनुष्य अपने तथा अपने पूर्वजों के इतिहास बोध से ही स्वयं को संबल प्रदान करता है एवं भविष्य के लिए मार्ग का निर्माण करता है। प्रत्येक मनुष्य की एक सामाजिक, सांस्कृतिक, पारिवारिक, राजनीतिक पृष्ठभूमि होती है। व्यक्ति चाहे जिस देश में रहता हो, पृथ्वी के किसी भी कोने में जीवन यापन के लिए बस गया हो, वह अपने इतिहास से अलग होकर अपनी कल्पना नहीं कर सकता। मेरी दृष्टि में इतिहास मनुष्य के साथ-साथ कदमताल करते हुए चलता है। यह अलग बात है कि हम अपने इतिहास बोध पर बहुत ज्यादा ध्यान केंद्रित नहीं करते हैं। आज मैं विशेष रूप से उस इतिहास की बात करूंगा जिससे सामाजिक समरसता, सामाजिक संस्कृति, सामाजिक मूल्यबोध और सामाजिक चेतना का विकास होता है, अर्थात साहित्य। इनसे जो इतिहास का समायोजन होता है वह पूर्ण रूप से सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक चेतना, आर्थिक चेतना, राजनीतिक चेतना और व्यावसायिक चेतना पर केंद्रित होता है। इसलिए साहित्य का इतिहास अत्यंत महत्त्वपूर्ण हो जाता है। इतिहास की महत्त्वपूर्ण घटनाओं को भी साहित्य के माध्यम से समाज के सामने लाने का काम रचनाकार करते रहते हैं।

संक्षेप में कहें तो मनुष्य की तरह ही साहित्य का भी इतिहास होता है। साहित्य के इतिहास-लेखन की संभावना साहित्य की अवधारणा पर निर्भर करती है। वास्तव में, इतिहास-दर्शन की तरह साहित्य के इतिहास का भी एक दर्शन होता है। साहित्य के ऐतिहासिक दर्शन को किसी एक परिधि में बांधकर या फिर किसी एक विचारधारा के अंतर्गत उसे निर्धारित करके देखना साहित्य के विराट स्वरूप को नष्ट करने जैसा है। यहीं से साहित्यिक विद्रूपता का जन्म होता है और इतिहास अपने सौंदर्य के स्थान पर, अपनी उपलब्धियों के स्थान पर समाज के काले पक्ष को निरूपित करने लगता है। साहित्य के इतिहास लेखन के लिए यह आवश्यक है कि साहित्य-परंपरा को एक विकासशील

और गतिशील प्रक्रिया माना जाए और साहित्यिक कृतियों को उस प्रक्रिया का अनिवार्य अंग। सामाजिक जीवन के विकास के साथ ही कला और साहित्य का भी विकास होता है।

समाज के लिए उसके कला एवं साहित्य का विकास ही उसकी सांस्कृतिक अवधारणा को नई पीढ़ी के समक्ष प्रस्तुत करती है। समय के साथ होने वाले बदलाव और समय सापेक्ष विचारधारा के बदलाव से साहित्य बहुत गंभीरता से प्रभावित होता है। इसलिए साहित्य के इतिहास की अवधारणा की जब भी बात की जाएगी हमें उसके निष्पक्ष होने की प्रमाणिकता की जांच की आवश्यकता भी नहीं पड़ेगी। निष्पक्ष रुप से लिखा गया इतिहास और किसी एक विचारधारा अथवा मनुष्य को केंद्र में रखकर लिखा गया इतिहास दोनों में जमीन-आसमान का फर्क होता है। निष्पक्षता से नैसर्गिक निर्दोष आवरण का निर्माण होता है और प्रथम दृष्टि में ही पाठकों के मन में स्थान बनाने में सफल हो जाता है। वहीं पक्षपाती होकर इतिहास लेखन कहीं न कहीं समाज के मन में संशय का बीज उत्पन्न कर देता है।

इसलिए स्वतंत्र भारत में इतिहास लेखन चाहे वह इतिहास के दृष्टिकोण से हो या फिर साहित्य के दृष्टिकोण से निरंतर विवादास्पद बना हुआ है।

इतिहास से नाराज अनेक आलोचकों ने आलोचना में ऐतिहासिक संचेतना को अनावश्यक मानकर उसे समालोचना के क्षेत्र तक से बहिष्कृत करने का प्रयत्न किया है। उन्होंने साहित्य-सिद्धांत तथा व्यावहारिक आलोचना तक ही आलोचना को सीमित कर दिया है। इस परिधि के निर्माण से एक ओर जहाँ इतिहास की गुणवत्ता पर प्रश्न चिन्ह लगता है। वहीं साहित्य की अंतर्दृष्टि भी सीमित और संकुचित हो जाती है। इस संकुचन से हमारा वैश्विक सांस्कृतिक तथा साहित्यिक व्यवहार कमजोर पड़ता है और हमारी सृजनात्मक अभिव्यक्ति अपनी मूल अवधारणा से हटकर एक पक्षकार के रूप में स्वयं को प्रस्तुत कर देती है।

इस बात पर निरंतर विश्वास बनाए रखना चाहिए कि किसी भी रचनाकार की ऐतिहासिक चेतना उसकी रचना की अंतर्वस्तु के कलात्मक रूप और मूल्यवत्ता को निर्धारित करती है। इसी मूल्य बोध का निर्धारण सांस्कृतिक संचेतना और साहित्यिक अवधारणा को मूलाधार प्रदान करती है जो किसी भी राष्ट्र के सांस्कृतिक उत्कर्ष अथवा सांस्कृतिक पतन का कारण बनती है।

जी. हार्टमैन नामक पाश्चात्य चिंतक ने लिखा है-"साहित्य का इतिहास एक बौद्धिक अनुशासन के रूप में ही नहीं, बल्कि साहित्य की रक्षा के लिए भी आवश्यक है।" न्यू लिटरेरी हिस्ट्री, मा.स. सं.-1, 1970 पृ. 183, इसीलिए साहित्य का इतिहास न तो वर्तमान से पलायन का साधन है और न अतीत की आराधना का मार्ग। हाँ यह स्पष्ट हो जाता है कि पलायन और नए मार्ग की खोज के अंतर्गत कुछ विषय वस्तु अंतर्निहित होते हैं जिनकी पड़ताल करना आवश्यक है। इतिहास लेखन इस आधार पर नहीं हो सकता कि वर्तमान के कटु यथार्थ के दंश से बचाने वाले कल्पना लोक का निर्माण कर दिया जाए। इतिहास न अतीत की अंध-पूजा है और न वर्तमान का तिरस्कार। इतिहास वर्तमान की समस्याओं से बचने का बहाना भी नहीं है और न ही अतीत के गौरव का रोना। किसी भी राष्ट्र की प्रगति, उसके विकास, उसके चिंतन को इतिहास ऐसे मार्ग पर ले जाए जहाँ से नई पीढ़ी के लिए नए मार्ग का निर्माण होता हो और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व का बोध होता हो।

देखने में आता है कि कई साहित्यकार इतिहास की विलुप्त रचनाओं और रचनाकारों के उद्धार का साधन बना देते हैं, इसे सिर्फ साधन नहीं बल्कि अवधारणात्मक को सरोकार के रूप

में देखना चाहिए। रचनाकार किसी रचना को अपने काल का केवल ऐतिहासिक कीर्ति-स्तम्भ ही नहीं मानता, रचना को अपने युग के यथार्थ के प्रतिबिंबन का केवल साधन नहीं समझता है बल्कि रचना के परंपरा, परिवेश और प्रभाव का विश्लेषण भी करता है, जो इतिहास और सृजन के संरक्षण और संवर्धन की प्रक्रिया है।

विचारों के इतिहास को साहित्य का इतिहास नहीं कहा जा सकता। सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के धरातल पर किसी शोध ग्रंथ का परिशिष्ट पृष्ठ नहीं है। किसी महान व्यक्ति का स्तुति गान नहीं है और न ही इतिहास का अर्थ महिमामंडित करना है। इतिहास साहित्य में अंतर्निहित उसके अंतर्वस्तु का निरूपण है, उसकी भूमिका है।

इतिहास विज्ञान का भी उतना ही महत्त्वपूर्ण है जितना साहित्य का परंतु दोनों में मूलभूत अंतर यह है कि विज्ञान के अधिकांश इतिहासकारों ने तथ्य और सत्य को तोड़ मरोड़ कर प्रस्तुत नहीं किया है जबकि साधारण इतिहासकारों ने साहित्य और संस्कृति के इतिहास को अपनी विचारधारा के अनुरूप और परिस्थितियों को ध्यान में रखकर अंकित किया है।

हम विशुद्ध रूप से साहित्यिक रचनाकारों से संबंधित आलोचकीय प्रतिक्रियाओं के सारांश को भी इतिहास नहीं कह सकते और न मुक्त चिंतन के नाम पर वैचारिक दृष्टिहीनता को स्वीकार कर सकते हैं।

किसी एक विचारधारा को संतुष्ट करने के लिए लिखे गए साहित्य के इतिहास की धारणा को हमें ऐतिहासिक, दार्शनिक, मनोवैज्ञानिक, समाजशास्त्रीय, भाषावैज्ञानिक और सौंदर्यशास्त्रीय साहित्यानुशीलन का सार-संग्रह भी पूर्ण रूप से इतिहास की सत्यता की कसौटी नहीं माना जा सकता। मैं यह मानता हूँ कि साहित्य के विकास स्वरूप की अवधारणा को समझे बिना और साहित्य की निरंतरता में आस्था के बिना साहित्य का इतिहास लेखन असंभव है।

इसलिए साहित्येतिहास स्वतंत्र और पृथक् रचनाओं की शृंखला मात्र नहीं है। पश्चिम के एक और महत्त्वपूर्ण चिंतक रेने वेलेक के अनुसार-"साहित्य के इतिहास का प्रयोजन है साहित्य की प्रगति, परंपरा निरंतरता और विकास की पहचान करना"-डिस्क्रिमिनेशन्स 1970 पृ. 143।

इतिहास की बात जब हम करते हैं तो विकास की बात होती है और जब भी विकास की बात होती है तो एक और शब्द हम सबके मस्तिष्क में स्थान ग्रहण करने लगता है जिसे हम प्रतिभा कहते हैं। किसी व्यक्ति की प्रतिभा का आकलन उसकी शारीरिक संरचना व संगठन के आधार पर नहीं किया जा सकता, प्रतिभा का आकलन हमेशा उसकी वैचारिक क्षमता के आधार पर किया जाता है। प्रकृति को देख पाना इस बात पर निर्भर करता है कि व्यक्ति के वैचारिक दृष्टि का केंद्र किस जगह पर है। हम अपने सामने उपस्थित किसी भी वस्तु का सही तरीके से निरीक्षण तभी कर पाते हैं जब हमारी वैचारिक चेतना का केंद्र उस वस्तु या विचार पर केंद्रित होता है। अन्यथा वस्तु हमारे सामने ही होती है और उसे हम देख नहीं पाते हैं। इसका प्रमुख कारण यह है कि उस समय आपका मस्तिष्क कुछ और सोच रहा होता है और आपकी वैचारिक दृष्टि किसी दूसरी जगह पर केंद्रित होती है। ये बात सत्य है कि हमारे मस्तिष्क में वैचारिक भावनाओं का केंद्रीकरण नहीं होता अर्थात हमारा मस्तिष्क कभी एक वस्तु पर अथवा एक जगह पर ज्यादा समय तक केंद्रित नहीं रह पाता है यही कारण है कि हमारे लेखन में अनेक प्रकार की व्यवस्थाएं देखने को मिलती हैं। मनुष्य की वास्तविक दृष्टि उस जगह होती है जहां पर उसके विचारों की दृष्टि होती है। अर्थात मनुष्य अपने

भीतर जिस वस्तु की कल्पना में खोया होता है उसकी दृष्टि उस जगह पर केंद्रित होकर उसी कल्पना लोक का निर्माण करती है और यही कल्पना लोक एक दिन शब्दों में अभिव्यक्त होती है। अर्थात् हम वैचारिक दृष्टि को ठीक से समझना चाहें तो हम कह सकते हैं कि मनुष्य की वैचारिक दृष्टि वास्तविक दृष्टि और कल्पनात्मक दृष्टि में अंतर्निहित होती है। वास्तविक दृष्टि तथा कल्पनात्मक दृष्टि के एकाकार होने पर उसकी प्रज्ञा दृष्टि का उदय होता है। प्रज्ञा दृष्टि ही एक मनुष्य को उसके इतिहास लेखन के लिए प्रेरित करती है और बिना प्रज्ञा दृष्टि के सत्य निष्ठा पर आधारित काल सापेक्ष इतिहास का लेखन असंभव है।

चेतना के आकाश में इच्छाओं का समंदर व्याप्त होता है और मनुष्य की इच्छाएं एक अंतहीन पथ पर उसके प्रत्येक कर्म, कदम-कदम पर एक नवीन मार्ग प्रशस्त करने को उत्सुक रहती हैं इसलिए प्रज्ञा दृष्टि का होना अत्यंत आवश्यक है। इतिहास लेखन के समय इच्छाएं महाप्रवाह के रूप में हमारे भीतर प्रवाहित होती हैं जिसके कारण नवीन लहरें तरंगित और विलीन होती रहती हैं। इच्छाओं की जितनी अधिकता में पोषण और पूर्ति होती है उसकी अभिलाषा व आकांक्षा उतनी ही तेजी से बढ़ती जाती है, यह इच्छा का स्वभाव है। यही इच्छा का स्वभाव इतिहास लेखन में सबसे ज्यादा हमें प्रभावित करता है। जब साहित्य के इतिहास की बात हो तो महाप्रवाह हमें किस दिशा में ले जाएगा यह लेखक की मनोवृति में भी ठीक से स्पष्ट नहीं होता। यही मनुष्य के विकास का क्रम है और विकास की अवधारणा को यहीं से धैर्य की प्राप्ति होती है।

वस्तुतः इस विकास की धारणा के भी अनेक रूप हैं। ये धारणाएँ मुख्यतः दो हैं (क) चक्रीय प्रगति की धारणा और (ख) रेखीय प्रगति की धारणा। पहले के अनुसार साहित्य का विकास विश्लेषित करने वाले इतिहासकार किसी साहित्य-परंपरा या एक विधा के विकास को उदय, उन्नति और ह्रास के पुनरावृत्ति क्रम के रूप में समझते हैं। कोयेस्लर का कहना है कि साहित्य रचना की अंतर्वस्तु और रूप में क्रांतिकारी उत्थान-पतन प्रासंगिकता के बदलाव के कारण होता है। इसकी विभिन्न अवस्थाओं के रूप में विकास की प्रक्रिया चलती रहती है।

साहित्य और कला के विकास की व्याख्या करने वाला एक आवयविक सिद्धान्त भी है जिसके अनुसार साहित्य या कला को संस्कृति या सामाजिक विकास के अंग के रूप में विवेचित किया जाता है। इसके अनुसार साहित्य और समाज, युग और राष्ट्र की चेतना का अभिव्यंजक और विधायक है। भाषा के विकास-सिद्धांत का भी साहित्य के इतिहास की विकासवादी धारणा पर प्रभाव पड़ा। यहाँ मैं और स्पष्ट करते हुए यह बताना चाहता हूँ कि चेतना के स्तर पर हम बहुत कुछ गहराई से चाहते हैं परंतु अचेतन आपको उससे दूर रखने का प्रयास करता है। जब तक आप अचेतन स्तर पर इच्छा पैदा नहीं कर पाते हैं आपकी अंतरात्मा किसी नकारात्मक प्रभाव के प्रति जागृत होती है तब तक आप चक्रीय प्रगति की धारणा को ठीक से नहीं समझ पाएंगे।

लेखकीय प्रवृत्ति की धारणा को समझने के लिए विचारों के नकारात्मक प्रभाव से निपटने और अचेतन नकारात्मक प्रभाव को स्वीकार न करके नैसर्गिक प्रवाह की दिशा में कदम बढ़ाने को कह सकते हैं। कठिनाइयाँ उस जगह खड़ी होती हैं जहाँ लोग अपनी नकारात्मक प्रवृत्तियों को सकारात्मक और मुक्तिदाई समझने लगते हैं। अधिकतर दुखों और दुविधाओं के साथ अपनी सृजनात्मक शक्ति से बिल्कुल अनजान रहते हैं और हर समय अपने अनुभव की रचना को श्रेष्ठ मानते हुए विचारात्मक प्रवाह के माध्यम से चेतन और अचेतन दोनों प्रकार की इच्छा शक्तियों का सृजन करते

रहते हैं। आप एक ही समय में दो विभिन्न प्रकार की वस्तुओं की अच्छा रखते हैं जिसके कारण आपके भीतर एक विरोध उत्पन्न हो जाता है। यही आंतरिक संघर्ष, आंतरिक कष्ट हमारी अवचेतन इच्छा को वास्तविक अनुभव के सृजन से दूर करती है और तर्क की कसौटी पर कस कर संतुष्ट करने का प्रयत्न करती है। यथार्थ में जिसका तार्किक स्पष्टीकरण हमारा चेतन मस्तिष्क नहीं दे पाता है हम अपनी उन्हीं शंकाओं का शमन करते हुए अपनी सोच को शब्द देते हैं जीवन की जो परिस्थितियां हमारे मन के अनुरूप संघर्ष करने के लिए रोक रही होती हैं उसे हम अपने ही तर्क से संतुष्ट करते हैं। हमारा मस्तिष्क परिवेश के अनुसार अपने विचारों को प्रकट करता है परंतु हम जोड़, घटाव, गुणा, भाग करके मूल चेतना के स्वर को स्थान, काल, परिस्थिति और व्यावसायिक, व्यापारिक विचारधारा की निष्ठा के अनुरूप अभिव्यक्त करते हैं। यही विरोधाभास इतिहास लेखन में विष का काम करता है और समाज में संघर्ष की स्थिति उत्पन्न करता है।

साहित्य और कला के विकास की निरंतरता के अंतर्गत ही विभिन्न प्रवृत्तियों का उत्थान-पतन चला करता है; इसीलिए कला या साहित्य की मृत्यु की कल्पना से इतिहास के अंत की कल्पना से भी जुड़ जाती है। स्पष्ट है, साहित्य के विकास का लक्ष्य मानव-समाज के विकास के लक्ष्य से सम्बद्ध है और कोई भी विकास लक्ष्यहीन नहीं होता। इन सब के पीछे कोई न कोई प्रयोजन होता है, कोई न कोई तथ्य होता है।

मानव-समाज का इतिहास मनुष्य की प्रयोजनयुक्त क्रियाशीलता का ही परिणाम है। होता क्या है कि अचानक हमारे भीतर मानसिकता व आचरण में बड़ा बदलाव नजर आने लगता है। भीतर ही भीतर धारा कब, कहाँ और कैसे बदल जाती है किस मोड़ की ओर मुड़ जाती है, यह हम ठीक से समझ नहीं पाते हैं। हमारे अंतर्मन और आसपास के वातावरण निरंतर बदलते रहते हैं। कुछ परिवर्तन प्रत्यक्ष होते हैं कुछ परिवर्तन अप्रत्यक्ष होते हुए भी हमारी वातावर्णिक सिद्धांतों के अनुरूप नहीं होती। प्रकृति ने मानवीय सभ्यता को उत्पन्न किया। प्रकृति ने मानव को चेतना दी लेकिन बदलाव की प्रक्रिया इतनी तीव्र होती है कि हम अपनी कृति से प्रकृति को प्रभावित करने की कोशिश करते हैं। यहीं से हम उस मार्ग पर चले जाते हैं जहाँ से विखंडन शुरू होता है इसलिए साहित्य का इतिहास-लेखन साहित्य में होने वाले परिवर्तन और निरंतरता के द्वंद्वात्मक विकासशील संबंध की व्याख्या से संभव होता है।

किंतु साहित्य के इतिहास में यदि विकास को स्वत: संचालित प्रक्रिया मानने वाले विचारक हैं तो उस विकास को सामाजिक-ऐतिहासिक यथार्थ की विकास प्रक्रिया से अनुशासित प्रक्रिया मानने वाले विचारक भी हैं। साहित्य का प्रवाह सतत बना रहता है और इतिहास की गुणवत्ता उसके प्रभाव को सामाजिक धरातल पर प्रतिष्ठित करती रहती है। यही कारण है कि साहित्य की विकासशील प्रक्रिया में नई प्रवृत्तियों के उदय, पुरानी प्रवृत्तियों से नयी प्रवृत्तियों के संघर्ष, नए प्रयोग और परिवर्तन के साथ-साथ निरंतरता का क्रम चलता रहता है। यही वह प्रस्थान बिंदु होता है जहाँ से इतिहास की संरचना यथार्थ के ढांचे में स्वयं को रखती है और सामाजिक विश्वसनीयता को उत्पन्न करती है। सृष्टि में घटने वाले सभी जैविक घटनाओं, सांस्कृतिक घटनाओं, मानवीय घटनाओं के बदलते परिणामों और परिवर्तनों के संबंध में ऊर्जा व समय का उतना ही योगदान होता है जितना विचारों का होता है, मंथन का होता है। विचार से ही वह ऊर्जा उत्पन्न होती है जो मनुष्य के जीवन में मिलने वाली सफलता-असफलता, लाभ-हानि, स्वास्थ्य-समृद्धि,

ज्ञान-अज्ञानता के पीछे मनुष्य की वैचारिक भावनाओं का ही महत्त्वपूर्ण योगदान होता है क्योंकि विचारों के संबंध में सबसे महत्त्वपूर्ण और प्रभावी सिद्धांत यह है कि जो जैसा सोचता है वैसा ही बन जाता है तथा तदनुसार सफलता-असफलता, लाभ-हानि, स्वास्थ्य-समृद्धि, ज्ञान और स्वभाव को अर्जित करता है। विषय का संक्षेपण करें तो यह सिद्ध होता है कि विचारों के द्वारा आत्मबल प्राप्त होता है और आत्मा की शक्तियां उसी से निरूपित होती हैं। क्योंकि निरूपण को ही हम इतिहास के नाम से जानते हैं। यह निरूपण समय सापेक्ष होता है और सकारात्मक ऊर्जा के संचार से विस्तार प्राप्त करता है। साहित्य की विकास-प्रक्रिया के अंतर्गत क्रियाशील आंदोलनों, परिवर्तनों और नवीन प्रयोगों के सम्बन्ध का विवेचन साहित्य के इतिहास में होता है। साहित्य में परिवर्तन और आंदोलनों से नवीन प्रयोगों की सम्भावना ही उत्पन्न होती है और नवीन प्रयोगों से परिवर्तनों के लिए भूमिका तैयार होती है। अवधारणा को स्थाई स्वरूप प्रदान करना होता है और इसे जब तक स्थाई रूप न दिया जाए तब तक पीढ़ियों में संस्कारों के रूप में विचारों की अवधारणा स्थाई आस्था में परिवर्तित नहीं होती है।

आस्था वैचारिक अवधारणाओं के स्थाई स्वरूप का नाम है अर्थात् वे विचार इतने प्रबल और प्रतिष्ठित हो जाते हैं कि सामान्य मस्तिष्क के उनके प्रवाह को संतुलित नहीं कर पाता और वे विचार अंत:करण को गहराई से प्रभावित करने लग जाते हैं। जो विचार अवधारणा अंत:करण की गहराई तक पहुँच जाते हैं वह आस्था के श्रेणी में पहुँच जाते हैं तथा वैचारिक परिवर्तन से मनुष्य को परिचित कराते हैं। यही कारण है कि कई बार इतिहास धर्म का रूप धारण कर लेता है। धर्म धारण का अर्थ है सामान्य मस्तिष्क की शक्ति से अधिक शक्तिशाली विचारधारा का सामाजिक अवधारणा में एक बड़े जन समुदाय को अपने विचारों के संवेग से परिवर्तित और परिवर्द्धित करने की क्षमता रखना। परिवर्तनशीलता के साथ-साथ निरंतरता मानव-चेतना और मानव-समाज की एक विशेषता है। मानव-चेतना और साहित्य में पूर्ण परिवर्तनशीलता की संभावना को स्वीकार करने पर इतिहास-लेखन असंभव होगा और परिवर्तनों के अभाव में इतिहास-लेखन भी निरर्थक।

आज भी दर्शन अथवा मनोविज्ञान के स्तर पर यह शोध का विषय है कि साहित्य में कोई ऐसा परिवर्तन होता है जो अतीत और भविष्य से पूर्णता अलग हो? रचनात्मक प्रवृत्तियों, चिंतनधाराओं, सौंदर्यबोधीय मूल्यों और साहित्य-मूल्यों की विकासशील परंपरा में परिवर्तन और निरंतरता का द्वंद्वात्मक गतिशील सम्बध होता है। हर नया आंदोलन अतीत से मुक्ति की बात करता हुआ भी नया होने के बावजूद इतना नया नहीं होता कि अतीत से उसका कोई संबंध ही न हो। नवीन विचारों को जन्म देने के लिए विषय अथवा समस्या से संबंधित सभी आंकड़ों को पहले अच्छी तरह चिंतन के स्तर पर खोजा जाना चाहिए और फिर समस्या का समाधान प्राप्त करने के लिए उन आंकड़ों को वैचारिक व्यवस्था के अंतर्गत व्यवस्थित किया जाना चाहिए। नवीन विचारों से ही उत्साह अभिरुचि और मनोभावों की आग से समाज को प्रज्ज्वलित किया जाता है। उत्साह और अभिरुचि कार्य करने की आकांक्षा को तीव्र बनाए रखते हैं जिससे परिवर्तन की चाहत अग्नि के ताप को और तीव्र कर देती है।

साहित्य और कला के इतिहास में क्रांतिकारी परिवर्तनों के बावजूद निरंतरता के कारण होते हैं-मानव-चेतना और मानव-स्वभाव की निरंतरता; मानव-समाज की निरंतरता ही साहित्य की परंपरा का सम्बन्ध सामाजिक परंपराओं स्थापित करती है और भाषा की परंपरा से सामाजिक

जीवन, जीवनानुभव और भाषा का गतिशील संबंध को साहित्य में परिवर्तन और निरंतरता की संबद्धता का कारक बनाती है।

साहित्य के इतिहास में अभिनव प्रयोगों की विशिष्टता का महत्त्व और समस्या के बावजूद निरंतर गतिशील परंपरा के अंतर्गत घटित होने वाले परिवर्तनों का स्वरूप है। केवल रूप संबंधी-प्रयोग ही विचारणीय नहीं होता, वस्तु संबंधी प्रयोगों का स्वरूप भी विचारणीय होता है। समाज और साहित्य के इतिहास में वर्तमान का विचारधारात्मक संघर्ष वर्तमान और भविष्य के लिए ही नहीं होता, वह अतीत की रक्षा के लिए भी होता है। साहित्य के इतिहास में अतीत की प्रगतिशील परंपरा के लिए संघर्ष एक ओर वर्तमान संघर्ष का अंग होता है तो दूसरी ओर अतीत की रक्षा के लिए संघर्ष होता है। यह तो प्राय: सभी मानते हैं कि साहित्य का इतिहास और साहित्य के अनुशीलन की ऐतिहासिक पद्धति दोनों एक ही नहीं हैं। किसी रचना की ऐतिहासिकता रचना से संबंधित ऐतिहासिक तथ्यों का कुल योग मात्र नहीं हैं बल्कि ऐतिहासिकता ऐतिहासिक कल्पना-शक्ति से निर्मित एक मूल्य है जिससे रचना का मूल्यांकन होता है।

अतीत की रचनाओं के वर्तमान अनुभव की व्याख्या समायोजन ही साहित्य का इतिहास है। अतीत की रचनाओं को वे इतिहास-प्रक्रिया के अंग के रूप में देखने-परखने का आग्रह करते हैं। साहित्येतिहास को ऐतिहासिक आलोचना से स्वतंत्र एक बौद्धिक अनुशासन के रूप में विकसित करने के लिए यह आवश्यक है कि रचना रचनात्मक प्रवृत्तियों और कलात्मक बोध के उदय तथा द्वंद्वात्मक विकास को एक गतिशील प्रक्रिया के रूप में विवेचित किया जाए तथा इस विकास-प्रक्रिया को प्रभावित करनेवाले ऐतिहासिक यथार्थ से विकास प्रक्रिया के संबंध की व्याख्या भी की जाए। इस विकास प्रक्रिया से उत्पन्न परिवर्तनों के कारण और प्रभाव की व्याख्या करना भी इतिहासकार का काम है। इसके लिए निश्चय ही रचना और रचनाकार से संबंधित तिथियों और तथ्यों का अनुसंधान करना होगा लेकिन, रचना का मूल्यांकन करनेवाली आलोचना-दृष्टि के पीछे वर्तमान की कला-चेतना की सक्रियता आवश्यक है। अतीत की रचनाओं की वर्तमान में प्रासंगिकता, वर्तमान की कला-चेतना और सामाजिक-चेतना से निर्धारित होती है। इसके सत्यापन के लिए विचारों की पूरी प्रक्रिया का संशोधन आवश्यक है, यही विचारों की प्रक्रिया का अंतिम चरण होता है अब वह विचार चाहे साहित्य हो, संस्कृति हो अथवा भौगोलिक। वांछित विचार अथवा समाधान प्राप्त कर लेना ही लक्ष्य नहीं होता बल्कि विचारों को उपयुक्त तरीके से प्रस्तुत करना और सत्यापित करना भी उतना ही आवश्यक होता है। समस्या जितनी बड़ी और जटिल होती है उसके हल के लिए उतना ही अधिक परिश्रम करना पड़ता है। महान सफलताओं की प्राप्ति के लिए प्रतिभा के साथ-साथ एक चौथाई प्रेरणा और तीन चौथाई परिश्रम का अमूल्य योगदान होता है।

साहित्य का इतिहास मनोवैज्ञानिक तथा वैचारिक अवधारणा है जो ब्रह्मांड के दिशा और दशा दोनों में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने में पूर्णत: सक्षम है और मानव जीवन से संबंधित प्रत्येक प्रश्नों के उत्तर ढूंढने में भी पूर्णत: सक्षम एवं पारंगत है। ऐतिहासिक कल्पना की सर्जनात्मक क्रियाशीलता से निर्मित ऐतिहासिक अंतर्दृष्टि और मूल्य दृष्टि के अभाव में रचना के आलोचनात्मक विश्लेषण-मूल्यांकन के बिना इतिहास अगर पुरातात्विक चिंतन बन जायेगा तो रचना और रचनाकार से संबंधित तथ्यों के विवेकपूर्ण अनुसंधान के बिना इतिहास ऐतिहासिक आलोचना का पर्याय हो जायेगा।

यही ऐतिहासिक अंतर्दृष्टि और आलोचनात्मक चेतना के संयोग के कारण रामचंद्र शुक्ल का इतिहास एक 'क्लासिक' कृति है; जबकि ऐतिहासिक अंतर्दृष्टि और आलोचनात्मकता के सामंजस्य के अभाव के कारण हिन्दी साहित्य के अनेक दूसरे इतिहासों में इतिहास और आलोचना का पार्थक्य स्पष्ट देखा जा सकता है। पृथक्करण की इसी सीमा रेखा के अंतर्गत समाहित होने वाले विचारों और विषयों का मूल्यांकन किया जाना चाहिए। चूँकि, इतिहास मूलतः मूल्यांकनपरक होता है। विचारणीय है कि अतीत की रचनाओं का मूल्यांकन अतीत के अनुभव के आधार पर किया जाए या वर्तमान के अनुभव के आधार पर ?

सोच लो समझ ही समस्या है और समाधान भी जहां से समस्याओं का जन्म होता है ठीक उसी आरंभ बिंदु से समाधान का भी अस्तित्व प्रकट होता है क्योंकि समस्याएं वैचारिक होती हैं इसलिए समस्याओं का समाधान भी वैचारिक ही होना चाहिए। समाधान विचारों के द्वारा ही संभव हो सकता है यदि जीवन एक समस्या है तो समाधान भी जीवन में ही संभव है। यही कारण है कि प्रत्येक रचना का मूल्यांकन रचनाकालीन संदर्भ को ध्यान में रखकर तो करना ही चाहिए परंतु समकालीन संदर्भों से भी उसे अलग नहीं रखा जा सकता। इतिहास का उद्देश्य तभी सिद्ध होता है जब इन दोनों बिंदुओं पर विचार समय सापेक्ष किया जाए। साहित्य का इतिहास वर्तमान की चेतना के परिप्रेक्ष्य में अतीत की सार्थकता की व्याख्या है वहीं वर्तमान के लिए सबसे उपयोगी विकल्प।

निश्चय ही साहित्य के इतिहास-लेखन में अतीत को ठीक से समझने के लिए वर्तमान की सही समझ अत्यंत जरूरी है, क्योंकि वर्तमान समाज से समकालीन समाज के आवश्यक और अंतर्निहित प्रश्नों से प्रश्नों के उत्तर दिए जा सकते हैं। साहित्य के इतिहास को भी दोनों दृष्टियों से समझना जरूरी है; दूरवर्ती अतीत की दृष्टि से और निकटवर्ती वर्तमान की दृष्टि से।

साहित्य के इतिहास-लेखन के लिए वर्तमान समाज और साहित्य के वास्तविक स्वरूप का बोध आवश्यक है अन्यथा इतिहास-लेखन के नाम पर अतीत के लिए अतीत की साधना मात्र होगी।

इन्हीं मौलिक प्रश्नों से इतिहास बोध अतीत के इतिहास बोध और वर्तमान दोनों को समझने का सामर्थ्य उत्पन्न होता है ताकि समकालीन चेतना से शून्यता खत्म हो जाए और इतिहास केवल पुरातात्त्विक लेखन न हो। इन्हीं दो प्रमुख कारकों के मध्य सेतु निर्माण सार्थक दृष्टिकोण उत्पन्न करेगी जिससे समस्त युवा पीढ़ी को परिचित होना चाहिए।

पत्रिका को प्राप्त होने वाली समस्त रचनाओं का समावेश सम्भव नहीं है। यथायोग्य, यथास्थान हम रचनाओं को समाहित करने का प्रयत्न करते हैं परन्तु कुछ न कुछ छूट ही जाता है। पृष्ठों की भी सीमा होती है और समायोजन की भी। आपका सकारात्मक एवं रचनात्मक सहयोग ही हमारे लिए प्राणवायु है और हमें आशा है कि यह हमें निरन्तर प्राप्त होती रहेगी। इति।

-डॉ. आशीष कंधवे
+91-9811184393

नई दिल्ली

भारतीय संस्कृति में शंकरदेव का भक्ति आंदोलन

—डॉ. नवकान्त दास
—प्रांजल कुमार नाथ

शंकरदेव ने असम तथा उत्तरपूर्व में एक ऐसे संप्रदाय की कल्पना की जिसमें समाज के सभी वर्गों को एक साथ आगे ले जाया सके और असम तथा भारत में एकता की शक्ति से सभी शक्तिमान हो उठे। जिसके लिए शंकरदेव ने हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई आदि सबको उस परम सत्य भगवान का ही अंश माना है। मनुष्य की बात तो अलग है शंकरदेव ने पेड़-पौधे, पतंग, पक्षी तथा सभी जड़-जीव आदि में भी भगवान के उस असीम रूपों की ही कल्पना किया।

असमीया संस्कृति तथा साहित्य शंकरदेव के बिना अपूर्ण है। शंकरदेव के समय में असम तथा उत्तर-पूर्व अंधकार के दल-दल में फँसे हुए थे। उन्होंने 'एक शरण नाम धर्म' के द्वारा लोगों को अपनी धर्म की ओर आकर्षित कर सभी को उस दल-दल से निकालने का प्रयास किया। उन्होंने बारह वर्ष सम्पूर्ण भारत भ्रमण करके भारतीय संस्कृति के साथ असम तथा उत्तर पूर्व को जोड़ा। शंकरदेव ने धर्म और कला के एकत्रीकरण द्वारा सही अर्थों में मानव जीवन को स्वच्छ और शृंखल बनाने की कोशिश की। जिसके तहत एक उन्नयनशील और संस्कृति सम्पन्न समाज गढ़ने में उन्हें सफलता की प्राप्ति हुई, जो भारतीय एकता के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है।

महापुरुष शंकरदेव ने अपने प्रतिभा और साहित्य द्वारा भारतीय सभ्यता और संस्कृति को असम तथा उत्तर-पूर्व तक स्थापित किया। उन्होंने भक्ति आंदोलन की जिस धारा को उत्तर-पूर्व में प्रवाहित किया, वह मूलतः शंकरचार्य से प्रभावित था। जो अद्वैतवादी धर्म से संबन्धित होने के बावजूद भी संस्कृति दर्शन मूल्यों की बाहुल्यता को दर्शाने वाला था । साथ ही साथ असम में सबसे पहले हिन्दी से लोगों को परिचय कराने का काम भी शंकरदेव के द्वारा ही हुआ, ऐसा बहुत सारे शोध कर्ताओं का मानना हैं। इसके अलावा भारतीय गणतन्त्र और असम के लोगों को वैष्णव मठों की संकल्पना से भी परिचय कराने की जिम्मा शंकरदेव ने अपने हाथ में लिया था । शंकरदेव द्वारा स्थापित सत्रीया नृत्य और बरगीतों ने आज विश्व भर में प्रसिद्धि लाभ की है। जो भारत के लिए गौरव की बात है। उनके भक्ति-दर्शन असम के लोगों को आध्यात्मिक उत्कर्ष साधने के साथ-साथ कला के साधन में भी लोगों को आकृष्ट कराते है। स्वाधीन सोच को अपने मन में लेकर चलनेवाले असमीया समाज को "धन्य धन्य भारत बरिष" कहकर तत्कालीन समय में ही राष्ट्रीयतावाद की शिक्षा देनेवाले शंकरदेव के अवदान भारतीय संस्कृति में बहुत ही प्रभावपूर्ण हैं।

बीज शब्द : संस्कृति, धर्म, आंदोलन, भक्ति, समाज, वैष्णव, राष्ट्रीयतावाद

भूमिका :

असम में नव-वैष्णव धर्म के प्रचारक महापुरुष श्री मंत शंकरदेव का जन्म अक्टूबर 1449 ई. में असम के नगाँव जिला, बरदोवा के आलिपुखुरी में हुआ था। उनका आविर्भाव ऐसे संकटकालीन समय में हुआ था, जिस समय असम सभी दृष्टियों से अंधकार में ग्रासित थे।

राजनैतिक क्षेत्र में न ही उस समय शक्तिशाली केन्द्रीय सत्ता थी और न ही उस समय के तत्कालीन राजाओं अथवा सामंतों में आंतरिक सहानुभूति थी। उस समय केवल आहोम और कोच ही ऐसे दो समुदाय थे जिनके राजनैतिक बुनियाद स्थिर थे। पर दोनों संप्रदायों में प्राय: संघर्ष हुआ करते थे।

धर्म के नाम पर तत्कालीन समाज में केवल विशृंखलताएँ थीं। देवी-देवताओं की पूजा, बलि-विधान, देवदासियों का नृत्य तथा दूसरी ओर वामाचारी, तांत्रिकों की तंत्र-मंत्र का बोलबाला था। सभी जाति-जनजातियों में पूजा की अलग-अलग पद्धतियाँ थीं। सबके अलग-अलग रीति-रिवाज भी। शैव और शाक्तों में तंत्र-मंत्र का प्रभाव था। कुसंस्कार, अंधविश्वास तथा व्यभिचार आदि ने समाज में अधिकार जमा लिया था तथा लोगों में आध्यात्मिक मूल्यों और नैतिक आदर्शों का दिया बुझ गया था। ऐसे समय में शंकरदेव ने अपनी भक्ति आंदोलन के द्वारा पूरे असम को एक साथ आगे ले जाने की कसम खाई । उनके आगमन से समाज में एक क्रांति की बाढ़ सी आ गयी और लोग नये तरीके से सोचने-विचारने पर मजबूर होने लगे थे।

सामाजिक दृष्टि से भी उस समय के भिन्न जाति-जनजातियों के सभी संप्रदायों में परस्पर विरोधी मान्यताएँ अधिक प्रचलित होने लगे थे। अर्थ-सामाजिक दृष्टि से दास, किसान, मजदूर, बंधुवा का स्थिति भी बड़ी ही दयनीय थी। ब्राह्मण, कायस्थ आदि हिन्दू के साथ कोच, राभा, कछारी, मिरी, मिचिंग जैसे निम्न जाति के लोगों में मेल-मिलाप का अभाव था। हिन्दू, मुस्लिम की बात तो अलग ही थी। ऊँच-नीच, जात-पात, शिक्षा, जीवन जीने की तरीका आदि कारणों से सभी जातियों में सहयोगिताओं का अभाव था।

शंकरदेव ने 15 वीं शताब्दी में असम में वैष्णव धर्म का प्रचार किया और जिसके लिए उन्होंने शंकरचार्य द्वारा आठवीं शताब्दी में स्थापित अद्वैतवाद दर्शन को अपनाया। शंकरदेव ने अद्वैत वेदान्त दर्शन को आधार मानकर भगवत-महापुराण के इस दर्शन के द्वारा अपने धर्म का प्रचार-प्रसार किया। जिस दर्शन के अनुसार आत्मा और परमात्मा द्वैत अलग-अलग नहीं है। यथा -

'एक ब्रह्म आछे सर्वदेहत प्रकटे। जेन एक आकाश प्रत्येक घटे घटे॥
जलत सूर्यक जे देखि भीन भीन। एहि मते जनिबा ब्रह्मतो भेदहीन॥'[1]

(भावार्थ : प्रत्येक जीवों में उस परम ब्रह्म निवास करते हैं। अर्थात आत्मा और परमात्मा एक ही है। जिसका रूप तो अलग-अलग हैं, पर मूल सिर्फ उस परमब्रहम से ही जुड़ा हुआ है।)

धर्म प्रचार को मूल में रखकर उन्होंने संगीत कला, चित्रकला, ललित कला, स्थापत्य कला आदि का भी उत्कर्ष किया। कला की साधना द्वारा प्रत्येक व्यक्ति को नए जीवन-शैली और उन्नत सामाजिक दर्शन मिले इसी कारण शंकरदेव ने धर्म और कला दोनों को मिश्रित कर दिया था। इस बात ने लोगों के मन को आह्लादित करते हुए एक नई दृष्टि के लिए उम्मीद की दिया जलाया।

शंकरदेव का भक्ति आंदोलन और भारतीय संस्कृति :

भारतीय इतिहास में भक्ति आंदोलन का एक विशेष महत्व रहा है। इस आंदोलन ने न केवल हिन्दी क्षेत्रों को प्रभावित किया बल्कि पूरे भारतवर्ष के दूसरे अहिंदी प्रान्तों को भी प्रभावित किया था। इसके संचालन का दायित्व असम तथा उत्तरपूर्व में शंकरदेव ने अपने हाथों में लिया।

सर्व-भारतीय भक्ति आंदोलन की पृष्ठभूमि के आधार पर ही शंकरदेव ने असम में 'नव-वैष्णव' धर्म का स्थापन किया। सम्पूर्ण बारह वर्षों तक पूरे भारतवर्ष के विभिन्न तीर्थ स्थानों का दर्शन करने के बाद साधु-संतों से मिलकर जो अभिज्ञताएँ प्राप्त किए थे उसी की बृहद उपलब्धि उनके द्वारा प्रचारित 'एक शरण नाम धर्म' है।

समाज के सभी वर्गों सहित पिछड़े, निम्नवर्ग के लोगों को भी आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाने के लिए शंकरदेव सदा प्रयत्नशील रहे थे। उनके वैष्णव संप्रदाय का मूल आधार श्रीमद्भगवत है। श्रीमद्भगवत को ही आधार मानकर उन्होंने पूर्वोत्तर में एक धार्मिक क्रांति पैदा की थी। शंकरदेव से पहले भी यहाँ धार्मिक क्षेत्रों में शैव, शाक्त, बौद्ध आदि अनेक संप्रदायों का उदय हुआ था और उस समय प्रत्येक संप्रदाय खुद को श्रेष्ठ सिद्ध करने के उद्देश्य से दूसरों को नीचा दिखाने में ही व्यस्त थे। दूसरी ओर शक्ति की उपासना करनेवाले लोग भी पूजा-पाठ, यज्ञ, बलि-विधान आदि में मत्त थे। पूरे भारतवर्ष के साथ-साथ असम के लोगों में भी धर्म के प्रति श्रद्धा अथवा भक्ति के स्थान पर ढोंग तथा बाहरी क्रिया-कलाप आदि ने घर बना लिया था। उस समय लोगों को लोभ दिखाकर, तंत्र-मंत्र द्वारा अथवा डरा-धमकाकर धर्म परिवर्तन कराया जाता था। एक धर्म के अनुयायी दूसरे धर्म के अनुयायियों को घृणा की नजर से देखते थे। शंकरदेव ने 'एक शरण नाम धर्म' का प्रवर्तन करके समाज में एक युगांतकारी परिवर्तन की सूचना दी थी। उस समय उन्होंने असमीया समाज में प्रचलित बहु-देव उपासना पद्धति, पूजा-पाठ, कर्मकांड, जप-तप, यज्ञ आदि के स्थान पर केवल एक ईश्वर उपासना पद्धति की प्रतिष्ठा की। शंकरदेव ने अनेक देवी-देवताओं को पूजने की विपरीत केवल उस परमब्रहम भगवान को पूजने का सलाह दिया। जिस तरह से सिर्फ पेड़ के मूल में पानी डालने से पूरे पेड़ को ही पानी मिलता है, ठीक उसी प्रकार उस भगवान कृष्ण की पूजा करने से अन्य सभी देव-देवता संतुष्ट हो जाते हैं। मूल रूप से ईश्वर के साकार अवतरणवाद को स्वीकार करते हुए शंकरदेव मूर्ति विहीन एक ईश्वर की उपासना पर जोर देते हैं।

असल में शंकरदेव मूलतः चिंताविद थे। दार्शनिक पद्धति से ज्यादा वे व्यक्तिगत जीवन शृंखला के ऊपर ही अधिक महत्व देते थे और इसलिए उनके दर्शन नैतिक मूल्य प्रधान है। लोगों में ज्ञान के प्रसार को बढ़ाने के लिए नामघरों में पोथी की पाठ कराके तत्कालीन समय में ही वे वृद्ध लोगों के बीच ज्ञान तथा शिक्षा का प्रसार कर रहे थे। शंकरदेव ने समझाया कि संसार के सभी धर्म के लोगों के प्रति हमें सद्भाव रखना चाहिए। उन्होंने अपने संप्रदाय में ब्राह्मण से लेकर चंडाल तक को स्थान दिया था। उनके इस चिंतन में भारत की अनेकता में एकता का संदेश मिल जाता है। शंकरदेव के भक्ति आंदोलन की सबसे खास बात यह थी की उन्होंने किसी भी धर्म की परंपरा को नीचा नहीं दिखाया और न ही खुद के द्वारा बनाए गए धर्म को ऊँचा सिद्ध करने की कोशिश की। शंकरी संस्कृति तथा आदर्शों के प्रति लोग अनायास ही आकर्षित होते चले गए थे।

महत्वपूर्ण है, कि शंकरदेव ने अपनी भक्तों की परंपरा में एक मुसलमान भक्त को भी साथ लेकर फिरते थे। इससे उनके उदारता और सहृदयता का उदाहरण भी मिल जाता है। दरअसल शंकरदेव ने जातिभेद को समाज के लिए नकारात्मक शक्ति माना था। जो लोगों में ऊँच-नीच, ब्राह्मण-शुद्र आदि का भेद रखते हैं, उनलोगों को उन्होंने कड़ी से कड़ी निंदा की है। ऊँच-नीच की दीवार को तोड़कर सामाजिक समानता की प्रतिष्ठा करने में शंकरदेव हमेशा प्रयत्नशील रहे। एक उदाहरण प्रस्तुत है-

किरात कछारी खाचि गारो मिरी यवन कंक गोवाल।
असम मलूक धोवा ये तुरुक कुबच म्लेच्छ चंदाल॥
आनो पापी नर कृष्ण सेवकर संगत पवित्र हय।
भकति लभिया संसार तरिया बैकुंठ सूखे चलय॥[2]

(भावार्थ : शंकर के अनुसार लोग किरात, कछारी, ख़ासी, गारो आदि किसी भी संप्रदाय से हो भक्ति ही सबका उद्धारक हैं । भगवान की भक्ति से लोगों को बैकुंठ सुख मिलता है। भक्ति से बढ़कर संसार में और कुछ भी नहीं है।)

शंकरदेव ने असम तथा उत्तरपूर्व में एक ऐसे संप्रदाय की कल्पना की जिसमें समाज के सभी वर्गों को एक साथ आगे ले जाया सके और असम तथा भारत में एकता की शक्ति से सभी शक्तिमान हो उठे। जिसके लिए शंकरदेव ने हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई आदि सबको उस परम सत्य भगवान का ही अंश माना है। मनुष्य की बात तो अलग है शंकरदेव ने पेड़-पौधे, पतंग, पक्षी तथा सभी जड़-जीव आदि में भी भगवान के उस असीम रूपों की ही कल्पना किया-

'यत जीव जंगम किट पतंगम अग नग जग तेरी काया।
सबकहु मारि पूरत उहि उदर नाही करतू भूतदाया॥[3]

(भावार्थ : संसार की हर एक चीज उस परमब्रहम का ही अंश है। सभी जीवों-जड़ों तथा प्रत्येक चीजों के कण-कण में आत्मा के रूप से ही वह परमब्रह्म विराजमान है। ईश्वर ही कार्य है और कारण भी।)

इस प्रकार की धार्मिक उदारता के कारण ही माधवदेव जैसे वाक-पटु शाक्त को भी उन्होंने अपना मतादर्श परिवर्तन करने के लिए विवश कर दिया था और बाद में वही शंकरदेव के प्रधान और प्रिय शिष्य भी बना। 'एकशरण नाम धर्म' के प्रचार-प्रसार में मधावदेव का भी योगदान काफी महत्वपूर्ण रहा है।

शंकरदेव ने अपनी भक्ति के प्रसार में साहित्य और कला को बहाना बनाया। उनका साहित्य मानवतावादी चिंतन के साथ सांस्कृतिक उत्कर्ष का भी साधन हैं। साधारण लोगों के चिंतन को उच्च बनाना, उनके दिलों में भाईचारा भावों को पैदा करना आदि उनके धर्म की सबसे बड़ी बात थी जिसे उन्होंने अपने साहित्य में लिपिबद्ध किया। वे धार्मिक शुद्धिकरण से ज्यादा नैतिक तथा मन के शुद्धिकरण को महत्व देते थे। उनके साहित्य लोगों को अपनी ओर खींच रहे थे। शंकरदेव ने संस्कृत के क्लिष्ट भाषा से भगवद तथा अन्य भक्ति परक ग्रन्थों का अनुवाद ब्रजबूली (ब्रजावली) भाषा में करके विषय को लोगों के लिए और अधिक सहज और बोधगम्य बनाया। इसके साथ-साथ हिन्दी से भी असमीया लोगों को परिचय करा दिये।

असल में शंकरदेव ने धर्म को कला के रूप में मानते हुये काव्य, नाटक, बरगीत, टोटय, भटिमा, नाम-प्रसंग आदि की रचना की थी। यद्यपि अपनी भक्ति का ही प्रचार करना उनका मूल उद्देश्य था लेकिन वे अपने मूल लक्ष्य को साथ में लेकर कला के साधना द्वारा समाज के सभी लोगों को उसमें भी आह्लादित कराते गए थे।

विश्वायन के इस समय में किसी भी देश को आगे बढ़ने के लिए अर्थ की जरूरत होती है। शंकरदेव ने केवल घर में बैठकर भगवान के उपासना में ही जीवन व्यतीत करने के लिए लोगों को सलाह नहीं दिया था। वे लोगों को मर्यादा के साथ जीवित रहने के लिए कर्म-संस्कृति के ऊपर भी महत्व देने की सलाह दिये थे। अपने नाटकों के लिए उस समय में ही मुखौटा, कपड़े आदि बनाने के लिए मुख-शिल्पी, दर्जी, तथा कुम्हार, कहार आदि को शिल्पी की मर्यादा देकर जीवन जीने का भी तरीका सिखा रहे थे। जिससे उन लोगों की अर्थनैतिक बुनियाद भी मजबूत होती थी और उन्हें कलाकार मर्यादा भी प्राप्त होता था। शंकरदेव का साहित्य, शंकरदेव की सोच असमीया समाज के लिए, असम के लिए बहुत ही प्रेरणास्पद है। साहित्य के साथ-साथ नाटकों में अभिनय, नृत्य-गीतों का प्रदर्शन, वाद्य-यंत्रों को बजाने की कला और चित्रों के अंकन आदि द्वारा अधर्मी और बुरे लोगों की सोच में बदलाव लाकर एक परिवर्तनकामी समाज गढ़ना उनका लक्ष्य बन गया था। शंकरदेव ने अपने प्रिय शिष्य माधवदेव और बारह कला-कौशलों के साथ कपास और रेशम के धागे से जिस भारत गौरव 'बृंदावनी वस्त्र' को तैयार किया वह शंकरदेव की सृजनशीलता का अपूर्व निदर्शन है। जिस वस्त्र में श्री कृष्ण के जन्म से लेकर कंस वध तक की समस्त घटना को चित्रित किया गया है।

तत्कालीन समय में लोगों के बीच धर्म के नाम पर जो अनेक राहें थीं उन सबको एक साथ लेकर विशुद्ध रूप से आगे ले जाने का एक सफल प्रयास शंकरदेव के भक्ति आंदोलन में है। भक्ति के लिए शंकरदेव ने एक सहज, सरल उपासना पद्धति की प्रतिष्ठा करके नाम, देव, गुरु और भक्त इन चार तत्वों को उन्होंने प्रमुखता दी है।

इसके अलावा शंकरदेव ने अपने धर्म के प्रचार-प्रसार हेतु नामघर, सत्र आदि का भी निर्माण किया था। जो वर्तमान समय में उत्तर-पूर्व की सामाजिक, धार्मिक, संस्कृति केंद्र का मूल हैं। शंकरदेव के सत्र को मध्य युग के बौद्ध-संघ (Buddhist Monastery) के साथ तुलना की जा सकती है। नामघर और सत्र दोनों ही वर्तमान युगों की जातिय एकता और उन्नयन का केंद्रस्थल है। इन सत्रों पर अनेक विदेशी तथा भारतीय पंडितों ने शोध भी किए हैं। नामघर और सत्र की विशेषता यह है कि इसमें समानता की भावना बनी रहती है। जहाँ पर कोई किसी के लिए थोड़ा सा भी भेदभाव नहीं रखता। दूसरी ओर सत्र में लोगों को भक्त की स्वीकृति दी जाती है चाहे वे किसी भी संप्रदाय से हों कोई फर्क नहीं पड़ता। इस संदर्भ में उल्लेखनीय बात यह है कि शंकरदेव द्वारा संस्थापित किए गये सत्रीया नृत्य वर्तमान भारत के आठ प्रमुख शास्त्रीय नृत्य परम्पराओं में से एक है। जिसे शंकरदेव ने लोगों को धर्म की ओर आकर्षित करने के लिए सत्रों में प्रदर्शन किए थे।

शंकरदेव के भक्ति आंदोलन की एक और प्रमुख विशेषता यह थी कि वे क्रिया बहुल साधना के स्थान पर केवल सामान्य रूप से शुद्ध मन से श्रवण-कीर्तन करने को प्रमुखता देते थे। क्योंकि

किसी के भी माँ-बाप अपने बच्चों को हिंसा नहीं करने देते उनको बस अपने बच्चों से प्यार ही होता है। शंकरदेव ने भी उस परमब्रह्म को पिता-माता मानकर कीर्तन में लिखा है-

'तुमि जगतर गति मति पितामाता॥'[4]

शंकरी संस्कृति के इस साधना में भाग लेने पर पुरुषों के साथ-साथ महिला को भी सम-अधिकार प्राप्त होता था। महिलाओं को ऊँचा दर्जा देते हुये शंकरदेव ने नामघरों में नारी और पुरुष दोनों के ही द्वारा नाम-प्रसंग करना, पोथी पढ़ना, आदि अधिकार तत्कालीन समय में ही दिया था, जो आज भी दूसरे धर्मों में बहुत कम ही नजर आते हैं। यह उत्तर-पूर्व की संस्कृति है कि कुछ संप्रदायों में अभी भी नारी ही घर के प्रमुख हैं।

उस समय में धर्म के नाम पर जो स्वार्थी लोग ब्राह्मण-पंडित आदि का बहाना बनाकर गरीबों को लूट रहे थे, भक्ति के मार्ग को कठिन बता रहे थे। उन सभी भ्रष्टाचारों को शंकरदेव ने खुलेआम विरोध कर 'एक शरण नाम धर्म' के द्वारा लोगों को कुसंस्कार और पारंपरिक सोच से मुक्ति की राह दिखायी। उन्होंने तीर्थ, उपवास, जप-तप, भोग आदि को असार्थक सिद्ध करते हुए कहा -

'तीरथ बरत तप जप भाग योग सुगति। मंत्र परम धरम करम करत गही मुकुति॥'[5]

(भावार्थ : ईश्वर को पाने के लिए तप-जप, उपासना से बढ़कर बस भगवान का नाम उच्चारण ही काफी है। ईश्वर का नाम उच्चारण करके कर्म करते रहने पर ही लोगों को मुक्ति मिलती है।)

दरअसल शंकरी संस्कृति में वाह्याडंबर, मूर्तिपूजा, यज्ञ, हिंसा, बलि-विधान तथा ऊँच-नीच तथा घृणा-द्वेष की भावनाओं का घोर विरोध है। उनके भक्ति आंदोलन का उद्‌देश्य केवल लोगों को अपनी ओर आकर्षित करना नहीं था बल्कि समाज में धार्मिक तथा सभी क्षेत्रों में परिवर्तन लाना था, एक क्रांति पैदा करना था। इस संदर्भ में महत्वपूर्ण बात यह है कि, उस समय बलि-विधान के नाम पर निरीह जीवों की हत्या की गयी थी। उन जीवों की बलि चढ़ाकर ये लोग एक पाशविक सुख का अनुभव करते थे। प्रचलित है कि एक समय था जब यहाँ लोग अपनी मंगल कामना करते हुये जीव-जंतुओं के साथ-साथ मनुष्य की भी बालि चढ़ाते थे। शंकरदेव ने इन सबका विरोध किया था। उनके अनुसार सभी जीवों में भगवान निवास करता है और निरीह जीवों की हत्या उचित नहीं, पाप है। इनके संप्रदाय में इन सब का विरोध है। इस प्रकार के धार्मिक विरोधताओं के कारण शंकरदेव को अपने ही समाज से लांछना सहनी पड़ी थी। माधवदेव तो इस बात पर क्रोधित होकर उनसे मिलने आए थे। पर शंकर के आदर्श और युक्ति के सामने पराभूत होकर हमेशा के लिए वैष्णव बन कर रह गए। शंकरदेव के धर्म में जिस प्रकार के समाज सुधार की भावना है वह कबीर से मिलती-जुलती है।

दरअसल धर्म एक संस्कृति सम्पन्न कार्यावली है जो मानवीय अभिज्ञता और मानव मूल्यों को प्रोत्साहित करता है। शंकरदेव धर्म को कला के रूप में देखते थे। क्योंकि ये मनुष्य को अच्छे और उन्नत जीवन निर्वाह करने के लिए राह दिखाते हैं। शंकरदेव के भक्ति आंदोलन ने समाज में अस्पृश्यताओं का निवारण किया, साहित्यिक-सांस्कृतिक प्रमूल्यों के उत्कर्ष साधन की, आध्यात्मिक-नैतिक आदि क्षेत्रों में उदारता के साथ-साथ अपने कर्मो में खुद को प्रतिष्ठित कराते हुए सत्यता के निर्वाह की राह दिखायी। शंकरदेव ने मानव को पशु से भिन्न मानकर सामाजिक

मर्यादासम्पन्न प्राणी के रूप में प्रतिष्ठित कराया। तत्कालीन समिश्रित जाति प्रणाली के कारण समाज में फैले जात-पात के भेदभाव, कृषक, मजदूर, सैनिक, नारी तथा सभी जनगन की असंतोषजन्य स्थिति को सुधारकर सबके लिए सम-भाव सम्पन्न धार्मिक-सांस्कृतिक आदर्शों का स्थापना किया।

उनके द्वारा स्थापित कला आदि जिस तरह लोगों को आनंद देती है, ठीक उसी प्रकार लोगों में सद्भाव और सामाजिक न्याय की व्यवस्था का भी निर्माण करती है। साथ ही साथ समाज संस्कार के रीति-रिवाजों के साथ, आध्यात्मिक चिंता और शिक्षा से भी प्रत्यक्ष संबंध कराती है । शंकरदेव ने लोगों को यह समझाया कि धर्म व्यवसाय के लिए नहीं है, न ही अपने पांडित्य की प्रदर्शन के लिए, अथवा दूसरों को सताने के लिए है, अपितु आध्यात्मिक उत्कर्ष द्वारा लोगों की मंगल साधना ही सही अर्थ में असली धर्म है। जिसके लिए उन्होंने एक ही ईश्वर की उपासना पद्धति को प्रमुखता दिया। उन्होंने लोगों को शिक्षा, संस्कृति, सद्भाव, प्रेम आदि की शिक्षा दी। उनकी प्रशंसा जितनी की जाय कम ही है। इसलिए उनके बारे में उनके शिष्य माधवदेव ने लिखा है-

'जय गुरु शंकर सर्व गुणाकार जाकेरी नाहिके उपमा।'[6]

निष्कर्ष :

शंकरदेव के भक्ति आंदोलन का उद्देश्य था समाज के सभी लोगों को आध्यात्मिक शिक्षा प्रदान कर अंधेरे से उजाले की ओर, असत से सत की ओर तथा माया से मोक्ष की ओर ले जाना। उन्होंने इस उत्तरदायित्व को बखूबी निभाया और समाज को एक नयी राह दिखायी। आडंबर, बाहरी उपासना पद्धति के स्थान पर एक ईश्वर की उपासना तथा भक्ति के कठिन मार्ग के विपरीत एक सहज, सुगम मार्ग का निर्माण शंकरदेव ने तत्कालीन समय में किया।

उन्होंने अपने भक्ति आंदोलन के माध्यम से भारतीय संस्कृति को असम के साथ जोड़कर अव्यवस्थित और अशृंखलित समाज व्यवस्था में सुधार लाकर सम्पूर्ण उत्तरपूर्वांचल तक को भारत महिमा तथा गौरव का संदेश दिया। उनके 'एक शरण नाम धर्म' ने प्रतिकूल परिस्थितियों में अनेक चुनौतियों का सामना कर पूरे भारत के साथ-साथ असम में जिस 'नव-वैष्णव' आन्दोलन का प्रचार-प्रसार किया वह सही अर्थों में काबिलेतारीफ है।

संदर्भ :

1. चलिहा, भवप्रसाद, (सं.) : शंकरी संस्कृति अध्ययन, गुवाहाटी : श्रीमंत शंकरदेव संघ, 1999, पृ. 15।
2. हाजरिका, सूर्य : श्रीमंत शंकरदेव वाक्यामृत, गुवाहाटी : बाणी मंदिर, 2014, पृ. 225।
3. महंत, वापचन्द, (सं.) : बरगीत, स्टूडेंट्स स्टोर्स कॉलेज हॉस्टल रोड, गुवाहाटी, 1992, पृ. 67।
4. मेधी, कालिराम, (सं.) : महापुरुष शंकरदेवर वाणी, लायर्छ बुक स्टाल, गुवाहाटी, 1997, पृ. 2।
5. भट्टाचार्य, पराग कुमार : प्रेमधर्म आरू वैष्णव काव्य, गुवाहाटी : चन्द्र प्रकाश, 1997, पृ. 22।
6. एकशरण भागवती समाज : नित्य-प्रसंगर आर्ही, एकशरण भागवती समाज, नगाँव, असम, पाँचवीं प्रकाशन, 2002 पृ. 45।

❑❑❑

---

1. सहायक अध्यापक, रंगापरा महाविद्यालय, शोणितपुर, असम
2. शोध छात्र, गौहाटी विश्वविद्यालय, असम

मनमोहन सहगल के उपन्यासों में संघर्षशील नारी

—डॉ. ब्रह्मलता

उपन्यासकार मनमोहन सहगल एक प्रसिद्ध साहित्यकार हैं। इन्होंने अपने साहित्य में अनेक सामाजिक समस्याओं को उभारा है। इनके साहित्य में इनका उपन्यासकार रूप विशेष रूप से सराहनीय है। इनके उपन्यासों में पात्र इतने सजीव हो उठते हैं कि पाठक को ऐसा महसूस होने लगता है कि वह स्वयं इन समस्याओं से जूझ रहा है। इनके उपन्यासों के नारी पात्र विशेष रूप से उभर सामने आते हैं। उनका त्याग, संघर्ष, मजबूरी, आत्म समर्पण तथा उनकी दूसरों के लिए कुछ करने की भावना पाठक के दिल को छू लेती है।

संघर्ष ही जीवन है। हमारा जीवन संघर्ष का ही दूसरा नाम है। हमारे जीवन में हर रोज नए-नए संघर्ष आते रहते हैं, मनुष्य निरन्तर इन संघर्षों से जूझता रहता है। जो व्यक्ति इन संघर्षों से दूर भागते रहते हैं, इनका डटकर मुकाबला नहीं करते, वे जीवन में हार जाते हैं। जीवन भी संघर्षों से डरने वाले लोगों का साथ नहीं देता।

संघर्ष के बारे में अनेक विद्वानों ने अपने विचार प्रकट किए हैं :

डॉ. चन्दुलाल दुबे के अनुसार -

''अस्तित्व के लिए संघर्ष के अनुसार मनुष्य अपनी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए बाधाओं से संघर्ष करता है। यह तो मनुष्य का प्राथमिक संघर्ष है।''[1]

गिलिन और गिलिन के अनुसार -

''संघर्ष वह सामाजिक प्रक्रिया है, जिसमें व्यक्ति या समूह अपने विरोधी को हिंसा के भय द्वारा प्रत्यक्ष आह्वान देकर अपने लक्ष्यों को प्राप्त करते हैं।''[2]

हमें जीवन में आने वाले संघर्षों से घबराना नहीं चाहिए, बल्कि उनका उत्साह से स्वागत करना चाहिए। हमें बिना संघर्ष किए जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति सम्भव नहीं हो सकती। कहा भी जाता है कि थाली में परोसा गया खाना भी, बिना संघर्ष के हमारे मुख तक पहुँच कर भूख नहीं मिटा सकता, इसके लिए भी हमें संघर्ष करने की आवश्यकता पड़ती है। बिना परिश्रमपूर्वक संघर्ष के तो जंगल में निवास करने वाले शेर के मुँह में भी मृग अपने आप प्रवेश नहीं करता। वनराज सिंह को भी अपना भोजन प्राप्त करने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। संघर्ष करने से व्यक्ति का व्यक्तित्व और भी निखर जाता है। जो व्यक्ति संघर्ष से भागता है वह बिखर कर टूट जाता है। जो व्यक्ति सकारात्मक सोच वाले होते हैं, वो अपने आसपास के वातावरण से संघर्ष करने की प्रेरणा प्राप्त करते हैं।

हमें नकारात्मक विचारों से अपने आपको दूर रखना चाहिए तथा जीवन में निरन्तर संघर्ष करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करना चाहिए। जो व्यक्ति संघर्ष करते हैं, उन्हीं की गणना महान व्यक्तियों में की जाती है। बिना संघर्ष के कोई भी व्यक्ति अपने लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सकता। आज तक जो भी व्यक्ति महान बने अर्थात् जिन्होंने अपने लक्ष्य को प्राप्त किया है, वे एकदम से ही इतने ऊँचे स्थान पर नहीं पहुँचे, इसके लिए उन्हें दिन-रात, बिना थके संघर्ष करते रहना पड़ा है।

इस सृष्टि में छोटे से छोटे जीव से लेकर बड़े से बड़े प्राणी तक सभी किसी न किसी रूप में संघर्षरत हैं। जिसने भी अपने जीवन में संघर्ष से नाता तोड़ लिया, वह मृतप्राय हो गया। हमें अपने जीवन में प्रकृति के साथ, परिवार के साथ, स्वयं के साथ, परिस्थतियों के साथ संघर्ष करना पड़ता है।

स्त्री हो या पुरुष सभी को अपने लक्ष्य तक पहुँचने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। हमारा जीवन संघर्षों से भरा हुआ है। कोई यह नहीं कह सकता कि उसने जीवन में बिना संघर्ष किए कुछ हासिल किया है। अगर हमें अपना जीवन बेहतर ढंग से जीना है, तो हमें संघर्ष अवश्य करना पड़ेगा। हर मनुष्य का जीवन में कोई न कोई लक्ष्य जरूर होता है, लेकिन अगर उस व्यक्ति को लक्ष्य की प्राप्ति करनी है, तो उसे संघर्ष करना पड़ेगा। बहुत से लोग गरीब होते हैं, उनके पास कुछ नहीं होता है, लेकिन वे संघर्ष के बल पर इतने बड़े-बड़े लक्ष्य को प्राप्त कर लेते हैं।

हम सभी को अपने जीवन में संघर्ष करना चाहिए ताकि हमें अपने जीवन में सफलता प्राप्त हो सके।

कुंजी शब्द- संघर्ष, अपेक्षा, पर्याप्त, श्रेष्ठ, औलाद, गृहस्थी, पारिवारिक, विरुद्ध, विद्रोह, घिनौना, घृणा, तहखाना, संगठित।

उपन्यासकार मनमोहन सहगल एक प्रसिद्ध साहित्यकार हैं। इन्होंने अपने साहित्य में अनेक सामाजिक समस्याओं को उभारा है। इनके साहित्य में इनका उपन्यासकार रूप विशेष रूप से सराहनीय है। इनके उपन्यासों में पात्र इतने सजीव हो उठते हैं कि पाठक को ऐसा महसूस होने लगता है कि वह स्वयं इन समस्याओं से जूझ रहा है। इनके उपन्यासों के नारी पात्र विशेष रूप से उभर सामने आते हैं। उनका त्याग, संघर्ष, मजबूरी, आत्म समर्पण तथा उनकी दूसरों के लिए कुछ करने की भावना पाठक के दिल को छू लेती है। उपन्यासकार मनमोहन सहगल ने प्राचीन से लेकर आधुनिक नारी तक को अपने उपन्यासों का केन्द्र बिन्दु बनाया है। उन्होंने बताया है कि अगर नारी अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की ठान लेती है, तो वह अपना कदम बिना लक्ष्य को प्राप्त किए पीछे नहीं हटाती, चाहे इसके लिए उसे कोई भी कीमत क्यों न अदा करनी पड़े।

सहगल ने नारी के संघर्षशील रूप को विशेष रूप से प्रकट किया है। जिसका चित्रण निम्न प्रकार से है :

प्रेम के लिए संघर्ष -

मनमोहन सहगल ने अपने उपन्यास 'कालासच' में प्रेम के लिए संघर्षशील नारी का चित्रण किया है। राजा रायकरण देव रूप सुन्दरी के सौंदर्य पर मोहित हो जाता है। रूप सुन्दरी चाहकर भी

अपने को राजा के घिनौने कृत्य से नहीं बचा सकी। राजा उसे उसके पति माधव की मृत्यु का भय दिखाकर उसकी अस्मिता को भंग कर देता है। रूप सुन्दरी अपने को अपवित्र मानकर राजा की ही तलवार से अपनी जीवन लीला समाप्त कर लेती है तथा राजा को शाप देती है कि इनका परिणाम उसे ही नहीं उसके पूरे परिवार व सम्पूर्ण राज्य को भुगतान पड़ेगा। जब माधव को राजा की इस घिनौनी हरकत का पता चलता है तो वह सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी को पाटण राज्य पर आक्रमण करने के लिए आमन्त्रित कर लेता है। इस आक्रमण से पाटण राज्य की आन-बान-शान मिट्टी में मिल जाती है। इसके दूसरी तरफ पाटण रियासत की महारानी कमला देवी इस घिनौने काण्ड में अपने पति को रोकने की बजाय उसे प्रोत्साहित करती है ताकि उसका अपने पति पर एकाधिकार स्थापित रहे। उसे डर है कि कहीं दूसरी शादी के बाद उसे सौतिया डाह से न गुजरना पड़े।

महारानी कमला देवी ने अपने पति का सहज उपचार करते हुए कहना आरम्भ किया-"आप रूप पर आसक्त हो गए हैं, तो समस्या क्या है? जाइए आजकल अकेली ही तो है, एकाध दिन उसके पास रह लीजिए। मुझे कोई आपत्ति नहीं है।"[3]

इस उपन्यास की इन पंक्तियों में लेखक ने नारी को अपने प्रेम पर एकाधिकार रखने के लिए संघर्षशील दर्शाया है।

अर्थ के लिए संघर्ष -

लेखक के उपन्यास 'किराए की कोख' में लक्ष्मी नामक युवती, जो निर्धन होने के कारण धन कमाने की लालसा रखती है। इसके लिए वह सेरोगेसी पद्धति के द्वारा चोपड़ा परिवार का बच्चा पैदा करने के लिए तैयार हो जाती है। वह धन प्राप्त करने के लिए अपनी ममता का सौदा करने के लिए तैयार हो जाती है। इसी उपन्यास में शिल्पी नामक युवती भी धन कमाने के चक्कर में अपना पारिवारिक जीवन नष्ट कर लेती है। लक्ष्मी निम्न वर्ग से सम्बन्ध रखने वाली नारी है, उसका भी मन चाहता है कि वह भी अपने जीवन को कुछ बेहतर तरीके से जीए, उसकी भी जीवन शैली में कुछ सुधार आए। वह एक बार तो किसी और का बच्चा अपनी कोख में पालने के लिए सहमत नहीं होती, लेकिन अपनी गरीबी भरी ज़िन्दगी के बारे में सोचने लगी तो उसे बच्चा अपनी कोख में पालने वाला प्रस्ताव कुछ भला दिखाई देने लगा। वह अपनी वर्तमान असहाय ज़िन्दगी के बारे में सोचती है -

"निर्धनता की ये सूखी रोटियाँ, क्या यही नियति है मेरी? यदि अच्छी मोटी रकम ऐसे कमाई जा सकती है, तो बुराई ही क्या इसमें? ये बड़े-बड़े सेठ-साहूकार क्या नैतिक कमाई करते हैं। चरित्र को बेचकर खा जाते हैं, पैसे के पीछे। गरीब पर ही समाज, नीति और वैधता के प्रतिबन्ध लगाए जाते हैं, किसी अमीर को कभी किसी ने पूछा कि वह सोता एक खाट पर है, तो प्रातः जगता किसी दूसरी खाट पर कैसे?"[4]

प्रस्तुत उपन्यास में लेखक ने नारी के अर्थ के लिए संघर्ष को दर्शाया है।

अहं के कारण संघर्ष –

आज हमारे समाज में बहुत से व्यक्ति अंह का शिकार हो जाते हैं। जब व्यक्ति की अपेक्षा की उपेक्षा हो जाती है, तब उसके अंह को चोट पहुँचती है। इसी से संघर्ष का जन्म होता है। जब व्यक्ति के पास ऐश्वर्य के साधन तथा पर्याप्त मात्रा में धन–दौलत आ जाती है तो वह स्वयं को दूसरों से श्रेष्ठ समझने लगता है। वह किसी की भी उपेक्षा करने लगता है, उसे अपने से छोटे–बड़े का लिहाज नहीं रखता। किसी की मान–मर्यादा की उसके लिए कोई कीमत नहीं रहती।

लेखक मनमोहन सहगल के उपन्यास 'काला सच' में हुमरो सुल्तान की पुत्रवधू होने के कारण तथा प्रधान सेनापति की बेटी होने कारण अहं का शिकार हो जाती है। वह अपने पति खिज्र का भी सम्मान नहीं करती। वह नौकर–चाकरों के सामने भी उसे डाँटती रहती है।

इसी प्रकार उनके उपन्यास 'किराए की कोख' उर्फ 'अधूरा इंकिलाब' में शिल्पी अहं के कारण ही ममता जैसे पवित्र रिश्ते को नकार देती है। वह अमीर माँ–बाप की औलाद है तथा अमीर घराने की बहू है। वह घर गृहस्थी को छोड़कर धन कमाने के लिए अपने पारिवारिक दायित्व को भूल जाती है। वह इसी प्रवृत्ति के कारण सेरोगेसी पद्धति से अपना व अपने पति का बच्चा नौकर की बेटी से प्राप्त कर लेती है। वह अपने अहं के कारण माँ बनकर भी माँ नहीं बन पाती। शिल्पी अपनी गृहस्थी संभालने की जगह धन कमाने के लिए प्रयत्नरत रहती है। उसकी इसी प्रवृत्ति को इंगित करते हुए उसका पति सचिन सोचता है कि शिल्पी ने अपने शरीर के सौंदर्य को बरकरार रखने के लिए क्या हासिल किया है –

''शिल्पी ने फिगर मैंटेनेंस के चक्कर में क्या बचाया है और लक्ष्मी ने स्तनपान करवाकर जिस ठोस उभार का सौंदर्य प्राप्त कर लिया है, वह कहाँ कम है? मुख पर सन्तोष, ममता का गौरव, यौवन की सुडौलता सब एक तरफ हैं तो दूसरी ओर पाउडर–क्रीमों के बलपर आनन का ओज, धन कमाने के फंडों का गर्व और स्टेटस से नीचे वालों के लिए स्नेह नहीं दया का भाव। यही अन्तर सचिन को दिखा लक्ष्मी और शिल्पी में।''[5] प्रस्तुत पंक्तियों में उपन्यासकार ने धन के प्रभाव के कारण मनुष्य में अहं की भावना का चित्रण किया है।

पारिवारिक संघर्ष –

मनमोहन सहगल ने अपने उपन्यास 'घटता–बढ़ता चाँद उर्फ जेहलम की बेटी' में नारी के पारिवारिक संघर्षशील जीवन को दर्शाया है। इसमें प्रसिद्ध कवयित्री हब्बा खातून के जीवन को दर्शाया है। इसमें हब्बा का निकाह अजीज लोन नामक एक शराबी आदमी से हो जाता है। वह हब्बा के सौंदर्य का दीवाना है। हब्बा की सास को यह बात पसन्द नहीं आती। दोनों को हब्बा का कवयित्री व गायिका का रूप पसन्द नहीं आता। वे उसे तरह–तरह की यातनाएँ देते हैं। हब्बा की हर रोज उसकी सास से कहा–सुनी हो जाती है, तो उसके पति के घर आने पर सास उसकी बेरहमी से पिटाई करवा देती थी। उसे हर रोज अत्यधिक शारीरिक यातनाएँ दी जाती थीं।

हब्बा खातून उन्हें खुश करने के लिए हर सम्भव कोशिश करती है, लेकिन उन पर कोई असर नहीं होता। अन्त में शहजादे यूसुफ से उसका निकाह होता है तथा उसे अजीज लोन जैसे निकम्मे तथा बेकार आदमी से मुक्ति मिल जाती है। शहजादे से निकाह होने से पहले की जिंदगी का विश्लेषण करती हुई हब्बा खातुन सोचती है कि –

''लेकिन, आखिर मेरा कसूर क्या है। क्यों मर जाना चाहिए मुझे ? अल्लाह के रहम–ओ–करम से मेरे माँ–बाप अभी जिन्दा हैं। मैं तो इन खूबसूरत वादियों में चौकड़ियाँ भरते, गीत गाते जिंदगी बिता सकती हूँ। अजीब है, मैं चाहकर भी शौहर को तलाक नहीं दे सकती, वह जरा–सी जबान हिलाकर मेरी ज़िंदगी तबाह कर सकता है। तभी तो हाथ, जबान, लाते, डण्डा सब चलता है, मालूम है न कि कहीं जा नहीं सकती। रात में सुख लो, दिन–भर काम लो, हाथ खुजलाए तो मार लो, बस यहाँ यहीं तो है औरत की कीमत। खुदावंदा। अल्लाह रहमकर।''[6]

इन पंक्तियों में लेखक ने नारी के पारिवारिक संघर्ष का चित्रण किया है।

सामाजिक संघर्ष –

लेखक ने अपने उपन्यास 'समझौते से पहले' में एक ऐसी युवती की संघर्ष गाथा का चित्रण किया है, जो किसी कमजोर क्षण में भावुकता में बहकर अविवाहिता होने पर ही माँ बन बैठी। वह अपनी प्रेम की निशानी से बँधकर सम्पूर्ण समाज तथा विपरीत परिस्थितियों से भी टकरा जाती है। वह अपने कपटी व धोखेबाज प्रेमी के विरुद्ध विद्रोह का स्वर उठाकर समाज में अपने बच्चे के लिए पिता के नाम की अनिवार्यता हटाकर माँ के नाम के विकल्प की वैधता का कानून प्राप्त कर लेती है। इसके बावजूद भी कानून की मौजूदगी में भी वह समाज का मुँह बन्द करने में असमर्थ महसूस करती है। अपने बच्चे को पिता का नाम दिलवाने के लिए उसे अपने पूर्व कपटी प्रेमी से विवाह करना पड़ता है। वह पूरी कलावधि में जिससे घृणा करती रही, बाद में अपने बच्चे के लिए उसी को अपना पति बनाना स्वीकार कर लेती है। उसने समाज के भय से बच्चा पैदा करने से पहले ही अपने पिता का घर छोड़ दिया था ताकि उसके माता–पिता पर कोई उँगली न उठाए। वह अपने बच्चे को लेकर अपने ही बलबूते पर बम्बई में अपनी जगह बनाती है। वह वहाँ पर कॉलेज में राजनीति की प्राध्यापिका नियुक्त हो जाती है, जिससे वह अपने बच्चे का पालन–पोषण करने में सफल हो जाती है। इन सब के साथ–साथ वह कौंडकर की निजी सचिव के रूप में भी कार्य करती है। इसी की लगन मेहनत तथा सूझबूझ से कौंडकर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में चुना जाता है। वह सारी बम्बई की राजनीति में छा जाती है। ऐसा करने में उसे अपनी ममता का गला घोंटना पड़ता है। वह चाहकर भी अपने बेटे तथा अन्य लोगों को अपनी वास्तविक स्थिति से परिचित नहीं करवाती। वह अपनी मंजिल को प्राप्त करने के लिए निरन्तर संघर्ष करती रहती है तथा सफल भी होती है। वह अपने जीवन की सच्चाई किसी के सामने प्रकट नहीं करती बल्कि अन्दर ही अन्दर घुटती रहती है –

''सच्चाई को तब तक छिपाया जा सकता है, जब तक बालक छोटा है, उसकी आन्तरिक जिज्ञासाओं का विकास नहीं हुआ। जिस दिन उसे वयस्क या फिर कौमार्य चेतना भी प्राप्त हुई, उसी दिन पिता के लिए जिज्ञासु हो उठेगा। उस दिन स्वर्गीय प्रमोद को न जलाया जा सकेगा, न मारा जा सकेगा। बल्कि अपना समूचा सामाजिक वर्चस्व ध्वस्त हो जाएगा।''[7]

प्रस्तुत उपन्यास में लेखक ने नारी के सामाजिक संघर्ष को दर्शाया है। वह अगर कुछ करने की ठान ले तो ऐसा कोई भी कार्य नहीं, जो वह नहीं कर सकती। जब चाहे वह किसी भी क्षेत्र में अपना परचम लहरा सकती है।

देश के लिए संघर्ष -

उपन्यासकार मनमोहन सहगल ने अपने उपन्यास '1857 प्रेम कथा' में एक तवायफ की देश के प्रति संघर्षशीलता का वर्णन किया है। उसका नाम था अजीजुनिस्सा। वह शम्मसुद्दीन नामक सार्जेंट से आत्मिक प्रेम करती थी। उसी के प्रभाव में आकर वह देश की आजादी के लिए विद्रोह करने वाले विद्रोही सैनिकों के लिए जासूस का काम करती थी। वह अपने चौबारे के तहखाने में विद्रोही सैनिकों की गुप्त बैठक करवाती थी ताकि अंग्रेज अधिकारियों को इसकी खबर न लगे। वह जब अपना नृत्य करने अंग्रेजी अधिकारियों की महफिल में जाती है, तो वहाँ से गुप्त जानकारी लाकर भारतीय विद्रोही सैनिकों को देती थी। कोई अंग्रेज अधिकारी भी उस पर शक नहीं करता था। 1857 के विद्रोह के सफल बनाने के लिए वह विभिन्न रियासतों में गई तथा उन्हें संगठित होने के लिए आह्वान किया ताकि यह विद्रोह सफल हो सके। वह दिल से अंग्रेज कौम से नफरत करती थी। अपनी नफरत को लखनऊ के नवाब के सामने प्रकट करती हुई वह कहती है कि -

"मेरे अन्दर आग लगी है, मुझे कभी-कभी उसकी आँच महसूस होती है। मैं चाहती हूँ कि इन मक्कारों के खिलाफ खड़ी हो सकूँ, जो भी हो, मेरे पास ताकत नहीं, नफरत तो है। मैं किसी अंग्रेज के मुँह पर थूक सकी, तो जिंदगी कीमिया समझ लूँगी।"[8]

इस उपन्यास के इन पंक्तियों में लेखक ने आजीजुनिस्सा के देश के प्रति प्रेम तथा अंग्रेजों के प्रति नफरत को दर्शाया है। वह देश के प्रति अपना सम्पूर्ण जीवन लगा देती है तथा अपनी जान भी देश के नाम कुर्बान कर देती है।

निष्कर्ष -

मनमोहन सहगल ने अपने उपन्यासों में नारी को संघर्षरत दिखाया है। उन्होंने लगभग सभी नारी पात्रों को संघर्षशील भूमिका अदा करते हुए दिखाया है, जैसे-सामाजिक संघर्ष, पारिवारिक संघर्ष, अहं के कारण संघर्ष, प्रेम के लिए संघर्ष, अर्थ के लिए संघर्ष तथा उनके नारी पात्र देश के लिए भी संघर्ष करने में प्रयासरत हैं।

सन्दर्भ :

1. डॉ. चन्दुलाल दूबे, नाटक और रंगमंच, पृ. 16
2. डॉ. मोहनलाल रत्नाकर, हिन्दी उपन्यास : द्वन्द्व एवं संघर्ष, पृ. 3
3. मनमोहन सहगल, काला सच, पृ. 7
4. मनमोहन सहगल, किराए की कोख उर्फ अधूरा इंकिलाब, पृ. 54
5. मनमोहन सहगल, किराए की कोख उर्फ अधूरा इंकिलाब पृ. 76
6. मनमोहन सहगल, घटता-बढ़ता चाँद उर्फ जेहलम की बेटी, पृ. 40-41
7. मनमोहन सहगल, समझौते से पहले, पृ. 466
8. मनमोहन सहगल, 1857: प्रेमकथा, पृ. 11

❑❑❑

गाँव व डाकखाना-बलियाली, तहसील-बवानी खेड़ा, जिला-भिवानी (हरियाणा) - 127032

प्रश्न मीडिया की भाषा

—डॉ. प्रेमप्रकाश मीणा

आजकल प्रिंट मीडिया में एक नया ट्रेंड देखने को मिल रहा है। हिंदी अख़बारों के संपादकीय पृष्ठ अंग्रेजी स्तंभ लेखकों से पटे रहते हैं। इन्हें प्रकाशित कर हिंदी संपादक अपने आपको 'धन्य' महसूस करते हैं। यह भी कहा जाता है कि अंग्रेजी के पत्रकार जितने 'सशक्त ढंग' (क्वालिटी) से लिख सकते हैं, हिंदी के पत्रकार वैसा नहीं कर सकते। यह भी एक मनोविज्ञान है जिसके शिकार अधिकांश हिंदीजन हैं। इसी कारण हिंदी मीडिया में अंग्रेजी शब्दों की भरमार होती जा रही है। कहा जा सकता है कि हिंदी मीडिया को दोयम दर्जा देने की कोशिश अंग्रेजी वालों के साथ-साथ हिंदी संपादकों और प्रबंधकों की भी है।

वर्तमान युग सूचना का युग है। सूचनाओं के निंरतर प्रेषण पर ही सारा संसार टिका है। सूचनाओं की इस कमी को पूरा करते हैं संचार-माध्यम अर्थात् मीडिया। मीडिया मनुष्य, समाज, सभ्यता-संस्कृति और राष्ट्र के विकास का सूत्रधार है। मीडिया में जनता की भाषा में जनता की बात को जनता के लिए लिखना तथा प्रकाशित-प्रसारित करना पड़ता है। मीडिया के प्रसार माध्यमों (प्रिंट और इलैक्ट्रॉनिक मीडिया) में अख़बार पत्रिका, टी.वी., रेडियो, इन्टरनेट आदि प्रमुख हैं। भाषिक दृष्टिकोण से इन माध्यमों का महत्त्व सर्वविदित है। बात चाहे समाचार, फ़िल्मों, धारावाहिकों, विज्ञापनों अथवा अख़बारों की ख़बरों एवं संपादकीय की हो, सभी जगह भाषा को स्वरूप देने में इन माध्यमों की महत्त्वपूर्ण भूमिका है।

भाषा हमारी अभिव्यक्ति का साधन है और साहित्य उस अभिव्यक्ति के प्रस्तुतिकरण का एक रूप है। भाषा ही संस्कृति है, क्योंकि भाषा हमारी समझ, आदतों का निर्माण एवं निर्धारण कर उनको एक दिशा प्रदान करती है। इस प्रकार भाषा हमें समझ के स्तर पर स्वयं से जोड़ते हुए विश्व तक अग्रसरित करती है। नवीन संदर्भों में, हमारी इस भाषा रूपी समझ का निर्माण मीडिया भलीभाँति कर रहा है। मीडिया में प्रसारित विज्ञापन, धारावाहिक, फिल्म एवं समाचार न केवल हमारी भाषा को बल्कि संपूर्ण जीवन एवं संस्कृति को नया आयाम दे रहे हैं। इस दृष्टि से यदि हिंदी भाषा पर विचार किया जाए तो निश्चय ही हिंदी भाषा ने मीडिया के साथ मिलकर एक लंबी दूरी तय की है/कर रही है। पिछले पचास वर्षों में हिंदी का जिन दो क्षेत्रों में अप्रत्याशित विकास हुआ है वह है-मीडिया और राजनीति। कालान्तर में पूर्वोत्तर से सांसद अगाथा संगमा की हिंदी में शपथ लेने की बात हो या लालूप्रसाद यादव की संसद से सड़क तक बोली जाने वाली लोकभाषा मिश्रित हिंदी, सभी जगह इसने मैदान मारा है। हालांकि पहले अटल जी द्वारा यूएन

में हिंदी में भाषण और 2014 के बाद वर्तमान प्रधानमंत्री मोदीजी के हिंदी प्रेम ने देश से लेकर विदेशों तक सही मायनों में हिंदी को वैश्विक परिदृश्य में लोकप्रिय बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बहरहाल, हम मीडिया में प्रयुक्त हिंदी की बात करते हैं। आज हिंदी अख़बारों का सरकुलेशन अंग्रेजी की तुलना में कहीं अधिक है। आम भारतीय अपनी ख़बर अपनी भाषा में पढ़ना चाहता है तो हिंदी का मीडिया में पकड़ बनाना स्वाभाविक है। यह हिंदी का ही दबाव है कि आज तमाम अंग्रेजी अख़बार हिंदी की हैडिंग लगा रहे हैं वह चाहे 'टाइम्स ऑफ इंडिया' हो या 'आउटलुक' या 'द वीक' या 'वूमन्स एरा'। परंतु दुर्भाग्य यह है कि बाज़ार में हिंदी को अगर अपना औज़ार बनाया है तो वह इसे अपने स्तर पर विकृत भी कर रहा है। इसका उदाहरण अख़बारों में आए दिन छपने वाली ख़बरों के हैडिंग हैं। ख़बरों में सही भाषा एवं सही मुहावरों का प्रयोग उसे संप्रेषणीय बनाता है परंतु आजकल गलत भाषित प्रयोग, गलत लिंग प्रयोग और गलत मुहावरों का प्रयोग आम बात हो गई है। धड़ल्ले से चल रहे नए-नए ई-पेपर्स ने हिंदी को और अधिक विकृत किया है।

यह एक विडंबना ही है कि तमाम प्रयासों के बावजूद हिंदी की स्थिति दिनोंदिन कमज़ोर-सी पड़ रही है जबकि अंग्रेजी जैसी विदेशी भाषा के लिए प्रयास न करने पर भी हर कोई अंग्रेजी सीखना चाहता है। मानो अंग्रेजी आज फैशन के साथ-साथ 'स्टेटस सिम्बल' बन गई है। 'फैशन' या 'स्टेटस सिंबल' के रूप में भाषा का प्रयोग विशेषतया उच्चवर्गीय लोग ही करते हैं। इनमें खिलाड़ी, नेता, अभिनेता, पत्रकार इत्यादि होते हैं जो 'पब्लिक आइकन' (रोल मॉडल) भी होते हैं, ऐसे में ये लोग भाषा के परिष्कार या शुद्धता के लिए अपना योगदान दे सकते हैं, परंतु विडंबना यह है कि ये लोग जब मीडिया के जरिए अपनी अभिव्यक्ति देते हैं तो स्वयं भाषा की शुद्धता का निर्वाह नहीं कर पाते। हिंदी की शब्द-सम्पदा किसी भाषा से कम नहीं है फिर भी हिंदी भाषियों को दूसरी भाषाओं के शब्द अपनाने की 'लत' सी हो गई है। हिंदी फिल्म 'विवाह' (राजश्री प्रोडक्शन) में जब अभिनेता शुद्ध हिंदी में बात करते हुए अटक जाते हैं तो एक महिला पात्र कहती है अ...आ ऽऽए हिंदी भाषा वेरी-काइन्ड लेंग्वेज, इसमें अटकना नहीं मंगता, कोई भी दूसरी भाषा का शब्द ले लो।' ऐसे में अभिनेता अंग्रेजी शब्द का प्रयोग करता है। ऐसा लगता है मानो हिंदी भाषा में अंग्रेजी के अलावा कोई विकल्प नहीं है या यह हिंदी भाषा की मजबूरी है। इसके विकल्प में, मीडिया में अगर लोक-भाषा के मौजूदा स्वरूप को स्थान दिया जाए तो अच्छा होता। हालांकि इधर आजकल बहुत सारी फिल्मों में हिंदी की बोलियों का प्रयोग शुरू हुआ है जो गौर करने लायक है, परन्तु ओटीटी (OTT) पर प्रसारित ऐसी फिल्म्स और सीरीज ने भाषा की विकृति और भाषा की अश्लीलता को बढ़ावा भी दिया है। परन्तु विदेशी भाषा की जगह लोक-भाषा के प्रयोग से लोक-शैलियाँ सुरक्षित रहेंगी और परिनिष्ठित भाषा एवं लोकभाषा के बीच की दूरियाँ कम होंगी। आम जनता की तरफ से उठती ये माँगें ही हिंदी और उसकी सहयोगी लोकभाषाओं को उनका बाज़ार और उनकी सही हैसियत दिलाएगी। यह कार्य मीडिया भलीभाँति कर सकता है और मीडिया का इस प्रकार का कार्य हिंदी को 'संपर्क भाषा' बनाने का लक्ष्य भी पूरा कर पायेगा, जो कि

आजादी के 74-75 साल बाद भी एक सपने की तरह है क्योंकि संपर्क भाषा का स्थान भी अंग्रेजी ने ही ले रखा है।

आज की नई पीढ़ी अपनी सभ्यता-संस्कृति से दूर होती जा रही है, यह बड़े दुःख की बात है। अपने देश को आगे बढ़ाने के लिए अपनी भाषा संस्कृति ही काम आती है। फिल्म ऐसा माध्यम है जो भाषा संस्कृति को न केवल उन्नत करती है बल्कि उसका प्रचार-प्रसार भी करती है। परंतु आज हिंदी फिल्मों को हिंदी भाषा की कम, बाज़ार की अधिक ज़रूरत है। स्वाभाविक भी है परंतु भाषिक 'जिम्मेदारी' का निर्वहन भी ज़रूरी है। लेकिन उदाहरणस्वरूप देखें तो आज हिंदी फिल्मों के नामों-'वॉन्टेड', 'लव-आजकल', 'प्यार इंपोसिबल', 'माइ नेम इज खान', 'थ्री इडियट्स', 'ब्लू'-से लगता है कि अंग्रेजी मसाला ही ज़्यादा हिट है। फिल्मों एवं धारावाहिकों के संवाद भी अंग्रेजी मिश्रित हो गये हैं जो सर्वग्राही ज़रूर हैं परंतु हिंदी के स्वरूप को बाधित भी कर रहे हैं। यही हाल विज्ञापनों का है। सोशल मीडिया में भी कमोबेश यही हाल है, बोलने से लेकर लिखने तक में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स ने हिंदी भाषा का स्वरूप बनाया कम, बिगाड़ ज़्यादा है।

आजकल प्रिंट मीडिया में एक नया ट्रेंड देखने को मिल रहा है। हिंदी अख़बारों के संपादकीय पृष्ठ अंग्रेजी स्तंभ लेखकों से पटे रहते हैं। इन्हें प्रकाशित कर हिंदी संपादक अपने आपको 'धन्य' महसूस करते हैं। यह भी कहा जाता है कि अंग्रेजी के पत्रकार जितने 'सशक्त ढंग' (क्वालिटी) से लिख सकते हैं, हिंदी के पत्रकार वैसा नहीं कर सकते। यह भी एक मनोविज्ञान है जिसके शिकार अधिकांश हिंदीजन हैं। इसी कारण हिंदी मीडिया में अंग्रेजी शब्दों की भरमार होती जा रही है। कहा जा सकता है कि हिंदी मीडिया को दोयम दर्जा देने की कोशिश अंग्रेजी वालों के साथ-साथ हिंदी संपादकों और प्रबंधकों की भी है। जिस तरह की सस्ती लोकप्रियता आज का मीडिया चाहता है वह एक षड्यंत्र है, परंतु हमें इस अंधी दौड़ में शरीक न होकर सच को जानने की कोशिश करनी चाहिए। कुल मिलाकर हिंदी का बाज़ार बढ़ा है और लोकतंत्र के विकास के साथ-साथ आमजन की भाषा का बढ़ना स्वाभाविक भी हैं। परंतु बाज़ारीकरण के प्रभावस्वरूप मीडिया में हिंदी की जो दुर्दशा हो रही है उस पर ध्यान देने की ज़रूरत है क्योंकि मीडिया लोकतंत्र का 'चौथा स्तम्भ' माना जाता है। गंभीर उत्तरदायित्वपरक भूमिका की उससे अपेक्षा की जाती है। आशा की जाती है कि इस चतुर्थ स्तम्भ के वाहक पूरी समझदारी के साथ जनता को ख़बर के हर पहलू से परिचित कराएँगे, न कि जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करेंगे। वर्तमान प्रधानमंत्री और सरकार द्वारा हिंदी को 'लोकल से ग्लोबली वोकल' (स्थानीय से वैश्विक) बनाने में महत्त्वपूर्ण प्रयास किया जा रहा है जिससे हिंदी की दशा और दिशा में बदलाव भी आ रहा है। मीडिया की सकारात्मक भूमिका इसमें महत्त्वपूर्ण साबित होगी।

❐❐❐

सहायक प्रोफेसर, हंसराज महाविद्यालय, दिल्ली

गिरीश पंकज के कथा साहित्य का अनुशीलन

—श्रीमती निकिता रामटेके
— डॉ. शंकर मुनि राय

समकालीन कहानी के बरक्स गिरीश पंकज का कथा-संसार अपनी पहचान रखता है। इनकी तमाम कहानियों में विषय तो आज के ही हैं लेकिन जीवन मूल्य शास्वत हैं। गिरीश पंकज ने यथार्थवाद के नाम पर कहानियों की हत्या नहीं की। इनकी तमाम कहानियाँ मनुष्य को बेहतर मनुष्य बनाने की कहानियाँ हैं। ए लव स्टोरी वाया फेसबुक की समस्त कहानियाँ भी दिशा बोध से सम्पृक्त है।

मूलतः बनारसी संस्कार में जन्मे और छत्तीसगढ़ की खुली प्राकृतिक दुनिया में रचे-बसे गिरीश पंकज का नाम छत्तीसगढ़ के ऐसे रचनाकार की सूची में आता है जिन्होंने अपने रचनाकर्म से हिन्दी संसार को समृद्ध किया। वर्ष 2018 में व्यंग्यश्री की उपाधि से विभूषित पंकज जी की पहचान मुख्य रूप से व्यंग्यकार के रूप में हुई है। किन्तु सच्चाई यह है कि आप विविध विधाओं के सशक्त रचनाकार हैं। व्यंग्य के साथ-साथ कविता, उपन्यास, लघुकथा, बाल-साहित्य और कविता जैसी लोकप्रिय विधाओं में आपकी लगभग 5 दर्जन श्रेष्ठ कृतियों का प्रकाशन हो चुका है। कन्नड़, तमिल, मलयालम, तेलगु, उड़िया, उर्दू, अंग्रेजी, छत्तीसगढ़ी, पंजाबी, बंगला और मराठी भाषाओं में आपके साहित्य का सादर अनुवाद हुआ है। आकाशवाणी और दूरदर्शन के कार्यक्रमों में हास्य विनोद प्रहसन के प्रस्तुतकर्ता गिरीश जी अब किसी परिचय के मोहताज नही हैं। विविध विधाओं के सशक्त रचनाकार गिरीश पंकज मूलरूप से अपने को कथाकार ही मानते हैं। उनका कथन है-''एक व्यंग्यकार के रूप में भले ही अनेक मित्र मुझे पहचानते हैं, लेकिन जानने वाले यह भी जानते हैं कि मैने अनेक कहानियाँ भी लिखी हैं, जो महत्वपूर्ण पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हुई हैं। कहानी लिखना मेरा प्रिय शौक है। मेरे व्यंग्यों में भी ज्यादातर कथाएँ ही होती हैं। कथाओं का सहारा लेकर मै व्यंग्य करता हूँ।

कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद को अपना आदर्श मानने वाले इस रचनाकार ने कहानी को जिस संवेदना के साथ अनुभव किया है, उसी स्तर पर लिखने का भी प्रयास किया है। इनके कथा वैशिष्ट्य को दर्शाते हुए डॉ. चितरंजन ने लिखा है - हिन्दी के कुछ साहित्यकार ऐसे भी हैं जो अनेक विधाओं में समान रूप से और पूरी गरिमा के साथ विचरण करते हैं। गिरीश पंकज भी ऐसा एक चर्चित नाम है। एक कहानीकार के रूप में

उनकी समस्त कहानी को जब हम देखते हैं तो हैरत होती है। समकालीन कहानी के बरक्स गिरीश पंकज का कथा-संसार अपनी विशेष पहचान रखता है। इनकी तमाम कहानियों में विषय तो आज के ही हैं लेकिन जीवन मूल्य शाश्वत हैं।

गिरीश पंकज से संबंधित पूर्ववर्ती कार्य-हिन्दी के क्षेत्र में मेरी जानकारी के अनुसार गिरीश पंकज की रचनाओं पर निम्नलिखित कार्य हो चुके हैं -

गिरीश पंकज के व्यंग्य-साहित्य का अनुशीलन: नागराज, कर्नाटक विश्वविद्यालय हासन।

गिरीश पंकज के सामाजिक व्यंग्य का भाषिक अध्ययन: सत्यशील चौहान, रा ट्रसंत तुकडोजी महराज नागपुर विश्वविघालय नागपुर, (सत्र 2013-14)।

विनोद शंकर शुक्ल तथा गिरीश पंकज की व्यंग्य रचनाओं का सामाजिक अनुशीलन: सविता सिंह पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (2017)।

गिरीश पंकज के व्यंग्य : एक अनुशीलन: जमुना प्रसाद वामने बरकतुल्ला विश्वविद्यालय भोपाल।

समकालीन व्यंग्य-लेखन का परिदृश्य और गिरीश पंकज का प्रदेय लता गोस्वामी, डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय कोटा, बिलासपुर।

गिरीश पंकज के उपन्यासों में सामाजिक सरोकार : विजय व्यवहार पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (2011-12)

व्यंग्य साहित्य के विकास में गिरीश पंकज का योगदान : रुचि अर्जुनवार, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर।

गिरीश पंकज के व्यंग्य-साहित्य का मूल्यांकन : दिनेश उपाध्याय, लघु शोध पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (2002-03)।

गिरीश पंकज के व्यंग्य उपन्यास 'मिठलबरा की आत्मकथा' का साहित्यिक अनुशीलन : प्रीतम कुमार दास, लघु शोध, रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (2003-04)।

गिरीश पंकज के व्यंग्य संग्रह 'मंत्री को जुकाम' का साहित्यिक अनुशीलन : अरुणा श्रीवास्तव, लघु शोध, पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (2006-07)।

शोध आलेख का उद्देश्य -

1. कथा साहित्य के बदलते प्रतिमान और गिरीश पंकज
2. गिरीश पंकज के कथा साहित्य में सामाजिक समस्याएँ
3. गिरीश पंकज के कथा साहित्य और मानवीय मूल्य
4. युग : परिवेश और गिरीश पंकज की रचना धर्मिता

गिरीश पंकज के प्रकाशित कहानी संग्रह

काशीवास और अन्य कहानियाँ (2018) एक व्यंग्यकार के रूप में गिरीश पंकज की विशिष्ट पहचान है। लेकिन उन्होंने अनेक कहानियाँ भी लिखी हैं, जो महत्वपूर्ण पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हुईं। कहानी लिखना उनका प्रिय शौक है। उनके व्यंग्यों में भी ज्यादातर कथाएँ ही होती हैं। कथाओं का सहारा लेकर ही वे व्यंग्य को विस्तार देते हैं। लेकिन काशीवास एवं अन्य कहानियाँ नामक कहानी संग्रह में शामिल तमाम कथाओं में व्यंग्य नहीं है।

गड्ढे में देश नामक कहानी लगभग व्यंग्य कथा है। बाकी कहानियो में समाज की विभिन्न स्थितियों का चित्रण है। बदलती मानसिकता और सोच को रेखांकित करने वाली ये कहानियाँ समाज के समकालीन चेहरे को पढ़ने की कोशिश है। किस प्रकार से जीवन का मूल्य बदलता जा रहा है, काशीवास और अन्य कहानियाँ (2018) में कुल 16 कहानियों का समावेश है।

काला बक्सा और वृद्धाश्रम में माँ–ये कहानियाँ मर्मस्पर्शी हैं। इस कहानी का नायक रामकृष्ण चतुर्वेदी हैं। ये कहानियाँ जीवन की कटु सच्चाइयों से रू–ब–रू कराती हैं, लोग निर्मम होते जा रहे हैं। रिश्ते स्वार्थ के खूँटे से बँध गए हैं। संवेदनाएँ खत्म होती जा रही हैं।

रिया नही सीता–रिया नहीं सीता लीव–इन रिलेशनशिप के दुष्परिणामों को बताने वाली कहानी है।

प्यार एक अहसास–प्यार एक अहसास निर्मल प्रेम की सात्विक अभिव्यक्ति की कथा कहती है।

अवसाद के आँसू–इस कहानी में भी निर्मम होते समय से आहत बुजुर्ग मन की पीड़ा का आख्यान है।

जल - कुंड–यह कहानी संदेश देती है कि संस्कार बड़ी चीज है, अगर संस्कार है, तो हवा भी किसी का कुछ नहीं बिगाड़ सकती। परिवार की पृष्ठभूमि अच्छी है तो कोई पथ–भ्रष्ट नहीं हो सकता।

कालगर्ल की बेटी–इस कहानी में कथाकार ने यह संदेश दिया है कि एक महिला किसी कारणवश भले ही गलत राह चुन ले लेकिन वह अपनी संतान को अपनी काली छाया से दूर ही रखना चाहती है।

गड्ढे में देश–गड्ढे में देश नामक कहानी लगभग व्यंग्य कथा है। इस कहानी का नायक देश कुमार है। ये कहानी बदलती मानसिकता और सोच को रेखांकित करती है।

फोरलेन सड़क–यह कहानी नई सभ्यता के विकास पर तंज करती है। सड़कें बन रही हैं और पर्यावरण नष्ट हो रहा है।

एक नपुंसक मौत–एक नपुंसक मौत नामक कहानी में लेखक ने एक ट्रांसजेन्डर (किन्नर) के मनोभावों को पकड़ने की कोशिश की है। इस कहानी का नायक सुकांत और नायिका प्रज्ञा है।

काशीवास–इस कहानी का नायक रामदयाल है। इस कहनी में बुजुर्ग मन की पीड़ा का आख्यान है। आज के समय में कैसे अपने बच्चे माता–पिता की उपेक्षा करते हैं। माता पिता को बोझ समझते हैं।

सीढ़ियाँ–इस कहानी की नायिका शारदा है। वह अपनी कामयाबी के लिए रामानंद विष्णुस्वरूप और रीतेश जैसे लोगों को सीढ़ियों की तरह इस्तेमाल करते हुए आगे बढ़ती जाती है। वह अपना तन, मन, लोक, लाज, लुटाकर आगे बढ़ती हुई कामयाबी की सीढ़ियों को पार करती चली जाती है।

रामकुमार व्यथित की खुदकुशी–इस कहानी के माध्यम से देश बढ़ते भ्रष्टाचार, शोषण, गरीबी, महँगाई, सूदखोरी, राजनीति में अवसरवाद, कुर्सीवाद इन सभी समस्याओं को दर्शाया गया है। इन सभी समस्याओं से त्रस्त हो कर नायक रामकुमार खुदकुशी कर लेता है।

मैं यही रहूँगा–इस कहानी में बुजुर्ग मन की पीड़ा को बताया गया है कि कैसे बच्चे बुढ़ापे में माता–पिता का सहारा बनने के बजाय उन्हें छोड़कर अलग रहना पसंद करते हैं। माता–पिता की उपेक्षा करते हैं।

देवता–रमेश और श्याम बचपन के दोस्त थे। बुरा हो बाजारू प्रतिस्पर्धा की जिसके कारण राम और श्याम की जोड़ी टूट गई। रमेश अपने दोस्त श्याम की तरक्की पर जलने लगा। उसे अपना दुश्मन समझने लगा। दोनों की दोस्ती में दूरियाँ आ गई। एक दिन जब रमेश को हार्ट–अटैक आया तो श्याम ही उसे हॉस्पिटल ले गया। अंत में वही दोस्त काम आया और रमेश को अपने किये पर शर्मिंदगी महसूस होने लगी। रमेश श्याम से माफी माँगता है और उसे अपना दोस्त समझने लगा। इस प्रकार दोनों दोस्तों का पुनर्मिलन हो गया।

ए लव स्टोरी वाया फेसबुक–"ए लव स्टोरी वाया फेसबुक" एक बेहतरीन कहानी भी हैं और एक तीखा व्यंग्य भी। आज के हमारे तकनीकी विकास के कारण बदलते जा रहे समाज में व्यक्ति के अकेले पड़ते जाने की एक भयावह और नंगी सच्चाई भी है। इस कहानी का नायक रामशरण है। विधुर रामशरण के जीवन की तन्हाई, अकेलापन सिर्फ उनका ही नहीं बल्कि हमारे समाज के उन सभी प्रौढ़ो और वृद्धों की कहानी है। जो किन्हीं परिस्थितियों के कारण अपने जीवन साथी से बिछड़ चुके हैं और अपने अकेलेपन को दूर करने कि लिए उन्हें किसी साथी की तलाश है।

फिर वही पाठक–इस कहानी के माध्यम से वर्तमान समय में कहानी के नाम पर जो अश्लीलता परोसी जा रही है उसे दर्शाया गया है। यथार्थ के नाम पर पवित्र रिश्तों के बीच मर्यादाएँ बाँध दी गई हैं। कहानी का पालन हो रहा है। समाज अराजक होता जा रहा है। अग्रज कथाकारों ने कैसी अद्‌भुत कहानियाँ लिखी हैं, उनकी कहानियों में संस्कार है। लेकिन उत्तर आधुनिक समय में कहानियाँ, कहानियाँ नहीं अश्लील पाठों में रूपांतरित होती चली गईं।

गिरीश पंकज की कहानियों का वर्गीकरण –

सामाजिक, राजनीतिक, व्यक्तिगत जीवन पर आधरित, हास्यपरक, बाल साहित्य या बाल मनोविज्ञान।

गिरीश पंकज की कहानियों की विशेषताएँ –

(अ) भाव पक्ष (ब) कला पक्ष।

भाव पक्ष–गिरीश पंकज स्पष्टवादी हैं, अपने जीवन में भी और लेखन में भी वे सच्चे अर्थों में पारदर्शी कृतित्व और व्यक्तित्व के स्वामी हैं। आदमी जिस शैली से अपने जीवन को गढ़ता है, उसी शैली में वह अपने विचारों की अभिव्यक्ति करता है। रचना वही सार्थक और कालजयी होती हैं जो युगीन पीड़ा स्वर देती है, अन्याय के बराबर खड़ी होती है। साहित्य का अर्थ यही है कि हित को साथ लेकर चले। जनहित तो सच का पर्दाफाश करने में है। जो छिपे हुए नकली लोग हैं उनका सच सामने लाना ही धर्म है। गिरिश पकंज की रचनाओं में संप्रेषणीयता व सहज आकर्षण है। गिरीश पंकज की कहानियों में आलोचनात्मक शैली, समीक्षात्मक, पत्रात्मक, विवरणात्मक शैली का प्रयोग हुआ है।

कलापक्ष–मानव समाज ही नहीं, यह सृष्टि विभिन्नताओं से भरी हुई है। तथापि उनमें पारस्परिकता ही वह आधार है, जिस पर हमारा अस्तित्व निर्भर है। गिरीश पंकज के समस्त लेखन का दर्शन भी यही है। सामान्यत: हित से युक्त होना ही साहित्य है, जो वस्तुत: वाङ्गमय का पर्याय है, क्योकि प्रत्येक ज्ञानानुशासन मानव–हितार्थ है। गिरीश के लेखन में साहित्य की यही परिभाषा जीवंत हो कर उभरती है। गिरीश पंकज की तमाम कृतियाँ सहृदय पाठकों को बेहतर मनुष्य बनाने का संदेश देती हैं। उनकी लगभग हर कृति यही बताने का रचनात्मक अनुष्ठान रही है कि "अंत भला सो सब भला" काव्य या साहित्य को "सत्यं-शिवं-सुन्दरम" की शाब्दिक कला साधना कहा जाता है, जबकि वर्तमान समाज में "असत्यं–अशिवं –असुन्दरम" का वर्चस्व है। आचार्य मम्मट ने काव्य प्रयोजन के रूप में जो स्थापनाएँ की हैं उनमें से व्यंग्यकार शिवेतरक्षतये (अकल्याण के विनाश के लिए) प्रयोजन को चुनता है, ठीक उसी प्रकार जिस प्रकार शिव समुद्र–मंथन से नि:सृत अमृत–विष में विष को चुनते है सृष्टि का कल्याण करते हैं। इस सृष्टि में अन्यथा सौंदर्य की कहाँ कमी है, परन्तु असौंदर्य के रहते सौंदर्य का वैभव निस्तेज हो जाता है।

हिन्दी के कुछ साहित्यकार ऐसी भी हैं जो अनेक विधाओं में समान रूप से और पूरी गरिमा के साथ विचरण करते हैं। गिरीश पंकज भी ऐसा एक चर्चित नाम है। एक कहानीकार के रूप में उनकी समस्त कहानियों को जब हम देखते हैं तो हैरत होती है। समकालीन कहानी के बरक्स गिरीश पंकज का कथा–संसार अपनी पहचान रखता है। इनकी तमाम कहानियों में विषय तो आज के ही हैं लेकिन जीवन मूल्य शास्वत हैं। गिरीश पंकज ने यथार्थवाद के नाम पर कहानियों की हत्या नहीं की। इनकी तमाम कहानियाँ मनुष्य को बेहतर मनुष्य बनाने की कहानियाँ हैं। ए लव स्टोरी वाया फेसबुक की समस्त कहानियाँ भी दिशा बोध से सम्पृक्त है। ये कहानियाँ पाठकों को नैतिक बल प्रदान करती हैं। इस मामले में गिरीश स्वयं को प्रेमचंद की परम्परा का लेखक मानते हैं। ऐसे समय में कोई कथाकार शालीनता के साथ अपने समय की कथा कहे तो वह अभिनंदनीय है। इस निष्कर्ष पर गिरीश पंकज का कथाकार खरा साबित होता है।

संदर्भ :

1. गिरीश पंकज, काशीवास और अन्य कहानियाँ नई दिल्ली; किताबवाले प्रकाशक, 2018 पृष्ठ 118
2. गिरीश पंकज, काशीवास और अन्य कहानियाँ नई दिल्ली; किताबवाले प्रकाशक, 2018 पृष्ठ (ट) फ्लैप पेज
3. गिरीश पंकज, ए लव स्टोरी वाया फेसबुक कानपुर; अमन प्रकाशन, 2018 पृष्ठ 57
4. गिरीश पंकज, ए लव स्टोरी वाया फेसबुक कानपुर; अमन प्रकाशन, 2018, फ्लैप पेज
5. शर्मा सुधीर संपादक, पचास के गिरीश; 167
6. शर्मा सुधीर संपादक, पचास के गिरीश; 169
7. पंकज गिरीश : मेरे जीवन के अनुभव, पृष्ठ 50
8. वही, पृष्ठ 80

❒❒❒

1. शोधार्थी, शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगाँव (छ.ग.)
2. शोध निर्देशक, शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगाँव (छ.ग.)

महिला एवं पुरुष हैंडबॉल खिलाड़ियों के व्यक्तित्व के गुणों का तुलनात्मक अध्ययन

—अजय कुमार यादव
—डॉ. कविता पड़ेगाँवकर

खेलकूद से शरीर स्वस्थ रहता है, स्वस्थ शरीर से ही व्यक्ति अपने जीवन में संघर्ष करते हुए सफलता प्राप्त करता है। खेल मैदान में ही यह शिक्षा मिलती है कि किसी भी कार्य को अनुशासित तरीके से ही पूरा किया जा सकता है। खेल से ही व्यवहारिक जीवन में अनुशासन के महत्व का पता चलता है। अगर कोई खिलाड़ी खेल के दौरान अनुशासनहीनता करता है, तो पहले उसे चेतावनी फिर दंड दिया जाता है।

प्रस्तुत अध्ययन का उद्देश्य महिला एवं पुरुष हैंडबॉल खिलाड़ियों के व्यक्तित्व के गुणों का तुलनात्मक अध्ययन करना था। इस अध्ययन में जिला हैंडबॉल एसोसिएशन के खिलाड़ियों का चयन यादृच्छिक प्रतिदर्श विधि से किया गया। जिसमें 20 महिला खिलाड़ी एवं 20 पुरुष खिलाड़ियों का चयन न्यादर्श के रूप में किया गया। व्यक्तित्व के गुणों को जाँचने के लिए मंजू अग्रवाल द्वारा निर्मित बहुपक्षीय व्यक्तित्व इन्वेंटरी का उपयोग किया गया था। समंकों के विश्लेषण हेतु माध्य, माध्यिका एवं t-test का प्रयोग किया गया। प्राप्त परिणामों के आधार पर यह निष्कर्ष निकलता है कि महिला एवं पुरुष हैंडबॉल खिलाड़ियों के व्यक्तित्व के गुणों में सार्थक अन्तर पाया गया है।

परिचय

व्यक्तित्व आधुनिक मनोविज्ञान का बहुत ही महत्वपूर्ण एवं प्रमुख विषय है। व्यक्तित्व के अध्ययन के आधार पर व्यक्ति के व्यवहार का पूर्वकथन भी किया जा सकता है। प्रत्येक व्यक्ति में कुछ विशेष गुण या विशेषताएँ होती हैं जो दूसरे व्यक्ति में नहीं होतीं। इन्हीं गुणों एवं विशेषताओं के कारण ही प्रत्येक व्यक्ति एक दूसरे से भिन्न होता है। व्यक्ति के आचार-विचार, व्यवहार, क्रियाएँ और गतिविधियों में व्यक्ति का व्यक्तित्व झलकता है। व्यक्ति का समस्त व्यवहार उसके वातावरण या परिवेश में समायोजन करने के लिए होता है।

व्यक्तित्व विकास में जितना महत्व शिक्षा का है उतना ही महत्व खेलों का भी है। शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति ही शिक्षार्जन का लाभ उठा सकता है और इसके लिए खेलों को जीवन से जोड़ने की जरूरत होती है। एक संपूर्ण व्यक्ति बनने के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद भी बहुत जरूरी है। खेलकूद से शरीर स्वस्थ रहता है, स्वस्थ शरीर से ही व्यक्ति अपने जीवन में संघर्ष करते हुए सफलता प्राप्त करता है। खेल मैदान में ही यह शिक्षा मिलती है कि किसी भी कार्य को अनुशासित तरीके से ही पूरा किया जा सकता है। खेल से

ही व्यवहारिक जीवन में अनुशासन के महत्व का पता चलता है। अगर कोई खिलाड़ी खेल के दौरान अनुशासनहीनता करता है, तो पहले उसे चेतावनी फिर दंड दिया जाता है। खेल के बिना जीवन में अनुशासन के महत्व को समझना कठिन है।

देहगान, एहमद, हादी अब्दुल्लाही हादी एवं रेज़ाई, (2014)एली सनयून एवं ओथेक फूमियो (2014) एयादव, रेखा (2014) ए मार्क एस. एलन, स्टेवर्ट ए. वेला व सिल्वेन लेबोर्डे (2014) ए भारद्वाज, रजनी, *खान व वसीम अहमद* (2013) ने खिलाड़ियों के व्यक्तित्व के लक्षण पर विभिन्न अध्ययन किए।

वास्तव में वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए व्यक्तित्व पर शोध कार्य करने की महती आवश्यकता प्रतीत होती है, यद्यपि व्यक्तित्व पर पूर्व में उत्कृष्ट एवं उपयोगी कार्य हो चुके हैं किन्तु फिर भी इस विषय पर नवीन कार्य भविष्य में उपयोगी होंगे। अतः शोधकर्ता ने परिस्थितियों एवं आवश्यकताओं को आधार मानकर, व्यक्तित्व पर कार्य करने का निर्णय लिया।

समस्या

''महिला एवं पुरुष हैंडबॉल खिलाड़ियों के व्यक्तित्व के गुणों का तुलनात्मक अध्ययन''

अध्ययन का उद्‌देश्य

महिला एवं पुरुष हैंडबॉल खिलाड़ियों के व्यक्तित्व के गुणों का तुलनात्मक अध्ययन करना।

परिकल्पना

''महिला एवं पुरुष हैंडबॉल खिलाड़ियों के व्यक्तित्व के गुणों में सार्थक अन्तर नहीं होगा''

शोध विधि

प्रतिदर्श

प्रस्तुत अध्ययन हेतु जिला हैंडबॉल एसोसिएशन के खिलाड़ियों का चयन यादृच्छिक प्रतिदर्श विधि (RENDOM SAMPLING METHOD) से किया गया। जिसमें 20 महिला खिलाड़ी एवं 20 पुरुष खिलाड़ियों का चयन न्यादर्श के रूप में किया गया।

चर

साहित्य के पुनरावलोकन एवं विद्वानों के साथ चर्चा के आधार पर, इस अध्ययन के लिए चर के रूप में व्यक्तित्व के गुणों का चयन किया गया।

शोध उपकरण

अध्ययनकर्ता द्वारा व्यक्तित्व के गुणों को जाँचने के लिए मंजू अग्रवाल द्वारा निर्मित बहुपक्षीय व्यक्तित्व इन्वेंटरी का उपयोग व्यक्तित्व लक्षणों का आकलन करने के लिए किया गया था। इन्वेंट्री में 120 आइटम हैं और प्रत्येक 20 आइटम व्यक्तित्व के उपायों से संबंधित हैं- अंतर्मुखी-बहिर्मुखी, आत्म-अवधारणा, स्वतंत्रता-निर्भरता, स्वभाव, समायोजन और चिंता। इसकी वैधता 0.82 है।

समंक संकलन की प्रक्रिया

समंक व्यक्तित्व प्रश्नावली की सहायता से एकत्र किया गया। प्रश्नावली हैंडबॉल खिलाड़ियों के मध्य व्यक्तिगत रुप से अलग-अलग वितरित की गयी। परीक्षण संबंधी सभी आवश्यक निर्देश खिलाड़ियों को दिये गए। अंत में प्रत्येक खिलाड़ियों से प्रश्नावली प्राप्त की गयी।

समंक विश्लेषण हेतु सांख्यिकी तकनीक का प्रयोग

शोध प्रक्रिया के अन्तर्गत प्राप्तांकों के रूप में समंकों के विश्लेषण हेतु सांख्यिकीय तकनीकों का प्रयोग किया गया। इसमें माध्य, माध्यिका एवं t-test का प्रयोग किया गया।

समंक विश्लेषण एवं परिणाम

शोधार्थी इस शोध कार्य में प्रश्नावली की सहायता से हैंडबॉल खिलाड़ियों के व्यक्तित्व का अध्ययन सांख्यिकीय पद्धति से गणना करके किया गया और सार्थकता की जाँच टी-टेस्ट 0.05 स्तर पर की गयी, जिसमें दोनों समूहों में सार्थक अन्तर पाया गया।

सारणी क्रमांक-1 महिला एवं पुरुष हैंडबॉल खिलाड़ियों के व्यक्तित्व के गुणों में अन्तर

Categoy	Mean	SD	't' Ratio	Lavel of Confidence
Male	41.66	3.78	12.72	0.05
Female	36.18	4.76		

उपरोक्त सारणी में पुरुष और महिला खिलाड़ी के व्यक्तित्व के गुणों का SD, Mean और T-test, अध्ययन से प्राप्त परिणाम दर्शाया गया है। पुरुष और महिला खिलाड़ी दोनों के औसत स्कोर 41.66 और 36.18 हैं। प्राप्त टी मूल्य 12.72 है जो 0.05 पर अत्यधिक महत्वपूर्ण है। इससे यह ज्ञात होता है कि पुरुष और महिला खिलाड़ी के व्यक्तित्व के गुणों में महत्वपूर्ण अंतर है।

ग्राफ क्रमांक-1 महिला एवं पुरुष हैंडबॉल खिलाड़ियों के व्यक्तित्व के गुणों में अन्तर का ग्राफीय प्रदर्शन



महिला एवं पुरुष हैंडबॉल खिलाड़ियों के व्यक्तित्व के गुणों में अन्तर ज्ञात पाया गया है। यह सार्थक परिणाम को प्रदर्शित करता है। इससे यह ज्ञात होता है कि पुरुष हैंडबॉल खिलाड़ियों के व्यक्तित्व के गुणों का स्तर उच्च है। जिसका Lavel of Confidence 0.05 है। अध्ययन से प्राप्त परिणाम दर्शाया गया है। पुरुष और महिला खिलाड़ी दोनों के औसत स्कोर 41.66 और 36.18 हैं। प्राप्त टी मूल्य 12.72 है जो 0.05 पर अत्यधिक महत्वपूर्ण है। इससे यह ज्ञात होता है कि पुरुष और महिला खिलाड़ी के व्यक्तित्व के गुणों में महत्वपूर्ण अंतर है। प्राप्त परिणामों के आधार पर यह निष्कर्ष निकलता है कि महिला एवं पुरुष हैंडबॉल खिलाड़ियों के व्यक्तित्व के गुणों में सार्थक अन्तर पाया गया है। अतः यह परिकल्पना अस्वीकृत होती है।

सुझाव

1. हैंडबॉल खिलाड़ियों की मनोगामक योग्यताओं का समग्र विश्लेषण भविष्य में संभावित है।
2. महिला एवं पुरुष हैंडबॉल खिलाड़ियों के व्यक्तित्व के गुणों का अध्ययन भविष्य में संभावित है।

3. महिला एवं पुरुष हैंडबॉल खिलाड़ियों की धनात्मक व्यक्तित्व के सभी पक्षों का अध्ययन भविष्य में संभावित है।
4. महिला एवं पुरुष हैंडबॉल खिलाड़ियों के सकारात्मक व्यक्तित्व के गुण, उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन में सहायक होंगे।
5. महिला एवं पुरुष हैंडबॉल खिलाड़ियों के सकारात्मक व्यक्तित्व के गुण, उनके निर्णय क्षमता को बढ़ाने में सहायक होगी।

संदर्भ :

Bhardwaj, Rajnee & Dr. Khan, Waseem Ahmad. (2013) शासकीय विद्यालयों के छात्रों और पब्लिक विद्यालयों के छात्रों के बीच व्यक्तित्व के विकास के रूप का एक तुलनात्मक अध्ययन, Education At The Crossroads Journal, An International Journal of Humanities, APH Pub.Vol. II, Page 76.

Dehagan ahmad, hadi abdullahi & Rezai (2014), भावनात्मक बुद्धि पर वृहद पाँच व्यक्तित्व लक्षणों के प्रभाव पर एक अध्ययन, International Journal of Industrial Engineering Computations

Dr. Dhrul, Indira & Yadav, Preeti. (2014) उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों के बीच व्यवसाय से संतुष्टि के संबंध में उनके व्यक्तित्व और कुछ जनसांख्यिकीय चर, Journal of Educational & Psychological Research, C.L.D.S. Memorial Education Society, Vol. IV, Page 274.

Dr. Ganai, M.Y. & Muhammd, Asharaf Mir. (2013) माध्यमिक स्तर पर पहली पीढ़ी के शिक्षार्थियों और गैर पहली पीढ़ी के शिक्षार्थियों के व्यक्तित्व की विशेषताओं एवं शैक्षिक उपलब्धि का एक तुलनात्मक अध्ययन, Edu world, A peer reviewed Journal of Education & Humanities, APH Pub., Vol. II, Page 295.

Guleriya, Monika (2014) पंजाब व राजस्थान राज्य के शिक्षित और अशिक्षित माताओं के बच्चों का व्यक्तित्व और मानसिक स्वास्थ्य, उनकी बुद्धि के संबंध में एक तुलनात्मक अध्ययन, Journal of Educational & Psychological Research, C.L.D.S. Memorial Education Society, Vol. IV, Page 268.

Ishwari, P. (2004) तमिलनाडु में सहायक प्राथमिक शिक्षा के अधिकारियों का व्यक्तित्व के साथ, प्रशासनिक और शैक्षणिक उत्तरदायित्व का सम्बन्ध, The Primary Teacher, NCERT, Vol. 29, Page 52.

Kumari S. Ashwini & Mayuri K. (2015) व्यक्तित्व के कारक एवं अकादमिक उपलब्धि : ग्रामीण शासकीय विद्यालय के छात्रों पर एक अध्ययन, Indian Psychological Review, Agra Psychological Research Cell, Vol. 84, Page 17.

Kumar, Sunil & Dr. Kumar, Jeetendra. (2014) गुड़गांव जिले की कामकाजी और गैर कामकाजी माताओं के उच्चतर विद्यालयों के बच्चों के व्यक्तित्व लक्षण का अध्ययन, Journal of Educational & Psychological Research, C.L.D.S. Memorial Education Society, Vol. IV, Page 62.

Lee sanyun & Othek fumiyo (2014), विद्यालयीन शिक्षा, आय और कैरियर संवर्धन पर व्यक्तित्व लक्षण और व्यवहार संबंधी लक्षण के प्रभाव, Discussion Paper Series 14-E-023, http://www.rieti.go.jp/en/1 RIETI

Mark S. Allen , Stewart A. Vella & Sylvain Laborde. (2014) किशोरावस्था में स्वास्थ्य से संबंधित व्यवहार और व्यक्तित्व के गुणों का विकास, Retrieved from http://www.indianjournals.com/ijor.aspx?target=ijor:gjpe&volume=7&issue=2&article=004

❏❏❏

1. शोधार्थी, भाभा विश्वविद्यालय, भोपाल
2. प्राध्यापक, भाभा विश्वविद्यालय, भोपाल

भाषा और व्यक्तित्व

—बसन्त कुमार

जन्म से मृत्युपर्यन्त मानव जितने भी अनुभव प्राप्त करता है उसमें भाषा की अहम भूमिका होती है, जिस प्रकार की भाषा होगी उसका प्रभाव व्यक्ति के अनुभव पर सीधा-सीधा पड़ता है क्योंकि भाषा केवल शब्द या वाक्य नहीं है अपितु भाषा मनोभाव को प्रगट करने का साधन है, जो केवल शब्दों से नहीं बल्कि भाव भंगिमाओं के साथ शब्दों के माध्यम से प्रगट करने का साधन है। भाषा-भाव है, भाषा-लहजा है, भाषा-व्यवहार का तरीका है, भाषा-सभ्यता है, भाषा-व्यक्ति की पहचान है, तो साथ ही साथ भाषा के प्रयोग के जटिल नियम हैं, भाषा व्यवहार की नियमावली है। यही कारण है कि भाषा का प्रभाव प्रत्यक्ष होता है।

भाषा व्यक्तित्व का आइना है, क्योंकि व्यक्ति के भावों की अभिव्यक्ति उसकी भाषा से परिलक्षित होती है। व्यक्ति के क्रियाकलापों को आकार भाषा के माध्यम से प्राप्त होता है, इंसान को इंसान से जोड़ने का काम भाषा करती है, व्यक्ति का परिवार समाज और राष्ट्र में स्थान भाषा के द्वारा ही निर्धारित होता है, यहाँ तक कि व्यक्ति की पहचान उसकी भाषा ही है। भाषा प्रयोग की वस्तु है, भाषा के संबंध में एक कहावत बहुत प्रचलित है **"बातन हाथी पाइये, बातन हाथी पाँव"** अर्थात् आप जिस प्रकार से भाषा का प्रयोग करते हैं उसी प्रकार से आपको प्रति उत्तर प्राप्त होता है। भाषा के प्रयोग से आपको हाथी (बड़ी से बड़ी चीज) भी प्राप्त हो सकती है और आप हाथी के पाँव तले कुचले जा सकते हैं। अर्थात् एक क्षेत्र विशेष में, घर परिवार समाज में भाषा तो सभी एक ही होती है परन्तु प्रभाव उसके उपयोग का पड़ता है।

भाषा और व्यक्ति का विकास चोली दामन के साथ जैसा है व्यक्ति का विकास भाषा के माध्यम से हुआ और भाषा का विकास व्यक्ति के माध्यम से हुआ। भाषा के बगैर व्यक्ति और समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है। जब भाषा का विकास नहीं हुआ था तब व्यक्ति आखेट में अपना जीवन व्यतीत करता था, जैसे-जैसे भाषा विकसित हुई वैसे-वैसे व्यक्ति ने समूह और समाज की संकल्पना सामने आई, आखेट युग से लेकर आज तक के विकास में उपरिवर्धन में भाषा ने ही माध्यम का कार्य किया। जब भी मानव के विकास में भाषा के प्रभाव पर संदेह होता है तो उसके उत्तर के रूप में एक प्रश्न जहन में आता है कि भाषा न होती तो क्या होता? अत: इसके आधार पर नि:संदेह यह कहा जा सकता है कि भाषा ही व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के विकास का उपकरण है, साधन है। विकास का संरक्षण एवं परिमार्जन भाषा के द्वारा ही संभव है। भाषा के

बगैर विकास की कल्पना भी नहीं की जा सकती क्योंकि कल्पना के लिये भी भाषा की ही आवश्यकता होगी।

भाषा के संदर्भ में चोमस्की महोदय ने कहा है कि भाषा अभिव्यक्ति का माध्यम है। यदि इसका विस्तार किया जाये तो व्यक्ति के अन्दर इसके अपने भाव क्या हैं, क्या व्यक्ति चाह रहा है, उसकी सोच क्या है, को आकार भाषा के माध्यम से ही प्रदान किया जाना संभव है। यहाँ तक कि चोमस्की महोदय ने बताया कि वाक्य रचना के नियम (संरचनात्मक ज्ञान) का ज्ञान आंशिक रूप से जन्मजात होता है। प्राथमिक भाषाई डाटा को इस जन्मजात भाषाई क्षमता के द्वारा पूरक किया जाना चाहिये, यह तर्क भी प्रस्तुत किया कि एक बिल्ली का का बच्चा और मानव का बच्चा दोनों अगमनात्मक तर्क करने में सक्षम हैं परन्तु मानव के बच्चे में भाषा को समझने एवं उत्पादन करने की क्षमता होती है, परन्तु बिल्ली के बच्चे में यह क्षमता नहीं होती है। चोमस्की ने क्षमता के इस अंतर को भाषा अधिग्रहण उपकरण के रूप में संदर्भित किया और यही मानव के विकसित होने का मूल मंत्र है।

भाषा उपयोग में जितनी सहज और सरल है उतनी ही संवेदनशील है एक छोटा सा परिवर्तन पूरे भाव को बदल देता है, इस हेतु मुझे एक उदाहरण याद आता है कि एक कक्षा में शिक्षक ने बोर्ड पर लिखा-आजबाजारबंदरखाजायेगा। और इसे विद्यार्थियों को पढ़ने के लिये कहा गया तो कुछ विद्यार्थियों ने इसे आज बाजार बंद रखा जायेगा पढ़ा, तो कुछ ने इसे-आज बाजार बंदर खा जायेगा पढ़ा। अत: भाषा कोई भी हो वह संवेदनशील होती है एक छोटा सा परिवर्तन पूरे अर्थ/भाव को परिवर्तित कर देता है।

भाषा और व्यक्तित्व के संबंध को समझने से पहले भाषा और व्यक्ति के संबंध को समझना आवश्यक है, नवजात बच्चे के जीवित होने न होने की सर्वप्रथम पहचान उसकी आवाज होती है। वह अपने भाव (भूख, प्यास, दर्द, खुशी) आदि को आवाज के माध्यम से प्रगट करता है और यह प्रकृति जन्मजात होती है। जैसे-जैसे उसका शारीरिक विकास होता है वैसे-वैसे उसमें भाषा के उच्चारण की क्षमता विकसित होती जाती है और व्यक्ति इन भावों को अनुभवों को भी संरक्षित/धारण करता चला जाता है। इसका व्यक्ति और व्यक्तित्व के विकास में महत्वपूर्ण योगदान होता है, विकास का निर्धारण व्यक्ति की आन्तरिक क्षमता (जन्मजात, जैविक और अर्जित) से तात्पर्य जन्मजात वह क्षमता जो उसे अनुवांशिक रूप से प्राप्त हुई, जैविक और अर्जित जो पूर्व अनुभवों से प्राप्त की है, के साथ बाहरी वातावरण से अर्जित किया करता है, तब उसमें यह प्रक्रिया सतत चलती रहती है और नित नये अनुभवों, भावों को जन्म देती है। व्यक्ति अपने आप को और बाहरी वातावरण को पहचानता है इन्हीं क्षमताओं के समतुल्य वह अपना प्रदर्शन भी करता है। व्यक्ति अपने आप को उतना ही प्रदर्शित कर सकता है जितनी उसकी आन्तरिक क्षमता होती है। अर्थात व्यक्ति को अपने आप को प्रदर्शित करने की उच्चतम कोटि उसकी अपनी आन्तरिक क्षमता कम या बराबर होती है। वह अपने आप को क्यों और कैसा प्रदर्शित करना चाहता है यह उसकी आन्तरिक क्षमता पर निर्भर करता है। कालान्तर में जब व्यक्ति

के पास अर्जित अनुभव प्रचुर मात्रा में एकत्रित हो जाते है तब व्यक्तित्व का स्वरूप भी स्थायित्व ग्रहण कर लेता है। कोई व्यक्ति अंर्तमुखी है या बहिर्मुखी है वह आन्तरिक शक्तियों के अनुरूप है जिसमें उसकी अर्जित शक्तियों/क्षमताओं की अहम भूमिका होती है।

जितने भी बाहरी अनुभव होते हैं वे अर्जित अनुभवों का रूप धारण करते हैं, वह उसे दूसरे व्यक्तियों के व्यवहार से प्राप्त होते हैं और इन्हें प्रगट करने का माध्यम और साधन व्यक्ति की भाषा होती है। और इन्हीं अनुभव के आधार पर ही व्यक्ति के गुणों का निर्धारण होता है। ये गुण समग्र रूप में व्यक्ति के प्रकार (type) और लक्षण (traits) का निर्धारण करते हैं।

व्यक्ति के प्रदर्शित रूप को ही व्यक्तित्व कहते हैं, अतः कहा जा सकता है कि व्यक्तित्व व्यक्ति के अच्छे, बुरे अनुभवों का आपेक्षित रूप होता है।

जन्म से मृत्युपर्यन्त मानव जितने भी अनुभव प्राप्त करता है उसमें भाषा की अहम भूमिका होती है, जिस प्रकार की भाषा होगी उसका प्रभाव व्यक्ति के अनुभव पर सीधा-सीधा पड़ता है क्योंकि भाषा केवल शब्द या वाक्य नहीं है अपितु भाषा मनोभाव को प्रगट करने का साधन है, जो केवल शब्दों से नहीं बल्कि भाव भंगिमाओं के साथ शब्दों के माध्यम से प्रगट करने का साधन है। भाषा-भाव है, भाषा-लहजा है, भाषा-व्यवहार का तरीका है, भाषा-सभ्यता है, भाषा-व्यक्ति की पहचान है, तो साथ ही साथ भाषा के प्रयोग के जटिल नियम हैं, भाषा व्यवहार की नियमावली है। यही कारण है कि भाषा का प्रभाव प्रत्यक्ष होता है। कभी-कभी कड़वी बातों को भी मीठे ढंग से प्रस्तुत किया जाता है और मीठे भाव भी भाषा के माध्यम से कड़वे अनुभव उत्पन्न करता है, अतः कहा जा सकता है कि ''भाषा और व्यक्तित्व एक दूसरे के पूरक हैं'' भाषा की खूबसूरती को व्यक्त करते हुए मैं अपने शब्दों को विराम देने की अनुमति चाहता हूँ।

''काने को काना कहोगे तो काना जायेगा रूठ।
और धीरे-धीरे पूछ लो भैया कैसे गई थी फूट।।''

संदर्भ :

- भाई योगेन्द्रजीत, हिन्दी भाषा शिक्षण, विनोद पुस्तक मंदिर आगरा
- क्षत्रिय के. मातृभाषा शिक्षण, विनोद पुस्तक मंदिर आगरा
- लाल रमन बिहारी, हिन्दी शिक्षण रस्तोगी प्रकाशन, मेरठ
- रघुनाथ हिन्दी शिक्षण विधि, पंजाब घर जालंधर
- शर्मा लक्ष्मीनारायण, भाषा शिक्षण की विधियाँ और पाठ नियोजन, विनोद पुस्तक मंदिर आगरा
- शुक्ल राम चन्द्र, हिन्दी भाषा का इतिहास, DPH नई दिल्ली
- On Language: Chomsky's Classic Works: Language and Responsibility and Reflections on Language Kindle Edition by Noam Chomsky (Author) Format: Kindle Edition

❑❑❑

सहायक प्राध्यापक, शिक्षा विभाग, गुरु घासीदास वि.वि., विलासपुर (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ का इतिहास (नामकरण के संदर्भ में)

—मनीष कुमार कुर्रे

प्राचीन समय में छत्तीसगढ़ को दक्षिण कोसल के नाम से जाना जाता था। कोसल शब्द की उत्पत्ति संस्कृत शब्द कुशल से हुई है, जिसका अर्थ मुदित अथवा प्रसन्न से है। छत्तीसगढ़ में कोसल या कोसलीय नामक गाँव मल्लार से 16 किलोमीटर दूरी पर स्थित है। ऐसी मान्यता है कि माता कौशल्या इसी गाँव से थी, जिसके कारण कोसल की उपमा छत्तीसगढ़ को मिली। दक्षिण कोसल का सर्वप्रथम उल्लेख पाणिनी के अष्टाध्यायी से प्राप्त होता है। इस समय तक यह जनपद का स्वरूप धारण कर चुका था।

छत्तीसगढ़ का इतिहास बहुत प्राचीन है। इस विषय में विद्वानों में परस्पर मतभेद अद्यतन जारी है। संभव है कि आने वाले समय में नए तथ्यों का उजागर भी हो जाए जो आज तक हमसे छिपा हुआ है। नामकरण के संदर्भ में भी विद्वानों ने अलग-अलग मत प्रस्तुत किए हैं। वर्तमान छत्तीसगढ़ का संबंध प्राचीन गौरव पूर्ण इतिहास से जोड़कर भी देखा जाता है। छत्तीसगढ़ को महाभारत एवं रामायण काल से भी जोड़कर बताया गया है, जिसके साक्ष्य छत्तीसगढ़ में आज भी विद्यामान हैं। वास्तव में यह राज्य मध्यप्रदेश का हिस्सा है, जो दक्षिण पूर्व में स्थित हैं। यह शोध का विषय है कि छत्तीसगढ़ राज्य का नाम कब और कैसे पड़ा? इस धरा को कई नामों से अभिमत किया जाता रहा है यथा:-प्राचीन तोसल या कोसल, महाकोसल, दक्षिण कोसल, दंडकारण्य (महारण्य), दंडकवन, चेदिकोसल, चेदिगढ़, चेदिजनपद, अधिष्ठी, महाकांतार, महाकारण्य, कोसल दक्षिण, कोसल जनपद, दंडक जनपद आदि।

मुख्य शब्द : कोसल, महाकोसल, दक्षिण कोसल, दंडकारण्य, दंडकवन, चेदिकोसल, चेदिगढ़ या चेदिशगढ़, चेदिजनपद, अधिष्ठी, महाकांतार, महाकारण्य, कोसल दक्षिण, कोसल जनपद, दंडक जनपद

उद्देश्य :

1. छत्तीसगढ़ के इतिहास के संदर्भ में नामकरण को उजागर करना।
2. विभिन्न नामों के आधार पर विश्लेषण करना।
3. साहित्य के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ शब्द का प्रयोग।

कोसल : चौथी शताब्दी के प्रयाग प्रशस्ति में कोसल नाम ही उल्लेखित है। उत्कीर्ण लेखों में 'स' एवं 'श' दोनों अक्षरों का प्रयोग किया गया है। वायु पुराण में भी कोसल का ही उल्लेख मिलता है।[1] कालिदास कृत रघुवंशम् में कोसल और उत्तर कोसल का वर्णन मिलता है।[2] दक्षिण कोसल (छत्तीसगढ़) राज्य के सर्वप्रथम संस्थापक नरेश वैवस्त मनु के पुत्र सुद्युमन

थे।[3] रतनपुर शाखा के कलचुरी शासक जाजल्य देव के अभिलेख में भी दक्षिण कोसल नाम अंकित है। गुप्त कालीन इलाहाबाद हरिषेण लिखित प्रयाग प्रशस्ति में भी दक्षिण कोसल का ही उल्लेख है।[4]

दक्षिण कोशल/कोसल : प्राचीन समय में छत्तीसगढ़ को दक्षिण कोसल के नाम से जाना जाता था। कोसल शब्द की उत्पत्ति संस्कृत शब्द कुशल से हुई है, जिसका अर्थ मुदित अथवा प्रसन्न से है। छत्तीसगढ़ में कोसल या कोसलीय नामक गाँव मल्लार से 16 किलोमीटर दूरी पर स्थित है। ऐसी मान्यता है कि माता कौशल्या इसी गाँव से थी, जिसके कारण कोसल की उपमा छत्तीसगढ़ को मिली।[5] दक्षिण कोसल का सर्वप्रथम उल्लेख पाणिनी के अष्टाध्यायी से प्राप्त होता है। इस समय तक यह जनपद का स्वरूप धारण कर चुका था। अपने वन गमन के समय श्री राम दंडकारण्य अर्थात् छत्तीसगढ़ में आये और कुछ समय व्यवतीत किये।[6] रामायण से दो कोसल की जानकारी मिलती है। प्रथम : उत्तर कोसल जो सरयू नदी के तट पर विस्तृत फैला हुआ है। द्वितीय : दक्षिण कोसल जो विंध्याचल पर्वत के दक्षिण में फैला हुआ था। इस समय दक्षिण कोसल के राजा भानुमान थे, जिसका दूसरा नाम भानुमंत था। माता कौशल्या इन्हीं की पुत्री मानी जाती हैं, जिनको भानुमति कहा जाता था। रामायण युग में श्री राम ने अपने पुत्र कुश को दक्षिण दिशा में स्थित दक्षिण कोसल का राज्य दिया और अपने दूसरे पुत्र लव को उत्तर कोसल का अधिपति बनाया। इस समय दक्षिण कोसल सात कोसलों में विभाजित था :

1. मेकल कोसल 2. कांति कोसल 3. चेदिकोसल 4. दक्षिण कोसल 5. काशिकोसल 6. पूर्व कोसल 7. कलिंग कोसल। डॉ. हीरालाल शुक्ल ने छत्तीसगढ़ को दक्षिण कोसल कहा है।[7]

कालिदास के रामगिरि को रामगढ़ मानने वाले विद्वानों का मत है कि दंडकारण्य प्राचीन छत्तीसगढ़ का वाचक है। पुराणों के प्रमाणों से यह सिद्ध होता है कि दक्षिण कोसल (अर्थात् आधुनिक छत्तीसगढ़) से भिन्न दंडक एक स्वतंत्र जनपद था। अतएव उसकी अवस्थिति दक्षिण कोसल जनपद में नहीं मानी जा सकती। रामायण के ही साक्ष्य से ज्ञात होता है कि उस युग में दो कोसल थे जैसा कि पहले कहा जा चुका है। कोसल द्वय पर दो पृथक-पश्थक राजा शासन करते थे :

इमौ कुशीलवौ राजनभविश्यच्य नाराधिप। कोसलेषु कुशं वीरं उत्तरेशु तथा लवम्।।

(रामायण, 7.107.7)

इक्ष्वाकु द्वारा प्रवर्तित सूर्यवंश के राजा उत्तर कोसल पर राज्य करते थे और अयोध्या उनकी राजधानी थी। दशरथ द्वारा सम्पादित अश्वमेघ यज्ञ में भानुमंत नामक किसी कोसल राजा को आमंत्रित किया गया था :-

तथा कोसलराजानं भानुमंतं सुसंस्कृतम्।। (रामायण, 1.13.26)

यह भानुमंत संभवत: दक्षिण कोसल अर्थात् प्राचीन छत्तीसगढ़ का शासक व माता कौशल्या का पिता था।[8]

त्रिपुरी के राजा काकल्य द्वितीय (990 से 1055) के समय कलचुरी वंशीय कलिंग राजा ने दक्षिण पर आक्रमण कर विजय प्राप्त किया और तुमान को राजधानी बनाई। यही तुमान दक्षिण कोसल को सबसे पुरानी राजधानी मानी जाती है। राजिम स्थित मंदिर के एक शिलालेख से यह स्पष्ट होता है कि 11वीं-12वीं शताब्दी में दक्षिण कोसल का अधिकांश क्षेत्र कलचुरी वंश के

अधीन था।[9] इसके पश्चात इसका विस्तृत क्षेत्र महाकोसल कहा जाने लगा। श्री सी.व्ही. वैद्य ने छत्तीसगढ़ को कोसल कहा है।[10]

कोसल के सन्दर्भ में तोसड्डु नामक देश का उल्लेख सुदेवराज के आरंग ताम्रपत्र (EI, XXXII-20) में हुआ, जो आरंग के दक्षिण पूर्व में अवस्थित था तथा जिससे पौराणिक तोसल का संकेत मिलता है। संभव है कालांतर में यह नाम कोसल हो गया हो।[11]

ह्वेसांग ने भी अपने यात्रा 639 ई. के विवरण में लिखा है कि मध्य देश से हीरे लाकर बेचा जाता था। यह मध्य देश महानदी तट स्थित कोसल देशीय सम्बलक या सम्बलपुर से अन्य नहीं है। पूर्व के तट पर एक बंदरगाह (पोर्ट) था, जिसका नाम 'कोसल' था। कोसल नामक यह बंदरगाह कोसल देशीय हीरे के व्यापार के कारण विदेश में विख्यात रहा होगा ऐसा अनुमान किया जाता है।[12]

महाकोसल :- महाकोसल नाम का कोई स्पष्ट प्रमाण नहीं मिलता। इस सन्दर्भ में डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र ने लिखा है- "दंडकारण्य क्षेत्र दक्षिण कोसल कहलाता था। महाकोसल कब और क्यों और किसके कारण चल पड़ा? इसका कोई पक्का पता नहीं जान पड़ता। सहस्त्रार्जुन के वंशज चेदि, हैहयों ने जिनका इस ओर डेढ़ हजार वर्ष तक राज्य रहा, इसकी महत्ता बढ़ाने के लिए इसे महाकोसल कहना प्रारम्भ कर दिया। जैसे :- नदी का नाम महानदी हो गया, आराध्य देवी का नाम महामाया हो गया, छोटे इलाके का नाम महासमुंद हो गया, राजाओं का नाम महाशिव गुप्त हो गया आदि। यही महाकोसल आज का छत्तीसगढ़ कहलाता है"।[13] मि. कनिंघम ने अपने पुरातात्विक रिपोर्ट आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (1881-82) की रिपोर्ट में छत्तीसगढ़ का पुराना नाम 'महाकोसल' बतलाया।[14] हरिठाकुर के अनुसार प्राचीन छत्तीसगढ़ कोसल नाम से प्रसिद्ध था। मालवी प्रसाद श्रीवास्तव ने छत्तीसगढ़ शीर्षक कविता में इसे महाकोसल कहा है :-

महाकोसल का यह शुभनाम, मिला था जिसे वीरता जन्य नाम,
जहाँ ये मोरध्वज से वीर विश्वविजयी बल गुण के धाम।।[15]

पंडित लोचन प्रसाद पाण्डेय ने महाकोसल का गुणगान इन पंक्तियों में किया है :-

हमें है स्वर्ग से प्यारा, महाकोसल-महाकोसल। हमारे नेत्र का तारा, महाकोसल-महाकोसल।
महानदी जहं बहत महामाया जहं राजत। नरपति महाशिव तथा महाभव क्रम सो भाजत।
निकट महाकांतार राज्य जाके छवि छाजे। दक्षिण दिशि महं देश महाकोसल सोई राजे।
चित्रोत्पला बहत जहुं सरिता है कोसल के तीरा। पुण्य क्षेत्र बन गिरि छवि अनुपम, उपजे कंचन हीरा।।[16]

माहाकांतार :-

वैदिक काल में यह भू-भाग माहाकांतार नाम से प्रसिद्ध था। माहाकांतार अर्थात् घना जंगल जो दण्डक क्षेत्र था। आर्यों के दक्षिण भारत में प्रवेश के पूर्व उन्हें माहाकांतार से होकर जाना पड़ता था। इसी कारण इसे दक्षिणापथ भी (दक्षिण भारत जाने का मार्ग) कहा जाता था। यह भी माना जाता है कि प्रसिद्ध नागार्जुन एक रोमन व्यवसायी के कन्या से प्रेम करते थे और इसी कारण वे इस रास्ते से व्यापार के लिए जाते थे। उस समय इसे दक्षिणापथ ही कहा जाता था।[17]

दक्षिणापथ :-

दक्षिणापथ का शाब्दिक अर्थ दक्षिणवर्ती मार्ग है, जिसका उल्लेख ऋग्वेद (10.161.18), एतरेय ब्राम्हण (7.34), बौद्धायन धर्म सूत्र (1.1.2.13), जैमिनीय उपनिषद् (2.440),

प्रश्नोपनिषद् (2.1), वृहदारण्याकोपनिषद् (2.6.3), महाभारत (सभापर्व 31.17), मार्कण्डेय पुराण (57.45), वायु पुराण (45.104.,124.88.11), मत्स्यपुराण (112.46), विष्णु पुराण (4.2.3.), भागवत पुराण (9.1.41), राजतरंगिणी (4.152.,8.227) आदि संस्कृत ग्रंथों व समुद्रगुप्त की प्रयाग प्रशस्ति से हुआ है। जिसकी चर्चा फा-हियान (Travels of Fa-Hian,ed.s.bcal. p-139) के यात्रा विवरण में मिलती है। पुराणों के विवरण से ज्ञात हो जाता है कि नर्मदा का दक्षिणवर्ती अंचल ही दक्षिणापथ का वाचक था। वायु पुराण (45.104) में यह चर्चा है कि गोदावरी दक्षिणापथ में प्रवाहित होती थी। महाभारत में भी तेलवाहा, शबरी व गोदावरी का उल्लेख मिलता है। पालि साहित्य में दक्षिणापथ को गोदावरी के तट पर अवस्थित बताया गया है।[18]

दंडकारण्य :- दंडकारण्य का सर्वप्रथम उल्लेख आदि कवि वाल्मीकि के रामायण में मिलता है। इस आधार पर ऐसा प्रतीत होता है कि विंध्य क्षेत्र के दक्षिण व गोदावरी के उत्तर पूर्व वन्य भाग को ही दंडकारण्य कहा जाता था। (अरण्यकांड, 10) यहाँ एक उद्धरण प्रस्तुत है जिससे दंडकारण्य की अवस्थिति का ज्ञान हो सकेगा:-

प्रविश्य तु महारन्य दंडकारण्यमात्मवान्। रामो ददर्श दुधुर्ष्ताप्साश्रममंडलम्।।

(अरण्यकांड, 1)

उपर्युक्त श्लोकांतर्गत प्रयुक्त दंडकारण्य की व्याख्या रामानुजाचार्य ने इस प्रकार की है :-

दंडकस्य राज्ञो देश: शुक्र शापवशादरण्यमभूत। तत: प्रभृति दंडकारण्य संज्ञा।।

यहाँ एक संकेत यह भी कि दंडकारण्यक अपर पर्याय महारण्य भी था। जो समुद्र गुप्त की प्रयाग प्रशस्ति का महाकांतार ही है। वह दंडकारण्य :-

शरण्यं सर्वभूतानां सम्मृष्टाजिरं सदा। मृगैबर्हुभिराकीर्ण पथिसंघै: समावश्तम्।।

(अरण्यकांड, 3.1.3)

एक आधार यह भी कि यहाँ महावृक्ष अर्थात शालवृक्ष तथा कंद-मूल की प्रचुरता के कारण इसका नाम महाकान्तार या दंडकवन माना जाता है :-

समिद्भिस्तोयकलशै: फलमूलैश्च शोभितम्। आरण्यैश्च महावृक्षै: पुष्पै: स्वादुफलैर्वृतम्।।

(अरण्यकांड, 3.1.15)[19]

कुछ विद्वानों ने प्राचीन बस्तर को ही दंडकारण्य माना है। जो विंध्याचल तथा शैवल पर्वत के मध्य अवस्थित था :-

विन्ध्यशैवलयोर्मध्ये (अरण्यकांड, 3.12.14)

कालिदास के रघुवंशम् (12.9) में भी दंडकारण्य का जो वर्णन है :-

स सीतालक्ष्मणसख: सत्याद्गुरूमलोपयन्। विदेश दंडकारण्यं प्रत्येकं च सतां मन:।।

(रघुवंशम्, 12.9)

रैप्सन ने (Ancient India, page-116) बहुत पहले महानदी तथा गोदावरी के मध्य क्षेत्र को ही दंडकारण्य माना था। यह भी की शुक्तिमत, ऋक्षवान् तथा विंध्याचल दक्षिणपथ की सीमा बनाते थे।

दंडकारण्य को प्राचीन बस्तर के रूप में सिद्ध करने वाले विद्वानों में मिलिन्दपहों (पृ.130), के आधार पर कनिंघम (Ancient Geography of India, page-591) तथा पौराणिक साक्ष्यों

के आधार पर एस. एम. अली (The Geography ot the puranas, New Dehli, 1966, page-157) ने भी प्राचीन बस्तर को ही दंडकारण्य का उपलक्षक माना है।[20]

अधिष्ठी :-

प्रसिद्ध शास्त्री टालेमी का मत है कि अधिष्ठान पर्वत माला इसके दक्षिण में होने के कारण यह अंचल 'अधिष्ठी' कहलाया हो। यही कालांतर में अधिष से छत्तीस हो गया। इस विचार से मि. कनिंघम भी सहमत हैं। लेकिन इस सम्बन्ध में कुछ स्पष्ट उल्लेख नहीं मिलता।

चेदिशगढ़ :- रायबहादुर हीरालाल का मत है कि यह राज्य चेदि शासकों के अधीन भी रहा था। अतः उसे चेदिशगढ़ कहा गया। छत्तीसगढ़ को चेदिशगढ़ का ही अपभ्रंश रूप माना जाता है। रतनपुर के शासक चेदि कहलाते और उनके द्वारा चलाया गया संवत् चेदि संवत् कहलाता था। बिलासपुर आमोदा ग्राम में प्राप्त अभिलेख में चेदिस्य संवत् 831 अंकित है।[21] इंडियन एंटिक्यूरी (1933) में प्रो. रायबहादुर हीरालाल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ कभी चेदिशगढ़ रहा है लेकिन फिर भी चेदिशगढ़ से छत्तीसगढ़ की ध्वनि विकास संभव नहीं है। यह परिवर्तन ध्वनि नियम के विरुद्ध जान पड़ता है। भाषा विज्ञान के दृष्टि से छत्तीस की व्युत्पति-शटत्रिंशत्-छत्तीस, छत्तिसा-छत्तीस इस प्रकार होता है।[22] अतः उक्त व्युत्पत्ति खींचतान कर ही की गयी है। इसलिए इसे कल्पना मात्र मानते हैं। लेकिन चेदि शासकों के बात को नकारा भी नहीं जा सकता।

गढ़ का वाचक छत्तीसगढ़ :-

छत्तीसगढ़ का नामकरण गढ़ों के आधार पर भी किया जाता है। अर्थात् छत्तीसगढ़ शब्द का अर्थ है :-'36 गढ़' या 'किले'। कुछ विद्वानों का मानना है कि गढ़ों के आधार पर इन गढ़ों में शिवनाथ नदी के उत्तर में 18 गढ़ और शिवनाथ नदी के दक्षिण में 18 गढ़ थे। कुल 18+18 = 36 गढ़ थे।

हेविट के सेटलमेंट रिपोर्ट सन् 1868 के अनुसार गढ़ों के नाम निम्नानुसार थे-

शिवनाथ के उत्तरी भाग के गढ़ जो रतनपुर राज्य के अंतर्गत थे :-

1. रतनपुर 2. मारो 3. विजयपुर 4. खरोद 5. कोटगढ़ 6. सोठीगढ़ 7. नवागढ़ 8. ओखरगढ़ 9. पंडरभाठा 10. सेमरियागढ़ 11. मदनपुर (चांपा जमींदार) 12. कोसगई (कोसागढ़) छूरी जमींदारी 13. लाफागढ़ 14. केंदागढ़ 15. मातिनगढ़ 16. उपरोडागढ़ 17. कंडरी (पेंड्रा) 18. करक्कटी (अब बघेलखण्ड में)।

शिवनाथ के दक्षिण भाग के गढ़ जो रायपुर राज्य के अंतर्गत थे :-

1. रायपुर 2. पाटन 3. सिमगा 4. सिंगारपुर 5. लबन 6. अमीरा 7. दुर्ग 8. सरदा या सारधा 9. सिरसा 10. मोहदी 11. खलारी 12. सिरपुर 13. फिंगेश्वर 14. राजिम 15. सिंघनगढ़ या सिंगारगढ़ 16. सुअरमार 17. टेंगनागढ़ 18. अकलतरा या अकलबाड़ा।[23]

1457 वि. के अंतर्गत ये गढ़ कलचुरी शासन काल के रतनपुर शाखा एवं रायपुर शाखा के अंतर्गत आते थे। प्राचीन समय में इन गढ़ों या दुर्ग को सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण साधन माना जाता था। मि. इलियट की रिपोर्ट भी यह प्रमाणित करती है कि बस्तर के राजा भैरवदेव ने अपने छोटे भाई को 18 गढ़ दिये थे। इसी तरह सम्बलपुर और पाटन के जाट राज्यों के सम्बन्ध में 18 गढ़ों का नाम दिया जाता है। कालीहांडी राज्य जो पहले करोंद कहलाता था, भी पहले 18 गढ़ों में विभाजित था। मि. ब्लंट ने भी गढ़ों की बात स्वीकार किया और बताया कि एक-एक गढ़ के अंतर्गत 84 गाँव होते थे।[24]

गढ़ शब्द की व्याख्या :-

ऋग्वेद में एक अन्य शब्द 'गर्त' का उल्लेख मिलता है। इस शब्द का दो अर्थ बताया गया है-मानव आवास तथा गाड़ी। निरुक्त ने इसका तीसरा अर्थ दिया है-'गड्ढा'। किले के चारों ओर बना गड्ढा गर्त कहा जाता है। गढ़ शब्द की उत्पत्ति इसकी संरचना तथा उपयोगिता के कारण इसी गर्त से हुई है।

एक अन्य शब्द 'कोट' है जो परकोटा का लघु रूप है। इसकी उत्पत्ति संस्कृत के 'प्राकार' शब्द से हुई है जिसका अर्थ सुरक्षा दिवाल से है। गढ़ शब्द की उत्पत्ति 'गर्त' से हुई जो, जिसका तात्पर्य 'गड्ढे' से है, जिसे संस्कृत में 'परिखा' कहा जाता है। ज्ञातव्य हो कि कौटल्य ने अपने अर्थशास्त्र में गढ़ों को दुर्ग कि संज्ञा दी है।[25]

मध्यकालीन सामंत भी सुरक्षा कि दृष्टि से गढ़ों का निर्माण कराते थे। बंदूक और करतूसों के आविष्कार के पूर्व सामंतों की रक्षा की दृष्टि से यह गढ़ अत्यंत महत्वपूर्ण माने जाते थे। राजपूत काल में भी दुर्गों (गढ़ों) का निर्माण अनिवार्य हो गया था। इस अवधि में गढ़ों के स्थापना का इतना अधिक महत्व हो गया कि इस गढ़ बहुल क्षेत्र का नाम छत्तीसगढ़ पड़ गया।[26]

खैरागढ़ के प्रद्युमन सिंह ने लिखा है-प्राचीन समय में छत्तीसगढ़ विभागों में 36 राजा राज करते थे। इसमें 36 राजधानियाँ थीं और प्रत्येक राजधानी में एक गढ़ था। गोपाल राय बिंझिया के गीत वर्णन में गढ़ों की महत्ता की ओर इंगित करते हुए गढ़ों की संख्या की गणना की जाती थी :-

कतेक राजा के परगना ,सात राजा के संजारी। सोना राजा के बलौद, असी राजा के धमधा।
बावन के गढ़, बावन के मंडीला, बावन के वनराज। अठारह गढ़ में रतनपुर और अठारह में राईपुर।।[27]

पंडित शुकलाल प्रसाद पाण्डेय छत्तीसगढ़ का गुणगान निम्न पंक्तियों में किया है :-

कहलाती थी पूर्व चेदि ही दक्षिण कोसल। गढ़ थे दृढ़ छत्तीस, नृपों के यही महाबल।
इसलिए तो नाम पड़ा छत्तीसगढ़ इसका। जैसा इसका भाग्य जगा, जागा त्यो किसका।
श्रीपुर भांदक औ रतनपुर थे इसकी राजधानियाँ। चेरी थी श्री औ शारदा, दोनों ही महारानियाँ।[28]

कुल या वंश के आधार पर :-

छत्तीसगढ़ के नामकरण के सम्बन्ध में छत्तीस कुलों या वंशों के क्षत्रियों का भी उल्लेख मिलता है, जिसे कुरी अर्थात् कुल या वंश से संबंधित माना जाता है। इस बात का प्रमाण गोपालचंद्र मिश्र कवि के खूबतमासा (1689) और बाबू रेवाराम कृत विक्रमविलास के निम्न पंक्तियों में मिलता है :-

1. बसै छत्तीस कुरी सब दिन के बनवारी सब के। (गोपालचंद्र मिश्र)[29]
2. बसत नगर शोभा की खानि चारि बरन निज धरम निदान।
   और कुरी छत्तीस है तहां रूपराशि गुन पुरन महां।। (बाबू रेवाराम)[30]

आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (1881-82) की रिपोर्ट में श्री जे.डी. बेगलर ने लिखा है :- इस क्षेत्र का नाम छत्तीस-घर था और कालांतर में छत्तीसगढ़ हो गया। यह बिहार के एक किंवदंतियों पर आधारित था, जिसमें 36 घर बिहार से आकर बसे थे। जिसे इतिहासकार पी.एन. बोस ने अस्वीकार कर दिया।[31]

साहित्य में छत्तीसगढ़ शब्द का प्रयोग :-

साहित्य में छत्तीसगढ़ नाम का प्रथम प्रयोग खैरागढ़ रियासत के राजा लक्ष्मीनिधि राय के आश्रित चारण या भाट कवि दलराम राव ने अपने आश्रयदाता राजा के प्रशस्ति में 1497 ई. में किया था। वह छंद इस प्रकार था :-

लक्ष्मीनिधि राय सुनौ चित्त दे, गढ़ छत्तीस में न गढ़ैया रही।
मरदुमी रही नहि मरदन के, फेर हिम्मत से न लड़ैया रही।
भव-भाव भरे सव काँप रहे, भय है नहिं जाय डरैया रही।
दलराम भनै सरकार सुनौ, नश्प कोड न टाल अड़ैया रही।।

इसके पश्चात् साहित्य के क्षेत्र में द्वितीय बार छत्तीसगढ़ शब्द प्रयोग रतनपुर के कवि गोपालचंद्र मिश्र ने अपनी पुस्तक खूब तमासा में सन् 1689 (संवत् 1746) में किया :-

छत्तीसगढ़ गाढ़े जहाँ बड़े गढ़ोई जानि। सेवा स्वामिन को रहे, सके ऐंड को मानि।।[32]

साहित्य में हिंदी के जिन कवियों की रचनाओं में छत्तीसगढ़ शब्द का उल्लेख मिलता है उनका समय 300 से 400 वर्षों से अधिक नहीं जान पड़ता। पंडित लोचन प्रसाद पाण्डेय ने 'ए ग्रामर ऑफ छत्तीसगढ़ी डायलेक्ट' की भूमिका में ऐसे कवियों में गोपालचंद्र मिश्र (रतनपुर हैहयवंशी राजा राजसिंह कार्यकाल:-1689-1712 ई.) प्रहलाद दुबे और बाबू रेवाराम कायस्थ का नाम गिनाया है। बाबू रेवाराम ने सिंहासन बत्तीसी के पद्यानुवाद विक्रमविलास (संवत् 1896 वि.) नामक ग्रंथ में दक्षिण कोसल और छत्तीसगढ़ शब्द के व्यवहार किया है :-

तिनमें दक्षिण कोसल देसा, जहां हरि औतु केसरी बेसा।
तासु मध्य छत्तीसगढ़ पावन, पुण्यभूमि सुर मुनि मन भावन।।[33]

इसी तरह गोपालचंद्र मिश्र के खूब तमासा में उल्लेख मिलता है :-

देस रतनपुर राजसिंह को सहर राजपुर सोहै।

इसके पूर्व प्राचीन कवियों ने इस क्षेत्र को छत्तीसगढ़ तो नहीं कहा लेकिन रतनपुर का उल्लेख अवश्य मिलता है :-

दक्खिन दहिने रहै तिलंगा, उत्तर माँझ होय करह कटंगा।
माँझ रतनपुर सौह दुआरा, झारखंड ये बांय पहारा।।

उस समय दक्षिण की ओर रतनपुर प्रसिद्ध नगरी थी। हो सकता है जायसी का आशय इसी रतनपुर से हो। जहाँगीरनामा में भी रतनपुर के सम्राट कल्याणशाह का उल्लेख मिलता है।[34]

कुछ विद्वानों का मानना है कि इस भू-भाग के लिए छत्तीसगढ़ नाम 1493 ई. के लगभग प्रचार में आया लेकिन अधिकारिक रूप में इस क्षेत्र के लिए छत्तीसगढ़ शब्द का प्रयोग प्रथम बार 1795 ई. में किया गया। इससे यह अनुमान किया जाता है कि संभवत: मराठाकाल में ही इस नाम को प्रसिद्धि मिली हो। जिसका उल्लेख बिलासपुर गजेटियर में हुआ है।[35] छत्तीसगढ़ नामकरण आधुनिक काल में हुआ और इसी कारण प्राचीन या मध्यकालीन ग्रंथों में छत्तीसगढ़ नामक किसी स्थल या निवासियों का उल्लेख नहीं मिलता। अपने अंचल के बारे में लोगों को श्रद्धा रहती है और इसी श्रद्धावस छत्तीसगढ़ अंचल के द्विवेदी युगीन कवि शुकलाल प्रसाद पाण्डेय ने लिखा है :-

ये हमर देस छत्तिसगढ़ आगू रहिस जगत सिरमौर।
दक्खिन कौसल नांव रहिस है मुलुक-मुलुक मा सोर।।[36]

निष्कर्ष :-

प्राप्त स्रोतों के आधार पर हम पाते हैं कि छत्तीसगढ़ का नामकरण भिन्न-भिन्न मतों पर आधारित है। कुछ काल्पनिक प्रतीत होते हैं तो कुछ इतिहास के प्रमाणिक दस्तावेज भी प्रस्तुत करते हैं। छत्तीसगढ़ के नामकरण के सम्बन्ध में प्रस्तुत समस्त तर्कों, मतों का अध्ययन एवं अनुशीलन आज भी जारी है। कोसल से छत्तीसगढ़ नाम की यात्रा किस समय प्रारंभ हुई, यह निश्चित तौर पर कह पाना टेड़ी-खीर है। फिर भी इन सभी मतों को नाकारा नहीं जा सकता कि छत्तीसगढ़ का सम्बन्ध प्राचीन कोसल से रहा है। छत्तीसगढ़ गौरव नामक द्विवेदी युगीन खण्ड-काव्य में पंडित शुकलाल प्रसाद पांडेय ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न नामों को इस तरह प्रस्तुत किया है :-

सी.पी. हिंदी जिले प्रकृति के महाराम से। थे पहिले ख्यात महाकांतार नाम से।
रामायण कालीन दंडकारण्य नाम था। वन-पर्वत से ढका बड़ा नयनाभिराम था।
पुनि चेदि नाम विख्यात, फिर नाम गोंडवाना हुआ।
कहलाता मध्यप्रदेश अब खेल चुका अगणित जुआ।

संदर्भ :

1. छत्तीसगढ़ी भाषा का उद्विकास, नरेन्द्र देव वर्मा, छत्तीसगढ़ राज्य हिंदी अकादमी रायपुर, 2009, पृष्ठ-24
2. छत्तीसगढ़ का समग्र इतिहास, डॉ. सुरेशचंद्र शुक्ला, डॉ. (श्रीमती) अर्चना शुक्ला, मातुश्री पब्लिकेशन श्री राम नगर रायपुर, संस्करण 2018, पृष्ठ-01
3. तपश्चर्या एवं आत्मचिंतन गुरु घासीदास, बलदेव प्रसाद, जय प्रकाश मानस, रामशरण टंडन, राधाकृष्ण प्रकाशन नई दिल्ली, प्रथम संस्करण 2015, पृष्ठ-24
4. समग्र छत्तीसगढ़, हीरालाल शुक्ल एवं अन्य, छत्तीसगढ़ राज्य हिंदी ग्रंथ अकदमी रायपुर, संस्करण 2017, पृष्ठ-10
5. छत्तीसगढ़ का इतिहास, डॉ. रामकुमार बेहार, छत्तीसगढ़ हिंदी ग्रंथ अकादामी रायपुर, चतुर्थ संस्करण 2018, पृष्ठ-13
6. दक्षिण कोसल (छत्तीसगढ़ का इतिहास तथा वास्तुशिल्प प्रारंभ से लेकर 13वीं शती तक), डॉ. श्याम कुमार पांडेय, मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादामी, भोपाल, प्रथम संस्करण, 2002, पृष्ठ-29
7. छत्तीसगढ़ दिग्दर्शन (प्रथम भाग), मदन लाल गुप्ता, भारतेन्दु साहित्य समिति बिलासपुर, मध्यप्रदेश, 1996, पृष्ठ-291
8. लंका की खोज, डॉ. हीरालाल शुक्ल, रचना प्रकाशन, इलाहाबाद, 1997, पृष्ठ-84/85/86/87/88/89
9. छत्तीसगढ़ दिग्दर्शन (प्रथम भाग), मदन लाल गुप्ता, भारतेन्दु साहित्य समिति बिलासपुर, मध्यप्रदेश, 1996, पृष्ठ-292
10. छत्तीसगढ़ इतिहास एवं संस्कृति (कोसल से छत्तीसगढ़ तक), डॉ. संजय अलंग, अनामिका प्रकाशन, रायपुर, 2019, पृष्ठ-16
11. लंका की खोज, डॉ. हीरालाल शुक्ल, रचना प्रकाशन, इलाहाबाद, 1997, पृष्ठ-31
12. छत्तीसगढ़ी लोकजीवन एवं लोक साहित्य का अध्ययन, दयाशंकर शुक्ल, रचना प्रकाशन, इलाहाबाद, 1971, पृष्ठ-18
13. छत्तीसगढ़ का इतिहास, डॉ. रामकुमार बेहार, छत्तीसगढ़ हिंदी ग्रंथ अकादामी रायपुर, चतुर्थ संस्करण 2018, पृष्ठ-13/14
14. छत्तीसगढ़ का इतिहास, डॉ. भगवान सिंह वर्मा, मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादामी भोपाल, प्रथम संस्करण 1991, पृष्ठ-05
15. तपश्चर्या एवं आत्मचिंतन गुरु घासीदास, बलदेव प्रसाद, जय प्रकाश मानस, रामशरण टंडन, राधाकृष्ण प्रकाशन नई दिल्ली, प्रथम संस्करण 2015, पृष्ठ-23/24

16. छत्तीसगढ़ी लोकजीवन एवं लोक साहित्य का अध्ययन, दयाशंकर शुक्ल, रचना प्रकाशन, इलाहाबाद, 1971, पृष्ठ–20/21
17. छत्तीसगढ़ दिग्दर्शन (प्रथम भाग), मदन लाल गुप्ता, भारतेन्दु साहित्य समिति बिलासपुर, मध्यप्रदेश, 1996, पृष्ठ–290/291
18. लंका की खोज, डॉ. हीरालाल शुक्ल, रचना प्रकाशन, इलाहाबाद, 1997, पृष्ठ–36
19. प्राचीन छत्तीसगढ़, प्यारेलाल गुप्त, प्रकाशक पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर, प्रथम संस्करण 1973, पृष्ठ–42/43
20. छत्तीसगढ़ का इतिहास, डॉ. भगवान सिंह वर्मा, मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादामी भोपाल, प्रथम संस्करण 1991, पृष्ठ–05
21. छत्तीसगढ़ी का भाषा शास्त्रीय अध्ययन, डॉ. शंकरशेष, मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी भोपाल, संस्करण 1973, पृष्ठ–04
22. छत्तीसगढ़ी लोकजीवन एवं लोक साहित्य का अध्ययन, दयाशंकर शुक्ल, रचना प्रकाशन, इलाहाबाद, 1971, पृष्ठ–18
23. छत्तीसगढ़ का इतिहास, डॉ. भगवान सिंह वर्मा, मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादामी भोपाल, प्रथम संस्करण 1991, पृष्ठ–09/10
24. दक्षिण कोसल (छत्तीसगढ़ का इतिहास तथा वास्तुशिल्प प्रारंभ से लेकर 13 वीं शती तक), डॉ. श्याम कुमार पांडेय, मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादामी, भोपाल, प्रथम संस्करण, 2002, पृष्ठ–25/26
25. छत्तीसगढ़ का इतिहास (1818–1854), डॉ. भगवान सिंह वर्मा, सेंट्रल बुक हॉउस, रायपुर, 1986, पृष्ठ–07
26. छत्तीसगढ़ी भाषा का उद्विकास, नरेन्द्र देव वर्मा, छत्तीसगढ़ राज्य हिंदी अकादमी रायपुर, 2009, पृष्ठ–21/22
27. छत्तीसगढ़ गौरव, शुकलाल प्रसाद पाण्डेय, मध्यप्रदेश शासन साहित्य परिषद, भोपाल, 1972, पृष्ठ–6
28. छत्तीसगढ़ दिग्दर्शन (प्रथम भाग), मदन लाल गुप्ता, भारतेन्दु साहित्य समिति बिलासपुर, मध्यप्रदेश, 1996, पृष्ठ–298
29. छत्तीसगढ़ दिग्दर्शन (प्रथम भाग), मदन लाल गुप्ता, भारतेन्दु साहित्य समिति बिलासपुर, मध्यप्रदेश, 1996, पृष्ठ–297
30. छत्तीसगढ़ का इतिहास, डॉ. भगवान सिंह वर्मा, मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादामी भोपाल, प्रथम संस्करण 1991, पृष्ठ–06/07
31. छत्तीसगढ़ का इतिहास, डॉ. रामकुमार बेहार, छत्तीसगढ़ हिंदी ग्रंथ अकादामी रायपुर, चतुर्थ संस्करण 2018, पृष्ठ–16
32. छत्तीसगढ़ी बोली व्याकरण एवं कोश, डॉ. कांति कुमार जैन, राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली, चतुर्थ संस्करण 2018, पृष्ठ–28
33. छत्तीसगढ़ी का भाषा शास्त्रीय अध्ययन, डॉ. शंकरशेष, मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी भोपाल, संस्करण 1973, पृष्ठ–06
34. प्राचीन छत्तीसगढ़, प्यारेलाल गुप्त, प्रकाशक पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर, प्रथम संस्करण 1973, पृष्ठ–38
35. छत्तीसगढ़ दिग्दर्शन (प्रथम भाग), मदन लाल गुप्ता, भारतेन्दु साहित्य समिति बिलासपुर, मध्यप्रदेश, 1996, पृष्ठ–300
36. छत्तीसगढ़ गौरव, शुकलाल प्रसाद पांडेय, मध्यप्रदेश शासन साहित्य परिषद, भोपाल, 1972, पृष्ठ–1/53

❑❑❑

हिन्दी विभाग, शास. दिग्विजय महा. राजनांदगाँव, छत्तीसगढ़
मेरेगाँव, अम्बागढ़ चौकी, राजनांदगाँव, छत्तीसगढ़–491665, मो.नं. 9669226959 ईमेल– manishkumarkurreymkk@gmail.com

डॉ. गणेश खरे का हिन्दी साहित्य में योगदान

—चैतराम यादव
—डॉ. (श्रीमती) बी.एन. जागृत

डॉ. खरे जी ने लेखन कार्य 1954 से प्रारंभ किया था, तब से लेकर, अपने जीवन के अंतिम क्षणों तक साहित्य की हर विधा से संबंधित रचनाएँ लिखे हैं। समीक्षा साहित्य से संबंधित 11 कृतियाँ हैं, 5 ऐतिहासिक उपन्यासों को मिलाकर कुल 14 उपन्यास लिखे हैं तथा इनके अतिरिक्त, लघु कथाएँ, योग, स्फुट रचनाएँ, नव साक्षर साहित्य, संपादित एवं पुरस्कृत नव साक्षर साहित्य आदि आपकी कई उल्लेखनीय कृतियाँ प्रकाशित हैं।

डॉ. गणेश खरे साहित्य जगत के एक अनुभवी, स्वाभिमानी व्यक्ति के साथ-साथ, सादगीपूर्ण, प्रतिभाशाली व्यक्तित्व के धनी वरिष्ठ साहित्यकार थे। इन्होंने ख्याति प्राप्त प्रखर आलोचक एवं भाषाविद् आचार्य नंददुलारे बाजपेयी के मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देशन में एम.ए. हिन्दी एवं पीएच-डी की उपाधि सागर विश्वविद्यालय सागर से प्राप्त की। उन्होंने छत्तीसगढ़ के उच्च शिक्षा विभाग में विभिन्न महाविद्यालयों में प्राध्यापक एवं प्राचार्य के रुप में सेवायें दीं। डॉ. खरे एक शोध-निर्देशक थे। उनके निर्देशन में 30 से अधिक शोधार्थियों ने पीएच-डी की उपाधि प्राप्त की है। आपका राजनांदगाँव जिले से गजानन माधव मुक्तिबोध, पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी, बलदेव प्रसाद मिश्र, विनोद कुमार शुक्ल जैसी हस्तियों से नाता रहा है।

वरिष्ठ साहित्यकार प्रोफेसर डॉ. गणेश खरे का जन्म 15 जनवरी, 1937 को ग्राम-केवलारी, तहसील-पथरिया, जिला-दमोह (म.प्र.) में हुआ था। खरे जी को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में 34 वर्षों के अध्यापन कार्य का अनुभव था। इसमें वे 14 वर्षों तक शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य भी रहे और 1997 में सेवानिवृत्त होकर साहित्य साधना करते रहे। वे स्वयं 30 से अधिक पीएच-डी शोधकर्ताओं का मार्गदर्शन कर चुके हैं। डॉ. खरे हिन्दी जगत के प्रखर आलोचक एवं भाषाविद् आचार्य नंददुलारे वाजपेयी के मार्गदर्शन में ही सागर विश्वविद्यालय से अध्ययन एवं शोधकार्य संपन्न किये थे। राजनांदगाँव (छ.ग.) के कमला कॉलेज रोड स्थित गायत्री कॉलोनी निवासी डॉ. खरे राजनांदगाँव के दिग्विजय कॉलेज में हिन्दी के प्रोफेसर के रूप में लंबे समय तक सेवा देने के बाद घुमका महाविद्यालय से प्राचार्य पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उन्होंने 14 उपन्यास, 11 समीक्षात्मक साहित्य ग्रंथ, हिन्दी भाषा एवं व्याकरण

की 6 किताबें, 6 लघु कहानियाँ, 8 नाटक, 10 स्फुट रचना, 45 एकांकी, 6 काव्य संकलन, 21 नव साक्षर साहित्य संपादित ग्रंथ एवं पुरस्कृत साक्षर साहित्य आदि लगभग 150 पुस्तकें लिखी हैं तथा वे प्रकाशित भी हो चुकी हैं। वे एक शोध-निर्देशक भी थे। आपका राजनांदगाँव जिले से गजानन माधव मुक्तिबोध, पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी, विनोद कुमार शुक्ल और बलदेव प्रसाद मिश्र जैसी हस्तियों से नाता रहा है। खरे जी के पिता श्री दुर्गा नारायण खरे जी का राष्ट्रीय नेताओं तथा द्विवेदीयुगीन साहित्यकारों से संपर्क था। उनकी राष्ट्रीय कवितायें पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित होती थीं। माता जी ललिता देवी एक धर्मपरायण महिला थीं। इन्हें विभिन्न बीमारियों के इलाज व दवाईयों का अच्छा ज्ञान था। वे गांव में पुरुषों एवं महिलाओं का मुफ्त में इलाज भी करती थीं।

ऐसे माता-पिता के सुपुत्र डॉ. खरे साहित्य मर्मज्ञ, एक कर्मवीर, एकांतवासी साधक थे। जो जीवन भर साहित्य साधना में लगे रहे। वे मृदुभाषी, सरल, सहज परंतु गंभीर व्यक्तित्व के धनी थे। उनके आकर्षण से आने वाली पीढ़ियाँ शायद ही उबर पाएँ क्योंकि उनके लिए वे एक प्रेरणा स्रोत भी थे। वे एक साधारण व्यक्तित्व लिये हुए असाधारण थे। ऐसे व्यक्ति संसार में कम ही होते हैं। 85 वर्षीय डॉ. खरे ने रायपुर के निजी अस्पताल में 26 दिसम्बर 2020 को अंतिम सांस ली।

डॉ. खरे का रचनाकार व्यक्तित्व बहुआयामी व विविधतापूर्ण था। अपनी रचना-यात्रा में खरे जी ने जिस ऐतिहासिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षणिक, धार्मिक तत्वों से प्रेरणा प्राप्त की, वह उनकी रचना का आधार बनी। वह साहित्य फलक में एक ऐसे तारे के समान थे, जो हमेशा चमकते रहे। डॉ. खरे ने साहित्य जगत में लगभग सभी विधाओं में लिखे हैं, लेकिन मुख्य रूप से वे लेखक ही थे। उन्होंने समाज, शिक्षा, धर्म, साहित्य और संस्कृति के विभिन्न पक्षों के स्वरूप को अपने साहित्य का विषय बनाया।

डॉ. खरे जी ने लेखन कार्य 1954 से प्रारंभ किया था, तब से लेकर, अपने जीवन के अंतिम क्षणों तक साहित्य की हर विधा से संबंधित रचनाएँ लिखे हैं। समीक्षा साहित्य से संबंधित 11 कृतियाँ हैं, 5 ऐतिहासिक उपन्यासों को मिलाकर कुल 14 उपन्यास लिखे हैं तथा इनके अतिरिक्त, लघु कथाएँ, योग, स्फुट रचनाएँ, नव साक्षर साहित्य, संपादित एवं पुरस्कृत नव साक्षर साहित्य आदि आपकी कई उल्लेखनीय कृतियाँ प्रकाशित हैं। आपकी दो पुस्तक पं. रविशंकर विश्वविद्यालय, रायपुर के कला संकाय के पाठ्यक्रम में निर्धारित थी। उनमें से एक व्यावहारिक हिन्दी तथा दूसरी क्रांतिदूत उपन्यास जुड़ी हुई थी। क्रांतिदूत उपन्यास में छत्तीसगढ़ के राजनांदगाँव जिला के छात्र-आंदोलन, रियासती जीवन, मिल-मजदूरों के शोषण की कथा तथा भारतीय क्रांतिकालीन जीवन का जीवंत चित्र प्रस्तुत किया गया है। क्रांतिदूत में इन सारी घटनाओं को एक क्रम-व्यवस्था के साथ प्रस्तुत करने का प्रयत्न किया गया है।[1] इस उपन्यास में ठाकुर प्यारेलाल भारतीय स्वतंत्रता के अग्रदूत

रहे थे। इनमें से कुछ ऐसी घटना हुई जो प्रदेश एवं देश के इतिहास में सर्वप्रथम राजनांदगाँव शहर में घटित हुई।

छत्तीसगढ़ के उच्चशिक्षा विभाग में भिन्न-भिन्न महाविद्यालयों में प्राध्यापक एवं प्राचार्य के रूप में 34 वर्षों की सेवा प्रदान की। वे शोध निर्देशक थे, उनके निर्देशन में 30 शोधार्थियों को पीएच-डी की उपाधि प्राप्त हो चुकी है। आपने पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि. रायपुर के अतिरिक्त इंदिरा कला संगीत वि.वि. खैरागढ़ तथा महर्षि महेश योगी विश्वविद्यालय जबलपुर में शोध निर्देशक के रूप में अपनी सेवायें दीं।[2]

डॉ. खरे की सबसे पहली रचना कविता के रूप में सृजित हुई, जो सन् 1954 को सागर में स्थानीय समाचार पत्र 'राही' में प्रकाशित हुई थी। आप स्वतंत्र रूप से 60-65 वर्षों तक साहित्य साधना से जुड़े रहकर साहित्य जगत में सफलता पूर्वक सृजन किया। आपने विद्यार्थी जीवन में आचार्य नंददुलारे वाजपेयी जी के साथ लगभग भारत के महत्वपूर्ण स्थानों तथा हिन्दी के बड़े-बड़े संस्थानों की यात्रा की।[3] उस समय आप राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली हिन्दी साहित्य सम्मेलन में भाग लेते रहे। उपन्यासों में बालार्जुन, जाजल्यदेव कीर्ति, गुरू घासीदास, क्रांतिदूत एवं एक हाथ की ताली महत्वपूर्ण ऐतिहासिक क्रम के उपन्यास हैं।

'माता कौशल्या' नामक उपन्यास में श्री राम की माँ कौशल्या देवी के जीवन वृत्त के माध्यम से उस युग की सनातनी संस्कृति पर विस्तार से प्रकाश डाला है। इस उपन्यास में माता कौशल्या के माध्यम से संपूर्ण राम कथा का सार समाहित हो गया है।[4]

डॉ. खरे ने 5-6 वीं ईसा शताब्दी के पाण्डुवंशीय महाराजा महाशिवगुप्त पर 'बालार्जुन' नाम से अन्य उपन्यास लिखा है। जिसमें बालार्जुन जीवन तथा तात्कालीन बौद्ध, जैन और हिन्दू संस्कृतियों पर प्रकाश डाला गया है।[5]

इसी प्रकार कल्चुरि वंशीय 11वीं शताब्दी के सम्राट जाजल्यदेव पर भी उपन्यास लिखा है। जिनके संबंध में एक शिलालेख में लिखा है कि ऐसा राजा न आपने कभी देखा होगा न सुना होगा। इस पुस्तक का आधार प्यारेलाल गुप्त लिखित इतिहास 'प्राचीन छत्तीसगढ़' से लिया गया।[6] जाजल्यदेव रतनपुर के सम्राट थे।

इसी प्रकार 'गुरू घासीदास' में घासीदास को लोक जीवन में एक महान तपस्वी, साधक और सतनाम पंथ के प्रवर्तक के रुप में प्रकाश डालते हुए उनके व्यक्तित्व के विविध पक्षों पर लोगों का ध्यान आकृष्ट किया है। ठाकुर प्यारेलाल पर आधारित 'क्रांतिदूत' और 21वीं शताब्दी में महिला सशक्तीकरण तथा आर्थिक उन्मुखीकरण पर आधारित छत्तीसगढ़ के फूलबासन के कृतित्वों के आधार पर 'एक हाथ की ताली' नामक उपन्यास लिखे हैं। जिनमें फूलबासन देवी समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाती है।[7] जो महिलाओं के साथ स्व सहायता समूह का गठन कर कंधे से कंधा मिलाकर चलती है। फूलबासन देवी को छ.ग. सरकार द्वारा पद्मश्री

एवार्ड भी प्रदान किया गया है। वर्तमान शताब्दी में महिला सशक्तिकरण की दिशा में श्रीमती फूलबासन ने अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर इस अंचल को गौरवान्वित किया है। इसी तरह 'दुर्लभ की खोज' में वर की खोज में आने वाली समस्या, 'जशपुर का जश' में बुंदेली ग्रामीण वातावरण एवं आपसी संघर्ष, 'यथावत' में नवयुवक की उद्यमिता का चित्रण, 'शेष अशेष' में प्रशासन तंत्र का भ्रष्टाचार, 'सृजन पथ' में उच्चशिक्षा पर आधारित तथा 'तेजस्विनी' में एक युवती के स्वावलंबन की कथा आदि विविध पक्षों का चित्रण इन रचनाओं में प्रस्तुत किया गया है। साथ ही ऊपरी हवा, तथास्तु आदि डॉ. खरे के उल्लेखनीय कथा साहित्य हैं। 'तथास्तु' उपन्यास में किशोरियों से अपचार की घटनाओं का परिणाम तथा महिला सशक्तिकरण और स्वरोजगारों को प्रमुखता प्रदान की गई है।[8] उनके आधे उपन्यास छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक चेतना, दर्शन, आध्यात्म और विभिन्न राजाओं की प्रशासनिक व्यवस्था से संबंधित रहे हैं। उन्होंने उपन्यास के माध्यम से छत्तीसगढ़ की 5-6 वीं शताब्दी से 21-22वीं शताब्दी तक की घटनाओं एवं यहाँ की सम्पूर्ण सांस्कृतिक वैभव का चित्रण किया है। इसके अतिरिक्त सामाजिक, दर्शन, धार्मिक पक्षों पर आधारित ऐतिहासिक नाटक बाबू छोटे लाल, अन्ना का अनशन (एकांकी), अटल जी और मुशर्रफ, सतनाम (खंडकाव्य), परशुराम का धनुष (एकांकी संग्रह), महालक्ष्मी (कहानी संग्रह), स्वामी सत्यानंद का भक्ति योग (स्फुट रचना), राष्ट्र की शान (एकांकी), विद्यासागर, सद्भाव के क्षण, सफलता का महामंत्र, बंधुवा मजदूर आदि रचनाओं के द्वारा साहित्य-जगत को समृद्ध किया है। खरे जी ने इस अंचल के शहीद वीर नारायण सिंह तथा बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव से प्रेरित होकर भी राष्ट्रीय महत्व के कृति का सृजन किया साथ ही डोंगरगढ़ की माँ बम्लेश्वरी की महिमा को उन्होंने माँ 'बिम्लेश्वरी' रचना के माध्यम से एकांकी लिखा।

डॉ. खरे का साहित्यिक अवदान साहित्य लोक की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने अपनी साहित्य साधना से साहित्य संसार को पल्लवित और पुष्पित किया, जो उन्हें सदियों तक अमर रखेगा।

संदर्भ :

1. खरे, डॉ. गणेश-क्रांतिदूत, शांति प्रकाशन इलाहाबाद, सन् 1984, पृष्ठ-7
2. जीवित अवस्था में (साक्षात्कार)
3. जीवित अवस्था में (साक्षात्कार)
4. खरे, डॉ. गणेश-माता कौशल्या, वैभव प्रकाशन रायपुर, 2018, पृष्ठ-2
5. खरे, डॉ. गणेश-बालार्जुन, वैभव प्रकाशन रायपुर, द्वितीय संस्करण 2018, (भूमिका से)
6. गुप्त, प्यारे लाल-प्राचीन छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़ हिन्दी ग्रंथ अकादमी रायपुर 2018, पृष्ठ-93
7. खरे, डॉ. गणेश-एक हाथ की ताली, सिद्धी प्रकाशन राजनांदगांव, पृष्ठ-87
8. खरे, डॉ. गणेश-तथास्तु, सिद्धी प्रकाशन राजनांदगांव 2018, पृष्ठ-1

❑❑❑

1. शोधार्थी, शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगाँव (छ.ग.)
2. सहायक प्राध्यापक, शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगाँव (छ.ग.)

कृष्णा सोबती के उपन्यासों में स्त्री पात्रों की प्रासंगिकता (वर्तमान संदर्भ में)

—एस कुमार गौर
—डॉ. (श्रीमती) बी.एन. जागृत

कृष्णा सोबती जी के कथा-साहित्य में चित्रित नारी पात्रों के संघर्ष का मूल्यांकन वर्तमान संदर्भ में करते हैं तो पाते हैं कि कृष्णा जी की नारी पात्रों का संघर्ष आज भी समाज में दिखाई देता है। जिन नागरिक अधिकारों के अंतर्गत-स्वतंत्रता, समानता, अभिव्यक्ति की वकालत कृष्णा जी करती हैं, तो वहीं दूसरी ओर आज की नारी भी इन्हीं अधिकारों के लिए लड़ती-जूझती नजर आती है।

स्वातंत्र्योत्तर काल में साहित्य रचना की गद्य शैली में अनेक बदलाव के रंग दिखाई देते हैं। मार्क्सवादी सामाजिक चेतना ने सम्पूर्ण विश्व को साम्यवाद (समाजवाद) की स्थापना की नई दृष्टि दी। जिसका प्रभाव भारतीय जनमानस पर भी पड़ा। फलतः आजादी के पूर्व ही साहित्य में नवीन चेतना का अभ्युदय होने लगा था। स्वतंत्रता के बाद शिक्षा के प्रचार-प्रसार के साथ साहित्यिक रचनाओं में भी इसका प्रभाव दिखने लगा।

फलस्वरूप अनेक महिला रचनाकारों ने अपनी लेखनी चलाई जिसमें मन्नू भंडारी, ममता कलिया, मृदुला गर्ग, नासिरा शर्मा, उषा प्रियवंदा, चित्रा मुद्गल, अल्का सरावगी, चंद्रकांता, मैत्रेयी पुष्पा, राजी सेठी आदि हैं। कृष्णा सोबती जी इन महिला कथाकारों में एक प्रमुख हस्ताक्षर हैं। कृष्णा सोबती जी के व्यक्तित्व की झलक उनके कथाओं में, पात्रों को देखने-पढ़ने को मिलती है। सहृदयता, मर्यादा, नैतिकता, अनुशासन, स्वाभिमान, ईमानदारी, अपने और अपनों से प्यार का बड़प्पन या भोलापन दिखाई देता है।

कृष्णा सोबती जी की रचनाओं-उपन्यासों या कथाओं में चित्रित नारी पात्रों में आधुनिकता बोध का दर्शन होता है और जहाँ आधुनिकताबोध नारी के अंदर दिखाई देगा, पुरुष-प्रधान समाज उसे स्वीकार नहीं करता और न ही परम्परावादी, रुढ़िवादी समाज इसकी स्वीकृति देता है। यही कारण है कि कृष्णा सोबती के उपन्यासों-मित्रो मरजानी, सूरजमुखी अंधेरे के, डार से बिछुड़ी, यारों के यार और दिलो दानिश में चित्रित पात्रों को बोल्ड या अश्लील माना गया है।

स्त्री अस्मिता के लिए संकल्पित कृष्णा जी ने निडरता से समाज के यथार्थ को उपन्यासों में अंकित किया है। अपने आत्मसम्मान के लिए जूझ रही नारी कि छटपटाहट को कृष्णा जी ने संजीदगी के साथ साहित्य में उकेरा है। ये कृष्णा जी ही हैं, जो कर सकती थीं, लिख सकती थीं। ये साहस और शक्ति केवल और केवल कृष्णा जी के पास थी।

भाषा और शिल्प में बेजोड़ पकड़ रखने वाली साहित्यकारों में कृष्णा जी अग्रगण्य थीं। उनकी रचनाएँ तहलका मचा देने वाली थीं क्योंकि उनकी कथाएँ जमीन से जुड़ी होती थीं। उनकी रचनाएँ सामाजिक प्रसंगों, आम जनजीवन, सामाजिक समस्याओं से जुड़ी हुई होती थीं। कृष्णा जी का लेखन उच्चकोटि का होता था। उनकी भाषा शैली पाठक वर्ग को झकझोर कर रख देती थी। वे धरती की एकाकार हुई लेखिकाओं में से एक थीं।

कृष्णा सोबती जी के कथा-साहित्य में चित्रित नारी पात्रों के संघर्ष का मूल्यांकन वर्तमान संदर्भ में करते हैं तो पाते हैं कि कृष्णा जी की नारी पात्रों का संघर्ष आज भी समाज में दिखाई देता है। जिन नागरिक अधिकारों के अंतर्गत-स्वतंत्रता, समानता, अभिव्यक्ति की वकालत कृष्णा जी करती हैं, तो वहीं दूसरी ओर आज की नारी भी इन्हीं अधिकारों के लिए लड़ती-जूझती नजर आती है। सामाजिक, पारिवारिक मानसिक संकीर्णता एवं रुढ़िवादिता से मुक्ति का आह्वान अद्यतन जारी है। समाचार पत्र-पत्रिकाओं, दूरदर्शन, अन्य यान्त्रिक माध्यमों से आये दिन इस प्रकार की घटनाएँ दृष्टिगोचर होती हैं या प्रकाश में आती हैं।

कहना लाजमी होगा कि कृष्णा सोबती जी जिन अधिकारों की बातें अपने पात्रों के माध्यम से विषय वैविध्य के साथ करती हैं, स्वातंत्र्योत्तर काल में जिसकी बुनियाद वे रखती हैं, संघर्ष करती हैं, वर्तमान में उनके नारी पात्रों के संघर्ष की प्रासंगिकता है।

वर्तमान संदर्भ में जब तीन तलाक रिवाज शारीरिक शोषण, रेप, अवैध संबंधों की चर्चा होती है तो हमें कृष्णा सोबती जी के पात्रों मित्रो, रत्ती, महकबानो, जया, करिश्मा, पाशो का स्मरण हो उठता है। कृष्णा जी के ये वे अमर पात्र हैं जिन्होंने स्त्री अस्मिता के लिए संघर्ष का नया अध्याय शुरू किया। महिला सशक्तिकरण को नया आयाम दिया। उनकी डार से बिछुड़ी नामक उपन्यास के पात्र पाशो का संघर्ष नारी के दोहरे द्वंद्व को चित्रित करता है। एक स्वयं से और दूसरा बाह्य जगत से।

पाशो विधवा माँ की बेटी है। माँ का अवैध संबंधों के चलते शेख के घर चली गयी है। पाशो को अपने नानी एवं मामा-मामी के साथ रहना पड़ता है लेकिन अपने मन से नहीं बल्कि केवल तन से। घर की कड़ी पहरेदारी, माँ के किये की सजा पाशो को भुगतनी पड़ती है। नानी के संग ठाकुरद्वारे जाती तो नानी के तेवर चढ़ा, सिर ठोकती-''रब्ब तुझे संभाले, अरी कपड़ा नीचे रखा कर।''[1]

कभी कुएँ से पानी भरकर गागर ले आयी तो बड़ी मामी कहती है-''पसार धूने लगी-न शर्म, न हया। अरी, ओढ़नी अब तेरे गले तक से उठने लगी।''

मामू द्वारा डाँटने पर नानी तिरस्कार कर बोलती है-''अरी कुएँ में डूब मरी थी तेरा बीज डालने वाली। अब तू सँभालकर सांस भर।''[2]

कल की मर्यादा के लिए जिम्मेदार मानते हुए पाशो को अपने जान का खतरा मानते हुए वहाँ से भाग जाती है लेकिन अपने अस्तित्व के लिए जीवन भर यहाँ-वहाँ भटकती रहती है। अपनी मर्यादा और चाह के लिए पाशो बार-बार बेची और खरीदी जाती है। सोबती जी की महिला पात्र पाशो के चरित्र का चित्रांकन बताता है कि किस तरह नारी अपने सम्मान के लिए भटक रही है। यहाँ आज भी नारी अपने स्वाभिमान के लिए संघर्ष करती हुई नजर आती है।

कृष्णा जी की उपन्यास सूरजमुखी अँधेरे के में रतिका या रत्ती का द्वंद्व को चित्रित किया गया है। रत्ती बचपन में शारीरिक शोषण का शिकार हो जाती है। कक्षा में उनके मित्रों द्वारा बार-बार घटना के बारे में जिक्र करने पर वह आवेशित, आक्रोशित हो जाती है। उनके व्यवहार में

चिड़चिड़ापन आ जाता है। समाज उसे सदैव कामुकता भरी नजारों से देखता है। संवेदनहीन एवं हीनता का भाव-बोध उनके जीवन को नरक बना देता है। जहाँ से निकलने के लिए वह संघर्ष करती है। अनेक पुरुषों के साथ अपना सम्बन्ध बनाती है पर अपनी नजर में समझने वाला कोई नहीं मिलता। राजन रत्ती से कहता है-"मुझे हमेशा शक था, तुम औरत हो भी कि नहीं!!"[3]

रत्ती अपनी विवशता को राजन से कहती है-"मुझे तुमसे माफी माँगनी है राजन! वह एक जहरीला क्षण हर बार मुझे झपट लेता है और मैं काठ हो जाती हूँ।"[4]

अंत में दिवाकर के रूप में रत्ती अपने संघर्ष में सफल होती है और अपने जीवन को धन्य करती है। रत्ती के द्वारा दिवाकर को यह कहना कि-"जिसके पास मिलों लम्बा एकान्त हो, वह अकेले में अपने लिए अपने को क्यों न पढ़ता रहेगा। दिवाकर अकेले में कोई क्या से क्या हो जाता है, यह सिर्फ देखकर पता पाया नहीं जा सकता।"[5]

रत्ती का दिवाकर का न सुनना बल्कि अपने-आप कहती चले जाना कि-"मैं जुड़े हुए को नहीं तोड़ूँगी। विभाजन नहीं करूँगी। मेरी देह अब तुम्हारी प्रार्थना है दिवाकर।"[6]

यह दर्शाता है कि वह अपने जीवन के संघर्ष में अंतिम मुहाने तक पहुँचती है जहाँ उसे एक नई आशा, नई ऊर्जा व नया जीवन दिखाई देता है। स्त्री का जीवन संघर्ष आज भी समाज में घटित कई घटनाओं, प्रसंगों का स्मरण कराती है, समाज को मूल्यबोध की शिक्षा देती है।

कृष्णा सोबती के पात्रों में मित्रो मरजानी की मित्रो अपने समय की अमर पात्र है। मित्रो की उपस्थिति ने मध्यम वर्गीय समाज और पाठकों की बीच अपनी उपस्थिति से नई बहस-विमर्श को जन्म दिया। मित्रो मरजानी मध्यमवर्गीय संयुक्त परिवार की कहानी है। मित्रो आधुनिकता बोध की परिचायक है, वह अपने स्वाभिमान, अस्तित्व की लड़ाई के लिए खुले तौर पर सामाजिक, पारिवारिक बंधनों की मान्यताओं को चुनौती देती है। मित्रो की कामुक चाह ने उसे बोल्ड बना दिया, जिसके लिए वह समझौता करने को तैयार नहीं है। मित्रो कहती है-"जिठानी, तुम्हारे देवर सा बगलोल कोई और दूजा न होगा। न दु:ख-सुख, न प्रीति-प्यार, न जलन-प्यास बस आए दिन धौल-धप्पाई लानत-मालामत!"[7]

मित्रो सुहागवती से कहती है-"अब तुम्हीं बताओ, जिठानी, तुम जैसा सतबल कहाँ से पाऊँ-लाऊँ? देवर तुम्हारा मेरा रोग नहीं पहचानता। बहुत हुआ हफ्ते पखवारे और मेरी इस देह में इतनी प्यास है, इतनी प्यास कि मछली-सी तड़पती हूँ।"[8]

मित्रो के प्यास की संघर्ष सभी मध्यमवर्गीय परिवार में विद्यमान है, जिसकी वकालत कृष्णा जी मित्रो के माध्यम से करती है। बावजूद इसके मित्रो अपने पति सरदारी का साथ नहीं छोड़ती है, पारिवारिक दु:ख-सुख में अपनी सहभागिता देती है। मित्रो के माध्यम से मध्यम वर्गीय स्त्री को पीड़ा और संघर्ष को व्यक्त करने की कोशिश की गई है। हम आज 21वीं सदी में स्त्री-स्वतन्त्रता एवं मुक्ति की बात तो करते हैं लेकिन यथार्थ इसके विपरीत है।

साहित्य में मित्रो की बनावट व बुनावट स्त्री की दशा पर चिंतन के लिए विवश करती है। मित्रो का सृजन कृष्णा जी की विषय विशिष्टता को बतलाती है कि वे स्त्रियों के लिए कितनी मुखर थी।

कृष्णा जी की उपन्यास-दिलो दानिश में कुटुम्बप्यारी एवं महकबानों के माध्यम से महल और पराशत खाने के द्वंद्व को चित्रित किया गया है। रखैल के रूप में महकबानो एवं पत्नी के रूप

में कुटुम्बप्यारी अपने-अपने अधिकारों एवं अस्तित्व के लिए संघर्ष करती है। कुटुम्बप्यारी कृपानारायण से कहती है-''जिस दिन से ब्याहकर आए हमने खानदान की खिदमत की, इसकी इज्ज़त सिर पर उठाई पर आपने हमें दुखियारी करार करके ही दम लिया। बिरादारी भर में बदनाम कर दिया।''

कृपा नारायण के तीखे प्रहार के जवाब में कुटुम्बप्यारी कहती है-''हमारा गला घोंट दीजिए। आप ऊँचे वकील हैं। साफ बच निकलिएगा। उस बाजारू औरत से आपके दो बच्चे हैं और आपने हमें खबर तक न होने दी।''[9]

सार्वजनिक रूप से बदरू का यह कहना कि-''लड़के कहते हैं तुम हिन्दू की औलाद हो। तुम्हारा नाम बद्दरुद्दीन नहीं बदरीनारायण है।''[10]

अंत में महकबानो, कृपा नारायण से कहती है-''माँ कोई भी हो, बच्चे तो बड़े बाप के है न! उन्हें भी गया गुजरा क्यों समझे हुए हैं आप। कलम दवात तो मुंशी जी कापी-किताब तो मुंशी जी, कायदे से कुछ इंतज़ाम किया होता। हम पर क्या अहसान है साहिब, औलाद आपकी है। हम कुछ न हुए तो।[11]

उपरोक्त कथन से स्पष्ट है कि सोबती जी ने परत-दर-परत स्त्री मन को पढ़ने एवं गढ़ने की कोशिश की है। अपने स्वाभिमान और हक की लड़ाई में कुटुम्बप्यारी और महकबानो का चित्रण विशिष्ट है।

कृष्णा सोबती जी ने 'ऐ लड़की' उपन्यास के माध्यम से अम्मू एवं उसकी लड़की के संघर्ष को चित्रित किया है। अम्मू अपने जीवन के अनुभवों से पूर्ण है और, वह मृत्यु की शैया पर पड़े हुए हैं लेकिन अपनी समग्र यादों एवं अनुभवों को अपनी बेटी के साथ बाँट लेना चाहती है, परन्तु उसकी बेटी आधुनिक विचारों की हिमायती है। बेटी की चिंता और अपना जीवन अनुभव के माध्यम से सीख देना चाहती है। अर्थात् अतीत के अनुभवों एवं वर्तमान के संघर्ष को मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया है।

अम्मू अपने-आप से कहती है-''सिर-मस्तक, मुख-नेत्र, नाक-कपोल, हाथ-पाँव-कटी, रचने वाले ने भी क्या रच डाला। अंदर लगा दी पल-छिन वाली घड़ी। न एक सांस ज्यादा न कम। जो इस दुनिया में घर बनाकर बैठते हैं, उन्हें आखिर को मरना ही पड़ता है।''[12]

इस तरह वह अपनी बेटी को शाश्वत जीवन के सत्य को बतलाना चाहती है।

माँ-बेटी के रिश्ते की अहमियत बताते हुए कहती है-''लड़की हम कहीं न कहीं, कभी न कभी मिलेंगी जरूर। एक-दूसरे को पहचान लेंगी। इतनी बड़ी दुनिया है। इसमें भूल नहीं हो सकती। माँ कहीं भी हो, बेटी कहीं भी हो, माँ कोई भी हो, बेटी कोई भी हो, माँ-बेटी तो माँ-बेटी रहेंगी। रहती दुनिया तक।''[13]

उपरोक्त कथ्य के माध्यम से यह ज्ञात होता है कि किस प्रकार अम्मू अपनी बेटी की रक्षा करते हुए जीवन के अंतिम पड़ाव में भी अपने अनुभवों को बाँटना चाहती है, तो वहीं दूसरी ओर उसकी बेटी अपनी स्वच्छ विचारों में विचरण करती है। माँ-बेटी का यह वैचारिक संघर्ष हमें आज वर्तमान संदर्भ में भी दिखाई देता है। वास्तव में कृष्णा जी के पात्रों का संघर्ष बेटी का संघर्ष नहीं है बल्कि पुरातन परम्परा एवं आधुनिकताबोध का संघर्ष है, जो कि आज हमें समाज में देखने को मिलता है। अत: कहा जा सकता है कि कृष्णा जी के पात्रों की प्रासंगिकता विविध विषयों एवं मूल्यों को लेकर आज भी हमारे समक्ष खड़ी हुई है।

आजादी के 75 वर्ष बाद उनके पात्रों की द्वंद्व एवं संकल्प की चर्चा आवश्यक हो जाती है। उनके उपन्यासों का पुनर्पाठ या अध्ययन हमारे लिए आवश्यक हो जाता है। कृष्णा जी की रचनाओं के केंद्र में नारी है पुरुष नहीं। उन्होंने आजीवन अपनी साहित्यिक रचनाओं के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को एक नया आयाम दिया।

समकालीन कथाकारों में मन्नू भंडारी, ममता कलिया, मृदुला गर्ग, नासिरा शर्मा, उषा प्रियवंदा, चित्रा मुद्‌गल, अल्का सरावगी, चंद्रकांता, मैत्रेयी पुष्पा, राजी सेठी, कृष्णा सोबती आदि स्वतंत्र लेखिकाओं ने अपनी साहित्यिक यात्रा को जारी रखा। सोबती जी आधुनिकताबोध की बुलंद आजाज थीं, सशक्त हस्ताक्षर थीं।

साहित्यकार अपने युग का प्रत्यक्षदर्शी होता है, अपने काल में घटित घटनाओं का यथार्थ दस्तावेज उनका कर्म-मर्म होता है। सोबती जी का यही कर्म और मर्म उन्हें विशिष्टता के शिखर तक पहुँचता है।

आज सामाजिक मूल्यों में अवमूल्यन इसका द्योतक है कि हमारे बीच-नारी स्वाभिमान, अस्मिता बचाने की चुनौती है। हत्या, रेप, दहेज़, शोषण के केंद्र में नारी दिखाई दे रही हैं। संवैधानिक अधिकारों की माँग दिन-प्रतिदिन बलवती होती जा रही है। ऐसे में सोबती जी के पात्रों-पाशो, मित्रो, रत्ती, महकबानो, जया आदि के संघर्ष को भुलाया नहीं जा सकता। जाते-जाते नारी सम्मान में एक कविता :-

''कर पदाघात अब मिथ्या के मस्तक पर, सत्यान्वेषण के पथ पर निकलो नारी।
तुम बहुत दिनों तक बनी दीप कुटिया का, अब बनो क्रांति की ज्वाला की चिंगारी।।''[14]

संदर्भ :

1. कृष्णा सोबती, डार से बिछुड़ी, राजकमल प्रकाशन, 1958, पृष्ठ - 16
2. वही पृष्ठ - 17
3. कृष्णा सोबती, सूरजमुखी अँधेरे के, राजकमल प्रकाशन, 1972, पृष्ठ -102
4. वही पृष्ठ - 101
5. वही पृष्ठ - 115
6. वही पृष्ठ - 142
7. कृष्णा सोबती, मित्रो मरजानी, राजकमल प्रकाशन, 1967, पृष्ठ - 18
8. वही पृष्ठ - 20
9. कृष्णा सोबती, दिलो दानिश, राजकमल प्रकाशन, 1993, पृष्ठ - 54
10. वही पृष्ठ - 122
11. वही पृष्ठ - 158
12. कृष्णा सोबती, ऐ लड़की, राजकमल प्रकाशन, 1993, पृष्ठ - 15
13. वही पृष्ठ - 81
14. नारी सशक्तिकरण, डॉ. हरीदास शेण्डे 'सुदर्शन', ग्रंथ विकास प्रकाशन, जयपुर, 2008, पृष्ठ -16

❏❏❏

1. सहायक प्राध्यापक, शास. रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय, छुरिया
2. हिन्दी विभाग, शास. दिग्विजय स्व ाासी महा. राजनांदगाँव (छत्तीसगढ़) ईमेल - sgaur3498@gmail.com

समकालीन आदिवासी कविता : समस्यायें और चुनौतियाँ

—डॉ. प्रियंका सिंह

आदिवासियों की सहजता, सरलता को सदियों से छला जाता रहा है। इतिहासकारों ने इनके भोलेपन का फायदा उठाकर स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में इनके योगदान को कमतर आंका वहीं विकास के नाम पर सरकारी दस्तावेज रूपी कागजी घोड़ों से ही काम चलाना पड़ा। मुख्यधारा समाज से ये हमेशा कटे रहे। परिधि से बाहर रहे। हरि राममणि 'खत्म होती हुई एक नस्ल' कविता में इसी व्यथा को प्रकट करते हैं तो दूसरी तरफ 'बेदखल होते हुए' कविता में वे नव पूँजीवाद के छल छद्म को भी आदिवासी समाज के सम्मुख प्रकट करते हैं।

समकालीनता का अर्थ केवल सम सामयिकता या तत्कालीनता से नहीं जोड़ा जा सकता बल्कि अतीत एवं भविष्य भी इसके अर्थ में समाहित है। वस्तुतः इसीलिए समकालीन कविता केवल कालबोधक रूप में ग्राह्य नहीं है, अपितु मूल्य बोधक भी है, जो अपनी रचनाशीलता में वर्तमान को इतिहास-निरपेक्ष ढंग से न देखकर इतिहास-बोध से जोड़कर अर्थात भविष्योन्मुख दृष्टि से देखता है।

समकालीन दौर राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक आदि दृष्टियों से उथल-पुथल का दौर रहा है। साहित्य में विषय वैविध्य भी रहा। विमर्शों का दौर चला। हाशिये पर रखे जाने वाले विषयों को केन्द्र में लाया गया। समकालीन आदिवासी कविता भी इसी क्रम में आती है।

समकालीन आदिवासी कविता में आदिवासी समाज, उनकी सभ्यता-संस्कृति, उनका रहन-सहन, उनके जीवन-दर्शन की प्रतिछवि देखने को मिलती है। वंदना टेटे के शब्दों में –

''आदिवासी जीवन के स्थायी मूल्य-सामूहिकता, सहजीविका, सहअस्तित्व है, वहीं उसके समस्य अभिव्यक्तियों का भी उद्देश्य है। इसमें साहित्य भी शामिल है।''[1]

वर्तमान भौतिकवादी मानव-जीवन के विपरीत है आदिवासी जीवन। आदिवासी जीवन सरल, सहज है। सहअस्तित्व पर आधारित है, कृत्रिमता से दूर। आदिवासी कविता अपने इन्हीं जीवन-सौन्दर्य, मूल्यों की रक्षा हेतु निरंतर प्रयासरत है। महादेव टोप्पो 'जंगल का कवि' कविता में लिखते हैं –

''जंगल के हरेपन को / बचाने की खातिर / जंगल का कवि / मांदर बजाएगा / चढ़ा कर प्रत्यंचा पर कलम।''[2]

आदिवासियों की पहचान ही उनकी प्रकृति है। चूँकि उनकी पहचान पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं और उसकी छटपटाहट

उनकी कविताओं में दिखती है। तभी तो ग्रेस कुजूर को 'सरहुल के फूलों के बिना' जूड़ा बहुत सूना लगता है। यहाँ सरहुल का फूल केवल सौन्दर्य प्रसाधन की सामग्री नहीं है बल्कि प्रकृति से उनकी निकटता, उनके नैसर्गिक जीवन, उनकी सहजता का परिचायक है। वी. कृष्ण मानते हैं, ''प्रकृति के साथ बेरहम छेड़खानी केवल आदिवासियों के अस्तित्व का संकट नहीं है बल्कि सम्पूर्ण मानवता व मानवेत्तर प्राणी जगत के लिए खतरा है।''[3]

आदिवासियों की सहजता, सरलता को सदियों से छला जाता रहा है। इतिहासकारों ने इनके भोलेपन का फायदा उठाकर स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में इनके योगदान को कमतर आंका वहीं विकास के नाम पर सरकारी दस्तावेज रूपी कागजी घोड़ों से ही काम चलाना पड़ा। मुख्यधारा समाज से ये हमेशा कटे रहे। परिधि से बाहर रहे। हरि राममणि 'खत्म होती हुई एक नस्ल' कविता में इसी व्यथा को प्रकट करते हैं तो दूसरी तरफ 'बेदखल होते हुए' कविता में वे नव पूँजीवाद के छल छद्म को भी आदिवासी समाज के सम्मुख प्रकट करते हैं –

''पृथ्वी की सारी सभ्या / एक भीम काय रोड रॉलर की मानिंद / लुढ़कती आ रही है हमारी जानिब / और हम बदहवास भाग रहे हैं / खोहे और गुफाओं की ओर / बेदखल होते हुए / हमारी अपनी पुश्तैनी जमीनों से।''[4]

बाजारवाद छल छद्म का सहारा लेकर घुसपैठिये की तरह घुसकर उनके ही जल, जंगल, जमीन का दोहन कर रहा है, उनके ही संसाधनों को लूट रहा है और उन्हें निर्वासित होने को मजबूर कर रहा है। ऐसे में ''आदिवासी चेतना का लेखन, जहाँ एक तरफ अपनी पीड़ा खुद कहने, अपने समाधान खुद ढूँढ़ने की चेष्टा है, वहीं आज वह प्रस्थापितों (established) द्वारा अपनी संस्कृति को नष्ट करने, अपने संसाधनों पर कब्जा जमाने के षड्यंत्रों के बरक्स प्रतिरोध की चेतना से भी लैस है।''[5]

समकालीन आदिवासी कविता में न सिर्फ बाजारवाद के दुष्चक्र को रोकने की कोशिश है बल्कि इसके प्रतिरोध स्वरूप देशज तकनीक को भी बचाने की कोशिश दिखी है–''कि नहीं जान पाएँगे मेरे बच्चे/डोरी, कुसुम से तेल निकालने की/मछली और चिड़िया पकड़ने की/देशज तकनीक''

वास्तव में 'आज का कोई भी कवि मानव संस्कृति और समस्त जीवन को नष्ट करने वाली पूँजीवादी व्यवस्था का विरोध कर ही महत्वपूर्ण बन सकता है।'[6]

हमारे समाज में आर्थिक संपन्नता ही किसी समुदाय, वर्ग की विकसित या सभ्य होने की कसौटी है। इस दृष्टिकोण से नैतिक एवं सांस्कृतिक दृष्टिकोण से अधिक संपन्न होते हुए भी आदिवासी समाज को पिछड़ा हुआ माना जाता है। हालांकि आदिवासी भूमि

में खनिज संपदा भरी पड़ी है लेकिन सरकार और साम्राज्यवादी ताकतों द्वारा उनका दोहन होता है। अगर अपने अधिकारों हेतु कोई इनके विरुद्ध आवाज उठाने की कोशिश करता है तो छत्तीसगढ़ की सोनी सूरी जैसे कोप भाजन बनना पड़ता है। जिसके चेहरे पर तेजाब जैसे ज्वलनशील पदार्थ फेंक कर उसके मनोबल को तोड़ने का प्रयास किया गया। लेकिन सोनी सूरी उस समुदाय की बेटी है जहाँ कोई कुरूप नहीं होता। तभी तो वंदना टेटे लिखती हैं -

''तुम्हारा चेहरा/जामुन हो गया है सोनी/इसकी मिठास अब और बढ़ गयी है / इसका अर्क/असाध्य रोगों की अचूक दवा है''

वास्तव में आदिवासी समाज में शारीरिक सौन्दर्य को महत्व नहीं दिया जाता है लेकिन सभ्य समाज के लोगों के लिए उनका अधखुला शरीर हमेशा आकर्षण का केन्द्र रहा है। देश के इतिहास में, विकास में, उन्नति में भले ही आदिवासी समाज के योगदान को महत्व न दिया जाए लेकिन उनके श्रम से लेकर स्त्री देह तक सब पर इस कथित सभ्य समाज की निगाह है। निर्मल पुतुल लिखती हैं-''मेरा सब कुछ अप्रिय है उनकी नजर में / प्रिय है तो बस / मेरे पसीने से पुष्ट हुए अनाज के दाने / जंगल के फूल, फल, लकड़ियाँ / खेतों में उगी सब्जियाँ / घर की मुर्गियाँ / उन्हें प्रिय है / मेरी गदराई देह / मेरा मांस प्रिय है उन्हें?''[7]

निर्मला पुतुल ने भोले-भाले आदिवासी समाज की बहू-बेटियों पर कथित सभ्य समाज की बुरी नियत का पर्दाफाश तो किया ही है लेकिन साथ ही आदिवासी समाज में व्याप्त कुरीतियों, नशाखोरी को चित्रित किया है। वे कहती हैं-''तुम्हारे पिता ने कितनी शराब पी यह तो मैं नहीं जानती/पर शराब उसे पी गई यह जानता है सारा गाँव/ इससे बचो चुड़का सोरेन!/बचाओ इसमें डूबने से अपनी बस्तियों को/देखो तुम्हारे ही आंगन में बैठ/तुम्हारे हाथों बना हड़िया तुम्हें पिला-पिलाकर/कोई कर रहा है तुम्हारी बहनों से ठिठोली''[8] तथाकथित चित्रण को देख हम कह सकते हैं 'आदिवासी कविता बाहरी लोगों की साजिशों को पहचानने लगी है।'[9]

भूमंडलीकरण ने मनुष्य को केवल क्रेता-विक्रेता में रूपांतरित नहीं किया, यांत्रिक नहीं बनाया बल्कि उसकी बोली, भाषा, संस्कृति को भी प्रदूषित करने का कार्य किया है, आदिवासी समाज भी इस प्रदूषण से अतिक्रमित होते जा रहा है। वंदना टेटे की कविता 'हमारे बच्चे नहीं जानते तोता-रे नोने रे' ऐसे ही कविता हैं जहाँ कवियत्री को अपनी 'पुरखा संस्कृति' के विलुप्त होने की आशंका सता रही है -

'आह! कितनी-कितनी सारी जानकारियाँ/छूट जाएँगी हमारे बच्चों से/क्योंकि नहीं लिखी गई हैं किताबें/इस पर, नहीं बने हैं साफ्टवेयर/और नहीं रहे अब घुमकुडिया, गितिओड़ा गिताः चाड़ी''

आदिवासी समाज सदा से उपेक्षित रहा है। आज भी वह साम्राज्यवादी शक्तियों के हाथ की कठपुतली ही है। भले ही सरकारी दस्तावेजों में उनके उद्धार हेतु कई विधेयक पारित हुए हों लेकिन वास्तविक भूमि पर उन्हें उनके जमीन से वंचित किया जा रहा है। उनके खनिज संपदा को लूटा जा रहा है और उन्हें कभी असभ्य, कभी जंगली तो कभी माओवादी कहकर प्रताड़ित किया जाता है। उनकी स्त्रियों के श्रम और अंग दोनों का शोषण किया जा रहा है। उनके चौतरफा शोषण को मीडिया हाउस भी अपनी रिर्पोटिंग में स्थान रहीं देती या मामूली कवरेज मिलता है। ऐसे विषम माहौल में भी आदिवासी साहित्य और समकालीन आदिवासी कविता एक सशक्त चुनौती देती हुई दिख रही है। तभी तो ग्रेस कुजूर अपने 'पूरखा बूढ़ा' और 'पूरखा बुढ़िया' की विरासत को बचाने हेतु सम्पूर्ण आदिवासी समाज का आह्वान करती है-''सच!! / बहुत जरूरत है झारखंड में / फिर एक बार / एक जबरदस्त / जनी-शिकार।''[10]

वास्तव में ''आदिवासी जब बोलता नहीं था, तो अन्याय का विरोध तीर चलाकर करता था। अब वह कलम की मारक शक्ति से परिचित हो गया है और अपनी लेखन शक्ति को तीव्र बनाने की राह ताक रहा है।'[11]

अतएव समकालीन आदिवासी कविता अपने सम्पूर्ण समाज के बचाव और रचाव का साहित्य है। जहाँ उनका भोलापन भी है, जीवन के नैसर्गिक सौन्दर्य के दर्शन भी हैं, प्राकृतिक छटा भी हैं वहीं तथाकथित सभ्य समाज, साम्राज्यवादी शक्तियों, बाजारवाद द्वारा पोषित अधोपतित अपसंस्कृति से अपने आदि सभ्यता-संस्कृति को बचाने की कोशिश भी दिखती हैं।

संदर्भ :

1. आदिवासी दर्शन और साहित्य, वंदना टेटे, पृ. 27
2. आदिवासी स्वर और नयी शताब्दी, सं. रमणिका गुप्ता, पृ. 27
3. आदिवासी विमर्ष, सं. वी. कृष्ण / भीम सिंह, पृ. 104
4. आदिवासी स्वर और नयी शताब्दी, सं. रमणिका गुप्ता, पृ. 28
5. आदिवासी साहित्य यात्रा, रमणिका गुप्ता, पृ. 5
6. कविता का समय, अरूण कमल, पृ. 19
7. नगाड़े की तरह बजते शब्द, निर्मला पुतुल, पृ. 73
8. नगाड़े की तरह बजते शब्द, निर्मला पुतुल, पृ. 19
9. आदिवासी विमर्श, सं. वी. कृष्ण / भीम सिंह, पृ. 105
10. आदिवासी स्वर और नयी शताब्दी, सं. रमणिका गृप्ता, पृ. 23
11. आदिवासी साहित्य यात्रा, रमणिका गुप्ता, पृ. 8

❐❐❐

जमशेदपुर को-आपरेटिव कॉलेज, आदर्श विद्या निकेतन स्कूल के नजदीक, छोटा गोविन्दपरु, जमशेदपुर-15 मो. नं. 9031166365

समाकेतिक शिक्षा में डिजिटलीकरण से विद्यार्थियों के शैक्षणिक उपलब्धि पर प्रभाव का अध्ययन

—रूबी शर्मा
—डॉ. विनोद कुमार जैन

समाकेतिक शिक्षा में शिक्षा के डिजिटलीकरण से विद्यार्थियों के शैक्षणिक उपलब्धि पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन, शोध एक उद्देश्यपूर्ण प्रक्रिया है जिसका एक निश्चित दिशा में निश्चित उद्देश्य होता है। प्रस्तुत शोध अध्ययन का उद्देश्य मुरादाबाद जिले के समाकेतिक शिक्षा के डिजिटलीकरण से विद्यार्थियों के अधिगम एवं उनके शैक्षणिक उपलब्धि में पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करना है।

शिक्षा में डिजिटलीकरण के लिये ई-लर्निंग 2020 से बहुत पहले से मौजूद था, लेकिन इसका इस्तेमाल ज्यादातर आमने-सामने कक्षा में जुड़ाव के विकल्प के रूप में किया जाता था. शिक्षकों को डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करके केवल शिक्षण के लिए तेजी से समायोजित करना पड़ा, उनकी शिक्षण शैली, पाठ्यक्रम डिजाइन, मूल्यांकन और रिकॉर्ड-कीपिंग को संशोधित करना एक नियंत्रित कक्षा सेटिंग से डिजिटल उपकरणों और हार्डवेयर के उपयोग के लिए संक्रमण भी छात्रों द्वारा दूर किया गया था। अपने शिक्षकों के सक्रिय समर्थन से वे नई शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित रहे हैं।

संकेतक शब्द : शिक्षा के डिजिटलीकरण से शैक्षणिक उपलब्धि

प्रस्तावना : शिक्षण कार्य को सुचारु रूप से चलाने एवं बालक के भावी जीवन के विकास के लिए यह आवश्यक है कि शिक्षा का डिजिटलीकरण किया जाय जिससे उनके अधिगम और शैक्षणिक उपलब्धि का विकास हो सके। अध्यापन का तरीका होते हुए भी, सीखने के लिए एक सहायक और अनुकूल वातावरण प्रदान करने में छात्रों के सीखने के प्रति दृष्टिकोण को हमेशा उनके शिक्षकों की प्रभावशीलता द्वारा आकार दिया जाता है। जब शैक्षणिक तकनीकें त्वरित गति से विकसित होती हैं, तो वे शिक्षकों के व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास को सुविधाजनक बनाने में सहायक बन जाती हैं। विश्व स्तर पर 21वीं सदी की चुनौतियों के लिए छात्रों को तैयार करने के लिए, शिक्षक अपने विश्लेषणात्मक और समस्या-समाधान कौशल, महत्वपूर्ण सोच, तर्क, अनुसंधान और नवाचार कौशल, कल्पना, रचनात्मकता और प्रभावी संचार को सम्मानित करने पर काम कर रहे हैं।

अनिवार्य डिजिटलीकरण को अपनाने के साथ, शिक्षकों को जूम, गूगल क्लासरूम, माइक्रोसॉफ्ट टीम्स आदि जैसे

प्लेटफार्मों का उपयोग करके अपने छात्रों के साथ संवाद करने और बातचीत करने के अधिक प्रभावी और कुशल तरीके खोजने पड़े हैं। उन्होंने स्लाइड या जैसे डिजिटल टूल पर अपने कौशल का सम्मान किया है। दस्तावेज साझा करना, व्हाइटबोर्ड, ब्रेकआउट रूम, ऑनलाइन कक्षाओं को अधिक इंटरैक्टिव बनाने और सक्रिय सीखने को बढ़ावा देने के लिए त्वरित चैट ने शिक्षकों के बीच सहयोग को भी प्रेरित किया है और उन्हें विभिन्न तकनीकों को आजमाने के लिए प्रेरित किया है, जैसे कि कहानियों और खेलों जैसे मूल कलाकृतियों को विकसित करना, समूह गतिविधियों को डिजाइन करना और महत्वपूर्ण अवधारणाओं को पेश करने के लिए वर्कशीट तैयार करना।

डिजिटल मॉडल प्रशिक्षकों को व्याख्यान-आधारित शिक्षण से स्थानांतरित करने और छात्रों को अधिक इंटरैक्टिव सीखने का अनुभव प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित करने में एक महत्वपूर्ण कदम रहा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि ऑनलाइन सीखने से छात्रों को अपनी गति से सीखने की अनुमति मिलती है और वे अपनी आवश्यकताओं के अनुसार संशोधित कर सकते हैं।[1]

लाभों के साथ प्रत्यक्ष अनुभव के बाद, वे ई-लर्निंग को अपने नए समाज का हिस्सा बना लेंगे। जैसे-जैसे प्रौद्योगिकी विकसित होती है, ऑनलाइन शिक्षण और सीखना जारी रहेगा, और शैक्षिक विशेषज्ञों का अनुमान है कि आने वाले अनिश्चित समय के साथ, हमें प्रौद्योगिकी और डिजिटलीकरण के लिए तैयार रहने की आवश्यकता है। जब हम इस नई दुनिया में आगे बढ़ेंगे तो यह तत्व बना रहेगा।

यद्यपि हमने इस महामारी का अंत नहीं देखा है, शिक्षण समुदाय यह सुनिश्चित करना जारी रखता है कि छात्रों के लिए सीखना बंद न हो। डिजिटलीकरण को तेजी से अपनाने से समर्थित आधुनिक शिक्षण पद्धति की प्रभावशीलता महामारी के बाद की दुनिया में आगे बढ़ने का रास्ता है। प्रौद्योगिकी यह सुनिश्चित करेगी कि प्रत्येक बच्चे की शिक्षा तक पहुँच हो और प्रत्येक शिक्षक बच्चों को अंत:क्रियात्मक रूप से ऐसी गति से पढ़ाने का तरीका खोजे जिससे बेहतर समझ और प्रतिधारण को बढ़ावा मिले। जिसके कारण आधुनिक युग में अधिगम और सरलीकृत हो गया है साथ ही विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धि में भी वृद्धि हुई है। विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धि ज्ञात करने के लिए निदानात्मक परीक्षण किया जाता है। मूल्यांकन के पश्चात् प्राप्त परिणामों के आधार पर निम्न श्रेणी प्राप्त विद्यार्थियों को अतिरिक्त कक्षाओं में अध्यापन कार्य कराया जाता है जिसके कारण शैक्षणिक उपलब्धि में भी परिवर्तन हुआ है।

समस्या का कथन :

समाकेतिक शिक्षा में शिक्षा के डिजिटलीकरण से विद्यार्थियों के शैक्षणिक उपलब्धि पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन, शोध एक उद्देश्यपूर्ण प्रक्रिया है जिसका एक निश्चित दिशा में निश्चित उद्देश्य होता है। प्रस्तुत शोध अध्ययन का उद्देश्य मुरादाबाद जिले के समाकेतिक

[1]Srivastav, D. N. (2010). Anushandhan Vidhiya. Agra: Sahitya Prakashan

शिक्षा के डिजिटलीकरण से विद्यार्थियों के अधिगम एवं उनके शैक्षणिक उपलब्धि में पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करना है। वर्तमान युग में शिक्षा के डिजिटलीकरण का विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास में सर्वोपरि स्थान है। इस परिस्थिति में प्रस्तुत शोध अध्ययन में यह अध्ययन करने का प्रयास है कि शिक्षा के डिजिटलीकरण का विद्यार्थियों के अधिगम एवं उनके शैक्षणिक उपलब्धि पर सकारात्मक प्रभाव होगा।

शोध के उद्देश्य :

1. समाकेतिक शिक्षा के महाविद्यालयों के छात्रों के शिक्षा में डिजिटलीकरण व उनके शैक्षणिक उपलब्धि के मध्य सम्बन्ध का अध्ययन करना।
2. समाकेतिक शिक्षा के महाविद्यालयों के छात्राओं के शिक्षा में डिजिटलीकरण उनके शैक्षणिक उपलब्धि के मध्य सम्बन्ध का अध्ययन करना।
3. समाकेतिक शिक्षा के महाविद्यालयों के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षा में डिजिटलीकरण उनके शैक्षणिक उपलब्धि के मध्य सम्बन्ध का अध्ययन करना।

शोध की परिकल्पना : विद्यार्थियों के शैक्षणिक उपलब्धि ज्ञात करने हेतु परिकल्पना

1. समाकेतिक शिक्षा के महाविद्यालयों के छात्रों में शिक्षा के डिजिटलीकरण व उनकी शैक्षणिक उपलब्धि के मध्य कोई सार्थक सम्बन्ध नहीं पाया जाएगा।
2. समाकेतिक शिक्षा के महाविद्यालयों की छात्राओं के शिक्षा में डिजिटलीकरण व उनकी शैक्षणिक उपलब्धि के मध्य काई सार्थक सम्बन्ध नहीं पाया जाएगा।
3. समाकेतिक शिक्षा के महाविद्यालयों के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षा के डिजिटलीकरण व उनकी शैक्षणिक उपलब्धि के मध्य कोई सार्थक सम्बन्ध नहीं पाया जाएगा।

शोध अध्ययन का क्षेत्र एवं परिसीमा : शोधकार्य करने हेतु मुरादाबाद जिले का चयन किया गया जिसके अंतर्गत मुरादाबाद जिले के 02 समाकेतिक शिक्षा के महाविद्यालयों का चयन किया गया तथा चयनित किये गये महाविद्यालयों से कुल 100 विद्यार्थियों का चयन किया गया।

संबंधित शोध साहित्य का अध्ययन:

1. बेंजिमन, थॉमस डॉन (2008) ने "विद्यालयी सुविधाओं और शैक्षिक उपलब्धि के मध्य सम्बन्ध" शीर्षक पर शोधकार्य किया और निष्कर्ष रूप में पाया कि साक्षात्कार के निष्कर्ष में पाया कि विद्यालय का भवन और विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि में कोई सम्बन्ध नहीं पाया गया। वहाँ जन समूह ने भी माना कि विद्यालयी भवन का विद्यार्थियों के अधिगम पर कोई सार्थक प्रभाव नहीं होता है। इन्होंने पाया कि विद्यालयी सुविधाओं की स्थिति एवं अध्यापकों और विद्यार्थियों की उपलब्धि के मध्य कोई सहसम्बन्ध नहीं पाया गया, क्योंकि शैक्षिक उपलब्धि को प्रभावित करने वाले बहुत से अन्य कारक हो सकते हैं। इसके लिए केवल भवन को उचित कहना ठीक नहीं है।
2. मिश्रा, के.एस. (2003) ने "शैक्षिक उपलब्धियों पर वैज्ञानिक प्रक्रियाओं व अधिगम वातावरण का प्रभाव।" शीर्षक पर प्रायोजनात्मक स्तरीय अनुसंधान कार्य किया। इन्होंने

अपने शोधकार्य में पाया कि विद्यार्थियों की उपलब्धि व अधिगम वातावरण के बीच सह सम्बन्ध के आधार पर बालकों की वैज्ञानिक उपलब्धि सकारात्मक रूप से एकता, विषमता, औपचारिकता व स्पर्धात्मकता से सम्बन्धित है जबकि नकारात्मक रूप से यह रुचि शून्यता/उदासीनता से सम्बन्धित है। बालिकाओं की वैज्ञानिक उपलब्धि व अधिगम वातावरण के आयामों–विषमता, गतिशीलता, सहजता, विरोधाभास, सृजनात्मकता व समानता से सम्बन्धित नहीं है।

चर :

स्वतंत्र चर – शिक्षा के डिजिटलीकरण,

आश्रित चर – शैक्षिक उपलब्धि

शोध विधि : प्रस्तुत शोध अध्ययन की प्रकृति को ध्यान मे ंरखकर शोधार्थी द्वारा सर्वेक्षण विधि को अपनाया गया है, क्योंकि शोध अध्ययन में आँकड़ों का संग्रह सर्वेक्षण विधि द्वारा सहजतापूर्वक किया जा सकता है।

जनसंख्या : प्रस्तुत शोध प्रबंध में जनसंख्या के अंर्तगत समाकेतिक शिक्षा में अध्ययनरत् मुरादाबाद जिले के 02 महाविद्यालयों का चयन किया गया है।

न्यादर्श : प्रस्तुत शोध प्रबंध में जनसंख्या के अंर्तगत मुरादाबाद जिले के 02 समाकेतिक शिक्षा में अध्ययनरत 100 छात्र–छात्राओं का चयन प्रस्तुत शोध प्रबंध में प्रतिदर्श के रूप में किया गया है।

उपकरण :

1. विद्यार्थियों के शिक्षा का डिजिटलीकरण ज्ञात करने हेतु डीम्पल रानी द्वारा निर्मित डिजीटलीकरण मापनी का प्रयोग किया गया।
2. विद्यार्थियों के शिक्षा का डिजिटलीकरण का शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव ज्ञात करने हेतु डॉ. विद्यावती माल्या, डॉ. के.सी. माल्या एवं एल.एन. दुबे द्वारा निर्मित शैक्षिक उपलब्धि मापनी का प्रयोग किया गया।

सांख्यिकीय विश्लेषण : उपकरण से प्राप्त प्राप्तांकों अथवा आँकड़ों को विभिन्न तालिकाओं में व्यवस्थित कर उनका विश्लेषण मध्यमान (ड) ए मानक विचलन (SD)ए क्रान्तिक अनुपात (CR)ए सहसम्बन्ध गुणांक (त) की गणना कर किया गया तथा दण्ड आरेख द्वारा प्रदर्शित कर व्याख्या की गयी।

परिकल्पनाओं का प्रमाणीकरण –समाकेतिक शिक्षा के महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के शैक्षणिक उपलब्धि का अध्ययन करना के अन्तर्गत परिकल्पित परिकल्पना Ho1 "समाकेतिक शिक्षा के महाविद्यालयों के छात्रों में शिक्षा के डिजीटलीकरण व उनकी शैक्षणिक उपलब्धि के मध्य कोई सार्थक सम्बन्ध नहीं पाया जाएगा।" का सत्यापन क्रन्तिक अनुपात की मदद से किया गया है, जिसके विश्लेषण से प्राप्त परिणाम को तालिका संख्या–1 में दर्शाया गया है–

तालिका संख्या - 1

शैक्षणिक उपलब्धि	छात्र		छात्राओं		'CR' मान	.05 सार्थकता स्तर, कत्रि 98 पर निष्कर्ष
	मध्यमान	मानक विचलन	मध्यमान	मानक विचलन		
शैक्षणिक उपलब्धि (कुल)	44.9	8.70	43.40	9.02	2कृ64	सार्थक

*.05 सार्थकता स्तर पर 'CR' का सारणी मान = 1.96



दण्ड आरेख संख्या-1 शैक्षणिक उपलब्धि मापनी पर छात्र एवं छात्राओं की संख्या, मध्यमान एवं मानक विचलन का दण्ड आरेख

विश्लेषण : उपरोक्त तालिका संख्या-1 में शैक्षणिक उपलब्धि मापनी पर प्राप्त छात्र एवं छात्राओं के प्रदत्तों के कुल शैक्षणिक उपलब्धि का मध्यमान क्रमशः 44.9 व 43.40 मानक विचलन क्रमशः 8.70 व 9.02 तथा 'CR' का मान 2.64 है, प्राप्त 'CR' का मान स्वतन्त्रता के स्तर df=98 पर सार्थकता के स्तर 0.05 पर सारणी मान=1.96 से अधिक है, अतः यह प्राप्त मान 0.05 सार्थकता स्तर पर सार्थक है।

परिणाम : प्रतिपादित परिकल्पना-1 में कुल शैक्षणिक उपलब्धि की परिकल्पना को स्वीकार किया जाता है, यह परिणाम इंगित करता है कि छात्र एवं छात्राओं के शैक्षणिक उपलब्धि के मध्यमान में सार्थक अन्तर नहीं है, अर्थात छात्र एवं छात्राओं के शैक्षणिक उपलब्धि में अन्तर व्याप्त नहीं है।

अध्ययन के उद्देश्य संख्या 2

"समाकेतिक शिक्षा के महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के शिक्षा के डिजिटलीकरण व उनके शैक्षिक उपलब्धि के मध्य सम्बन्ध का अध्ययन करना।" के अन्तर्गत परिकल्पित परिकल्पना Ho2 "समाकेतिक शिक्षा के महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के शिक्षा के डिजिटलीकरण व उनके शैक्षिक उपलब्धि के मध्य कोई सार्थक सम्बन्ध नहीं पाया जाएगा।" का सत्यापन r' परीक्षण के आधार पर किया गया है, जिसके विश्लेषण से प्राप्त परिणाम को तालिका संख्या-2 में दर्शाया गया है-

तालिका संख्या-2 समाकेतिक शिक्षा के महाविद्यालयों के शिक्षा के डिजिटलीकरण तथा अधिगम के मध्य 'r' मान

	N	मध्यमान	सहसम्बन्ध गुणांक ('r') मान	निष्कर्ष
शिक्षा के डिजिटलीकरण	100	80.34	0.978	मध्यम धनात्मक सह-सम्बन्ध तथा .05 सार्थकता स्तर पर सार्थक
अधिगम	100	75.85		

0.05 सार्थकता स्तर पर 'r' का सारणी मान = .088



समाकेतिक शिक्षा के विद्यार्थियों के शिक्षा के डिजिटलीकरण तथा अधिगम उपलब्धि के संख्या एवं मध्यमान

विश्लेषण : उपरोक्त तालिका संख्या-2 में शिक्षा के डिजिटलीकरण मापनी तथा अधिगम मापनी पर 200 विद्यार्थियों के प्रदत्तों का मध्यमान क्रमश: 80.34 व 75.85 है तथा शिक्षा के डिजिटलीकरण तथा अधिगम के मध्य प्राप्त 'r' का मान 0.978 है, यह प्राप्त मान .05 सार्थकता स्तर पर सार्थक है।

परिणाम : प्रतिपादित परिकल्पना-2 को अस्वीकार किया जाता है, प्राप्त 'r' का मान इंगित करता है कि विद्यार्थियों के शिक्षा के डिजिटलीकरण तथा अधिगम के मध्य सार्थक माध्यम धनात्मक सहसम्बन्ध है, अर्थात विद्यार्थियों के शिक्षा के डिजिटलीकरण तथा अधिगम के मध्य में महत्वपूर्ण सम्बन्ध व्याप्त है।

विवेचना : उपरोक्त परिणाम इंगित करते है कि अधिकतर विद्यार्थियों का शिक्षा का डिजिटलीकरण जिस स्तर का है उसी स्तर का उनका शैक्षिक उपलब्धि भी है। अत: परिणाम इंगित करता है कि विद्यार्थियों का शिक्षा का डिजिटलीकरण एवं शैक्षिक उपलब्धि एक ही दिशा में कार्य करते है। अर्थात् यदि विद्यार्थियों का शिक्षा का डिजिटलीकरण का स्तर उच्च है तो उन विद्यार्थियों का शैक्षिक उपलब्धि भी ज्यादातर उच्च स्तर का होता है तथा यदि विद्यार्थियों का शिक्षा का डिजिटलीकरण का स्तर निम्न है तो उन विद्यार्थियों का शैक्षिक उपलब्धि भी ज्यादातर निम्न स्तर का होता है।

अध्ययन के उद्देश्य संख्या 3

"समाकेतिक शिक्षा के महाविद्यालयों के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षा में डिजिटलीकरण व उनके शैक्षणिक उपलब्धि के मध्य सम्बन्ध का अध्ययन करना। के अन्तर्गत परिकल्पित परिकल्पना Ho3 समाकेतिक शिक्षा के महाविद्यालयों के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षा के डिजिटलीकरण व

उनकी शैक्षणिक उपलब्धि के मध्य कोई सार्थक सम्बन्ध नहीं पाया जाएगा।" का सत्यापन r' परीक्षण के आधार पर किया गया है, जिसके विश्लेषण से प्राप्त परिणाम को तालिका संख्या-3 में दर्शाया गया है-

तालिका संख्या - 3

समाकेतिक शिक्षा के महाविद्यालयों के विद्यार्थियों में शिक्षा के डिजिटलीकरण तथा शैक्षणिक उपलब्धि के मध्य 'r' मान

	N	मध्यमान	सहसम्बन्ध गुणांक ('r') मान	निष्कर्ष
शिक्षा के डिजिटलीकरण	100	80.34	0.957	मध्यम धनात्मक सह-सम्बन्ध तथा .05 सार्थकता स्तर पर सार्थक
शैक्षणिक उपलब्धि	100	88.35		

'0.5 सार्थकता स्तर पर 'r' का सारणी मान = .088



समाकेतिक शिक्षा के विद्यार्थियों के शिक्षा के डिजिटलीकरण तथा शैक्षणिक उपलब्धि के संख्या एवं मध्यमान

विश्लेषण : उपराक्त तालिका संख्या-3 में शिक्षा के डिजिटलीकरण मापनी तथा शैक्षणिक उपलब्धि मापनी पर 100 विद्यार्थियों के प्रदत्तों का मध्यमान क्रमशः 80.34 व 88.35 है तथा पारिवारिक वातावरण शिक्षा के डिजिटलीकरण तथा शैक्षणिक उपलब्धि के मध्य प्राप्त r' का मान 0.957 है, यह प्राप्त मान .05 सार्थकता स्तर पर सार्थक है।

परिणाम : प्रतिपादित परिकल्पना-3 को अस्वीकार किया जाता है, प्राप्त r' का मान इंगित करता है कि विद्यार्थियों के शिक्षा के डिजिटलीकरण मापनी तथा शैक्षणिक उपलब्धि मापनी के मध्य सार्थक मध्यम धनात्मक सहसम्बन्ध है, अर्थात विद्यार्थियों के शिक्षा के डिजिटलीकरण तथा शैक्षणिक उपलब्धि के मध्य में महत्वपूर्ण सम्बन्ध व्याप्त है।

विवेचना : उपरोक्त परिणाम इंगित करते है कि अधिकतर विद्यार्थियों का शिक्षा के डिजिटलीकरण जिस स्तर का है उसी स्तर की उनकी शैक्षणिक उपलब्धि भी है। परिणाम इंगित करता है कि विद्यार्थियों का शिक्षा के डिजिटलीकरण एवं शैक्षणिक उपलब्धि एक ही दिशा में

कार्य करते हैं। अर्थात् यदि विद्यार्थियों का शिक्षा के डिजिटलीकरण का स्तर उच्च है तो उन विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धि भी ज्यादातर उच्च स्तर की होती है तथा यदि विद्यार्थियों का शिक्षा के डिजिटलीकरण का स्तर निम्न है तो उन विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धि भी ज्यादातर निम्न स्तर की होती है।

निष्कर्ष : शैक्षणिक उपलब्धि के विकास में शिक्षा के डिजिटलीकरण की भूमिका अभिभावकों, शिक्षकों व विद्यार्थियों से अवगत करा विद्यार्थियों में शिक्षा के डिजीटलीकरण में विकास हेतु शैक्षिक अभिविन्यास कायर्क्रम का आयाजेन, व उत्तम शैक्षणिक उपलब्धि बनाये रखने हेतु उनमें समायोजन तथा संवेगात्मक स्थायित्व के विकास हेतु विद्यालय में कायर्क्रमों का संचालन व छात्रों को जिम्मेदारियां निर्धारण कर उनमें नेतृत्व के गुणों का विकास किया जा सकेगा तथा शिक्षा के डिजिटलीकरण का शैक्षणिक उपलब्धि के साथ अभीष्ट संबंध के महत्व को समझ विद्यार्थियों के व्यवहार में परिवर्तन, शिक्षा के क्षेत्रों में आवश्यक परिमार्जन कर शिक्षक तथा विद्यार्थी के मध्य उचित शैक्षिक वातावरण स्थापित किया जा सकेगा और प्रदत्त शिक्षा का उद्देश्य परिपूर्ण किया जा सकेगा।

शिक्षकों के लिये सुझाव :-

1. शिक्षा के डिजिटलीकरण, अधिगम एवं शैक्षणिक उपलब्धि के मध्य संबंध के महत्व के संदर्भ में अभिभावकों व छात्रों को जागरूक करना चाहिये।
2. शिक्षकों को विद्यार्थियों से सहानुभूति, मित्रतापूर्ण व्यवहार कर उचित शैक्षिक वातावरण का निर्माण व संबंध स्थापित करना चाहिये।
3. सभी विद्यार्थियों के साथ एक समान व्यवहार करना चाहिये।
4. विद्यार्थियों को विभिन्न शैक्षिक अवसरों की जानकारी प्रदान करना चाहिये।
5. विद्यार्थियों में सामाजिक दक्षता के गुणों को विकसित करने वाली गतिविधियों व कार्यक्रमों में भाग लेने के लिये प्रेरित करना चाहिये।

सन्दर्भ :

1. Srivastav, D. N. (2010). Anushandhan Vidhiya. Agra: Sahitya Prakashan.
2. Mangal, S. K. (2007). Essentials of educational psychology. New Delhi: Prentice-Hall of India Private Limited.
3. Thomson, R. (2007). The influence of family environment on mental health need and service use among vulnerable children. Chilled Welfare, 86(5), 57-74.
4. Shankar, S. P. & Jebaraj, R. (2006). Mental health of tsunami affected adolescent orphan children. Edutracks, 6(2), 38-40.
5. Shah, B. (1990). Familyclimate Scale. Agra: Kachahri Ghat, National Psychological Corporation.
6. राय, पी. (2010-11) अनुसंधान पश्रच्य, आगरा, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल पुस्तक प्रकाशन।
7. राठौर, (2008) माध्यमिक स्तर शिक्षा के माध्यम का विद्यार्थियों शैक्षिक रुचि एवं समायोजन पर प्रभाव। एम. एड., छत्रपति साहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर।

❑❑❑

सहायक आचार्य, शिक्षा संकाय, तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद (उ.प्र.)

समकालीन हिन्दी कविता में चित्रित पर्यावरण प्रदूषण (राजेश जोशी और ज्ञानेन्द्रपति के विशेष संदर्भ में)

—डॉ. सुनीता शर्मा
—निम्रता

सृष्टि के आरम्भ से ही पर्यावरण पृथ्वी पर निवास करने वाले प्राणियों के लिए जीवन दाता के रूप में भूमिका निभाता रहा है परन्तु फिर भी मानव अपने जीवन को सुखदाई बनाने के लिए प्रकृति को अपने ढंग से, अपने लाभ के लिए विनष्ट करता रहा है। उसके इन्हीं कृत्यों के कारण पर्यावरण परिवर्तित हो रहा है और आज बहुत बड़े ख़तरे से जूझ रहा है।

समकालीन से अभिप्राय है कि, "समकालिक, समसामयिक।"[1] अर्थात् जो वर्तमान से संबंध रखता हो, जिसमें यथार्थता हो, जिसमें ज्यों का त्यों वर्णन हो वह समकालीन कहलाता है। वर्तमान परिवेश एवं परिस्थितियों को चित्रित करने वाले हिन्दी साहित्य में बहुत से कवि एवं रचनाकार उभर कर सामने आए हैं। कविता का अर्थ है–कवि कर्म। समकालीन कवियों ने अपने कवि कर्म का निर्वाह करते हुए अपनी कविताओं की रचना की जिसमें उन्होंने अपने-अपने परिवेश में व्याप्त अद्यतन मुद्दों को चित्रित कर समाज के सामने लाने का प्रयास किया है। इस दृष्टि से यह कवि समकालीन कविता के पक्षधरता के रूप में सामने आते हैं। वर्तमान परिवेश को उद्घाटित करती समकालीन कविता को डॉ. हुकुमचन्द राजपाल ने इस तरह परिभाषित किया है, ''समकालीन कविता आदर्श को बिल्कुल नकारती है, वह जीवन और समाज के यथार्थ स्वरूप को व्यंजित करने में विश्वास रखती है। आज की विसंगतियों को ज्यों का त्यों वर्णित करना उसका लक्ष्य है।''[2] इस तरह समकालीन कविता आम आदमी की कविता भी मानी जाती है क्योंकि यह कविता आम जन से जुड़ी हुई है और उसके जीवन के हर एक पहलू को उद्घाटित करती हुई आगे बढ़ती है। इसमें उच्च वर्ग, निम्न वर्ग और समाज में त्रस्त तथा वह प्रत्येक जो पीड़ित है, उसकी दारूण स्थिति का वर्णन देखने को मिलता है जैसे कि ब्रजमोहन शर्मा ने समकालीन कविता को इस तरह परिभाषित किया है, ''समकालीन कविता नित्यप्रति उठने वाले प्रश्नों, महसूस होने वाली समस्याओं, टूटते-चरमराते मूल्यों, परिवर्तित संबंधों को अभिव्यक्ति देने वाली कविता है, इसलिए इसमें समकालीन जीवन की गंध है। समकालीन विसंगतियों और विद्रूपताओं को सही अभिव्यक्ति देने के फलस्वरूप डॉ. शंभूनाथ ने इस कविता को जनमानस की रामायण तक कह दिया है।''[3] इसके अतिरिक्त समकालीन का अन्य अर्थ समय से संबंधित भी लिया जा सकता है जैसे कि एक ही समय में रचना करने वाले कवि समकालीन कहलाते हैं। समकालीन हिन्दी कविता आज के व्यक्ति को केन्द्र में रख कर

चलती है और उसके जीवन में आने वाली समस्याओं, विसंगतियों को अपना विषय बनाती है। इस परिप्रेक्ष्य से हिन्दी कवि विजेन्द्र, ज्ञानेन्द्रपति, राजेश जोशी, आलोक धन्वा, मंगलेश डबराल, मनमोहन, अरूण कमल, उदय प्रकाश, विनय, अशोक वाजपेयी इत्यादि समकालीन कहे जा सकते हैं। इन्होंने वर्तमान समय में व्याप्त विसंगतियों को उभारने का प्रयास किया है।

हिन्दी जगत के रचनाकारों ने आधुनिक समय में व्याप्त ज्वलंत मुद्दों को अपनी रचनाओं में स्थान दिया। इन्होंने अपनी कविताओं में नारी, निम्न वर्ग, बाज़ारवाद, बाल मज़दूरी, पर्यावरण संबंधी आधुनिक समस्याओं को वर्णित किया। जिसमें पर्यावरण प्रदूषण एक गंभीर मुद्दा बनता जा रहा है। प्रस्तुत शोधालेख का लेखन मुख्य रूप से समकालीन कवि राजेश जोशी और ज्ञानेन्द्रपति की कविताओं में चित्रित पर्यावरण प्रदूषण को मुख्य रखते हुए किया जाएगा। राजेश जोशी का जन्म सन् 1946 में हुआ तथा इन्होंने छः कविता संग्रहों की रचना की। इनके समकालीन कवि ज्ञानेन्द्रपति का जन्म 1950 में हुआ और अब तक इनके आठ कविता संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं। इन दोनों कवियों ने अपनी कविताओं में क्रमशः आधुनिक संदर्भों को, औद्योगीकरण, मशीनीकरण, शहरीकरण, नारी स्वातंत्र्य, निम्न वर्ग, शिक्षा प्रणाली, कृषक जीवन, महंगाई, बेरोज़गारी, राजनीतिक भ्रष्टाचार, भोपाल गैस त्रासदी, पर्यावरण प्रदूषण इत्यादि को वर्णित किया हैं। समकालीन कवियों की रचनाओं में वर्णित पर्यावरण प्रदूषण को जानने से पूर्व पर्यावरण एवं प्रदूषण को जानना आवश्यक है, जिसे इस प्रकार जाना जा सकता है:-

सृष्टि के आरम्भ से ही पर्यावरण पृथ्वी पर निवास करने वाले प्राणियों के लिए जीवन दाता के रूप में भूमिका निभाता रहा है परन्तु फिर भी मानव अपने जीवन को सुखदाई बनाने के लिए प्रकृति को अपने ढंग से, अपने लाभ के लिए विनष्ट करता रहा है। उसके इन्हीं कृत्यों के कारण पर्यावरण परिवर्तित हो रहा है और आज बहुत बड़े ख़तरे से जूझ रहा है। पर्यावरण हमारे चारों ओर फैले भू, जल, वायु, ध्वनि के सम्मिलित रूप को कहा जाता है जिसमें पेड़-पौधे, पशु-पक्षी, जल, हवा इत्यादि शामिल है। मानव इनका मनमाने ढंग से उपयोग करके इन्हें प्रदूषित करता है। प्रदूषण से आशय है कि,''वातावरण को दूषित करने वाली वस्तु या बात, अशुद्ध करने वाला पदार्थ, तत्व वस्तु।''[4] जिसके कारण सम्पूर्ण मानवता एवं जीव जन्तुओं को बहुत सी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जैसे पृथ्वी पर फैले कूड़े कर्कट के कारण उनके रहने के लिए जगह कम पड़ रही है, उनको पीने के लिए गंदा जल मिलता है, दूषित वायु में सांस लेना पड़ता है जिस कारण मानव तरह-तरह की बीमारियों का शिकार हो रहा है और उसका जीवन समय के पहले खत्म हो रहा है। इनका दुष्प्रभाव मानव के साथ-साथ जीव जन्तुओं पर भी पड़ रहा है। इन स्थितियों को देखते हुए पर्यावरण असंतुलन के प्रति सामान्य मानव ही नहीं बल्कि कवियों ने भी चिंता व्यक्त की है। राजेश जोशी और ज्ञानेन्द्रपति सजग समकालीन रचनाकार हैं। उनका कवि हृदय पर्यावरण के प्रति संवेद्य है इसलिए इन रचनाकारों ने पर्यावरण को अपनी कविताओं का विषय बनाया है और सम्पूर्ण मानवता को प्रदूषण के प्रति सचेत करने के लिए लेखन किया है जिस पर आगे प्रकाश डाला जा रहा है:-

भू प्रदूषण:-

भू पर्यावरण में वह सभी जीव-जन्तु, पशु-पक्षी, जानवर, पेड़-पौधे इत्यादि शामिल हैं जो भूमि पर निवास करते हुए अपने जीवन का निर्वाह करते हैं। भू पर्यावरण आज कई कारणों से प्रदूषित हो रहा है जिसमें पेड़ों की कटाई, प्लास्टिक, घरेलू कूड़ा कर्कट इत्यादि शामिल हैं।

आलोच्य कवि जोशी ने वृक्षों की खत्म हो रही संख्या के प्रति चिंता व्यक्त की है क्योंकि वृक्ष हमें आक्सीजन देते हैं। जिससे मानव जिंदा रहता है अर्थात् वृक्ष ही जीवन दाता है इनके अभाव में पृथ्वी पर मानव का जीवन असंभव है। मानव के जीवन में इनका इतना महत्व होने के बाद भी मानव इन्हें काट रहा है। जोशी ने पहाड़ों से लकड़ी काट कर आ रहे लकड़हारों को इस तरह वर्णित किया है :–

''लकड़हारे अक्सर रास्तों में मिलते थे, / जो लाते थे पहाड़ों से लकड़ियाँ, / और गाँव में बेचते थे। / पहाड़ों पर घूमते / लकड़हारे अक्सर मिल जाते थे, / सिर पर लकड़ियों का गट्ठर लादे।''[5]

तत्पश्चात् जोशी ने निरंतर कट रहे वृक्षों पर चिंता व्यक्त की है कि मानव अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए इन्हें काट रहा है जिससे पृथ्वी पर आगामी बहुत सी समस्याएँ उत्पन्न हो सकती हैं। वृक्षों के निरंतर कम होने पर आने वाली समस्याओं को सोच कवि जोशी चिंतित है इसलिए वह इनकी कटाई पर अपनी प्रतिक्रिया को इस तरह व्यक्त कर रहे हैं:–

''यहाँ वृक्ष काटे जा रहे हैं लगातार! / अकाल या महामारी में जिस तरह लोग बाग छोड़ कर
चले जाते हैं अपने घर बार, / छायाएँ छोड़ कर जा रही हैं अपनी जगह!''[6]

इसी तरह ज्ञानेन्द्रपति ने झारखण्ड में महुआ के वृक्ष की कटाई पर प्रकाश डाला है। महुआ से आशय है कि,''एक प्रसिद्ध पेड़ जिसके फूल, फल खाने और लकड़ी ईंधन तथा इमारती कामों में आती है।''[7]

मानव इनको बेचने के लिए बड़ी मात्रा में काटता है और इनके पत्तों एवं फलों को बेच कर धन प्राप्त करता है। इसका प्रयोग खाने, शराब बनाने और लकड़ी के लिए किया जाता है। इसके बीज के रस को निकाल कर पूरियाँ बनाई जाती हैं और इसका पेस्ट बना कर, इसे आटे में मिला कर, इसकी रोटियाँ बनाई जाती है तथा इसके फूलों से शराब को बनाया जाता है। इसके खाने में किए जाते अन्य इस्तेमाल को ज्ञानेन्द्रपति ने इस तरह प्रकट किया है:–

''प्राय: तो पान के एक रंगीनमिज़ाज पत्ते का पर्यंक बनने / एक गिलौरी की सेज / टूट आता है महुए का एक हथेली भर पत्ता / रसज्ञ नगर के मुख के इतना क़रीब तक / पनरस–पगे बतरस तक, कुछ देर ठिठका हुआ / तम्बाकू से मदहोश, चूने से बिन्धा, चकराता।''[8]

मानव ने अपनी सुविधाओं के लिए बिजली एवं टेलीफोन का आविष्कार किया है जिसे मानव तक पहुँचाने के लिए बहुत से वृक्षों का होम किया तथा उनके पत्तों को काट कर छोटे कर दिया। इस तरह के वृक्षों को देख कवि ज्ञानेन्द्रपति को बड़ा दु:ख होता है जिसे उन्होंने इस प्रकार प्रकट किया है:–

''उनका ऊँचा सिर / कलम कर दिया गया एक दोपहर / एक लम्बी–सी सीढ़ी लगा कर / देखना यह है / वसंत इनके साथ अबके क्या करता है।''[9]

इसके बाद समकालीन कवि लीलाधर मंडलोई ने भी वृक्षों की कटाई के प्रति चिंता व्यक्त की है तथा इनके अभाव में पक्षी अपने घोंसलों के लिए जगह–जगह भटक रहे हैं जैसे कि:–

''लपलपाती कुल्हाड़ियाँ हैं हर तरफ़, / पेडॉक काँपते हैं जड़ों तक, / बदलती हैं चिड़ियाँ घोंसलें।''[10]

वृक्षों के कम होने से प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है जिससे भू पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है जिस कारण मानव एवं जीवों के जीवन पर खतरा मंडरा रहा है इसलिए इन कवियों ने हमें इस बढ़ते खतरे के कारणों से परिचित करवाने का प्रयास किया है।

जल प्रदूषणः-

जल से अभिप्राय है कि, ''वारि, पानी, पानी का स्थान।''[11] अर्थात् पानी एवं पानी के स्रोत, यहाँ से पानी को प्राप्त किया जा सकता है, जिसमें नदियां, झीलें, समुद्र इत्यादि सभी सोते जल-पर्यावरण के अंतर्गत आते हैं।

जल मानवीय जीवन का अहम् हिस्सा है। जल आज कई कारणों से प्रदूषित हो रहा है, जैसे कि मल-मूत्र, लिफ़ाफे, प्लास्टिक, साबुन, कारखानों से निकलने वाले पदार्थ जिसमें रसायन, अम्ल, क्षार, तेल, वसा, रासायनिक लवण, रंग रोगन, चर्म, शोधन, कीटनाशक, रासायनिक उर्वक, सीसा, पारा, उष्ण जल इत्यादि से दूषित हो रहा है। इस प्रदूषित जल का प्रयोग करने से मनुष्य हैजा, उल्टी, टाइफाइड, पीलिया और पोलियो जैसी बीमारियों का शिकार हो रहा हैं। दूषित जल का प्रयोग करने से जलीय जीवों का जीवन खत्म हो रहा है। इसके दुष्प्रभाव को देखते हुए कवियों ने इसे अपनी कविताओं का विषय बनाया।

सारी वनस्पति पानी से ही फलती फूलती है और इनको ज्यादातर बारिश से ही जल मिलता है तथा यह जल इनके लिए बहुत लाभदायक होता है जिससे वह बिना रुकावट विकास करते हैं। गर्मी में उमस के दिनों में बारिश न होने पर सभी प्राणी गर्मी से बेहाल होते हैं और वनस्पति भी अच्छी तरह से विकसित नहीं हो पाती तथा सूख जाती है। सावन के महीने में ट्रेन में सफर करते हुए बारिश के अभाव में त्रस्त लोगों एवं खराब फसलों को देख कवि जोशी ने आगामी संकट को इस तरह वर्णित किया है:-

''आषाढ़ के बादल बिना बरसे ही इस बार / उत्तर भारत से फरार हो गए थे / मानसून से पहले की फुहारें भी इन इलाकों / में नहीं पड़ी थीं / और चौपट हो चुकी थी सोयाबीन की सारी फसल।''[12]

इसके पश्चात् कवियों ने गंगा नदी के जल में बढ़ रहे प्रदूषण को वर्णित किया है कि मानव आज उसमें कपड़े धो रहा है और अपशिष्ट पदार्थों को जल में फेंक देता है जैसे कि ज्ञानचंन्द्र गुप्त की प्रस्तुत पंक्तियों से पता चलता है:-

''पानी बस इतना, कि धोबी घाट के पाट से / कपड़े पटकने की, आती रहे आवाज़।''[13]

वहीं नदियों के जल में साबुन को मिलता देख कवि ज्ञानेन्द्रपति भी चिंतित दिखाई देते हैं जैसे कि:-

''वह एक साबुन है / साबुन की एक साबुत बट्टी / रैपर से खुलकर, प्रस्तुत पड़ी / जल-डूबी घाट-सीढ़ी के ऊपर / सूखी घाट-सीढ़ी पर / एक नीली साबुन-बट्टी।''[14]

इसके साथ-साथ मानव ने शहरों के गंदे नालों को भी नदियों के साथ मिला दिया है जिससे वह गंदे नाले का पानी शुद्ध जल में मिलकर उसे भी विष बना देता है जैसे कि:-

''गंगा में जहाँ वह, नगर का नाला खुलता है / गंदा हुआ तो क्या, कलरव करता है।''[15]

तत्पश्चात् मानव फैक्ट्रियों से निकलने वाले प्रदूषकों को भी नदी के जल में मिलाकर इसे प्रदूषित कर रहा है जो कि प्रस्तुत पंक्तियों से स्पष्ट है:-

''आह! लेकिन / स्वार्थी कारखानों का तेजाबी पेशाब झेलते / बेंगनी हो गई तुम्हारी शुभ्र त्वचा।''[16]

इस गंदे जल ने शुद्ध जल को प्रदूषित ही नहीं किया बल्कि उसमें रहने वाले बहुत से जीव-जन्तुओं को भी मार दिया है जिन की मृत्यु से पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है, इसलिए कवि ने उन जीवों के दर्द को नदी का मानवीकरण कर उससे प्रदर्शित करवाया है जैसे कि:-

''गंगा का जी कँपता है / इस बदहाली में भी उसके जल में / पलती है मछलियाँ / और उन मछलियों पर पलते हैं कछुए / जिनके बीच सख्तखोल घोंघे / कवचधारी घोंघे।

ओंह! उनके लिए / गंगा का जी कँपता है / अपने जलजीवों के लिए / और अपने उन थलजीवों के लिए भी।''[17]

गंगा का जल इतना अधिक प्रदूषित हो गया है कि वह जल में रहने वाले जीव-जन्तुओं को तो खत्म करता ही है बल्कि उसका सेवन करने वाले पशु-पक्षी भी इसका शिकार हो जाते हैं। गंगा के प्रदूषित जल के प्रभाव को कवि अरूण कमल ने इस तरह वर्णित किया है:-

''गंगा के ऊपर उड़ता हुआ पक्षी / विष की थाह से झुलस जाएगा / कि एक दिन गंगा / नहीं रहेगी और फिर गंगा / वे रख गए हैं गंगा के द्वार पर विषपात्र। / षड़यंत्र, गंगा के साथ भी षड़्यंत्र।''[18]

इसके अतिरिक्त गंगा के जल के प्रति बनी धारणाएँ भी खत्म होती जा रही हैं कि इसके जल से मानव रोग मुक्त हो जाता है परन्तु आज स्थिति यह है कि उसके जल को पीने से मानव अपने रोगों से मुक्ति की बजाय अपने शरीर से मुक्ति पा लेता है जिसे कि कवि ज्ञानेन्द्रपति ने इस तरह वर्णित किया है:-

''और कल की उसकी अमरित-बूँद आज / चंगे को बीमार करने वाली / और बीमार के लिए तो / सचमुच मोक्षदा साबित होने वाली अकाल ही।''[19]

कवियों ने प्रदूषण के दुष्प्रभाव से समस्त सजीव प्राणियों के जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव से परिचित करवाया है और पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया है।

वायु प्रदूषण:-

वायु से अभिप्राय है कि, ''हवा, पाँच तत्वों में से एक जो पृथ्वी के चारों ओर ऊपर आकाश तक व्याप्त है, जिससे सब प्राणी साँस लेते हैं।''[20] अर्थात् पवन जो हर जगह व्याप्त है, जिसमें बहुत सी गैसें विद्यमान रहती हैं, जिससे पृथ्वी पर प्राणियों का जीवन संभव है, वह वायु कहलाती है।

वायु के बिना मानव का जीवन असंभव है। वायु आज कई कारणों से प्रदूषित हो रही है जिसमें कारखानों, मोटर वाहनों, भट्टों से निकलने वाली गैसें एवं धुआँ, लिफाफे, प्लास्टिक के जलने से निकलने वाला धुआँ इत्यादि वायु को प्रदूषित कर रहे हैं। हवा के दूषित होने के कारण पृथ्वी पर निवास करने वाले प्रत्येक प्राणी का जीना दूभर हो गया है।

इसी तरह उद्योगों से निकलने वाला धुआँ भी सभी जीवों के लिए हानिकारक है और कभी-कभी फैक्ट्रियों से गैस का रिसाव हो जाता है जो कि बहुत ज्यादा खतरनाक होता है, जैसे कि जोशी ने अपनी कविता 'हवा' में भोपाल में हुए गैस रिसाव से प्रदूषित हुई वायु को देखकर कवि बहुत व्यथित होते हैं और उन्होंने इसको अपनी कविता में इस तरह से वर्णित किया है:-

''हवा को डस लिया है, किसी करात ने / या कौड़िया साँप ने, लहर मारता है जहर / थरथराता है रह-रहकर, हवा का बदन।''[21]

इसी के साथ आग से निकलने वाला धुआँ भी वायुमंडल को प्रदूषित करता है। मानव अपने कई कार्य आग से करता है जैसे खाना बनाना, मृत व्यक्ति को जलाना इत्यादि। इसके लिए वह लकड़ियों को जलाता है जिससे धुआँ निकलता है और यही धुआँ हवा को दूषित करता है जैसे कि कवि ने 'सुब्हे बनारस' कविता में मणिकर्णिका घाट (जो कि वाराणसी में है) पर निरंतर जलने वाली चिताओं से निकलने वाले धुएँ से होने वाले वायु प्रदूषण को वर्णित किया है, क्योंकि इस घाट के बारे में कहा जाता है कि यहाँ पर अग्निदाह करने पर मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसलिए यहाँ पर दिन-रात चिताएँ जलती रहती हैं इससे दूषित होती वायु को देख कवि जोशी वायु पर्यावरण के प्रति इस तरह चिंता व्यक्त करते हैं:-

''मणिकर्णिका घाट पर धू-धू करती कोई चिता जलती थी / घाट के पीछे बने पत्थर के गलियारों की दीवार पर / लगता था सदियों की कालिख जमा थी।''[22]

इसके पश्चात् कवियों ने फैक्ट्रियों से निकलने वाले धुएँ को वर्णित किया है कि मानव अपने स्वार्थ हेतु वायु पर्यावरण की परवाह न करते हुए इनको बढ़ावा देता है जैसे कि फैक्ट्रियों को चलाने वाले मालिक स्वयं तो इनसे धन प्राप्त करते ही हैं परन्तु इन्होंने दूसरों का जीना भी दूभर कर दिया है, क्योंकि इन्होंने उनकी शुद्ध वायु को प्रदूषित कर दिया है जैसे कि प्रस्तुत पंक्तियों से स्पष्ट है:-

''पेड़ों के बीच अदीख / खड़ी, उर का आक्रोश उलीचती वह करियाई चिमनी / हवा के हवाले करती अपना जहरीला धुआँ कि, आत्मसुखी / चौमुखी विनाश-कामना।''[23]

इसके अतिरिक्त मानव युद्धों में या चट्टानों को तोड़ने के लिए बारूद का इस्तेमाल करता है जिसके फटने से बहुत मात्रा में धुआँ उत्पन्न होता है और जो वायु को प्रदूषित करता है जैसे कि:-

''और फटाफट धड़ाधड़ / चालू हो जाएँगे क्रशर / बारूद की गन्ध फैल जाएगी हवा में / उनके टूटने की गन्ध के ऊपर / और वे बोल्डरों में गिट्टियों में खण्ड-खण्ड हो जाएँगे।''[24]

इनके अतिरिक्त भारत में ईंटों को बनाने वाले बहुत से भट्ठे चलते हैं उन भट्ठों की चिमनियों से अत्याधिक मात्रा में धुआँ निकलता हैं जिसका दुष्प्रभाव वृक्षों के साथ-साथ पक्षियों पर भी पड़ता है जैसे कि राधेश्याम तिवारी की प्रस्तुत पंक्तियों से स्पष्ट है:-

''टूटे-फूटे रास्तों की धूल-धक्कड़ ने / भट्ठे की चिमनी के उगलते धुएँ ने / पेड़ों के पत्तों की हरीतिमा को / बुरी तरह ढँक लिया है / जैसे पोत दी हो कालिख उन पर / आम के पेड़ बिन बौराये ही / साँस थामे असहाय से खड़े हैं / डाल पर बैठी कोयल हुई उदास / कैसे कूके बेचारी गंध के बिना / प्रदूषण की इस आबोहवा में।''[25]

कवियों ने इन कविताओं के माध्यम से वायु को प्रदूषित करने वाले कारणों पर प्रकाश डालते हुए इससे होने वाले नुकसान से परिचित करवाने का प्रयास किया है तथा वायुमंडल को शुद्ध रखने के लिए मानव को प्रेरित करने का प्रयास किया है।

ध्वनि प्रदूषण:-

ध्वनि से तात्पर्य है कि, ''शब्द, आवाज़, आवाज़ की गूँज।''[26] अर्थात् जिन उपकरणों से हम किसी ध्वनि को सुनते हैं वह सब ध्वनि के स्रोत कहलाते हैं जैसे मोटर गाड़ी, रेलगाड़ी, कारखानों की मशीनें, गोलाबारी, जीव-जन्तुओं इत्यादि द्वारा उत्पन्न ध्वनियाँ। ध्वनि हमारे जीवन को संचारित करती है परन्तु जब ध्वनि हमारे कानों को प्रिय न लगे और हम उसे समझने में सक्षम न हों तथा वह

ध्वनि हमारी श्रवण इंद्रियों को बाधित कर मानसिकता को कुंद करे उसे ध्वनि प्रदूषण कहा जाता है। अधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले यंत्रों के कारण मानव को बहुत सी शारीरिक बीमारियों का शिकार होना पड़ता है जैसे अनिद्रा, रक्त चाप, हृदय रोग, मानसिक तनाव इत्यादि समस्याओं का सामना करना पड़ता है। आधुनिक कवि जोशी और ज्ञानेन्द्रपति बढ़ते ध्वनि प्रदूषण के प्रति भी चिंतित हुए हैं और उसे भी अपनी कविता में शामिल किया जिसमें मंत्री की गाड़ी के साइरन और पटाखों से निकलने वाली ध्वनियों को चित्रित किया है जिन पर आगे प्रकाश डाला जा रहा है:-

मंत्री जो देश और राज्य के कार्य भार को संभालते हैं तथा जिन्हें लोगों द्वारा अपना वोट डाल कर चुना जाता है। बहुमत प्राप्त करने पर वह आम से खास बन जाते हैं और उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कड़े इंतजाम किए जाते हैं जैसे उनकी रक्षा के लिए गार्ड दिए जाते हैं जो दिन-रात उनके साथ या आस-पास रहते हैं और कहीं जाने पर उनके साथ ही उनके आगे-पीछे वाली गाड़ियों में होते हैं। मंत्री के आगे वाली गाड़ियों पर साइरन लगे होते है जिन्हें रोड पर बार-बार बजाया जाता है ताकि उनके लिए पुलिस कर्मचारी रास्ता खाली करवा सके। मंत्रियों की गाड़ी के निरंतर बजने वाले हार्न से उत्पन्न होने वाली ध्वनि को कवि जोशी ने इस तरह व्यक्त किया है:-

''साइरन बजाती इस गाड़ी के पीछे-पीछे / बहुत तेज़ गति से आ रही होगी किसी मंत्री की कार।''[27]

तत्पश्चात् कवि ज्ञानेन्द्रपति ने त्यौहारों पर होते ध्वनि प्रदूषण को वर्णित किया है, जैसे दीवाली के समय इतने ज्यादा पटाखे चलाए जाते हैं जिसके शोर से बूढ़े-बुजुर्ग तो परेशान होते ही हैं पशु-पक्षी भी त्रस्त होते हैं, वह भी अपने घोंसलों से बाहर नहीं निकलते हैं। वह इस ध्वनि से बेहाल हो जाते हैं क्योंकि यह शोर उनके कानों को कष्ट देता है जिससे वह चिड़चिड़े हो जाते हैं। कवि ज्ञानेन्द्रपति ने ध्वनि प्रदूषण के पड़ने वाले प्रभाव को इस तरह व्यक्त किया है:-

''फिर छूटा एक पटाखा / बच्चों के आनन्दित शोर के शिखर पर / एक पल को करता उन्हें भी स्तब्ध / चिहुँककर बुदबुदाए बूढ़े दादा / अपनी आरामकुर्सी में कसमसाए / उड़ गई चिड़ियाएँ / घरों के मुँडेरों पर से।''[28]

प्रस्तुत कवियों ने ध्वनि प्रदूषण के जगत पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव पर प्रकाश डाला है कि अत्याधिक ऊँची ध्वनि भी मानव के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि उपरोक्त आधुनिक कवि राजेश जोशी और ज्ञानेन्द्रपति अपनी कविता में इन्द्रधनुषी रंगों के साथ उपस्थित हुए है पर उनका प्रकृति प्रेम भी सराहनीय है इसलिए उन्होंने प्रकृति को अपनी लेखनी का विषय बनाया है। इन्होंने प्रदूषित होते परिवेश के प्रति गहरी चिंता व्यक्त की है तथा इनसे संबंधित समस्याओं को उभारने का प्रयास किया है। इन कवियों ने पाठकों का ध्यान पर्यावरण की तरफ आकर्षित करने का प्रयास किया है क्योंकि अगर पर्यावरण स्वच्छ रहेगा तो हम भी स्वस्थ रहेंगे इसलिए इन्होंने मानव को पर्यावरण के आगामी संकट के प्रति सचेत तथा सजग करने का प्रयास किया है ताकि वह अपनी भावी पीढ़ियों को साफ तथा शुद्ध वातावरण दे सके। इन रचनाकारों ने पर्यावरण असंतुलन के दुष्प्रभावों से परिचित करवाते हुए इसे शुद्ध रखने के लिए मानव, समाज तथा सरकार को प्रेरित किया है।

कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि आज का कवि पारखी एवं सूक्ष्म दृष्टि का स्वामी है। उन्होंने पर्यावरण प्रदूषण का बहुपक्षीय अध्ययन कर उसके सम्मुख खड़ी हुई समस्याओं को चित्रित करते हुए सरकार, समाज का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया है जिससे प्रदूषित हुए परिवेश को तो शुद्ध बनाया जा सके और मानव पर पड़े उस प्रदूषण के हानिकारक परिणामों को कम किया जा सके।

संदर्भ :

1. प्रभात बृहत् हिन्दी शब्दकोश, धर्मेन्द्र वर्मा (संपा.) (भाग-2) नई दिल्ली : प्रभात प्रकाशन, 2010, पृ-2453
2. हुकुमचन्द राजपाल, समकालीन बोध और धूमिल का काव्य, दिल्ली : कोणार्क प्रकाशन, 1980, पृ-10
3. ब्रजमोहन शर्मा, समकालीन कविता और लीलाधर जगूड़ी, नई दिल्ली : नालन्दा प्रकाशन, 1993, पृ-12
4. राजकमल बृहत् हिन्दी शब्दकोश, पुष्पपाल सिंह (संपा.), नई दिल्ली : राजकमल प्रकाशन, 2017, पृ-720
5. राजेश जोशी, धूपघड़ी, नई दिल्ली : राजकमल प्रकाशन, 2002, पृ-34
6. राजेश जोशी, नेपथ्य में हँसी, नयी दिल्ली : राजकमल प्रकाशन, 1994, पृ-77
7. बृहत् हिन्दी कोश, कालिका प्रसाद (संपा.), वाराणसी : ज्ञानमण्डल, 2001, पृ-1156
8. ज्ञानेन्द्रपति, गंगा-बीती, दिल्ली : सेतु प्रकाशन, 2019, पृ-136
9. वहीं, पृ-147
10. लीलाधर मंडलोई, घर-घर घूमा, दिल्ली : शिल्पायन, 2010, पृ-69
11. प्रभात बृहत् हिन्दी शब्दकोश, धर्मेन्द्र वर्मा (संपा.) (भाग-1) नई दिल्ली : प्रभात प्रकाशन, 2010, पृ-970
12. राजेश जोशी, चाँद की वर्तनी, नई दिल्ली : राजकमल प्रकाशन, 2006, पृ-21
13. पृथ्वी के पक्ष में (कविता-झरही), राधेश्याम तिवारी (संपा.), दिल्ली : इन्द्रप्रस्थ प्रकाशन, 2006, पृ-263
14. ज्ञानेन्द्रपति, गंगातट, नई दिल्ली : राधाकृष्ण प्रकाशन, 1999, पृ-20
15. वहीं, पृ-62
16. वहीं, पृ-20
17. वहीं, पृ-21
18. अरूण कमल, अपनी केवल धार, दिल्ली : वाणी प्रकाशन, 1980, पृ-63
19. ज्ञानेन्द्रपति, गंगातट, नई दिल्ली : राधाकृष्ण प्रकाशन, 1999, पृ-22
20. राजकमल बृहत् हिन्दी शब्दकोश, पुष्पपाल सिंह (संपा.), नई दिल्ली : राजकमल प्रकाशन, 2017, पृ-720
21. राजेश जोशी, धूपघड़ी, नई दिल्ली : राजकमल प्रकाशन, 2002, पृ-86
22. राजेश जोशी, चाँद की वर्तनी, नई दिल्ली : राजकमल प्रकाशन, 2006, पृ-24
23. ज्ञानेन्द्रपति, गंगातट, नई दिल्ली : राधाकृष्ण प्रकाशन, 1999, पृ-50
24. ज्ञानेन्द्रपति, संशयात्मा, नई दिल्ली : राधाकृष्ण प्रकाशन, 2004, पृ-23
25. पृथ्वी के पक्ष में (कविता-गाँव में भी), राधेश्याम तिवारी (संपा.), दिल्ली : इन्द्रप्रस्थ प्रकाशन, 2006, पृ-320
26. राजकमल बृहत् हिन्दी शब्दकोश, पुष्पपाल सिंह (संपा.), नई दिल्ली : राजकमल प्रकाशन, 2017, पृ-446
27. राजेश जोशी, दो पंक्तियों के बीच, नई दिल्ली : राजकमल प्रकाशन, 2014, पृ-24
28. ज्ञानेन्द्रपति, संशयात्मा, नई दिल्ली : राधाकृष्ण प्रकाशन, 2004, पृ-244

❒❒❒

1. एसोसिएट प्रोफेसर, हिन्दी-विभाग, गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर।
2. शोधछात्रा, हिन्दी-विभाग, गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर।

रामचरित मानस की वर्तमान में प्रासंगिकता

—सोनिया

महाकवि तुलसीदास ने मानस में दुर्गुणों को समाप्त करने के अनेक उपाय बतलाए हैं। वे अपने साहित्य से सभी के लिए कल्याणकारक सन्तप्रवृत्ति के समाज की रचना करने में सफल हुए हैं। उनका सम्पूर्ण सृजन विशेषतः रामचरित-मानस आज ही नहीं, भविष्य में भी उसी प्रकार सदुपयोगी तथा प्रासंगिक रहेगा। जो लोग सत्य और प्रेम सामीप्य का रसानंद पान करना चाहते हैं, शबरी और अहिल्या की भाव विह्वलता उनके विश्वास को दृढ़ करती है।

रामचरितमानस हिंदी साहित्य की अनुपम रचना है, जो लोक-शिक्षा, लोक-प्रेरणा, लोकोपदेश, लोक-व्यवहार तथा लोकाचार की पुण्य ज्ञानगंगा को प्रवाहित करती है। मानवीय सत्यता से परिपूर्ण यह ग्रन्थ न केवल तुलसी के समूचे युग की व्यवाहरिकता व सैद्धान्तिकता को दर्शाता है अपितु वर्तमान व भविष्य के मूल्यों की झलक और नैतिकता के पोषण का अतुलनीय कार्य करता है। गोस्वामी तुलसीदास के इस महान ग्रन्थ में पाठकों को लोकानुभव जन्य अनेक ऐसे सदुपदेश उपलब्ध होते हैं जिनके द्वारा समाज बुराइयों से सजग रहकर भलाई की ओर सरलता से अग्रसर हो सके और अपने जीवन तथा समाज को सुखी बना सके। गोस्वामीजी के समय में कलयुग के प्रभाव से तथा विदेशी शासकों के अनाचार के कारण लोगों में नैतिकता का पतन हो गया था। राजा, प्रजा, वर्ण, समाज सभी ने बौद्धिक चेतना का परित्याग कर दिया था जिसके कारण समाज में अनैतिकतापूर्ण दुराचार व्याप्त हो गया था। समाज में कोई भी नियमों का पालन नहीं करता था। इस स्थिति का अवलोकन करके गोस्वामीजी की आचारवादी और मर्यादावादी भावना को अवश्य ही गहरी ठेस पहुँची होगी। इसीलिये उन्होंने रामचरितमानस में पग-पग पर नीति-निरूपण करते हुए समाज को सदाचार, मर्यादा पालन, नियम-पालन आदि की शिक्षा तथा प्रेरणा दी है।

मुख्य शब्द : राजनीति, समरसता, सदाचरण, नैतिकता, व्यावहारिकता, मानवीय सत्यता, रामराज।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने स्वराज के बाद जिस सुराज रूपी रामराज की कल्पना की थी, वह तुलसीदास जी ने अपने मानस के उत्तरकाण्ड में रामराज्य की विशिष्टताओं के साथ वर्णित किया है। नवजीवन पत्र में गांधी जी तुलसी के मानस के बारे में बार-बार लिखते रहते थे कि रामराज्य फिर से स्थापित हो। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त ने भी साकेत में मानसकार का ऋणी होना स्वीकार किया है।

आज मानस और तुलसीदास पर नारी विमर्शवादियों के तीखे आक्रमण होते हैं कि उन्होंने नारी के प्रति न्यायपूर्ण शब्दों का प्रयोग नहीं किया। तुलसी ने रामचरितमानस के नारीपात्रों सुनयना, कौशल्या, सुमित्रा, सीता, अनुसुइया, शबरी आदि के चरित्र में ऋषि चेतना द्वारा प्रदत्त मूल्य, मान, मर्यादा को देखा और प्रशंसनीय भावों को उनसे जोड़ा तथा कामरूपी शूपर्नखा, क्रोधरूपी ताड़का, लोभरूपी मन्थरा और अहंकाररूपी लंकिनी को उचित दण्ड दिलवाया, जबकि मोह रूपी त्रिजटा को जगतजननी सीताजी की सेविका के रूप में परिवर्तित होने के कारण छोड़ा क्योंकि जगत में काम, क्रोध, लोभ, अहंकार तो त्यागने ही हैं, पर सात्विक मोह तो प्रभु के साथ जोड़ता है।

"जननीसम जानहिं पर नारी। तिन्ह के मन सुभ सदन तुम्हारे।।" (अयोध्याकाण्ड पृष्ठ 33)[1]

महाकवि तुलसीदास ने मानस में दुर्गुणों को समाप्त करने के अनेक उपाय बतलाए हैं। वे अपने साहित्य से सभी के लिए कल्याणकारक सन्तप्रवृत्ति के समाज की रचना करने में सफल हुए हैं। उनका सम्पूर्ण सृजन विशेषत: रामचरितमानस आज ही नहीं, भविष्य में भी उसी प्रकार सदुपयोगी तथा प्रासंगिक रहेगा। जो लोग सत्य और प्रेम सामीप्य का रसानंद पान करना चाहते हैं, शबरी और अहिल्या की भाव विह्वलता उनके विश्वास को दृढ़ करती है। सत्य और प्रेम का निवास पर्णकुटी में हो या निषादराज के यहाँ कोल, भील, किरात, वानर, रीछों के साथ हो अथवा ऋषि-मुनियों के आश्रमों में चित्रकूट व पंचवटी में, वहाँ सभी जीव अपने वैर भाव को नष्ट कर देते हैं।

अवध के सत्ताधीश राम का सामीप्य राम के अनुजों व सीता के अतिरिक्त जिन अन्यों को प्राप्त हुआ वे थे जामवन्त, अंगद, नल-नील, सुग्रीव व हनुमान आदि। इन सभी ने राम को अपनी कार्यकुशलता से प्रभावित किया था। तभी तो राम ने सभी को सम्मानित किया। उन्होंने अनुजों व सीता को सिंहासन पर स्थान दिया। हनुमानजी ने सम्मान में माँगा था-बसहु राम सिय मानस मोरे, इसलिए राम जी ने उन्हें अपने राजसिंहासन के समीप्य में स्थान दिया। जो सत्ताधीश के मानस में बसते हैं और योग्य हैं, वही सर्वोच्च स्थान पाते हैं। राम ने चयन में नर, रीछ और वानर नहीं देखा, समर्पण देखा। हनुमान के चयन में वशिष्ठ की कोई भूमिका नहीं थी। रामचरितमानस में व्यक्ति का सर्वश्रेष्ठ प्रबंधन मिलता है। जो जिस योग्य है, उसे वैसा ही काम दिया गया। जो योग्य नहीं, वह पीछे बैठा दिखता है। इसलिए मानस में जहाँ वशिष्ठ की आवश्यकता है, वहाँ सुमन्त व हनुमन्त भी पीछे हैं। राम ने द्रुतगामी कार्यों के लिए ज्ञानियों में अग्रगण्य हनुमानजी का चयन किया, राजनीति के लिए राजदूत अंगद को बनाया, वनवास में रहने के लिए स्थान एवं आवास की सलाह ऋषियों से ली, केवट से नौका माँगी, लंका के लिए सेतु का निर्माण नल-नील से करवाया। जब संग्राम में रावण व मेघनाथ आए, तब स्वयं राम एवं लक्ष्मण आगे खड़े हुए। कार्य के अनुसार मानस में योग्य पात्रों को सदैव आरक्षित किया गया।

वर्तमान में एक शब्द प्रचलन में है राजनीति। जब राजा होते थे तब राज्य सत्ता के संचालन की राजा की जो नीति थी, उसे राजनीति कहा जाता था। आज इस शब्द को अपमानित किया जाता है, वैश्या कहा जाता है। आज दल है, दलनीति है या प्रतिपक्ष को पटखनी देने की नीति है, राजनीति कहाँ? आज सत्ता का कोई भी अंग यह कहने को तैयार नहीं है-

"जो अनीति कछु भाखों भाई। तो मोहिं बरजहु भय बिसराई।।"[2]

उससे कोई अन्याय या अनीति हो जाए तो उसे बिना किसी भय के डाँटा जाए। तुलसी ने तो यह भी कहा कि-

"करयि साधुमत लोकमत नृप निय निगम निचोरिह"[3]

यानी सज्जनों और लोकमत के अनुसार ही राजा कार्य करे। ऐसा न करने पर वे सावधान करते हुए कहते हैं–

"जासु राज प्रिय प्रजा दुखारी, सो नृप अवसि नरक अधिकारी"[4] यानी जिस राजा के राज्य में प्रजा दु:खी हो, उस राजा को नरक में ही स्थान मिलता है। तुलसी के रामराज्य में कोई भी नागरिक दु:खी, दरिद्र, दीन, दुष्चरित्र आदि नहीं होता था। शासन, प्रशासन लिपिक व सेवक सभी को अपने व्यवहार में यह लाना होगा। तभी राजनीति शब्द सार्थक होगा।

यदि हम सामाजिक समरसता की दृष्टि से देखें तो वहाँ भी रामचरित मानस हमें प्रतिबिम्ब और पथ दोनों दिखाता है। प्रतिबिम्ब इसलिए कि हम अपने व्यक्तित्व एवं तदनुरूप कार्य व्यवहार व सामाजिक योगदान के वास्तविक रूप को जान सकें, और पथ इसलिए कि जहाँ हम एक समाज के रूप में भटक रहे हैं वहाँ सन्मार्ग का चयन कर सकें और उस पर चलने का साहस-सामर्थ्य जुटा सकें। इसी क्रम में श्रीराम को मना कर वापस ले जाने के लिए चित्रकूट जाते हुए भरत की भेंट निषादराज से होती है तो इस समरसता और मर्यादा का अद्‌भुत दृश्य देखने को मिलता है जब निषाद अपना नाम बताता है-

"देखि दूरी ते कहि निज नामू...." (बताने के लिए कि मैं नीची जाति का हूँ), और इस पर भरत की प्रतिक्रिया इस समरसता का प्रमाण देती है जब वह अपना रथ त्याग कर बड़े प्रेम से उसकी ओर जाते हैं–

"राम सखा सुनि स्यंदन त्यागा, चले उतरि उमगत अनुरागा।
करत निषाद दंडवत पाई, प्रेमहि भरत लीन्ह उर लाई।
भेंटत भरत ताहि अति प्रीती, लोग सिहाहिं प्रेम कइ रीती।"[5]

और इसकी अप्रत्याशित पराकाष्ठा तो तब होती है जब चित्रकूट में निषाद नीची जाति का होने के कारण डर तथा संकोच वश दूर से प्रणाम करता है और मुनि वशिष्ठ निषादराज को अपने बाहुपाश में भर कर मिलते हैं। मानस में वर्णित यह सामाजिक सद्‌भाव यहीं तक अर्थात निषाद तक सीमित नहीं रहता। इसके आगे श्रीरामचरितमानस जनजाति को भी समाज का अभिन्न और सम्मानित अंग बनाता है, जब गोस्वामी तुलसीदास जी श्री हनुमान जी के माध्यम से वानरराज सुग्रीव की भेंट भगवान राम से करवाते हैं।

किसी ने वानर को वन में रहने वाला नर कहा है। इसका अर्थ यह हुआ कि सुग्रीव और उनकी सेना के सदस्य वानर-भालू ही न होकर जंगल में रहने वाली जातियाँ रही होंगी जो कि नगर और गाँव में रहने वालों से कम 'शिक्षित-सभ्य' मानी जाती रही होंगी।

किष्किंधा में राम-लक्ष्मण से भेंट होने पर हनुमान जी अपने राजा सुग्रीव का परिचय देकर उनके साथ मित्रता का निवेदन करते हैं। मानस में किष्किंधाकांड का प्रसंग रखने की पृष्ठभूमि में गोस्वामी जी के मन में केवल मित्रता मात्र का वर्णन करना नहीं था वरन इसके माध्यम से वह यह बताने की कोशिश कर रहे थे कि राजा (शासक) को किसी बड़े काम की सफलता के लिए (चाहे वह शत्रु-विजय हो अथवा कोई अन्य बड़ा सामाजिक-राष्ट्रव्यापी अभियान), जन-सहभागिता (सबके विकास के लिए सबका साथ) परम आवश्यक है।

मानस के उपर्युक्त प्रसंग इस बात की पर्याप्त पुष्टि करते हैं कि समरसता के माध्यम से राष्ट्रीय एकीकरण रामचरितमानस का एक अत्यंत महत्वपूर्ण उद्देश्य रहा है। तुलसीदास की समतापरक दृष्टि ही ऐसे राजघाट की परिकल्पना करती है जहां सभी वर्णों और श्रेणियों के लोगों को स्नान करने का समान अधिकार है–

"राजघाट सब बिधि सुंदर बर। मज्जहिं तहाँ बरन चारिहुँ नर।।"[6]

अमेरिका के राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डी. रूजवेल्ट ने सन् 1941 में आधुनिक मानव समाज के लिए चार प्रकार की स्वतन्त्रताओं का प्रतिपादन किया था। भाषा व अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता, अपने ढंग से ईश्वर को पूजने की स्वतन्त्रता, भयमुक्त होने की स्वतन्त्रता एवं अभाव मुक्ति की स्वतन्त्रता। तुलसीदास रामचरितमानस में इन सभी प्रकार की स्वतन्त्रताओं को राजतन्त्रीय शासन व्यवस्था में भी सम्यक प्रकार से विन्यस्त दिखलाते हैं। किसी व्यक्ति की वैचारिक स्वतन्त्रता एक महान लोकतान्त्रिक मूल्य तथा मानव जाति की प्रगति की आधारशिला है, जिस पर राजसत्ता मदान्ध होकर अंकुश लगाने का यत्न कर सकती है किन्तु 'चित्रकूट सभा' की प्रसंगोद्भावना के माध्यम से व्यक्ति के इस विचार स्वातन्त्र्य का पूर्ण निर्वाह किया है। इस प्रसंग का वैशिष्ट्य निरूपित करते हुए आचार्य रामचंद्र शुक्ल लिखते हैं–"धर्म के इतने स्वरूपों की एक साथ योजना, हदय की इतनी उदात्त वृत्तियों की एक साथ उद्भावना तुलसी के विशाल मानस में ही संभव थी। यह संभावना उस समाज के भीतर बहुत से भिन्न–भिन्न वर्गों के समावेश द्वारा संघटित की गई है। राजा और प्रजा, गुरू और शिष्य, भाई–भाई, माता और पुत्र, पिता और पुत्री, श्वसुर और जमाता, सास और बहू, क्षत्रिय और ब्राहमण, ब्राहमण और शूद्र, सभ्य और असभ्य के परस्पर व्यवहारों के धर्म गांभीर्य और भावोत्कर्ष के कारण अत्यन्त मनोहर रूप प्रस्फुटित हुआ है।"

इस आदर्श राज्य रामराज्य में दैहिक, दैविक एवं भौतिक तापों के आतंक से प्रजा सर्वथा भयमुक्त है व सभी मनुष्य इच्छानुसार स्वधर्म का पालन करते हैं–

"दैहिक दैविक भौतिक तापा। राम राज नहिं काहुहिं ब्यापा।।
सब नर करहिं परस्पर प्रीती। चलहिं स्वधर्म निरत श्रुति नीती।।"[7]

निष्कर्ष: भक्ति आंदोलन के आकाश में गोस्वामी तुलसीदास का स्थान ध्रुव तारे के समान है। उनकी रचना 'रामचरितमानस' हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। यह जीवन के विविध आयामों की विवेचना कर हमें सही मार्ग पर चलने की दिशा प्रदान करती है। जो सदैव प्रासांगिक रहेगी।

सन्दर्भ :

1. रामचरितमानस, अयोध्या काण्ड, दोहा 129 चौपाई 3 गीताप्रेस, गोरखपुर
2. रामचरितमानस, उत्तरकाण्ड, दोहा 42 चौपाई 3 गीताप्रेस, गोरखपुर
3. रामचरितमानस, अयोध्या काण्ड, दोहा 258 गीताप्रेस, गोरखपुर
4. रामचरितमानस, अयोध्या काण्ड, दोहा 70 चौपाई 3, गीताप्रेस, गोरखपुर
5. रामचरितमानस, अयोध्या काण्ड, दोहा 192 चौपाई 4, गीताप्रेस, गोरखपुर
6. रामचरितमानस, उत्तरकाण्ड, दोहा 29 चौपाई 2, गीताप्रेस, गोरखपुर
7. रामचरितमानस, उत्तरकाण्ड, दोहा 29 चौपाई 1, गीताप्रेस, गोरखपुर

❑❑❑

शोधार्थी, पीएच.डी. (हिंदी), लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, फगवाड़ा, जालन्धर, पंजाब

स्त्री-विमर्श : समकालीन परिप्रेक्ष्य में

—माहेश्वरी
—डॉ. चन्द्रकुमार जैन

स्त्री विमर्श मात्र पाश्चात्य की देन, आयातित नारा या विचारधारा नहीं है। इसके लिए दो तर्क दिए जा सकते हैं-पहला, प्रत्येक समाज की मान्यताएँ अलग होती हैं और उन्हें दूसरे समाज पर लागू नहीं किया जा सकता। दूसरा, प्रमुख तर्क यह है कि भारत में ही बौद्धकालीन घेरीगाथा, मध्यकालीन मीरा व नवजागरण काल में राजाराममोहन राय, विद्यासागर, दयानंद सरस्वती आदि के स्त्री अधिकारों के लिए किए गये संघर्षों के रूप में स्त्री-विमर्श का एक लम्बा इतिहास रहा है। आधुनिक काल में भारतेन्दु ने स्त्री-शिक्षा के लिए बालाबोधिनी पत्रिका का सम्पादन किया।

स्त्री समकालीन चिंतन का एक प्रमुख विषय है। हिन्दी साहित्य में करीब दो-तीन दशक से स्त्री-विमर्श पर चर्चाएँ हो रही हैं। स्त्री विमर्श पर न केवल पुरुष विचारकों ने बल्कि स्त्री विचारकों ने भी अपना सक्रिय योगदान दिया है। किसी भी देश और समाज में स्त्री प्राय: दूसरे दर्जे की नागरिक मानी जाती है। यह सर्वमान्य तथ्य है कि महिला सदियों से भेदभाव एवं शोषण सहते-सहते निशक्त हो गई है। आज जब कभी भी साहित्यिक चर्चा होती है तो 'विमर्श' शब्द स्वत: बहस के केन्द्र में आ जाता है। शब्द प्रयोग की दृष्टि से विमर्श शब्द अत्यंत प्राचीन हैं परंतु आज यह शब्द जिस अर्थ में प्रयुक्त हो रहा है यह शब्द के साथ होने पर एक विशिष्ट प्रकार की अर्थवत्ता देने लगता है। स्त्री विमर्श ऐसा लेखन है, जिसने स्त्री के बारे में गहराई से सोचने-समझने के लिए ध्यान आकृष्ट किया है। 'स्त्री-विमर्श' के जरिये स्त्री के शोषण, दमन, उत्पीड़न की बातें सामने आ रही है। स्त्री किस प्रकार से अपना स्वतंत्र अस्तित्व बना सकती है, पितृसत्ता का विरोध कर शोषण से छुटकारा पा सकती है, इसके लिए 'स्त्री विमर्श' ही ऐसा लेखन है जिसके द्वारा स्त्री-विमर्शकार स्त्री के उत्पीड़न के साथ-साथ उन सवालों को भी उठा रहे हैं जिनसे स्त्रियों की उपेक्षा हुई है।

'स्त्री' शब्द 'सत्यै' धातु में ड्रप और डीप प्रत्यय के योग से निष्पन्न हुआ है, जिसका अर्थ है ठहरना, घेरा बनाना, फैलना, इस प्रकार इसका व्युत्पत्तिलब्ध अर्थ हुआ-'सत्यायते अस्या गर्भ इति स्त्री'। अर्थात् जहाँ पर गर्भ ठहरता है, उसे स्त्री कहते हैं नारी, औरत, वामा, महिला आदि इसके पर्यायवाची शब्द हैं। प्राचीन अंग्रेजी भाषा में यह शब्द will से बना है जिसका अर्थ है-Human being, आगे चलकर यह शब्द wifmen बना तत्पश्चात wimman और आधुनिक भाषा में पहुँचते-पहुँचते women बन गया। विश्व में आधी दुनिया के लिए इस शब्द का प्रयोग किया जाता है। धार्मिक ग्रंथों में स्त्री को पुरुष की अर्धांगिनी माना गया है। डॉ. हजारीप्रसाद द्विवेदी ने 'बाणभट्ट

की आत्मकथा' नामक उपन्यास में नारी तत्व की बात की है जहाँ कहीं अपने आपको उत्सर्ग करने की अपने आप को खपा देने की भावना प्रधान है, वहीं नारी है जहाँ कहीं अपने आपको सुख-दुख के लाख धाराओं में दलित द्राक्षा के समान निचोड़ कर दूसरे को तृप्त करने की भावना प्रबल है, वहीं नारी तत्व है। इस संबंध में मैथिलीशरण गुप्त जी की निम्नांकित पंक्ति उल्लेखनीय है –

अबला जीवन हाय तुम्हारी यही कहानी / आंचल में है दूध और आखों में पानी।

पिछले तीन दशकों में यह विमर्श अधिक उभर कर सामने आया है। इससे पहले तो स्त्री इतनी विवश थी कि उसका अपने तन-मन पर भी अधिकार नहीं था। कारण, वह पितृसत्तात्मक व्यवस्था के शोषण रूपी शिकंजे में पूरी तरह जकड़ी हुई थी और दुर्भाग्यवश उसने इसे अपनी नियति स्वीकार कर रखा था। उन्नीसवीं सदी के उत्तरार्द्ध के बाद स्त्री में चेतना जागृत हुई और उसने इस व्यवस्था के खिलाफ विद्रोह किया। सुमनराजे के अनुसार-उन्नीसवीं सदी के उत्तरार्द्ध एवं बीसवीं सदी के पूर्वार्द्ध के महिला-लेखन और समकालीन स्त्री विमर्श में एक मौलिक अन्तर है जिसे साफ किये जाने की जरूरत है। वहाँ स्त्री का प्रतिपक्ष 'पुरुष' नहीं जड़ीभूत रूढ़ियाँ हैं, जिनके विरुद्ध वे स्वयं खड़ी होती है और अपनी बहनों को जागृत भी करती है, समकालीन स्त्री-विमर्श अपने को पूरी तरह उस पृष्ठभूमि से काटकर अपनी ऊर्जा पश्चिम के नारी आंदोलनों से ग्रहण करता है। इस तरह वह अपने दोनों तरफ सीमा रेखाएँ बना लेता है। एक केवल स्त्री द्वारा लिखा गया साहित्य, दो केवल स्त्री के विषय में लिखा गया साहित्य अर्थात् स्त्री द्वारा लिखा गया, स्त्री के विषय में लिखा गया साहित्य ही साहित्यिक स्त्री विमर्श है।

स्त्री विमर्श का जन्म लिंग के आधार पर की जाने वाली असमानता के विरोध में हुआ था। इसके अंतर्गत स्त्री की नियति, उसकी स्थिति व समस्याएँ अपने अधिकारों के लिए किए जाने वाले आंदोलन, हाशिए के जीवन से उबर कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ने के संघर्ष आदि पर विचार किया जाता है। स्त्री केवल घर-परिवार की नहीं बल्कि समग्र समाज की एक इकाई है। इस प्रकार उसका अस्तित्व व्यक्तिगत भी है और समूहगत भी तथा अपने इसी अस्तित्व को वह स्त्री विमर्श के माध्यम से समाज में स्थापित करना चाहती है। स्त्री विमर्श की अवधारणा को विभिन्न आलोचकों ने स्वर दिया है।

डॉ. रोहिणी अग्रवाल ने इसे संकीर्ण मानसिकता से ऊपर उठकर समतामूलक समाज की स्थापना करना माना है-'स्त्री-विमर्श' का अर्थ स्त्री-मुक्ति का आख्यान रचना नहीं हैं, अपने और दूसरों की 'नाक' को बचाकर चलते सह-अस्तित्वपरक-संरचना का मानवीय स्वप्न है। जाहिर है ऐसे समाज में लिंगगत भेद और मुक्ति के मुद्दे उठेंगे ही नहीं। वहाँ मुद्दे होंगे भविष्य की रक्षा और परिष्कार के जो पर्यावरण संवर्धन, आतंकवाद की समाप्ति, साम्प्रदायिक सद्भाव सरीखे सकारात्मक प्रयोजनों से लबरेज होंगे।

अर्चना वर्मा ने स्त्री-विमर्श का अर्थ स्त्री की नियति, स्थिति समस्याओं पर विचार करना माना है-स्त्री-विमर्श का अर्थ, स्त्री के द्वारा तथा स्त्री के विषय में अन्यों के द्वारा सामाजिक-सांस्कृतिक पूर्वाग्रहों, आग्रहों, योजनाओं, कार्यक्रमों आदि की व्याख्या, विवेचन में सक्रिय मत-मतान्तरों का समुच्चय है। इन मत मतान्तरों में सहमत से लेकर घनघोर असहमत तक की श्रेणियाँ एक साथ मौजूद हो सकती हैं।

स्त्री विमर्श मात्र पाश्चात्य की देन, आयातित नारा या विचारधारा नहीं है। इसके लिए दो तर्क दिए जा सकते हैं-पहला, प्रत्येक समाज की मान्यताएँ अलग होती हैं और उन्हें दूसरे समाज पर लागू नहीं किया जा सकता। दूसरा, प्रमुख तर्क यह है कि भारत में ही बौद्धकालीन घेरीगाथा, मध्यकालीन मीरा व नवजागरण काल में राजाराममोहन राय, विद्यासागर, दयानंद सरस्वती आदि के स्त्री अधिकारों के लिए किए गये संघर्षों के रूप में स्त्री-विमर्श का एक लम्बा इतिहास रहा है। आधुनिक काल में भारतेन्दु ने स्त्री-शिक्षा के लिए बालाबोधिनी पत्रिका का सम्पादन किया। हिन्दी साहित्य में बंग महिला पहली स्त्री थी जिसने सर्वप्रथम नारी के अधिकार के लिए आवाज उठाई और छायावाद की प्रमुख स्तम्भ महादेवी वर्मा की श्रृंखला की कड़ियाँ नामक रचना स्त्री विमर्श की महनीय कृति है। ये सब तथ्य इस तर्क को निराधार सिद्ध करते हैं कि स्त्री विमर्श पश्चिम की नकल मात्र है।

जगदीशचन्द्र चतुर्वेदी के अनुसार-"जो लोग यह कहते हैं कि स्त्रीवाद आयातित है वे वस्तुतः हमारे समाज में स्त्री की मौजूदगी से ही आँख फेर रहे होते हैं।" जब समाज में सभी जगह औरत है उनका शोषण है, उत्पीड़न है और उनके प्रति लिंगभेदीय रवैया है तब यह कैसे सम्भव कि उनकी आवाज ही सुनाई न दे, वे संघर्ष करते दिखाई न दे। अतः स्त्रियों के संघर्ष, संगठन एवं साहित्य के प्रति सशंकित भाव से देखने की जरूरत नहीं है, सशंकित भाव से देखने का अर्थ है-स्त्री के वजूद को अस्वीकार करना।

निष्कर्ष -

निष्कर्षतः यह कहना उचित प्रतीत होता है कि 'स्त्री-विमर्श' में स्त्री-समस्या को ऐतिहासिक और सामाजिक परिप्रेक्ष्य में उठाया गया है। इसने समाज रचना के वर्ग तथा वर्ण की विसंगतियों, नारियों के संत्रास, अमानवीय शोषण और सभी वर्गों-वर्णों में नारी-पराधीनता का बड़ा मार्मिक चित्रण किया गया है। स्त्री-विमर्श बौद्धिकता का प्रतिफल ही नहीं, बल्कि यह सक्रिय आंदोलन का विषय है। स्त्री के अस्तित्व की वास्तविक पहचान व मिथक भंजन इसकी अनिवार्य शर्त है। स्त्री को शिक्षित और नये संस्कार से दीक्षित करने की आवश्यकता है तभी अगला सोपान समतावादी सोच के धरातल पर मजबूती से खड़ा हो सकेगा।

संदर्भ :

1. हजारी प्रसाद द्विवेदी, 'बाणभट्ट की आत्मकथा', पृष्ठ-120
2. सुमनराजे, 'हिंदी साहित्य का आधा इतिहास' पृष्ठ-304
3. डॉ. रोहिणी अग्रवाल, 'इतिवृत्ति की संचतना और स्वरूप' पृष्ठ-380
4. अर्चना वर्मा, हिंदी ग्रंथ की अन्य विधाएँ : लेखन के सरोकार, इन्द्रप्रस्थ भारती (पत्रिका) जनवरी - मार्च 2006, पृष्ठ-10
5. जगदीश्वर चतुर्वेदी, 'स्त्रीवाद साहित्य-विमर्श' पृष्ठ-184

❑❑❑

1. शोधार्थी, शास. दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनादगांव (छ.ग.)
2. शोध निर्देशक, शास. दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनादगांव (छ.ग.)

भारतीय आधुनिकता

—डॉ. भास्कर लाल कर्ण

भारतीय आधुनिकता पश्चिमी आधुनिकता का भारतीय संस्करण नहीं है। पश्चिम की आधुनिकता उपनिवेशवाद में ढलती है (भले ही यह पूँजीवाद विकास का परिणाम ही क्यों न हो) तो भारतीय आधुनिकता उपनिवेशवाद से संघर्ष करते हुए रूप लेती है। ऐसे में उपनिवेशवादी मूल्य भारतीय आधुनिकता के मूल्य नहीं हो सकते। तय है, आधुनिकता की दो परम्परायें हैं-साम्राज्यवादी आधुनिकता और प्रतिरोधी आधुनिकता। जिस सीमा तक उसकी अंतर्वस्तु वर्चस्व और प्रतिरोध की परस्पर विरोधी शक्तियों से बनी है, उस हद तक उनमें भिन्नता है। जिस हद तक वे आधुनिक परिवेश और विश्वबोध से निर्मित हुई है, उस हद तक उनमें समानता है।

आधुनिकता के मूल तत्त्व आधुनिकता के सभी संस्करणों पर लागू किये जा सकते हैं, लेकिन आधुनिकता जब अलग-अलग समाज, संस्कृतियों, सभ्यताओं में प्रकट होती है तब अनेक आधुनिकताओं के रूप में दिखायी पड़ती है। आधुनिकता निर्गुण रूप है जबकि आधुनिकताएँ सगुण हैं।[1] ऐसा इसलिए होता है क्योंकि आधुनिकीकरण की प्रक्रिया अलग-अलग होती है। ऐतिहासिक विकासक्रम की उपलब्धियाँ देश या प्रदेश की आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक अनिवार्यतायें आधुनिकीकरण और उसके लक्ष्यों का नियमन करती हैं। हालाँकि अक्सर यह समझ लिया जाता है कि आधुनिकता अर्जित करने के लिए अनिवार्यत: पश्चिमीकरण की प्रक्रिया से गुज़रना होगा। ''पश्चिमीकरण से तात्पर्य उन समस्त सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक और व्यापक रूप से मानव-मूल्यों, प्रतिमानों तथा उसी प्रकार की संस्थाओं और विधानों को अपना लेना है जिनसे पश्चिम और खासकर यूरोप गुज़रा है।''[2] यदि यह मान भी लिया जाए कि बोध को राष्ट्रीय सीमाओं में संकुचित नहीं किया जाना चाहिए, तो भी राजनैतिक, धार्मिक, बौद्धिक, नैतिक, सामाजिक, आर्थिक और जातीय दृष्टि से एशिया की विशेषतायें भिन्न हैं। ऐसे में उसका मूल्यांकन और उसके इतिहास की व्याख्या यूरोपीय दृष्टि से करना उचित नहीं होगा। यूँ तो विकसित देशों के आधुनिकीकरण से विकासशील देशों और अविकसित राष्ट्रों का आधुनिकीकरण निश्चित रूप से भिन्न होगा। इसी संदर्भ में भारतीय आधुनिकीकरण पर विचार करना चाहिए।

यूरोप में आधुनिकीकरण की प्रक्रिया दो चरणों में पूरी हुई। पहला चरण 15वीं-16वीं शताब्दी का पुनर्जागरण था, दूसरा चरण 18वीं शताब्दी का ज्ञानोदय। पहले चरण में यूरोप ईसाइयत की छाँव में हजार साल की नींद से अंगड़ाई लेता हुआ जाग रहा था, और दूसरे चरण में विश्वविजेता बनकर

औपनिवेशिक साम्राज्य स्थापित कर रहा था।[3] भारत की स्थिति अलग थी। भारत न तो हजार साल की धर्म निद्रा में सोया था, न विश्वविजय पर निकला था। यह जगत् गुरू भले रहा हो, विश्वविजेता नहीं रहा। भारतीय इतिहास अंधकार युग में नहीं सोया। वह आक्रमण, प्रतिरोध, निर्माण और पराजय के उथल-पुथल से बनता-बिगड़ता रहा है। लेकिन यहाँ भी आधुनिकता की प्रक्रिया के दो चरण देखे जा सकते हैं। पहला 15-16वीं शताब्दी का जागरण, जिसे डॉ. रामविलास शर्मा 'लोकजागरण' कहते हैं, और दूसरा 19वीं सदी का जागरण जिसे डॉ. शर्मा ही 'नवजागरण' कहते हैं। 15-16वीं शताब्दी का जागरण सोये हुए समाज का जागरण नहीं था, बल्कि किसानों, कारीगरों, व्यापारियों की सामाजिक शक्ति का जागरण था, और 19वीं सदी का जागरण एक पराधीन औपनिवेशिक राष्ट्र के 'स्वत्व' का जागरण था। यूरोपीय आधुनिकीकरण की प्रक्रिया के दोनों चरण जहाँ एक-दूसरे से जुड़ी, विकास की निरंतरता में घटित हुआ, वहीं भारतीय आधुनिकीकरण की प्रक्रिया के दोनों चरण एक-दूसरे से विच्छिन्न और स्वतंत्र रहे। दूसरे शब्दों में नवजागरण, लोकजागरण का विकास नहीं है। इसका कारण है अंग्रेजी राज। "भारत अपनी समस्त आर्थिक और सामाजिक संरचना के साथ विकास की जिस स्वभाविक दिशा में अग्रसर था, उसे अंग्रेजी शासन और पाश्चात्य प्रभाव ने बलात् मोड़ दिया।"[4] 19वीं सदी की साहित्यकारों की टिप्पणियों और 20वीं सदी के इतिहासकारों के निष्कर्षों की तुलना करें तो अंग्रेजी लूट-खसोट का पूरा परिदृश्य साफ हो जाएगा। उद्योगों के तबाह होने पर भारत कैसे 'कृषि प्रधान देश' बना इसका स्पष्टीकरण एक ही तथ्य से हो जाएगा। तीन दशकों में भारत से कपास के निर्यात का आँकड़ा इस प्रकार है : 1813 में 19 लाख पौंड, 1833 में 3 करोड़ 20 लाख पौंड, 1844 में 8 करोड़ 80 लाख पौंड।[5] प्राचीन काल से दुनिया को सूती कपड़ा पहनाने वाला देश इंग्लैंड की औद्योगिक क्रांति के साथ 19वीं सदी के पूर्वार्द्ध में कच्चे माल का निर्यातक बन गया। एक तरफ ये लूट, दूसरी तरफ अकाल से मरने वालों की संख्या बढ़ रही थी। 19वीं सदी के पूर्वार्द्ध में सात बार अकाल पड़े, जिनमें 14 लाख लोग मरे, उत्तरार्द्ध में 24 बार अकाल पड़े, जिनमें 3 करोड़ से अधिक लोग मरे। 1851 से 1875 के छः अकालों में 50 लाख और 1876 से 1900 के 18 अकालों में ढाई करोड़।[6] स्पष्ट है कि लोक जागरण से जुड़े आधुनिकीकरण की सहज विकासशील प्रक्रिया को अंग्रेजी राज ने नष्ट कर दिया। ऐसे में औपनिवेशिक सत्ता से संघर्ष के साथ नवजागरण की नई चेतना पैदा हुई। भारत में आधुनिकता की यह नयी शुरुआत थी।

यूरोपीय आधुनिकता का संघर्ष सीधे मध्ययुगीन मान्यताओं और मूल्यों से था और अमरीकी आधुनिकता का सीधे ब्रिटिश साम्राज्यवाद से। लेकिन भारतीय आधुनिकता को एक साथ अनेक स्तरों और दिशाओं में संघर्ष करना पड़ा। यह संघर्ष जहाँ एक ओर ब्रिटिश साम्राज्यवाद के आर्थिक-राजनैतिक मोर्चे पर था, वहीं दूसरी ओर धार्मिक और सांस्कृतिक मोर्चे पर भी, और इन सबके बीच शामिल था भारतीय कमजोर पूँजीपतिवर्ग, संकटग्रस्त सामंतवर्ग और उनके मूल्य, नई शिक्षा और पश्चिम के अनुकरण की कशमकश।

भारत ठग, संन्यासी, जुआरी, जादूगर, सँपेरे आदि का देश है, यह बौद्धिक जाल अंग्रेजों ने भारतीय समाज के बारे में पूरी दुनिया में फैला दिया था। इस काल में उनकी मदद की

तुलनात्मक समाजशास्त्र और नृ-विज्ञान ने, जिसका प्रादुर्भाव 19वीं सदी में ही हुआ था। दरअसल औपनिवेशिक युग के साथ-साथ अनेक आधुनिक शास्त्रों की भी शुरुआत होती है। डार्विन, फ्रायड, दुर्खिम, मार्क्स आदि इन शास्त्रों के प्रणेता थे। तुलनात्मक समाजशास्त्र इन में से एक है। यह समाज के भीतर स्थित वैज्ञानिक नियमों की खोज करता है, इसीलिए इसे 'समाज का प्राकृतिक विज्ञान' कहा गया। डार्विन के विकासवाद ने इस मध्ययुगीन विश्वास को तोड़ा कि ईश्वर ने मनुष्य को बनाया है। लेकिन समाज के प्राकृतिक विज्ञान से नस्लवाद चला और इस आधार पर सामाजिक अंतर को खोजने की कोशिश की गयी। इसीलिए विद्वानों ने रेखांकित किया कि "अंग्रेजी शिक्षा का भारत में मुख्य उद्देश्य अंधविश्वासों और रूढ़ियों को समाप्त करना नहीं था, वे हमें सभ्यता का वरदान देने नहीं, वरन् बड़े अप्रत्यक्ष ढंग से भारतीय मानस में यह अहसास जगाने आए थे कि दर्शन, विचारादर्श और सांस्कृतिक स्तर पर हमारे पास कुछ नहीं था या है।"[7] इस तरह वे यूरोपीय समाज जो श्वेत होने के नाते नस्लीय दृष्टि से भी श्रेष्ठ मानी जाती थी-को सर्वश्रेष्ठ साबित कर अपने उपनिवेशवादी विस्तार को उचित ठहरा रहे थे। इसकी प्रतिक्रिया होनी स्वाभाविक थी और इसी प्रतिक्रिया स्वरूप भारतीय अतीत व परम्परा का उत्खनन हुआ, और भारतीय संदर्भों में आधुनिकता की खोज और चेष्टा शुरू हुई।

एक चेष्टा, पाश्चात्य प्रभाव व अनुकरण को आधुनिक मानने से इंकार करती थी और उसका विरोध कर उसे राष्ट्रीय संदर्भ में प्रस्तुत करना चाहती थी। इसका प्रतिनिधित्व किया आर्य समाज ने, जिसकी कोशिश भारतीय संस्कृति के स्रोतों से भारत को आधुनिक बनाने की थी। इसके विपरीत कुछ लोग ऐसे भी थे जो पश्चिमी प्रारूप में भारतीय चेतना और संस्कृति को आरोपित करके विविधता में एकता स्थापित करना चाहते थे। इसके प्रतिनिधि थे राजा राममोहन राय और ब्रह्मसमाज। एक ओर ऐसी दृष्टि थी जो राष्ट्रीय संस्कारों और संस्थाओं का पुनर्गठन करके आधुनिक और समसामयिक समस्याओं का स्वजातीय समाधान चाहती थी। लेकिन दूसरी ओर एक दृष्टिकोण और था जो पाश्चात्य चिंतन और प्रतिमानों का कायल था।

अगर पश्चिम का अंधानुकरण सामाजिक परिवर्तन का विवेकपूर्ण रास्ता नहीं था तो भारतीय रूढ़िवाद भी पश्चिम का विकल्प नहीं था, क्योंकि एक "अधिक समर्थ शक्ति के आगे अतीत हमारी रक्षा नहीं कर सकता था।"[8] भविष्य कैसा हो इसका निर्णय ठोस सामाजिक शक्तियों के हाथ में था-अंग्रेजों, ज़मींदारों और कमजोर पूँजीपतियों के हाथ में या प्रशासन तंत्र के हाथ में, जिसे अंग्रेज अफसर और अंग्रेजपरस्त नया भारतीय मध्यवर्ग मिलकर चलाते थे। ये वही मध्यवर्ग है जिसके बारे में बी.बी. मिश्र ने लिखा कि "ब्रिटिश राज के परवर्ती काल में जो मध्यवर्ग संवर्धित हुआ वह उद्योग के विकास की देन न होकर माध्यमिक तथा उच्चतर शिक्षा की वृद्धि की उपज था।"[9] और जो मध्यवर्ग भारत में यूरोपीय उद्योगों की उपज था वह भी अपने शहरी सम्पर्क के कारण अंग्रेजी रंग-ढंग में रंगा, साहब ग्रंथी का शिकार और मानसिक रूप से गुलाम था। इस उलझन भरी परिस्थितियों में आधुनिकता के भारतीय साँचे की खोज कम दुविधापूर्ण नहीं है।

यूरोप में जहाँ आधुनिकता धर्म और विज्ञान के प्रखरतम संघर्ष की परिणति थी, वहीं भारत में धर्म और विज्ञान का कोई वास्तविक द्वन्द्व नहीं उभरा। वैज्ञानिक चेतना का अधिकतर

आयात ही हुआ और धर्म की भूमिका निर्णायक बनी रही। राष्ट्रीय जागरण की अभिव्यक्ति धार्मिक जागरण के प्रतिबिम्ब के रूप में हुई। प्रारंभिक अवस्थाओं में स्वयं धार्मिक चेतना राष्ट्रीय चेतना का प्रतिबिम्ब थी। सामाजिक तथा राजनीतिक धारणाएँ, जनतांत्रिक तथा देशभक्तिपूर्ण आकांक्षायें, एक श्रेष्ठतर जीवन के लिए आशायें–ये सब धार्मिक रूपों में प्रकट हुई थीं। इस प्रकार 19वीं शताब्दी के समाज सुधारकों ने जिस भारतीय नवजागरण का सूत्रपात किया, उसका लक्ष्य धर्म से पूर्णत: सम्बन्ध विच्छेद कर लेना नहीं था। यह नवजागरण एक ओर पुराने धार्मिक रीति–रिवाजों और कर्मकाण्डों का विरोध करने और दूसरी ओर, नयी परिस्थितियों के अनुरूप धर्म की नयी व्याख्या करने पर आधारित था। इस प्रकार भारत में पूँजीवाद और आधुनिक सभ्यता के विकास के लिए संघर्ष अभिन्न रूप से धर्म के प्रति दृष्टिकोण से जुड़ा हुआ है।[10]

स्पष्ट है, भारतीय आधुनिकता पश्चिमी आधुनिकता का भारतीय संस्करण नहीं है। पश्चिम की आधुनिकता उपनिवेशवाद में ढलती है (भले ही यह पूँजीवाद विकास का परिणाम ही क्यों न हो) तो भारतीय आधुनिकता उपनिवेशवाद से संघर्ष करते हुए रूप लेती है। ऐसे में उपनिवेशवादी मूल्य भारतीय आधुनिकता के मूल्य नहीं हो सकते। तय है, आधुनिकता की दो परम्परायें हैं–साम्राज्यवादी आधुनिकता और प्रतिरोधी आधुनिकता। जिस सीमा तक उसकी अंतर्वस्तु वर्चस्व और प्रतिरोध की परस्पर विरोधी शक्तियों से बनी है, उस हद तक उनमें भिन्नता है। जिस हद तक वे आधुनिक परिवेश और विश्वबोध से निर्मित हुई है, उस हद तक उनमें समानता है। पूरी आधुनिकता को 'संदिग्ध' और 'समस्याग्रस्त' बना देने वाला उत्तर–आधुनिक विमर्श इस द्वन्द्वात्मकता को नज़रअंदाज करता है। यहाँ यह दोहराना ज़रूरी है कि आधुनिक पूँजीवाद ने अंतर्राष्ट्रीय उपनिवेश कायम किये, सिकंदर के विश्व विजय के अधूरे सपने को पूरा किया, आधुनिकीकरण और पश्चिमीकरण को एक बनाया, लेकिन इससे औपनिवेशिक परियोजना और आधुनिक चेतना एक नहीं हो जाती।[11] ज़ाहिर है कि औपनिवेशिक आधुनिकता के विकल्प के प्रयत्नों को 'प्रति आधुनिकता' न कहा जाए (रावर्ट सी. यंग ने पहले गाँधी की कार्य प्रणाली को, फिर एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमरीका में 'औपनिवेशिक आधुनिकता' के विरोध की रणनीति को 'प्रति आधुनिकता' (counter modernity) की संज्ञा दी है।[12] तो आधुनिकता की एक अलग अवधारणा बनेगी–साम्राज्यवाद विरोधी आधुनिकता। दोनों आधुनिकताओं का फर्क साधन से ज्यादा मूल्यों में निहित है।

औपनिवेशिक आधुनिकता 'शक्ति' का विमर्श है। शक्ति का आधार है सेना, पूँजी, प्रौद्योगिकी और उसका उद्देश्य है वर्चस्व और शोषण तथा परिणाम है हिंसा और दासता। औपनिवेशिक आधुनिकता का विकल्प उलझन भरा हो सकता है, लेकिन यह प्रतिरोधी आधुनिकता श्रेष्ठता और अलगाव में यकीन करके नहीं चल सकती। उसके प्रतिरोध के मूल्य होंगे; वर्चस्व नहीं संघर्ष, शक्ति नहीं ज्ञान, हिंसा नहीं अहिंसा, उत्पीड़न नहीं सद्भाव, विषमता नहीं बंधुत्व और दासता नहीं स्वतंत्रता।[13] स्वयं गाँधीजी ने अपने संघर्ष में जिस प्रतिरोधी आधुनिकता का विकास किया, उसमें सामाजिक आवश्यकता और व्यक्तिगत नैतिकता का

अटूट संतुलन था। जनता की चेतना को समझकर उन्होंने सिद्धान्त और आंदोलन की रणनीति में सामंजस्य स्थापित किया। उनके तीन बड़े आंदोलनों के संदर्भ में (सत्याग्रह, असहयोग और भारत छोड़ो) हुमायूँ कबीर ने विचारणीय बात कही है कि गाँधीजी ने जनता को एक-एक कदम शिक्षित करते हुए क्रमशः आगे बढ़ाया-पहले जेल का भय दूर किया, फिर सम्पत्ति खोने का भय दूर किया और अंत में प्राण का भय दूर किया-'करो या मरो'।[14] एक ओर दुनिया का सबसे उन्नत पूँजीवाद, दूसरी ओर गुलामी के अंधेरे में भटकती जनता, गाँधीजी के राजनीतिक दर्शन में भारत की विशेष परिस्थितियों और आवश्यकताओं के फलस्वरूप परम्परा और आधुनिकता के अनेक पहलू इस तरह गुँथे हुए हैं कि उन्हें अलगाया नहीं जा सकता। धर्म की आस्था और विज्ञान का विवेक, प्राचीनता का पुनर्जागरण और इतिहास का सीख, जनता से तादात्म्य और ट्रस्टीशिप का आश्वासन, सत्याग्रह की शक्ति और अहिंसावाद का हठ, पंचायती राज का जनतंत्र और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की माँग।[15] इसीलिए कहा जाता है कि "भारत में नयी शक्तियाँ सदा अतीत से उग्र विच्छेद के बिना ही आत्मसात् होती रही हैं। निरंतरता की भावना इतनी गहरी अन्यत्र कहीं नहीं बनी रह सकी हैं जितनी भारत में।"[16] इन्हीं दुविधाओं के बीच भारतीय आधुनिकता और आधुनिकीकरण की प्रक्रिया का विकास होता है।

भारतीय आधुनिकता के भी दो दौर हैं-एक औपनिवेशिक दौर, दूसरा उत्तर-औपनिवेशिक दौर। स्वतंत्रता से पहले आधुनिकता और आधुनिकीकरण का मतलब यदि पश्चिम और पश्चिमीकरण रहा है तो उसके बाद वह अमरीका और अमरीकीकरण भी हो गया है। औपनिवेशिक भारत में पहले दौर की आधुनिकता समाज की निर्धनता, सांस्कृतिक जागरण और मध्यवर्ग के पश्चिमीकरण से परिभाषित होती है। पूँजीवादी भारत में नये दौर की आधुनिकता, सामाजिक विषमता और विदेशी कर्ज़ से परिभाषित होती है। स्वभावतः आधुनिकता, चाहे समाज में देखें या अवधारणा में, एक अंतर्विरोधपूर्ण घटना है। इस अंतर्विरोध की पृष्ठिभूमि में ठेलते हुए उत्तर-आधुनिक विचारक उसे समस्याग्रस्त घटना बताते हैं। दोनों में फर्क यह है कि अंतर्विरोध विकास का स्रोत है और समस्याग्रस्तता विकास की सम्भावना से शून्य है।[17]

उत्तर-औपनिवेशिक आधुनिकता का सफर आधुनिकता, आधुनिकतावाद से उत्तर-आधुनिकता की स्थापना आधुनिकता के अंत तक होती है। भारत के स्वाधीन राज्य का उदय साम्राज्यवाद की 'आधुनिकता' परियोजना और साम्प्रदायिक रणनीति के दबाव में हुआ। 'पूरबवादी' धारणाओं को अपनी योजना के माध्यम से सुदृढ़ करने की कार्यनीति का परिणाम है, भारत का विभाजन। स्वाधीन भारत की बहुत-सी उलझनें इसी विरासत पर आधारित हैं। सुनील खिलनानी के अनुसार "भारत छोड़कर जा रहे अंग्रेजों को वैसे तो यकीन था कि उपमहाद्वीप अपने धार्मिक जज़्बात में पिछड़ा हुआ और अंधविश्वासी है लेकिन इसके बावजूद उन्होंने धर्म को ही सिद्धांत बनाकर उसके आधार पर दो आधुनिक राष्ट्र बना डाले।"[18] भारतीय उपमहाद्वीप को धार्मिक जज़्बात में 'पिछड़ा हुआ अंधविश्वासी' मानना पूरबवादी धारणा का उदाहरण है, धर्म के आधार पर दो 'आधुनिक राष्ट्रों' का निर्माण पूरबवाद को कार्यरूप देने का उदाहरण है।

दूसरी तरफ स्वतंत्र भारतीय राज्य ने पूँजीवाद और समाजवाद की 'मिश्रित अर्थव्यवस्था' को अपनाया। उसी तरह साम्प्रदायिकता और धर्मनिरपेक्षता के बारे में भी मिश्रित रूख़ अपनाया। इसका उदाहरण है 'सर्वधर्मसमभाव' के रूप में धर्मनिरपेक्षता की परिभाषा। धीरे-धीरे राज्य के समाजवादी उद्देश्यों को तिलांजलि दे दी गयी। परिणाम यह हुआ कि पूँजीवाद और सम्प्रदायवाद दोनों को एकसाथ बढ़ावा मिला। जैसे-जैसे पूँजीवादी विकास के संकट गहरे हुए और जन असंतोष तेज हुआ, भारतीय राज्य का जनतंत्र विरोधी चरित्र भी उभरा और धर्मप्राण आस्था भी उभरी। एक तरफ आर्थिक विषमता, शोषण और जीवन स्तर में भारी असंतुलन, दूसरी तरफ हिन्दू और मुस्लिम दोनों प्रकार के कट्टरपंथियों का साम्प्रदायिक उभार; दोनों ने आधुनिकता की चूलें हिला दीं। समाज की अग्रगामी चिंताओं और शक्तियों को गहरा आघात लगा, बदले में धार्मिक राजनीति और बाज़ारवाद का नया गठबंधन सामने आया। ऐसे में आधुनिकता के विश्लेषकों ने ज्ञानोदय के प्रोजेक्ट को संकटग्रस्त पाया। ल्योतार ने ज्ञानोदय से सभी 'तार्किक और समग्रतावादी' महावृत्तांतों को संदेहास्पद करार दिया।[19] ज्ञानोदय को एक ऐसे आदर्शवादी महाख्यान के रूप में देखा गया, जहाँ तक पहुँचना अब इस भूमंडलीकृत विश्वबाज़ार व्यवस्था वाले दौर में असंभव था। प्रबोधन या ज्ञानोदय की यह आलोचना मूलतः आधुनिकता और पूँजीवाद को पर्यायवाची मानने का परिणाम है, जिसमें सामाजिक अंतर्विरोध ओझल हो गए और पूँजीपति वर्ग की दग़ाबाजियों के लिए उनके 'आदर्श' ज़िम्मेदार बन गए। 'भारत में आधुनिकता की परियोजना कई पश्चिमी चिंतकों की धारणा की तरह सभ्यताओं के संघर्ष से नहीं जुड़ी है, बल्कि उसका लक्ष्य दुनिया की तमाम सभ्यताओं के उच्चसार से अपनी सभ्यता को और अधिक समृद्ध करना रहा है।'[20]

दरअसल आधुनिकता की ये समस्याएँ पूँजीवादी विकास की अंतर्विरोधपूर्ण प्रक्रिया से जन्म लेती हैं। आधुनिकता का आगमन जैसा कि कहा जा चुका है बाज़ार, जनतांत्रिक मूल्यों और वैज्ञानिक चेतना की संश्लिष्ट भूमिका से सम्बद्ध है। लेकिन आधुनिकता पूँजीवादी व्यवस्था लेकर आयी, इसलिए बाज़ार की सत्ता क्रमशः स्वतंत्र कारीगर को, जनतंत्र और विज्ञान को अपने मातहत करती गई। आधुनिकता अगर तर्कवाद, मानववाद और आर्थिक प्राविधिक विकास के मूल्यों से परिभाषित होती है तो श्रमिकों की दासता, प्रकृति के दोहन और पूँजी के अंतर्राष्ट्रीयकरण से भी परिभाषित होती है। वह अगर स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व से परिभाषित होती है तो विषमता, परतंत्रता और उत्पीड़न से भी परिभाषित होती है। उसने ज्ञान, अनुशासन, मानवाधिकार ही नहीं दिये, साम्राज्यवादी उपनिवेश भी दिए। ऐसे में यह कहना कि 'आधुनिकता या तो पूँजीवादी परियोजना थी या फिर सत्ताधारी वर्ग ने उसे हड़प लिया।'[21] ठीक नहीं है। यहाँ यह देखना भी ज़रूरी है कि एकरूपता, वर्चस्व, शक्ति जैसे सभी पद आधुनिकता से ज़्यादा साम्राज्यवाद और उसके नये रूप में द्योतक हैं। हमारा युग और समाज केवल इन्हीं विशेषताओं से नहीं बल्कि विविधता, भिन्नता, प्रतिरोध से भी अभिव्यक्त होता है। यूरोप की आधुनिकता भी केवल पूँजीवादी राज्य-सत्ताओं और साम्राज्यवादी शक्तियों के अभ्युदय से ही नहीं जुड़ी है, वह श्रमिक संघर्षों और क्रांतिकारी आंदोलनों से भी जुड़ी है। सबसे बढ़कर आधुनिकता के पुरस्कर्ता स्वयं पूँजीपति वर्ग

के सदस्य नहीं थे, आधुनिक पूँजीवादी शासन के संस्थापक स्वयं पूँजीवादी सीमाओं से मुक्त थे।[22] वे श्रम विभाजन की दासता से बँधे 'विशेषज्ञ' नहीं थे, वे योद्धा, कलाकार, वैज्ञानिक साथ-साथ थे।

विडम्बना यह है कि आधुनिकता का ध्वजवाहक पूँजीपति वर्ग 'वृद्ध' होकर उसी आधुनिकता के विरुद्ध खड़ा हो गया। वास्तविकता यह है कि पूँजीवाद ने अब नवसाम्राज्यवाद का रूप ले लिया है। परिणाम यह हुआ कि आधुनिक पश्चिम से एकीकरण की 'उदारवादी' प्रक्रिया और अतीतजीवी धार्मिक पुनरूत्थान की संकीर्णतावादी प्रवृत्तियाँ, दोनों परस्पर विरोधी घटनायें भारत में साथ-साथ विकसित हो रही हैं। ऐसे में समसामयिक आधुनिकता की पहचान नवसाम्राज्यवादी विचारधारा से संघर्ष करते हुए प्रतिरोधी आधुनिकता की निरंतरता के रूप में की जा सकती है। देश-काल की ठोस ज़रूरतों के अनुसार इसके प्रतिमान बदल सकते हैं।

संदर्भ :

1. 'संधान', अंक-3, अक्टू.-दिसं.-2001, सम्पा. सुभाष गाताडे, पृ० 20.
2. धनन्जय वर्मा, आधुनिकता के बारे में तीन अध्याय, विद्या प्रकाशन मंदिर, संस्करण 1984, पृ० 187.
3. 'तद्भव', अंक-11, वर्ष-2004, सम्पा. अखिलेश, पृ० 32.
4. 'समकालीन सृजन', सम्पा. शंभुनाथ, अंक-21, वर्ष-2002, पृ० 80.
5. रजनीपाम दत्ता, आज का भारत, अनु. आनंदस्वरूप वर्मा, मैकमिलन इंडिया, संस्क.-1985, पृ० 147.
6. वी. ब्रोदोव, इंडियन फिलासफी इन माडर्न टाइम, प्राग्रेस पब्लिशर्स, मॉस्को, संस्करण -1984, पेज 160.
7. धनन्जय वर्मा, आधुनिकता के बारे में तीन अध्याय, पृ० 207.
8. 'तद्भव', अंक-11, वर्ष-2004, सम्पा. अखिलेश, पृ० 33.
9. धनन्जय वर्मा, आधुनिकता के बारे में तीन अध्याय, पृ० 193 से उद्धृत.
10. के. दामोदरन, भारतीय चिंतन परम्परा, पीपुल्स पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली, संस्क.-2001, पृ० 361.
11. 'तद्भव', अंक-11, वर्ष-2004, सम्पा. अखिलेश, पृ० 36.
12. राबर्ट ई. जे. यूंग, पोस्ट कानियलिज़्म : एन हिस्टोरिकल इंट्रोडक्शन, ब्लैकवेल, यूएसए, 2001, पेज 383.
13. 'तद्भव', अंक-11, वर्ष-2004, सम्पा. अखिलेश, पृ० 35.
14. हुमायूँ कबीर, विज्ञान, जनतंत्र और इस्लाम, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली, संस्क.-2000, पृ० 132-133.
15. 'तद्भव', अंक-11, वर्ष-2004, सम्पा. अखिलेश, पृ० 35.
16. विश्वनाथ नरवणे, आधुनिक भारतीय चिंतन, अनु. नेमिचंद जैन, राजकमल प्रकाशन, संस्क.-1966, पृ० 9.
17. 'तद्भव', अंक-11, वर्ष-2004, सम्पा. अखिलेश, पृ० 45.
18. सुनील खिलनानी, भारतनामा, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली, संस्क.-2001, पृ० 212.
19. पोस्ट-माडर्न कंडिशन्सरू ए रिपोर्ट आन नालेज़, मैंचेस्टर यूनिवर्सिटी प्रेस, संस्करण-1979, पेज xxiv
20. शंभुनाथ, दुस्समय में साहित्य : परम्परा का पुनर्मूल्यांकन, वाणी प्रकाशन, दिल्ली, सं.-2002, पृ० 12.
21. सुधीश पचौरी, आलोचना से आगे, राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली, सं.-2000, पृ० 13-23.
22. मार्क्स/ऐंगेल्स, साहित्य तथा कला, प्रगति प्रकाशन, मास्को, हिंदी अनुवाद-1981, पृ० 290.

❒❒❒

119B, प्रथम तल, प्लैटिनम एंक्लेव, सेक्टर 18, रोहिणी, नई दिल्ली - 110089, फ़ोन - 9891266601

ईमेल : bhaskarmlnc@gmail.com

भारतेंदु का बलिया व्याख्यान और वर्तमान परिदृश्य

—डॉ. वेदप्रकाश

भारतेंदु हरिश्चंद्र ने बलिया अधिवेशन में कहा था–'वैष्णव शाक्त इत्यादि नाना प्रकार के मत के लोग आपस का वैर छोड़ दें। यह समय इन झगड़ों का नहीं। हिंदू, जैन, मुसलमान सब आपस में मिलिए। जाति में कोई चाहे ऊँचा हो चाहे नीचा हो सबका आदर कीजिए, जो जिस योग्य हो उसको वैसा मानिए। छोटी जाति के लोगों को तिरस्कार करके उनका जी मत तोड़िए। सब लोग आपस में मिलिए।... भाई हिंदुओ! तुम भी मतमतांतर का आग्रह छोड़ो। आपस में प्रेम बढ़ाओ। इस महामंत्र का जप करो।

चिंतन सृजन का मूल है। चिंतन की प्रक्रिया सनातन ज्ञान परंपराओं से सक्रिय होती है, युगीन वातावरण इस प्रक्रिया को निरंतर विकसित करता है। भारतभूमि पर समय-समय पर ऐसे चिंतन होते रहे हैं जिनसे मानवता का कल्याण हो। इस दृष्टि से वैदिक साहित्य विश्व चिंतन के आदि ग्रंथों के रूप में स्थापित है। वसुधैव कुटुंबकम् एवं सर्वे भवंतु सुखिनः का चिंतन-दर्शन भी वैदिक ऋषियों की देन है। भारत भारती नामक पुस्तक में हमारी सभ्यता शीर्षक से मैथिलीशरण गुप्त ने लिखा है–

शैशव-दशा में देश प्रायः जिस समय सब व्याप्त थे।

निःशेष विषयों में तभी हम प्रौढ़ता को प्राप्त थे। संसार को पहले हमींने ज्ञान-भिक्षा दान की, आचार की, व्यापार की, व्यवहार की, विज्ञान की।[1]

गुप्त जी द्वारा रचित प्रस्तुत पंक्तियों से विश्व मानवता को भारतीय चिंतन का प्रदेय स्पष्ट होता है। इसी पुस्तक में एक उद्धरण स्वरूप 20 फरवरी 1884 के डेली ट्रिब्यून नामक पत्र में विदेशी विद्वान डी.ओ. ब्राउन का वक्तव्य भी उद्धृत है, जिसमें लिखा है–'यदि हम पक्षपात रहित होकर भली-भाँति परीक्षा करें तो हमको स्वीकार करना पड़ेगा कि हिंदू ही सारे संसार के साहित्य, धर्म और सभ्यता के जन्मदाता हैं।'[2] इतिहास साक्षी है कि भारत ने विभिन्न कारणों से लंबी दासता झेली। एक सुनियोजित ढंग से सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक और सांस्कृतिक आदि विभिन्न तरह की श्रेष्ठता को समाप्त करने का उपक्रम चलता रहा। आचार्य चाणक्य ने कहा था–

शस्त्रैर्हतास्तु रिपवो न हता भवन्ति
प्रज्ञाहतास्तु रिपवो सुहता भवन्ति।

अर्थात् शस्त्रों के द्वारा मारे गए शत्रु पूरी तरह नहीं मरते हैं, उनका सर्वनाश तभी हो सकता है जब वे प्रज्ञाहत हो याने उनकी बुद्धि मारी जाए।[3] ब्रिटिश शासकों ने बड़े पैमाने पर भारतीय जनमानस को प्रज्ञाहत करने का कार्य किया। लॉर्ड मैकाले की

विभिन्न नीतियां इसका प्रमाण कहीं जा सकती हैं। 10 दिसंबर 1836 को अपने पिता को लिखे एक पत्र में उन्होंने लिखा–'मेरी बनाई शिक्षा पद्धति से यहाँ शिक्षा क्रम चलता रहा तो आगामी तीस वर्षों में बंगाल में एक भी हिंदू नहीं बचेगा, सारे खिस्ती बन जाएँगे या फिर केवल पॉलिसी के लिए नाममात्र हिंदू (पॉलिटिकल हिंदू) बने रहेंगे। धर्म पर या वेदों पर उनका विश्वास कतिपय नहीं रहेगा।'[4]

सर्वविदित है कि 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के पश्चात भारत ब्रिटिश उपनिवेश बना, तत्पश्चात भिन्न-भिन्न रूपों में भारतवर्ष के गौरव और गर्व को विकृत करने का कार्य ब्रिटिश नीतियों में निरंतर जारी रहा। भारतवर्ष के स्वतंत्रता संग्राम में जहाँ एक ओर समाज सुधारकों, क्रांतिकारियों एवं संत परंपरा का महत्वपूर्ण योगदान है वहीं दूसरी ओर साहित्यकारों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के पश्चात भारतवर्ष नए रूप में तैयार हो रहा था। यह स्व के जागरण का काल था। भारतेंदु और उनके मंडल के रचनाकार जन जागरण के कार्य को वाणी दे रहे थे। भारत दुर्दशा और अंधेर नगरी जैसी कालजयी रचनाएँ जन-जन में प्रचलित हो रही थी। मेले, भजन-कीर्तन और छोटे-बड़े सामाजिक आयोजन जन जागरण के मंचों के रूप में संदेश प्रसारित कर रहे थे, इसी श्रृंखला में 1884 में उत्तर प्रदेश के बलिया का ददरी मेला महत्वपूर्ण है। इसी मेले में भारतेंदु हरिश्चंद्र के स्वागत-सम्मानार्थ बलिया इंस्टिट्यूट की एक सभा में कोटि-कोटि हृदय के भूषण भारतेंदु हरिश्चंद्र ने 'भारत वर्ष की उन्नति कैसे हो सकती है' इस विषय पर व्याख्यान दिया। बाद में यह व्याख्यान हरिश्चंद्र चंद्रिका नामक पत्रिका में प्रकाशित भी हुआ। व्याख्यान के विभिन्न बिंदुओं पर चिंतन और विश्लेषण से यह स्पष्ट होता है कि यह व्याख्यान उस समय के भारत के लिए भिन्न-भिन्न रूपों में जागरण का संदेशवाहक था। इस व्याख्यान से यह भी स्पष्ट होता है कि साहित्य समय के अनुरूप समाज की दिशा और संवेदना का निर्माण करे। पिछले कुछ वर्षों से भारतवर्ष पुन: नवनिर्माण की ओर अग्रसर है। भारत विश्व गुरु बने, राष्ट्रीय नेतृत्व समुचित रूप में इस दिशा में प्रयासरत है, ऐसे में यह आवश्यक है कि जन सामान्य भी इसमें भागीदार बने।

वर्ष 1884 से आज वर्ष 2022 में जब हम भारतेंदु का बलिया व्याख्यान और वर्तमान परिदृश्य पर विचार करते हैं तो कई महत्वपूर्ण प्रश्न हमारे सामने उपस्थित होते हैं। 1884 का समय भारतवर्ष के स्वतंत्रता संग्राम का समय था, समाज के नवजागरण का समय था और आज वर्ष 2022 भारतवर्ष के नव निर्माण का समय है। आज भारत वैश्विक पटल पर शिखरोन्मुख है। व्याख्यान की आरंभिक पंक्तियां वर्तमान परिदृश्य में भी सटीक बैठती हैं-'इस छोटे से नगर बलिया में हम इतने मनुष्यों को बड़े उत्साह से एक स्थान पर देखते हैं। इस अभागे आलसी देश में जो कुछ हो जाए वही बहुत कुछ है।'[5] आलस्य का सिलसिला आज भी जारी है। छोटे-छोटे नगर आत्मनिर्भरता, कौशल और स्वच्छता की मिसाल बन रहे हैं और बड़े नगर आज भी आलस्य में और टीका-टिप्पणी तक सीमित दिखाई दे रहे हैं। जनशक्ति बड़ी होती है, राष्ट्रीय सरोकारों की सिद्धि इस जनशक्ति के बिना संभव नहीं है लेकिन जिस प्रकार हनुमान को जामवंत ने बल याद दिलाया था, जिस प्रकार बलिया व्याख्यान के माध्यम से भारतेंदु ने भी जन-जन को उसके बल का स्मरण करवाने का काम किया था, वर्तमान परिदृश्य में यह आवश्यक है कि धार्मिक,

सामाजिक, राजनीतिक और साहित्यिक नेतृत्व पूरी ईमानदारी से जन-जन को उसकी ताकत का स्मरण कराएँ। आज यह नितांत आवश्यक है कि शासन-प्रशासन और अन्यत्र शीर्ष पर बैठे हुए लोग स्वयं की सुख-साधन संपन्नता की चिंता छोड़कर आम जन के सरोकारों की चिंता करें। वैश्विक फलक पर उन्नति की घुड़दौड़ हमेशा रही है। भारतेंदु ने अपने व्याख्यान में कहा-'यह समय ऐसा है कि उन्नति की मानो घुड़दौड़ हो रही है। अमेरिकन, अंगरेज, फरासिस आदि तुरकी ताजी सब सरपट दौड़े जाते हैं। सबके जी में यही है कि पाला हमीं पहले छू लें...यह समय ऐसा है कि जो पीछे रह जाएगा फिर कोटि उपाय किए भी आगे न बढ़ सकेगा।'[6] वर्तमान परिदृश्य भी ऐसा ही है जब वैश्विक पटल पर चहुँ ओर उन्नति की घुड़दौड़ दिखाई दे रही है, ऐसे में निहित स्वार्थों में उलझकर विकास के पहिए को रोकने का उपक्रम क्या प्रमाद की निशानी नहीं है? समय का सदुपयोग, नूतन दृष्टि विकास में महत्वपूर्ण घटक के रूप में कहे जा सकते हैं। अमीर-गरीब सभी विकास के भागीदार होने से ही विकास की संकल्पना साकार होती है।

भारतेंदु ने कहा था-'बहुत लोग यह कहेंगे कि हमको पेट के धंधे के मारे छुट्टी ही नहीं रहती बाबा, हम क्या उन्नति करें?...इंग्लैंड का पेट भी कभी यों ही खाली था। उसने एक हाथ से अपना पेट भरा, दूसरे हाथ से उन्नति की राह के काँटों को साफ किया। क्या इंग्लैंड में किसान, खेतवाले, गाड़ीवान, मजदूर, कोचवान आदि नहीं हैं? किसी देश में भी सभी पेट भरे हुए नहीं होते। किंतु वे लोग जहाँ खेत जोतते-बोते हैं वहीं उसके साथ यह भी सोचते हैं कि ऐसी और कौन सी कल या मसाला बनावें जिसमें इस खेती में आगे से दूना अन्न उपजै। विलायत में गाड़ी के कोचवान भी अखबार पढ़ते हैं। जब मालिक उतरकर किसी दोस्त के यहाँ गया उसी समय कोचवान ने गाड़ी के गद्दी के नीचे से अखबार निकाला।'[7] वर्तमान परिदृश्य में विचार करें तो शासन-प्रशासन द्वारा औद्योगिक क्षेत्र, कृषि क्षेत्र में निरंतर नई-नई तकनीक एवं योजनाएँ लाने पर भी किंतु-परंतु का सिलसिला जारी है। आज भी भिन्न-भिन्न रूपों में हमारे कोचवान हुक्का पीने, गप्प करने और मोबाइल पर चैट में ही अधिक व्यस्त दिखाई देते हैं, क्या भारतवर्ष की उन्नति में उनका योगदान नहीं होना चाहिए? क्या वे अपने कार्य-व्यवसाय में उन्नति के लिए चिंतित नहीं होने चाहिए? दरिद्रता का बड़ा कारण आर्थिक संसाधनों की कमी होना है, किंतु क्या आलस्य भी एक बड़ा घटक नहीं है? भारतेंदु का संदेश जन-जन के लिए आज भी प्रासंगिक है-'भाइयो, राजा-महाराजाओं का मुँह मत देखो, मत यह आशा रक्खो कि पंडित जी कथा में कोई ऐसा उपाय भी बतलावेंगे कि देश का रुपया और बुद्धि बढ़े। तुम आप ही कमर कसो, आलस छोड़ो।... दौड़ो इस घुड़दौड़ में जो पीछे पड़े तो फिर कहीं ठिकाना नहीं है।'[8] सजग रचनाकार भूत, वर्तमान और भविष्य की विविध आयामी विवेचना करता है। वह समय के महत्वपूर्ण प्रश्नों को संबोधित करता है। भारतवर्ष की उन्नति के संबंध में भारतेंदु ने अपने व्याख्यान में कहा था-'और वह सुधरना भी ऐसा होना चाहिए कि सब बात में उन्नति हो। धर्म में, घर के काम में, बाहर के काम में, रोजगार में, शिष्टाचार में, चाल चलन में, शरीर के बल में, मन के बल में, समाज में, बालक में, युवा में, वृद्ध में, स्त्री में, पुरुष में, अमीर में, गरीब में, भारतवर्ष की सब अवस्था, सब जाति, सब देश में उन्नति करो। सब ऐसी बातों को छोड़ो जो तुम्हारे इस पथ के कंटक हों, चाहे तुम्हें लोग

निकम्मा कहें या नंगा कहें, कृस्तान कहें या भ्रष्ट कहें। तुम केवल अपने देश की दीनदशा को देखो और उनकी बात मत सुनो।'[9] वर्तमान परिदृश्य में उन्नति के उपर्युक्त वर्णित इन सब आयामों को निष्कंटक करने की आवश्यकता है। वर्तमान परिदृश्य में इन आयामों में कई प्रकार के विकार दिखाई दे रहे हैं। कई बार इन विकारों की चर्चा होने पर भी समाज का एक बड़ा वर्ग उन्हें संस्कारवत चिपकाए हुए है। आज भी भारतवर्ष की उन्नति में विकारी मानसिकता बड़ी बाधक है। अपने व्याख्यान में भारतेंदु ने धर्म को सब उन्नति का मूल कहकर विश्लेषित किया है–'सब उन्नतियों का मूल धर्म है। इससे पहले सबके धर्म की ही उन्नति करनी उचित है। देखो, अँगरेजों की धर्मनीति और राजनीति परस्पर मिली हैं, इससे उनकी दिन–दिन कैसी उन्नति है। उनको जाने दो, अपने ही यहाँ देखो! तुम्हारे यहाँ धर्म की आड़ में नाना प्रकार की नीति, समाज–गठन, वैद्यक आदि भरे हुए हैं।'[10] उन्होंने बलिया मेला महास्नान की परंपरा, एकादशी का व्रत, पर्व–उत्सवों का महत्व आदि की उदाहरण सहित व्याख्या की है। क्या आज साहित्यकार और विद्वत समाज का यह दायित्व नहीं है कि वह विद्या और नीति के फैलाव में अपना योगदान दें? क्या ऐसे लोग स्वेच्छा से आगे आ रहे हैं? साहित्यकार, कलाकार और चिंतक अपने सृजन कर्म और संदेशों से जन जागरण कर सकते हैं, किंतु विगत कुछ वर्षों में ऐसा देखने में आया है कि कुछ तथाकथित बुद्धिजीवियों की मंडली देश के टुकड़े–टुकड़े और समाज जीवन में उन्माद फैलाने में ही सक्रिय बनी हुई है। पूजा पद्धति को ही धर्म मानकर उसके विषय में तरह–तरह के भ्रम और शंकाएं फैलाने का कार्य जारी है। निहित स्वार्थ और राजनीतिक स्वार्थों में राष्ट्रहित की अनदेखी निरंतर जारी है। क्या ऐसे में भारत के विश्व गुरु बनाने की संकल्पना साकार हो सकेगी? भारतीय ज्ञान परंपरा में महर्षि वाल्मीकि, कबीर, गुरु नानक एवं रविदास आदि के संदेशों में जाति–संप्रदाय से ऊपर मानवता की स्थापना विद्यमान है। संत रविदास लिखते हैं–

आदिधर्म आदि का, यहां मानव जाति सामान।
छोटो बड़ो कोई नहीं, है मानुष जन्म महान।।[11]

भारतेंदु हरिश्चंद्र ने बलिया अधिवेशन में कहा था–'वैष्णव शाक्त इत्यादि नाना प्रकार के मत के लोग आपस का वैर छोड़ दें। यह समय इन झगड़ों का नहीं। हिंदू, जैन, मुसलमान सब आपस में मिलिए। जाति में कोई चाहे ऊँचा हो चाहे नीचा हो सबका आदर कीजिए, जो जिस योग्य हो उसको वैसा मानिए। छोटी जाति के लोगों को तिरस्कार करके उनका जी मत तोड़िए। सब लोग आपस में मिलिए।...भाई हिंदुओ! तुम भी मतमतांतर का आग्रह छोड़ो। आपस में प्रेम बढ़ाओ। इस महामंत्र का जप करो। जो हिंदुस्तान में रहे, चाहे किसी रंग, किसी जाति का क्यों न हो, वह हिंदू। हिंदू की सहायता करो। बंगाली, मराठा, पंजाबी, मदरासी, वैदिक, जैन, ब्राह्मो, मुसलमान सब एक का हाथ पकड़ो।'[12] अपने व्याख्यान में भारतेंदु ने बालकों की शिक्षा, बड़ों का व्यवहार, कौशल विकास, आत्मनिर्भरता की आवश्यकता और निज भाषा की उन्नति का मंत्र देते हुए कई महत्वपूर्ण सूत्र दिए। व्याख्यान के अंत में उन्होंने कहा–'कारीगरी जिसमें तुम्हारे यहाँ बढ़े, तुम्हारा रुपया तुम्हारे ही देश में रहै वह करो। देखो, जैसे हजार धारा होकर गंगा समुद्र में मिली है, वैसे ही तुम्हारी लक्ष्मी हजार तरह से इंगलैंड, फरासीस, जर्मनी, अमेरिका को जाती है।... तुम ऐसे हो गए

कि अपने निज के काम की वस्तु भी नहीं बना सकते। भाइयो, अब तो नींद से चौंको, अपने देश की सब प्रकार उन्नति करो। जिसमें तुम्हारी भलाई हो वैसी ही किताब पढ़ो, वैसे ही खेल खेलो, वैसे ही बातचीत करो। परदेशी वस्तु और परदेशी भाषा का भरोसा मत रखो। अपने देश में अपनी भाषा में उन्नति करो।'[13] भारतेंदु द्वारा दिए गए इस महत्वपूर्ण व्याख्यान के आलोक में वर्तमान परिदृश्य का विश्लेषण करने पर यह स्पष्ट है कि आज भी अनेक ऐसे महत्वपूर्ण प्रश्न हैं जो भारतवर्ष की उन्नति के मार्ग में यथावत् खड़े हैं, जिन पर गंभीर मंथन की आवश्यकता है। विडंबना है कि अब बड़े-बड़े साहित्यिक मंचों पर 'भारतवर्ष की उन्नति कैसे हो सकती है' जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्याख्यान क्यों नहीं होते और यदि होते हैं तो फिर वे मील का पत्थर सिद्ध क्यों नहीं हो पा रहे हैं? कहीं आज का साहित्यकार केवल निहित स्वार्थों की पूर्ति में तो सक्रिय नहीं है? 1857 का स्वतंत्रता संग्राम नामक पुस्तक में वीर सावरकर ने लिखा है-'चाहे कितने ही छोटे घर का निर्माण क्यों न करना हो यदि उसके आकार-प्रकार के अनुसार उसकी आधारशिला नहीं रखी गई तो वह घर चिरस्थाई नहीं हो सकता।'[14] आज जब भारत के नवनिर्माण के लिए भिन्न-भिन्न रूपों में आधारशिला रखी जा रही हैं तो क्या भारतेंदु के बलिया व्याख्यान से कुछ सूत्र लेते हुए साहित्यकार नवभारत के निर्माण में भागीदार बन सकते हैं? आज राजनीतिक स्वार्थ, स्वहित, भ्रम, भय और उन्माद की मानसिकता जोर पकड़ रही है। जाति, संप्रदाय एवं प्रादेशिकता की संकीर्णता में राष्ट्रभाव हाशिए पर डालने का प्रयास हो रहा है। ऐसे में आवश्यकता है साहित्यकार महत्वपूर्ण व्याख्यान दें। जन मन में आत्मबल एवं स्व के जागरण का कार्य केवल साहित्यकार ही कर सकते हैं।

संदर्भ :

1. भारत भारती- मैथिलीशरण गुप्त
2. भारत भारती- मैथिलीशरण गुप्त
3. कृष्णवन्तो विश्वमार्यम्-भूमिका भाग-डॉ. शरद हेबालकर
4. कृष्णवन्तो विश्वमार्यम्-भूमिका भाग-डॉ. शरद हेबालकर
5. भारतवर्ष की उन्नति कैसे हो सकती है-भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
6. वही
7. वही
8. वही
9. वही
10. वही
11. रविदास ग्रंथावली
12. भारतवर्ष की उन्नति कैसे हो सकती है-भारतेंदु हरिश्चंद्र
13. वही
14. 1857 का स्वतंत्रता संग्राम-स्वधर्म तथा स्वराज्य-वीर सावरकर

❑❑❑

असिस्टेंट प्रोफेसर, हिंदी विभाग, हंसराज कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय
मोबाइल : 9818194438 ईमेल : ved0550@gmail.com

सूचना क्रांति के दौर में भाषिक चुनौतियाँ

—डॉ. जैनेन्द्र कुमार पाण्डेय

परिवर्तनशीलता किसी भी भाषा का अनिवार्य गुण है, हिन्दी इसका अपवाद नहीं। किसी भी भाषा में होने वाला परिवर्तन उसकी मूल आत्मा को हमेशा बचाए रखने के लिए ही होता है। जिस भाषा में परिवर्तन नहीं होता है वह एक समय के बाद काल-कवलित हो जाती है लेकिन साथ ही परिवर्तन की उतावलापन भी उसे काल का ग्रास बना देता है। आलोचक डॉ. रामविलास शर्मा ने भाषा के इस ह्रासमूलक परिवर्तन का संकेत किया है।

इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर जिस तरह से हमारी निर्भरता बढ़ रही है, उसे देखते हुए आज के समय को 'इलेक्ट्रॉनिक युग' कहना गलत न होगा। स्मार्टफोन, टैबलेट, लैपटॉप, कंप्यूटर जैसे उपकरण आज हमारे जीवन का अनिवार्य हिस्सा बन गए हैं। इन उपकरणों के प्रयोग के अब हम इतने आदी हो गए हैं कि इनसे अलगाव की कल्पना मात्र से असहज हो उठते हैं। सही है कि इन उपकरणों ने हमें तमाम सुविधाएँ उपलब्ध करायी हैं। इनके सही इस्तेमाल से हमारे जीवन में एक तरह की सहजता और सुगमता भी आई है । सूचना एवं संचार क्रांति के कारण हमारी भौतिक दूरी बेमानी हुई है और आपसी संवाद एवं आदान-प्रदान की प्रक्रिया में भी अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। कई लोग विशेषकर युवा इस अवसर का लाभ उठा रहे हैं और अपनी प्रतिभा का दमदार प्रदर्शन भी कर रहे हैं । हममें से अधिकांश लोग सामान्य पृष्ठभूमि से आने वाले उन युवाओं से अवश्य परिचित होंगे, जिन्होंने हाल के वर्षों में तमाम सोशल साइट्स पर अपनी प्रतिभा की अमिट छाप छोड़ी है और इनके जरिए काफी धन व सम्मान अर्जित किया है। बेशक आज देश-दुनिया की एक बड़ी आबादी इन मंचों का उपयोग अपने भावों-विचारों की रचनात्मक अभिव्यक्ति और आत्मविस्तार के लिए कर रही है, पर इसका एक दूसरा पक्ष भी है जिसे हम कत्तई नजरंदाज नहीं कर सकते। क्या यह सच नहीं है कि जहाँ सूचना प्रौद्योगिकी ने हमें कई सहूलियतें प्रदान की हैं, वहीं कुछ गंभीर चुनौतियाँ भी पेश की हैं? भाषा के क्षेत्र में जिस तरह के बदलाव हो रहे हैं, क्या वे किसी बड़ी चुनौती का संकेत नहीं दे रहे हैं?

निस्संदेह भाषा भावों-विचारों की अभिव्यक्ति का सर्वाधिक सशक्त माध्यम है। पर सोशल साइट्स पर आजकल वह जिस रूप या जिन रूपों में प्रयुक्त हो रही है, वह निश्चय ही चिंताजनक है। चाहे छोटा संदेश हो या कोई बड़ा आलेख, आजकल लिखने के लिए लोग धड़ल्ले से की-बोर्ड का इस्तेमाल कर रहे हैं। कलम या पेंसिल से लिखने की हमारी आदत छूटती जा रही

है। स्थिति यही रही तो वह दिन दूर नहीं, जब कलम और पेंसिल से लिखने वाले ढूँढ़े नहीं मिलेंगे। ठीक वैसे ही, जैसे आज हाथ की बनी सरकंडे या किरमिच की कलम से लिखने वाले ढूँढ़े नहीं मिलते। एक समय था जब लोग चाकू आदि के इस्तेमाल से घर पर ही अपनी पसंद और आवश्यकता के हिसाब से पतली या मोटी नोक वाली कलम बनाते थे। जो व्यक्ति इस कार्य में दक्ष नहीं होता वह बेहिचक किसी कुशल विशेषज्ञ की मदद भी ले लेता। निचली कक्षाओं में पढ़ने वाले विद्यार्थी प्रायः हाथ से बनी इन्हीं कलमों का इस्तेमाल करते और इनसे 'सुलेख' लिखते हुए अपने लेखन कौशल का प्रदर्शन भी करते। जिन लोगों ने टाट-पटरी के जमाने में अपनी आरंभिक शिक्षा ली है उन्हें पता होगा कि कैसे इन कलमों का प्रयोग लिखावट को सुंदर बनाने के लिए किया जाता था। उस जमाने के शिक्षक भी लिखावट की सुंदरता पर विशेष बल देते थे, जिसके कारण विद्यार्थियों में सुंदर लिखने की प्रायः होड़ मची रहती थी। जिस विद्यार्थी की लिखावट सुंदर होती, उसकी सभी लोग इज्जत करते थे। हाथ से बनी कलम की जगह जब कंपनी में निर्मित पेन ने ले ली, तब सुंदर लिखने वालों की पूछ घटने लगी। यद्यपि पेन के प्रयोग ने लिखावट में कौशल दिखाने की संभावना को सीमित अवश्य कर दिया, परंतु इसे बंद कभी नहीं किया। पेन से सुंदर एवं कलात्मक ढंग से लिखने वाले आज भी आपको मिल जाएँगे, पर उस दिन की कल्पना कीजिए जब सब लोग लिखने के लिए की-पैड/बोर्ड का इस्तेमाल कर रहे होंगे। यहाँ सुंदर लिखने का मशीनी तरीका तो मौजूद होगा, लेकिन वैयक्तिक प्रतिभा, कौशल और सौन्दर्य चेतना के उपयोग का कोई अवकाश नहीं होगा। ऐसे में सुलेख या सुंदर लिखावट की कला समाप्तप्राय हो जाएगी, जिसे मनुष्य ने काफी जद्दोजहद के उपरांत विकसित किया था। यही नहीं हस्तलिखित सामग्री अथवा पांडुलिपियाँ भी संग्रहालय की वस्तु बनकर रह जाएँगी। एक ऐसे युग में जहाँ तकनीकी विकास को सर्वाधिक प्राथमिकता दी जा रही है, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence) न केवल सिर चढ़कर बोल रही है बल्कि वह एक विमर्श का हिस्सा बन चुकी है, तब हमें अपनी प्राकृतिक बुद्धिमत्ता पर ठीक ढंग से विचार करना जरूरी प्रतीत होता है। इसी बुद्धिमत्ता का एक अनिवार्य हिस्सा हमारी भाषा है, जिसके लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता तमाम तरह के संकट पैदा कर रही है। इस कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रसार से हमारी मातृभाषा के लेखन और वाचन में आने वाली चुनौतियों से निपटने के उपायों के बारे में भी हमें गंभीरता से सोचना होगा।

वैसे तो की-बोर्ड एवं फॉन्ट के स्तर पर काफी उन्नति हुई है, फिर भी हिन्दी सहित तमाम भारतीय भाषाओं में कुछ वर्णों एवं चिह्नों का अभाव परेशानी का सबब बना हुआ है। उदाहरण के लिए देवनागरी में लिखने के लिए यूनिकोड में जिस मंगल फॉन्ट का सर्वाधिक प्रयोग होता है, उसमें टाइपिंग करते हुए 'शृंगार' अथवा 'श्रंगार' शब्द से ही काम चलाना पड़ता है, जबकि ये दोनों शब्द वर्तनी की दृष्टि से सही नहीं हैं। आज के तकनीकी युग में जो सहज-सुलभ है, उसी से काम चलाने की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में सटीक वर्णों एवं शब्दों की तलाश में सिर खपाने के बजाय लोग उन विकल्पों से काम चला रहे हैं जो सहज उपलब्ध हैं। आजकल विभिन्न मंचों पर साझा किए जाने वाले संदेशों को देखने पर यह बात स्वयं प्रमाणित हो जाती है। हिन्दी में साझा किए जाने वाले अधिकांश संदेशों की लिपि प्रायः रोमन होती है। इनमें ऐसे-ऐसे संक्षिप्त

एवं सांकेतिक शब्द प्रयोग किये जाते हैं, जिन्हें समझना आसान नहीं है। हिन्दी के शब्द जब रोमन में लिखे जाते हैं तो उन्हें समझने के लिए अतिरिक्त प्रयास करना पड़ता है। हिन्दी के 'मैं' को रोमन में 'उंप' या 'उंपद' के रूप में लिखा जाता है। 'मैं' के अलावा इन दोनों का उच्चारण क्रमश: 'माई' और 'मेन' शब्द के लिए भी किया जाता है। जाहिर है, ऐसे में भाषा के दुरूह और अबूझ होने का खतरा लगातार बढ़ रहा है। इधर भाषा में मिलावट की प्रवृत्ति भी तेजी से बढ़ी है और इसके मूल में कहीं न कहीं तकनीक की अहम भूमिका है, इस तथ्य को खारिज नहीं किया जा सकता। आजकल पुस्तक या किताब को 'बुक'; दोस्त या मित्र को 'फ्रेंड' कहने का चलन इतना बढ़ गया है कि लगता ही नहीं कि ये शब्द हिन्दी के नहीं, अंग्रेजी के हैं। हिन्दी या दूसरी भारतीय भाषाओं में अंग्रेजी शब्दों की घुसपैठ पहले भी होती थी, लेकिन इधर इसकी गति काफी बढ़ी है और इसके मूल में कहीं न कहीं तकनीकी उपकरणों का व्यापक प्रसार है। इसका व्यापक प्रभाव ग्रामीण क्षेत्रों पर भी दिखाई दे रहा है, जहाँ आम बोलचाल में प्रयुक्त होने वाले देशज शब्द तेजी से लुप्त हो रहे हैं और उनकी जगह अंग्रेजी के शब्द लेते जा रहे हैं। आजकल के ग्रामीण बच्चे भी 'गाय ', 'भैंस', 'बकरी', 'आलू' की जगह 'काउ', 'बफैलो', 'गोट', 'पोटैटो' जैसे अंग्रेजी शब्दों का प्रयोग करते हैं और ऐसा करते हुए गर्व की अनुभूति भी कर रहे हैं, जो निश्चय ही चिंताजनक है। किसी भी भाषा में दूसरी भाषा के जरूरी शब्दों की ग्राह्यता गलत नहीं है, लेकिन दिक्कत तब होती है जब हम अपनी भाषा के प्रचलित और सहज शब्दों के स्थान पर किसी दूसरी भाषा के शब्दों को जबरदस्ती ठूँसने लगते हैं। लोग अंग्रेजीदाँ दिखने के चक्कर में जिस तरह से अंग्रेजी के शब्दों को अपनी भाषा में घुसाकर उसे बोझिल बना रहे हैं वह चिंताजनक है। यह स्थिति केवल हिन्दी भाषा की ही नहीं है बल्कि अन्य भारतीय भाषाओं का भी यही हाल है। अंग्रेजी भाषा अपने प्रभुत्व काल से ही शक्ति और ज्ञान का प्रतीक बनने का दावा करती रही है, जबकि स्थिति इसके भिन्न है। ज्ञान और शक्ति किसी भाषा की चाकर नहीं, जो उसके अधीन रहे। कहना न होगा कि इस भाषा का संबंध औपनिवेशिक मानसिकता से है। औपनिवेशिक ताक़तें न केवल आर्थिक दोहन करती हैं बल्कि वह हमें मानसिक तौर पर पंगु भी बना देती हैं। वह सबसे पहले हमारी संस्कृति और भाषा के प्रति हमारे मन में हीनताबोध पैदा करती हैं जिससे हम अपनी ही भाषा और संस्कृति के प्रति उदासीन हो जाएँ। वह प्रक्रिया लंबे समय तक चलती है, उसका परिणाम आज भी दिखाई पड़ता है।

प्रसंगात् प्रख्यात चिंतक पवन वर्मा ने औपनिवेशिक सत्ता के कुछ महत्वपूर्ण लक्षणों का उल्लेख किया है। उन्होंने लिखा है कि, "अतीत में जो भी औपनिवेशिक हुकूमतें थीं, उन्हें न सिर्फ शासितों पर शारीरिक नियंत्रण कायम करने में सफलता मिली बल्कि उनकी असली सफलता दिमाग के औपनिवेशीकरण में रही और इस मामले में अंग्रेजों को सबसे ज्यादा कामयाबी मिली।" (भारतीयता की ओर, पृ.सं. 18) अंग्रेजी शासन व्यवस्था द्वारा विभिन्न विद्वानों को भारतीय भाषाओं के अध्ययन हेतु नियुक्त किया जाना उनकी कूटनीति का हिस्सा था। भाषा सर्वेक्षण करने वाले अनेक विद्वानों का अध्ययन न केवल चौंकाने वाला है बल्कि भारतीय समाज में विभेद पैदा करने वाला भी रहा है। इसमें एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में सन् अठारह सौ सत्तावन की क्रांति मौजूद है। इस महत्वपूर्ण घटना के बाद न केवल भारत में सामाजिक परिवर्तन

हुआ बल्कि औपनिवेशिक शासकों ने अपनी अनेक नीतियों में उलटफेर भी किया। इसी बदलाव का एक हिस्सा भाषायी विभेद पैदा करना था। सुविख्यात आलोचक डॉ. रामविलास शर्मा ने इस दिशा में गंभीर कार्य किया है। उनका विचार है कि, "सन सत्तावन के बाद अंग्रेजों ने हिन्दी-उर्दू समस्या को जिस तरह उभारा, वह उनकी फूट डालो और राज करो की नीति का अभिन्न अंग थी।" (भाषा और समाज, पृ.सं.-319) इस विभेद-नीति को समझे बिना उनके भाषायी प्रेम का मूल्यांकन केवल अधूरा होगा। भारतीय मानस इसे समझे बिना उनके बुने हुए जाल में फँसता चला गया। यह बोध अत्यंत आवश्यक है कि अपनी परंपरा और संस्कृति से बौद्धिक मुठभेड़ करना, उसकी रूढ़ियों और विसंगतियों को अस्वीकृत करना एक स्वस्थ परंपरा का परिचायक है, जबकि अपनी हीनताबोध के कारण विदेशी संस्कृति और भाषा का केवल अंधानुकरण बौद्धिक दिवालियापन का प्रतीक है।अत: इस संकट से बचने के लिए अपनी परंपरा का ज्ञान और सांस्कृतिक बोध अत्यंत आवश्यक है।

परिवर्तनशीलता किसी भी भाषा का अनिवार्य गुण है, हिन्दी इसका अपवाद नहीं। किसी भी भाषा में होने वाला परिवर्तन उसकी मूल आत्मा को हमेशा बचाए रखने के लिए ही होता है। जिस भाषा में परिवर्तन नहीं होता है वह एक समय के बाद काल-कवलित हो जाती है लेकिन साथ ही परिवर्तन की उतावलापन भी उसे काल का ग्रास बना देता है। आलोचक डॉ. रामविलास शर्मा ने भाषा के इस ह्रासमूलक परिवर्तन का संकेत किया है। उनका मंतव्य है कि भाषा में होने वाले परिवर्तन को प्राय: उसके विकास के नाम से जाना जाता है लेकिन यह परिवर्तन हमेशा प्रगतिगामी नहीं होता है। कभी-कभी यह परिवर्तन प्रगतिविरोधी भी होता है। उन्होंने लिखा है कि, "विकास का अर्थ यह न लगाना चाहिए कि भाषा में प्रत्येक परिवर्तन हर अवस्था में प्रगति का बोधक होता है। नितान्त ह्रासशून्य विशुद्ध विकास किसी क्षेत्र में नहीं होता, भाषा के क्षेत्र में भी नहीं होता।" (भाषा और समाज, पृ.सं.-319) स्पष्ट है कि प्रत्येक युग में, और सभ्यता के प्रत्येक चरण में होने वाला भाषागत विकास आगे बढ़ने वाला ही नहीं, वह पीछे धकेलने वाला भी होता है। ऐसी स्थिति में हमें समझना होगा कि प्रत्येक भाषा एक खास व्याकरणिक संरचना और अनुशासन से बँधी होती है और एक सीमा तक ही वह इनमें किसी बदलाव को स्वीकार करती है। इस कारण यह जरूरी हो जाता है कि भाषा के मूल स्वरूप को बचाते हुए ही किसी प्रकार के प्रयोग की छूट दी जाए और ऐसा करते हुए विशेष सतर्कता बरती जाए।

अंत में एक और चुनौती की ओर ध्यान देने की जरूरत है, जो अनुवाद से जुड़ी है। अनुवाद विभिन्न भाषाओं एवं संस्कृतियों को जोड़ने वाले सेतु की तरह होता है। इस दृष्टि से किसी भी बहुभाषी समाज में उसकी अपरिहार्यता असंदिग्ध है। अकारण नहीं है कि प्राचीन काल से ही अनुवाद का कार्य होता चला आ रहा। यह जरूर है कि अब उसका स्वरूप बदल गया है। पहले अनुवाद का कार्य मनुष्य द्वारा किया जाता था, लेकिन वर्तमान में यह कार्य विभिन्न ऐप्स और सॉफ्टवेयर के माध्यम से भी संपादित किया जाता है। अनुवाद को जोखिम भरा कार्य माना जाता है। इसमें थोड़ी सी असावधानी अर्थ का अनर्थ कर सकती है। अनुवाद की महत्ता यह है कि कोई भी अनूदित कृति मूल कृति का केवल प्रतिबिंब नहीं होती है बल्कि वह उसकी पुनर्रचना होती है। अनुवाद के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य करने वाले समाजशास्त्री अभय कुमार दुबे ने इसकी महत्ता

और चुनौतियों का विश्लेषण किया है। उनका विचार है कि, "अनुवाद मूल कृति का पुनरुत्पाद नहीं, पुनर्रचना है। चित्र जैसी कलाकृति का तो पुनरुत्पादन ही संभव है पर अनुवादक एक समूचे पाठ को एक दूसरी भाषा में, दूसरी लिपि में, दूसरी वाक्य-रचना में और दूसरी संस्कृति के जगत में रचता है। परकाया-प्रवेश जैसी कार्रवाई के नतीजे में जो काया बनती है उसके प्रमाणीकरण के लिए मूल काया कहीं और मौजूद रहती है। इस तरह दो पाठ बन जाते हैं।" (सत्ता और समाज, पृ. सं.-17) एक बार किसी प्रतियोगी परीक्षा के प्रश्नपत्र में 'स्टील प्लांट' का अनुवाद 'लौह पौध' किया गया था। यह अनुवाद कितना अनर्थकारी है, इसे बताने की आवश्यकता नहीं। पता नहीं यह अनुवाद किसी व्यक्ति ने स्वयं किया था या इसमें किसी सॉफ्टवेयर की मदद ली थी, पर अंततः इसे मानवीय लापरवाही का ही नमूना माना जाएगा। यदि मानव द्वारा किया गया अनुवाद पूरी तरह से निर्दोष नहीं हो सकता तो कंप्यूटर द्वारा किया गया अनुवाद कितना सटीक और निर्दोष होगा, इसका सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। मशीनी अनुवाद के हास्यास्पद किस्से रोज ही हमें देखने-सुनने को मिल जाते हैं। मशीनी अनुवाद में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस) का प्रयोग होता है, जो अनुवाद में तेजी की गारंटी दे सकता है, परंतु सटीकता की नहीं। हमें समझना होगा कि मनुष्य के मस्तिष्क का विकल्प कृत्रिम बुद्धिमत्ता नहीं हो सकता। इसलिए आवश्यक है कि अनुवाद के मामले में भी ऐप्स या सॉफ्टवेयर के भरोसे न रहकर जितना संभव हो मानव मस्तिष्क का उपयोग किया जाए।

कहने का आशय है कि कोई भी तकनीकी विकास अपने साथ कुछ चुनौतियाँ भी लाता है, जिन्हें नजरंदाज करना भाषा और संस्कृति के स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं है। सच है कि तकनीक के सहारे ही आज के दौर में विकास संभव है और इस दृष्टि से उसके साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ने में ही बुद्धिमानी है। पर यह ध्यान रखना होगा कि इस प्रक्रिया में हमारे पाँव उखड़ने न पाएँ, बल्कि वे मजबूती के साथ जमीन पर टिके रहें। हमारी परंपरा में अनेक तत्त्वों का मिश्रण इस बात का संकेत करता है कि उसकी दृष्टि भविष्य की ओर होती है और इसी दृष्टि से वह अतीत को आत्मसात भी करती है, लेकिन उसकी वर्तमान प्रासंगिकता को नजरअंदाज नहीं करती। उसके सतत प्रवहमान रहने का एक अनिवार्य गुण उसका लचीलापन है, अपने इसी स्वभाव के कारण वह आगे बढ़ जाती है। अपने समय की चुनौती का मुक़ाबला करने के लिए यह बोध अत्यंत आवश्यक है। यदि ऐसा होगा तो निश्चय ही हम भाषा व अन्य क्षेत्रों में आने वाली किसी भी चुनौती का मुकाबला करने में समर्थ साबित होंगे।

संदर्भ :

वर्मा, पवन. (2010). भारतीयता की ओर (अनु. वैभव सिंह). हरियाणा, पेंगुइन रैंडम हाउस

शर्मा, रामविलास. (2017). भाषा और समाज. नई दिल्ली, राजकमल प्रकाशन

बिष्ट, पंकज. (2008). हिन्दी का पक्ष. बीकानेर, वाग्देवी प्रकाशन

शेठ, धीरूभाई (2019). सत्ता और समाज (अनु. अभय कुमार दुबे). नयी दिल्ली, वाणी प्रकाशन

❑❑❑

एसोसिएट प्रोफेसर, हिंदी विभाग, मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महविद्यालय, बलिया, उत्तर प्रदेश-277001

मोबाइल 9415319547, ईमेल : jainendratdc@gmail.com

ग्रामीण विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व का तुलनात्मक अध्ययन

—दीपमाला
—डॉ. कविता पड़ेगाँवकर

ग्रामीण विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व का मध्यमान क्रमशः 71.24 एवं 70.06 है। छात्रों के व्यक्तित्व का मध्यमान छात्राओं की अपेक्षा अधिक है। तालिका से स्पष्ट है कि परिकलित टी मान 1.11 है जबकि df = 244 के लिए 0.05 स्तर पर सार्थकता परीक्षण के लिए टी का सारणीमान 1.96 है।

प्रस्तुत अध्ययन का उद्देश्य ग्रामीण विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व का तुलनात्मक अध्ययन करना था। इस अध्ययन के लिए भोपाल जिले के ग्रामीण विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का चयन यादृच्छिक प्रतिदर्श विधि से किया गया। जिसमें 123 छात्र एवं 123 छात्राओं का चयन न्यादर्श के रूप में किया गया। व्यक्तित्व के गुणों को जाँचने के लिए मंजू अग्रवाल द्वारा निर्मित बहुपक्षीय व्यक्तित्व इन्वेंटरी का उपयोग किया गया था। समंकों के विश्लेषण हेतु माध्य, माध्यिका एवं t-test का प्रयोग किया गया। प्राप्त परिणामों के आधार पर यह निष्कर्ष निकलता है कि ग्रामीण विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व के गुणों में सार्थक अन्तर पाया गया है।

परिचय

व्यक्तित्व आधुनिक मनोविज्ञान का बहुत ही महत्वपूर्ण एवं प्रमुख विषय है। व्यक्तित्व के अध्ययन के आधार पर व्यक्ति के व्यवहार का पूर्वकथन भी किया जा सकता है। प्रत्येक व्यक्ति में कुछ विशेष गुण या विशेषताएँ होती हों जो दूसरे व्यक्ति में नहीं होतीं। इन्हीं गुणों एवं विशेषताओं के कारण ही प्रत्येक व्यक्ति एक दूसरे से भिन्न होता है। व्यक्ति के आचार-विचार, व्यवहार, क्रियाएँ और गतिविधियों में व्यक्ति का व्यक्तित्व झलकता है। व्यक्ति का समस्त व्यवहार उसके वातावरण या परिवेश में समायोजित होने के लिए है। व्यक्तित्व के विकास में शिक्षा का महत्व है। एक संपूर्ण व्यक्ति बनने के लिए शिक्षा बहुत आवश्यक है। शिक्षा के द्वारा किसी भी कार्य को अनुशासित तरीके से ही पूरा किया जा सकता है।

देहगान, एहमद, हादी अब्दुल्लाही हादी एवं रेज़ाई, (2014), ली सनयून एवं ओथेक फूमियो (2014), यादव, रेखा (2014), मार्क एस. एलन, स्टेवर्ट ए. वेला व सिल्वेन लेबोर्डे (2014), भारद्वाज, रजनी, खान व वसीम अहमद (2013) ने व्यक्तित्व के लक्षण पर विभिन्न अध्ययन किए।

वास्तव में वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए व्यक्तित्व पर शोध कार्य करने की महती आवश्यकता प्रतीत होती है, यद्यपि व्यक्तित्व पर पूर्व में उत्कृष्ट एवं उपयोगी कार्य हो चुके हैं किन्तु

फिर भी इस विषय पर नवीन कार्य भविष्य में उपयोगी होंगे। अतः शोधकर्ता ने परिस्थितियों एवं आवश्यकताओं को आधार मानकर, व्यक्तित्व पर कार्य करने का निर्णय लिया।

समस्या

"ग्रामीण विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व का तुलनात्मक अध्ययन"

अध्ययन का उद्देश्य

ग्रामीण विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व का तुलनात्मक अध्ययन करना।

परिकल्पना

"ग्रामीण विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व में सार्थक अन्तर नहीं होगा"

प्रतिदर्श

प्रस्तुत अध्ययन हेतु भोपाल जिले के ग्रामीण विद्यालयों के विद्यार्थियों का चयन यादृच्छिक प्रतिदर्श विधि (RENDOM SAMPLING METHOD) से किया गया। जिसमें 123 छात्र एवं 123 छात्राओं का चयन न्यादर्श के रूप में किया गया।

चर

साहित्य के पुनरावलोकन एवं विद्वानों के साथ चर्चा के आधार पर, इस अध्ययन के लिए चर के रूप में व्यक्तित्व का चयन किया गया।

शोध उपकरण

अध्ययनकर्ता द्वारा व्यक्तित्व के गुणों को जाँचने के लिए मंजू अग्रवाल द्वारा निर्मित बहुपक्षीय व्यक्तित्व इन्वेंटरी का उपयोग व्यक्तित्व लक्षणों का आकलन करने के लिए किया गया था। इन्वेंट्री में 120 आइटम हैं और प्रत्येक 20 आइटम व्यक्तित्व के उपायों से संबंधित हैं- अंतर्मुखी-बहिर्मुखी, आत्म-अवधारणा, स्वतंत्रता-निर्भरता, स्वभाव, समायोजन और चिंता। इसकी वैधता 0.82 है।

समंक संकलन की प्रक्रिया

समंक व्यक्तित्व प्रश्नावली की सहायता से एकत्र किया गया। प्रश्नावली विद्यार्थियों के मध्य व्यक्तिगत रूप से अलग-अलग वितरित की गयी। परीक्षण संबंधी सभी आवश्यक निर्देश विद्यार्थियों को दिये गए। अंत में प्रत्येक विद्यार्थी से प्रश्नावली प्राप्त की गयी।

समंक विश्लेषण हेतु सांख्यिकी तकनीक का प्रयोग

शोध प्रक्रिया के अन्तर्गत प्राप्तांकों के रूप में समंकों के विश्लेषण हेतु सांख्यिकीय तकनीकों का प्रयोग किया गया। इसमें माध्य, माध्यिका एवं t-test का प्रयोग किया गया।

समंक विश्लेषण एवं परिणाम

शोधार्थी ने इस शोध कार्य में प्रश्नावली की सहायता से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का अध्ययन सांख्यिकीय पद्धति से गणना करके किया और सार्थकता की जाँच टी-टेस्ट 0.05 स्तर पर की गयी, जिसमें दोनों समूहों में सार्थक अन्तर पाया गया।

सारणी क्रमांक-1

चर	समूह	संख्या	मध्यमान	प्रमाप विचलन	टी-सारणी मान	परिकलित टी-मान	सार्थकता 0.05 स्तर
व्यक्तित्व	छात्र	123	71.24	9.36	1.96	1.11	असार्थक (NS)
	छात्राएँ	123	70.06	8.11			

ग्रामीण विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व का मध्यमान क्रमशः 71.24 एवं 70.06 है। छात्रों के व्यक्तित्व का मध्यमान छात्राओं की अपेक्षा अधिक है। तालिका से स्पष्ट है कि परिकलित टी मान 1.11 है जबकि df = 244 के लिए 0.05 स्तर पर सार्थकता परीक्षण के लिए टी का सारणीमान 1.96 है। इस प्रकार सारणीमान से परिकलित मान कम है (1.11<1.96) अतः सार्थक अन्तर नहीं है। अतः कह सकते हैं कि ग्रामीण विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व में सार्थक अन्तर नहीं है। इस प्रकार परिकल्पना स्वीकृत होती है।

सुझाव

1. विद्यार्थियों की मनोगामक योग्यताओं का समग्र विश्लेषण भविष्य में संभावित है।
2. विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के गुणों का अध्ययन भविष्य में संभावित है।
3. विद्यार्थियों के धनात्मक व्यक्तित्व के सभी पक्षों का अध्ययन भविष्य में संभावित है।
4. विद्यार्थियों के सकारात्मक व्यक्तित्व के गुण, उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन में सहायक होंगे।
5. विद्यार्थियों के सकारात्मक व्यक्तित्व के गुण, उनके निर्णय क्षमता को बढ़ाने में सहायक होगी।

संदर्भ :

Bhardwaj, Rajnee & Dr. Khan, Waseem Ahmad. (2013) शासकीय विद्यालयों के छात्रों और पब्लिक विद्यालयों के छात्रों के बीच व्यक्तित्व के विकास के रूप का एक तुलनात्मक अध्ययन, Education At The Crossroads Journal, An International Journal of Humanities, APH Pub. Vol. II, Page 76.

Dehagan ahmad, hadi abdullahi & Rezai (2014), भावनात्मक बुद्धि पर वृहद पाँच व्यक्तित्व लक्षणों के प्रभाव पर एक अध्ययन, International Journal of Industrial Engineering Computations

Dr. Dhrul, Indira & Yadav, Preeti (2014) उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों के बीच व्यवसाय से संतुष्टि के संबंध में उनके व्यक्तित्व और कुछ जनसांख्यिकीय चर, Journal of Educational & Psychological Research, C.L.D.S. Memorial Education Society, Vol. IV, Page 274.

Dr. Ganai, M.Y. & Muhammd, Asharaf Mir. (2013) माध्यमिक स्तर पर पहली पीढ़ी के शिक्षार्थियों और गैर पहली पीढ़ी के शिक्षार्थियों के व्यक्तित्व की विशेषताओं एवं शैक्षिक उपलब्धि का एक तुलनात्मक अध्ययन, Edu world, A peer reviewed Journal of Education & Humanities, APH Pub., Vol. II, Page 295.

Guleriya, Monika (2014) पंजाब व राजस्थान राज्य के शिक्षित और अशिक्षित माताओं के बच्चों का व्यक्तित्व और मानसिक स्वास्थ्य, उनकी बुद्धि के संबंध में एक तुलनात्मक अध्ययन, Journal of Educational & Psychological Research, C.L.D.S. Memorial Education Society, Vol. IV, Page 268.

Ishwari, P. (2004) तमिलनाडु में सहायक प्राथमिक शिक्षा के अधिकारियों का व्यक्तित्व के साथ, प्रशासनिक और शैक्षणिक उत्तरदायित्व का सम्बन्ध, The Primary Teacher, NCERT, Vol. 29, Page 52.

Kumari S. Ashwini & Mayuri K. (2015) व्यक्तित्व के कारक एवं अकादमिक उपलब्धि : ग्रामीण शासकीय विद्यालय के छात्रों पर एक अध्ययन, Indian Psychological Review, Agra Psychological Research Cell, Vol. 84, Page 17.

Kumar, Sunil & Dr. Kumar, Jeetendra (2014) गुड़गांव जिले की कामकाजी और गैर कामकाजी माताओं के उच्चतर विद्यालयों के बच्चों के व्यक्तित्व लक्षण का अध्ययन, Journal of Educational & Psychological Research, C.L.D.S. Memorial Education Society, Vol. IV, Page 62.

Lee sanyun & Othek fumiyo (2014), विद्यालयीन शिक्षा, आय और कैरियर संवर्धन पर व्यक्तित्व लक्षण और व्यवहार संबंधी लक्षण के प्रभाव, Discussion Paper Series 14-E-023, http://www.rieti.go.jp/en/ 1 RIETI

Mark S. Allen, Stewart A. Vella & Sylvain Laborde (2014) किशोरावस्था में स्वास्थ्य से संबंधित व्यवहार और व्यक्तित्व के गुणों का विकास, Retrieved from http://www.indianjournals.com/ijor.aspx?target=ijor:gjpe&volume=7&issue=2&article=004

❒❒❒

1. शोधार्थी, भाभा विश्वविद्यालय, भोपाल 2. प्राध्यापक, भाभा विश्वविद्यालय, भोपाल

आदमी का ज़हर बनाम मोछू नेटुआ

—सत्येन्द्र पाण्डेय

मोछू नेटुआ की गुहार में भोजपुरी की मिठास है। उसकी जनपद की भाषा में उत्तर भारत साकार हो उठा है। गाँव आज भी डेहर, दियरखा, खपरा और नरिया से बाहर नहीं निकल पाया है। गाँव को लेकर कवि की बेचैनी स्वाभाविक है। जिस लोकतंत्र की बात करते हम थकते नहीं हैं; वह कहीं न कहीं चूक रहा है। अमेरिकी न्यायविद लुई डीब्रैंड ने कहा था कि-"किसी देश में लोकतंत्र हो सकता है या थोड़े से लोगों के हाथों में भारी संपदा का संकेंद्रण हो सकता है, लेकिन दोनों एक साथ नहीं रह सकते।" अर्थात आर्थिक विषमता और लोकतंत्र का एक साथ होना संभव नहीं है। आर्थिक विषमता हमारे लोकतंत्र के प्रभाव को कम कर रही है।

"हर पल जीने का दोहराव भर नहीं है जिंदगी
सांसों की मौलिक कविता है अनूठी यह"

(संतोष कुमार चतुर्वेदी)

समकालीन हिन्दी कविता के महत्वपूर्ण हस्ताक्षर हैं युवा कवि संतोष कुमार चतुर्वेदी। उनकी कविताएँ 'लोक' के धरातल पर फलती-फूलती रही हैं। उनकी कविताओं से गुजरते हुए मुझे हमेशा ऐसा लगा कि उनकी कविताएँ जन संघर्ष को आवाज देती हैं। वह समय की सामाजिक गतिकी को पहचान कर यथास्थिति को तोड़ती हैं; तथा जन की संवेदना को व्यक्त करती हैं। यहाँ कवि की संवेदना स्थानीय होते हुए भी वैश्विक हो गई है। कवि का अपने गांव 'हुसेनाबाद' के प्रति लगाव साफ झलकता है। वहाँ की प्रकृति उनकी कविताओं में साकार हो उठी है। ग्रामीण शब्दों का इतना सुंदर चित्रण वही कर सकता है, जिसका चेतन ग्रामीण प्रकृति के प्रभाव से विकसित हुआ हो। संतोष कुमार चतुर्वेदी एक सजग दायित्वशील कवि हैं। वह अपने समय की अग्रगामी चेतना को बड़ी संजीदगी से पकड़ते हैं। वह केवल जन के दु:ख दर्द का चित्रण ही नहीं करते बल्कि उसे दिशा भी देते हैं। इस संदर्भ में मुझे पाब्लो नेरुदा की कविता 'धीमी मौत' याद आती है। जिसमें वे कहते हैं:

"किश्तों में मरते चले जाने से बचना है
तो याद रखना होगा हमेशा
कि जिंदा रहने के लिए काफी नहीं बस सांस लेते रहना,
कि एक प्रज्ज्वल धैर्य ही ले जाएगा हमें
एक जाज्वल्यमान सुख की ओर।"

यह प्रज्ज्वल धैर्य हमें संतोष कुमार चतुर्वेदी की कविताओं में दिखाई देती है। वह उन उपेक्षित पहलुओं को अपनी कविता का विषय बनाते हैं जिस पर चर्चा करने से भी कुलीन वर्ग घबराता है। इस दृष्टि से उनकी लंबी कविता 'मोछू नेटुआ' महत्वपूर्ण है जो, उनके दूसरे काव्य संग्रह 'दक्खिन का भी

अपना पूरब होता है' में संग्रहित है। कवि मोछू नेटुआ जैसे अछूत जनजाति के जीवन संघर्ष तथा सामाजिक अंतर्विरोध को व्यक्त कर जन विरोधी मानसिकता को चुनौती देता है। मोछू एक ऐसा पात्र है जो अपने चरित्र के माध्यम से पूरे देश की ग्रामीण संवेदना को व्यक्त करता है। मोछू नेटुआ सांप पकड़ने के क्रम में जब किरिया खाता है तब उसका चरित्र विशाल लगने लगता है; क्योंकि किरिया हम उसी के खाते हैं जो हमारा अत्यंत आत्मीय होता है। यहाँ किरिया का दायरा बहुत व्यापक है। मोछू डीह, डिहवार तक की शपथ लेता है। वह कसम खाता है :

"माई किरिया, बाप किरिया, बेटा किरिया / बेटी किरिया, दामादकिरिया / गांव किरिया, सीवान किरिया / डीह किरिया, डिहवार किरिया"

इससे साफ विदित होता है कि जहाँ स्वार्थ अपने चरम पर पहुँच गया हो, व्यक्ति का व्यक्ति से भरोसा समाप्त हो गया हो, धन वर्चस्व की धूरी पर संबंधों का बिखराव हो रहा हो, विशिष्ट जन की आकांक्षा का दायरा बढ़ता जा रहा हो, वहीं जन का अपने संबंधों और अपनी धरती के प्रति अटूट आस्था, नई चेतना का संचार करती है। विचारणीय है कि आज जहाँ विकास के बड़े-बड़े वायदे किए जा रहे हैं, विकास के आँकड़े गिनाए जा रहे हैं, वहीं मोछू नेटुआ जीविकोपार्जन हेतु सांप पकड़ने के लिए अभिशप्त है। वह सांप पकड़ने वाले मंत्र को बुदबुदाता हुआ आगे बढ़ता है। वह सांप से बाहर निकलने की गुहार लगाता है :

"किनिकलि आओ जहाँ भी छुपे बैठे हो वहाँ से / निकलि आओ कोने से अंतरे से / धरनि से, सरदर से, कोरो से, मलिकथम से, / निकलि आओ पटनी से, डेहर से दियरखा से / खपरा से, नरिया से / बिल से, बिलवार से"

मोछू नेटुआ की गुहार में भोजपुरी की मिठास है। उसकी जनपद की भाषा में उत्तर भारत साकार हो उठा है। गाँव आज भी डेहर, दियरखा, खपरा और नरिया से बाहर नहीं निकल पाया है। गाँव को लेकर कवि की बेचैनी स्वाभाविक है। जिस लोकतंत्र की बात करते हम थकते नहीं हैं; वह कहीं न कहीं चूक रहा है। अमेरिकी न्यायविद लुई डीब्रैंड ने कहा था कि-"किसी देश में लोकतंत्र हो सकता है या थोड़े से लोगों के हाथों में भारी संपदा का संकेंद्रण हो सकता है, लेकिन दोनों एक साथ नहीं रह सकते।" अर्थात आर्थिक विषमता और लोकतंत्र का एक साथ होना संभव नहीं है। आर्थिक विषमता हमारे लोकतंत्र के प्रभाव को कम कर रही है। हालांकि आज भी कहीं अगर थोड़ी सी भी आत्मीयता बची है तो वह गाँव ही है।

ऐसे ही गाँवों में घूम-घूम कर मोछू नेटुआ अपनी कला का प्रदर्शन करता है। उसके करतब के स्थापत्य को देखकर लोग चमत्कृत हो जाते हैं। मोछू अशिक्षित होते हुए भी सांपों के बारे में इतना कुछ जानता है कि जीव विज्ञान के विद्वान भी भौचक्के रह जाएँ। मोछू डाक्यूमेंट्री फिल्मों से अपरिचित सरकारी दस्तावेजों से अलग अपनी ठेठ पहचान बनाता है। वह गाँव की गलियों का खाक छानता हुआ जीवन से संघर्ष करता है। उसमें अभी भी मनुष्यता बची हुई है। वह पेट के लिए षड्यंत्र नहीं करता, डाका नहीं डालता, राजनीति की दलाली नहीं करता। उसे भौतिक सुख सुविधा की चाह नहीं। उसे दो वक्त की रोटी चाहिए। इसीलिए वह सारी कठिनाइयों को झेलता है। कवि ने मोछू का बड़ा सुंदर चित्र खींचा है :

"अपने सिर पर पगड़ी बाँधते / कान में जड़ी खोंसते / डण्डा फटकारते अबूझ-सा मन्त्र पढ़ते / तमाम संबंधों की कसमें खाते / वह घुस जाता तब किसी एक कमरे में"

वह सांप को पकड़कर अपने झंपोली में सुरक्षित रख देता है; इस वादे के साथ कि उसे वह जंगल में छोड़ देगा। मोछू का अपनी प्रकृति, वहाँ के जीव-जंतु के प्रति लगाव उसे बड़ा आदमी बनाता है।

दरअसल हमारे देश के बारे में यह प्रचलित मान्यता रही है की यह सांप, सपेरों और जादू-टोनों को महत्व देने वाला देश है। पर वास्तविकता तो यह है कि हमारे यहाँ देवी-देवताओं, पशु-पक्षियों, सर्पों के साथ प्रकृति की भी आराधना की जाती है जो अकारण नहीं है। इसके माध्यम से जैव विविधता के प्रति लोगों को जागरूक किया जाता है तथा जीवों और प्रकृति के प्रति लोगों में प्रेम भाव भरने का प्रयास किया जाता है। यह भारत की वैज्ञानिक दृष्टि है। पर्यावरण के संरक्षण में सांपों की अहम भूमिका है। यह खेती के रक्षक भी हैं। इसीलिए संतोष कुमार चतुर्वेदी मोछू नेटुआ के माध्यम से सांपों के संरक्षण पर बल देते हैं। समय के साथ-साथ सांप और जंगल दोनों का सफाया होता जा रहा है। इसकी चिंता कवि को गहराई तक कुरेदती है। वह मोछू जैसे अछूत पात्र को खड़ा कर कुलीन वर्ग से लोहा लेता है। मोछू कहता है :

"हमीं है असली रमता जोगी बहता पानी / कभी हमारे देश को गुलाम बनाने वाले फिरंगियों ने / हम जैसे तमाम घुमंतु जातियों को / घोषित कर दिया था अपराधी / और तब से यह लेबल अपने चेहरे पर लगाये / मरते हुए जीने की कोशिशों में / लगातार लगे हुए हैं हम।"

ध्यातव्य है कि मोछू जैसे अछूत जनजातियों को शक की निगाह से देखा जाता है। कहीं भी जिला जवार में चोरी डकैती पड़ने से इन्हें ही परिवार समेत पकड़ लिया जाता है और खंभे में बाँधकर तब तक मारा जाता है जब तक किये बेसुध ना हो जाते। मोछू को भली-भांति ज्ञात है कि आज के समय में गरीबी सबसे बड़ा अपराध है। वह तुलसी को याद करते हुए कहता है-'समरथ को नहिं दोष गुसाईं' मोछू जैसे जनजातियों को कभी आतंकवादी ठहराया जाता है तो कभी नक्सलवादी। आज तक इन जनजातियों के प्रति सरकार में संवेदना की भावना नहीं है। भले ही कागजों पर तरह-तरह की सुविधाएँ उभर आई हों, लेकिन जमीनी स्तर पर यह जनजातियाँ आज भी अछूत और अपराधी हैं। हम अपने शुभ कार्यों में तो इन्हें बुलाते हैं पर अछूत की तरह। सोचने की बात है कि जिसकी उपस्थिति से हमारे मांगलिक कार्य पूर्ण होते हैं उसे ही हम स्वार्थ के लिए अपराधी घोषित कर देते हैं। जनता का सेवक हो या रक्षक सभी मोछू जैसे जनजातियों को मनुष्य की कोटि में रखते ही नहीं। मोछू तो कहता है कि यह सरकार भी 'राई-रत्ती कम नहीं फिरंगियों से' वह आगे इस व्यवस्था पर व्यंग्य करता है :

"दरअसल असली विषधर हैं ये समाज के / अमिट कलंक हैं ये हमारे आज के / जिन्हें बाहर नहीं निकाल पा रहा कोई तंत्र-मंत्र / इन मायावियों के सामने / सारे हरवा-हथियार पड़ते जा रहे हैं बेअसर / तंत्र मंत्र पड़ते जा रहे हैं बांझ।"

मोछू का आक्रोश इन पंक्तियों में व्यक्त हुआ है। वह अब समझ गया है कि इस क्रूर व्यवस्था से लड़ने के लिए नया ब्रह्मास्त्र खोजना होगा। कवि विजेंद्र भी इसी क्रूर व्यवस्था पर चोट करते हुए कहते हैं :

"तुम मनुष्यता को करने वाले राख / अनअघाये दस्यु / मेरे देश के बहुमूल्य खनिजों को लूटते / पसीना आत्मा का सत है / चाहिए अन्नहर पेट को / रोशनी हर आँख को / आकाश हर पाँख को / तुम्हारे, ओह.......क्रूर राक्षसी पंजे से मुक्त होने को / चाहिए घनों की चोटें / हंसिया, हथौड़ा, कुल्हाड़ी / पत्थर उचालने की गेंती और सब्बल।" (पसीना)

दरअसल वह नया ब्रह्मास्त्र जनशक्ति ही हो सकती है। यही वह ब्रह्मास्त्र है जिसकी काट पूँजीवादी व्यवस्था के पास नहीं है।

'मोछू नेटुआ' में कवि के तटस्थ दृष्टिकोण का परिचय मिलता है। वह अपनी संवेदना को द्वंद्वात्मकता के माध्यम से बुद्धिगत बनाता है। वाह मोछू जैसे लोगों से एकात्म होकर उनके दु:ख-दर्द तथा संघर्ष को महसूस करता है। यही कारण है कि उसकी संवेदना धारदार होती गई है। मोछू कहता है :

"दरअसल अपने समय की हँसमुख दुनिया का ही / एक उदास चेहरा हैं हम"

कवि ने नेटुआ जनजाति की समस्याओं को बहुत ईमानदारी से उठाया है। उनका संघर्ष कवि के आँखों देखा है। मोछू का जीवन एक रील की भाँति कविता के स्क्रीन पर चलता जाता है और कवि जैसे गौण कथा की भूमिका अदा कर रहा है।

समाज में नेटुआ जनजाति की स्थिति बहुत दयनीय है। किसी तरह उन्हें दूसरे वक्त का भोजन नसीब होता है। उनके बच्चे बचपन का अर्थ ही नहीं समझ पाते हैं। वही रोज का दरबदर भटकते फिरना, वही भूख और तंगहाली। ऐसी स्थिति से तंग आकर मोछू के दोनों बच्चे अपना कांवर, अपनी झंपोली फ़ेंक-फाँक कर मजदूरी करने निकल पड़ते हैं। मोछू कहता है :

"ठीक ही तो किया उन दोनों ने / दर-दर भटकना तो नहीं पड़ेगा उन्हें हमारी तरह / दो जून की रोटी के लिए।"

यहाँ हमें प्रेमचंद के 'गोदान' का गोबर याद आता है; जो व्यवस्था से तंग आकर शहर चला जाता है। उसकी सोच होरी से बहुत भिन्न है। इस कविता में भी दो पीढ़ियों के फर्क की ओर संकेत किया गया है। लेकिन मोछू नेटुआ होरी से कहीं अधिक आधुनिक और तार्किक है। वह अपनी रक्षा के लिए किसी के तलवे को सहलाना पसंद नहीं करता बल्कि वह अपने शर्तों पर जीता है। वह प्रकृति का प्रेमी है। उसे प्रकृति से छेड़छाड़ स्वीकार नहीं। वह सांपों को पकड़कर वादे के अनुसार जंगल में छोड़ देता है। उसकी मान्यता है कि-

"किसी को डंसने मारने से बेहतर है / जिंदगी जीने का यह सलीका"

उसकी चिंता हमेशा से यही रही कि सांप बड़ी तेजी से खत्म हो रहे हैं; साथ ही सपधरवे भी। यह चिंता एक जन की चिंता है जबकि कुलीन वर्ग को इससे फर्क नहीं पड़ता। कवि

ने बहुत सहजता से अपनी बात को स्पष्ट कर दिया है। उसकी जनपक्षधरता समझी जा सकती है। यह कविता देखने में जितनी ही सहज है उतनी ही संश्लिष्ट भी है। ऐसे अछूत विषयों पर कविता करना आसान नहीं है। कवि विजेन्द्र तो साफ कहते हैं "जब कवि अपने अनुभूत ज्ञान संवेदना को बुद्धिगत बनाकर उसे पुनर्गठित करता है, उस समय वह अपने विचार, अपनी जीवन-दृष्टि, अपने रुझान का भी उसमें समावेश कर देता है।" (वागर्थ, अप्रैल -2017)

मोछू नेटुआ बाजार के कुचक्र को समझता है। वह बाजारवाद के मीठे जहर को महसूस करता है, जो हमारी संस्कृति, प्रकृति और संवेदना को नष्ट कर देना चाहता है। बाजारवाद अपने महत्वपूर्ण उपकरण उदारीकरण, निजीकरण और भूमंडलीकरण के माध्यम से हमारे आंतरिक संबंध, परंपरा, संस्कृति, राष्ट्रीयता, जातीयता को ग्रस लेना चाहता है। वह हमेशा यह भ्रम पैदा करता है कि पूरा विश्व एक ग्राम है और सभी समस्याओं का समाधान बाजारवाद से ही संभव है। उसने उदार शब्द के अर्थ को ही बदल दिया है। हमारे यहाँ उदारता मनुष्यता की पहचान है। बिना उदार हुए हम लोगों को जटिल समस्याओं से नहीं निकाल पाएँगे। हमारी संस्कृति हमारे अंदर उदारता भरती है। हमारी परंपरा के मूल में उदारता रही है। लेकिन बाजारवाद, उदारीकरण का इस्तेमाल मार्केटिंग के रूप में करता है। यहाँ मनुष्य महत्वपूर्ण नहीं बाजार महत्वपूर्ण है। बाजारवाद ने हमारे राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक प्रभाव को अपने चंगुल में ले लिया है। कुलीन वर्ग इसके कारिंदे हैं। व्यवस्था भी इसी की बोली बोलती है। देश विकास के शिखर पर पहुँच गया है। अच्छे दिन आ गए फिर चारों तरफ हाहाकार क्यों मचा हुआ है? किसान आत्महत्या क्यों कर रहे हैं? सांप्रदायिक दंगे क्यों हो रहे हैं? इस दृष्टि से वीरेन डंगवाल की कविता 'हड्डी खोपड़ी खतरा निशान' महत्वपूर्ण है। वह कहते हैं :

"डोमाजी उस्ताद सुधर चुके / और विधान सभा भी कभी की वातानुकूलित की जा चुकी / मान लिया भद्र लोगों कोई खतरा नहीं बाकी बचा / हड्डी खोपड़ी विहीन वह शुभ दिन / आ ही गया आखिर हमारे देश में।" (दुष्चक्र में स्रष्टा)

आज दृश्य यह है कि आर्थिक वृद्धि के साथ मानव विकास नहीं हो रहा। दोनों एक दूसरे के विरोधी हो गए हैं। आर्थिक वृद्धि से बाजार तो चमक रहा है लेकिन लोग बेरोजगार होते जा रहे हैं। कागजों पर विकास का मीटर तो बहुत ऊँचा है पर जमीन पर बेरोजगारी और भूख से जनता प्राण गँवा रही है। कैसी विडंबना है कि जिस जमीन और जंगल की रक्षा के लिए आमजन अपने प्राणों की आहुति देता रहा वही उससे छीन ली जा रही है। उसके पारंपरिक मूल्यों को भी धता बताया जा रहा है। आजीविका के परंपरागत साधन का भी क्षरण हो रहा है। मोछू नेटुआ कहता है :

"अब तो नहीं रहे वे सांप / ना ही रहे वे संपधरवे"

बाजार के कुदृष्टि से सांप भी नहीं बच पाए हैं। ऐसी एक मशीन इजाद हो गई है जो सांपों को दूरदराज से खोज लेती है। सांपों को पकड़ कर उसके जहर को निकाल लिया जाता है जिससे महंगी दवाइयाँ बनाई जाती हैं और बाद में उसके खाल के लिए उसे बड़ी बेरहमी से मार दिया जाता है। मोछू के शब्दों में :

"फिर वे अपने कहर के जहर से मार डालते हैं सांपों को / महज उसकी खाल के लिए / सुना है जिससे तैयार होते हैं कारखानों में / महंगे महंगे कोट / महंगे महंगे बैग / बाजारों में बेचने के लिए"

कवि की चिंता केवल सांपों तक सीमित नहीं है। वह पूरी धरती की चिंता करता है। वह देखता है कि दुआर गायों से खाली हो गए हैं और खूंटों से बैल गायब हैं। यहाँ तक कि :

"अपनी सख्त कवच के बावजूद / कछुए नहीं बचा पाए खुद को / और हमारे देखते-देखते गायब होते गये / दूर तक नजर रखने वाले गिद्ध"

वैसे ही मनुष्य से भी मनुष्यता गायब होती जा रही है। वह भौतिक सुख सुविधा के लिए अपने ईमान तक को बेचने में हिचकता नहीं। आज के इस बाजारवाद के दौर में मनुष्य केवल अस्थि पंजर और मांस का बुत बनता जा रहा है। उसके धमनियों में रक्त की जगह जहर का प्रवाह हो रहा है। यहाँ मोछू के शब्दों में कवि की चिंता व्यक्त हुई है :

"कि बेअसर पड़ता जा रहा है सांप का जहर / और लगातार जहरीला होता जा रहा है आदमी"

मोछू खुद इस बात की पुष्टि करता है कि वह सांपों को तो आसानी से पहचान लेता था कि कौन गेहुँवन है और कौन करैत। वह कहता है :

"लेकिन आदमी को आदमी की भीड़ से बीन कर / जहरीले तौर पर अलगा पाना / एकदमे से असंभव है मालिक"

कवि दुनिया को लगातार जहरीली प्रक्रिया से गुजरते हुए देख रहा है। हर ओर मानवीय मूल्यों का क्षरण हो रहा है। राजनीति, समाज और साहित्य सभी अपने दायित्व से विलग हो रहे हैं। ऐसी विकट परिस्थिति कवि को गहराई तक झकझोर कर रख देती है। यहाँ मुझे विजेन्द्र की एक कविता 'विरल क्षणों का गाना' याद आता है जिसमें वह लिखते हैं :

"देखा है मैंने / झोपड़िया उजड़ते / फिर राख के ढेर पर उठी भव्य इमारतें / तुम्हें देना होगा हिसाब पसीने की हर बूँद का / लूट-खसोट की इस आँच में / झुलता है गरीब ही / बजट में कुछ नहीं है / उसके धचके पेट के लिये / उभरी पसलियों के लिए" (बेघर का बना देश)

संतोष कुमार चतुर्वेदी की संवेदना हर उस जन के प्रति है जिसमें अभी भी मानवीय मूल्य जीवित हैं। जिनकी आँखों में सुखद भविष्य की तस्वीर उभर रही है। वह अपने समय की एक बेहद सुखद तस्वीर बनाना चाहते हैं।

❑❑❑

C2M1-5, फ्लैट नंबर-534, सी.एम.डी.ए. नगर, बारासात रोड, वायरलेस मोड़ के सामने, बैरकपुर-700121 (पश्चिम बंगाल)
मोबाइल : 9832558528

भारतीय संस्कृति के दर्पण में 'विदुर नीति'

—डॉ. अंजू बसंल

भारतीय संस्कृति का प्राण आध्यात्मिक भावना है। त्याग से अनुप्राणित, तपस्या से पोषित तथा तपोवन में पल्लवित भारतीय संस्कृति का रमणीय आध्यात्मिक रूप साहित्य के ग्रंथों में अपनी सुंदर झांकी दिखलाता हुआ सहृदयों के हृदय को आकर्षित करता है तथा सत्य की राह प्रशस्त करता है। महर्षि बाल्मीकि तथा व्यास, कालिदास तथा भवभूति आदि ने जिस प्रकार मनोरम काव्य की रचना की है उसी प्रकार महात्मा विदुर की नीति ने मानव को उपदेश की जिस धारा से स्निग्ध किया वह वर्तमान में भी सांस्कृतिक मूल्यों प्रतिभाषित कर रही है।

साहित्य के दर्पण में संस्कृति की प्रत्येक झलक प्रतिबिम्बित होती है, साहित्य संस्कृति का वाहन है। भारतीय संस्कृति का प्राण आध्यात्मिक भावना है। त्याग से अनुप्राणित, तपस्या से पोषित तथा तपोवन से पल्लवित, भारतीय संस्कृति का रमणीय आध्यात्मिक रूप साहित्य के द्वारा सहृदयों को आकर्षित करता है। इसी संदर्भ में 'विदुर नीति' महाभारत का ऐसा पृष्ठ है, अगर यह पृष्ठ वास्तव में धृतराष्ट्र के द्वारा अध्ययन कर समझ लिया जाता तो यह संग्राम विनाश और महाभारत न होता।

महाभारत के उद्योग पर्व में 'विदुर नीति' आठ अध्यायों में संकलित है। संस्कृति से अभिप्राय मात्र लोक व्यवहार, रीति-रिवाज ही नहीं है अपितु हमारे जीवन मूल्य, आदर सत्कार, परोपकार, दया, प्रेम, सहानुभूति, विश्वबन्धुत्व की भावना, प्रेम, करुणा, सत्य, अहिंसा आदि है। महात्मा विदुर ने अपनी वाणी से भारतीय संस्कृति के गुणों की गंगा को प्रवाहित किया है। प्रस्तुत शोधपत्र वर्तमान संदर्भ में भी विदुर नीति की उपयोगिता व प्रासंगिकता सिद्ध करने का प्रयास है।

महात्मा विदुर आठवें अध्याय में राजा धृतराष्ट्र को समझाते हुए कहते हैं –

"इदं च त्वां सर्वपरं ब्रवीमि, पुण्यं पदं तात महाविशिष्ट्म।
न जातु कामान्न भयान्न लोभाद्, धर्म जह्याज्जीवितस्यापि हे तो:
नित्यों धर्म: सुख दु:खे त्वनित्ये, जीवो नित्यो हेतुरस्य त्वनित्य:
व्यक्त्वानित्यं प्रतितिष्ठस्व नित्ये, संतुश्य त्वं तोशपरों हि लाभ:।।[11]

अभिप्राय यह है कि प्रत्येक परिस्थिति में धर्म का पालन करें, कामना से, भय से, लोभ से, कभी भी धर्म का मार्ग न छोड़ें, धर्म नित्य है सुख-दु:ख, राज्य आदि अनित्य।

उपरोक्त वर्णित भारतीय संस्कृति की जो झाँकी विदुर जी ने अपने उपदेशों के माध्यम से इस संसार को प्रदान की है वह अमूल्य है।

भारतीय संस्कृति के दर्पण में 'विदुर नीति'

साहित्य समाज के दर्पण में प्रतिबिम्बित होता है। साहित्य का प्रत्येक बदलता स्वरूप, उत्थान-पतन, सुख-दुख, संयोग-वियोग के निश्चित ज्ञान का प्रधान साधन तात्कालिक साहित्य होता है। इस प्रकार साहित्य संस्कृति की प्रत्येक झलक को प्रदर्शित करता है, साहित्य वास्तव में संस्कृति का प्रधान वाहन है जिस पर सवारी कर संस्कृति विश्व के कोने-कोने तक पहुँचती है। संस्कृति की आत्मा साहित्य के भीतर से अपनी मधुर झाँकी सदा प्रदर्शित करती है। संस्कृति के प्रसार और प्रचार का सर्वश्रेष्ठ मार्ग साहित्य ही है। साहित्य संस्कृति पर आधारित है, यदि संस्कृति में आध्यात्मिकता की धारायें प्रवाहित है तो उस देश तथा जाति का साहित्य भी आध्यात्मिकता की गंगा में अवगाहन करेगा। संस्कृति नींव है जिस पर साहित्य रूपी भवन का निर्माण होता है, नींव जिस प्रकार की होगी साहित्य भी उसी चेतना से अनुप्राणित होगा।

भारतीय संस्कृति का प्राण आध्यात्मिक भावना है। त्याग से अनुप्राणित, तपस्या से पोषित तथा तपोवन में पल्लवित भारतीय संस्कृति का रमणीय आध्यात्मिक रूप साहित्य के ग्रंथों में अपनी सुंदर झांकी दिखलाता हुआ सहृदयों के हृदय को आकर्षित करता है तथा सत्य की राह प्रशस्त करता है। महर्षि बाल्मीकि तथा व्यास, कालिदास तथा भवभूति आदि ने जिस प्रकार मनोरम काव्य की रचना की है उसी प्रकार महात्मा विदुर की नीति ने मानव को उपदेश की जिस धारा से स्निग्ध किया वह वर्तमान में भी सांस्कृतिक मूल्यों प्रतिभाषित कर रही है। वृहत्तर भारतीय संस्कृति का प्रचार तलवार के सहारे नहीं हुआ, कलम के सहारे हुआ। जब-जब समाज ने भारतीय संस्कृति के विपरीत कार्य किया, तलवारें चली, परिणामस्वरूप महाभारत का जन्म।

महात्मा विदुर के उपदेशों को स्वीकार न करना ही संग्राम का कारण बना, अतः प्रस्तुत शोध में भारतीय संस्कृति के दर्पण में 'विदुर नीति' को आलोकित करने का प्रयास है, वर्तमान संदर्भ में यह आलोक किस प्रकार जन-मानस को प्रकाशित कर संघर्षों से जूझते मानव को आनन्द के दर्शन करा सकेगा यही शोध के मापदण्डों पर परखा जायेगा।

भारतीय संस्कृति के मूल्यों के रूप में विदुर नीति

'विदुर नीति' महाभारत का अत्यन्त हृदयगामी प्रसंग है, इसमें महात्मा विदुर ने राजा धृतराष्ट्र को कल्याणकारी उपदेश अपनी मधुर वाणी में दिये हैं। महाभारत के उद्योग पर्व में 'विदुर नीति' आठ अध्यायों में संकलित है। 'विदुर' जी के ये उपदेश मानव कष्टों को दूर करने का उपाय बता रहे हैं, आगे प्रस्तुत है-

लोभ के संदर्भ में विदुर वचन -

धृतराष्ट्र कहते हैं—तात्! मैं चिन्ता से जलता हुआ अभी तक जग रहा हूँ। संजय ने कहा है कि "तुम अपने पुत्रों के वश में होकर पाण्डवों के बिना ही सारा राज्य अपने अधीन कर लेना चाहते

हो। राजन्! तुम्हारे द्वारा पृथ्वी पर अधर्म फैलेगा, यह कर्म तुम्हारे योग्य कदापि नहीं है" ऐसा वचन सुनकर मेरी इन्द्रियाँ विकल हो रही हैं। मेरे लिए जो कल्याण की बात समझो, वह कहो, तब विदुर जी बोले–

"अभियुक्तं बलवता दुर्बलं हीन साधनम्। हृतस्वं कामिनं चोरमाविशन्ति प्रजागराः।"

कच्चिदेतैर्महादोषैर्न स्पृष्टोऽसि नराधिप। कच्चिच्च परवित्तेषु गृहयत्र परितप्यसे।।[1]

जिसका बलवान् के साथ विरोध हो गया है, उस साधन हीन दुर्बल मनुष्य को, कामी को, चोर को रात में जागने का रोग लग जाता है। नरेन्द्र! कहीं पराये धन के लोभ से तो आप कष्ट नहीं पा रहे हैं।

वर्तमान परिस्थितियों में विदुर के वचनों की सार्थकता सिद्ध है क्योंकि मनुष्य केवल दूसरों के धन के लोभ में शान्ति को प्राप्त नहीं कर रहा है अपने हिस्से के धन से उसका पेट नहीं भरता और उचित या अनुचित किसी भी मार्ग से वह दूसरों के धन के लोभ में विचरण करता रहता है। रिश्वतखोरी, चोरी, डकैती, किसी भी फाइल का पैसे के बिना न खिसकना आदि इसी लोभ का परिणाम है।

आगे वे पण्डित होने के लक्षण बताते हुए कहते हैं–"अपने वास्तविक स्वरूप का ज्ञान, उद्योग, दुख सहने की शक्ति और धर्म में स्थिरता–ये गुण जिस मनुष्य को पुरुषार्थ से च्युत नहीं करते, वहीं पण्डित कहलाता है। जो अच्छे कर्मों का सेवन करता है और बुरे कामों से दूर रहता है, साथ ही जो आस्तिक और श्रद्धालु है, उसके ये सद्‌गुण पण्डित होने के लक्षण हैं। दूसरे लोग जिसके कर्तव्य, सलाह और पहले से किये हुए विचार को नहीं जानते, बल्कि काम पूरा होने पर जानते हैं, वही पण्डित कहलाता है। सर्दी–गर्मी, भय–अनुराग, सम्पत्ति अथवा दरिद्रता–ये जिसके कार्य में विघ्न नहीं डालते, वही पण्डित कहलाता है। पण्डितजन श्रेष्ठ कर्मों में रुचि रखते हैं। उन्नति के कार्य करते हैं तथा भलाई करने वालों में दोष नहीं निकालते। जो अपना आदर होने पर हर्ष के मारे फूल नहीं उठता, अनादर से संतप्त नहीं होता तथा गंगा जी के कुण्ड के समान जिसके चित्त को क्षोभ नहीं होता, वहीं पण्डित कहलाता है।"[2] वास्तव में पण्डित होने के लिए विदुर जी के उपदेशों को हृदयसात करना है, वर्तमान में मनुष्य स्वयं को विद्वान व पण्डित समझता है। उसको इन उपदेशों पर स्वयं को परखना चाहिए तभी उसको यह ज्ञात होगा कि वास्तव में वह पण्डित की पंक्ति में आता है या नहीं।

"अश्रुतच्श्च समुन्नद्धो दरिद्रच्श्च महामनाः, अर्थाच्श्चकर्मणा प्रेप्सुर्मूढ इत्युच्यते वुधेः।"[3]

अर्थात बिना पढ़े ही गर्व करने वाले, दरिद्र होकर भी बड़े–बड़े मनसूबे बाँधने वाले और बिना काम किये ही धन पाने की इच्छा रखने वाले मनुष्य को पण्डित लोग मूर्ख कहते हैं। पण्डित और मूर्ख को परिभाषित करने में विदुर जी के ज्ञान में अत्यन्त गहराई व सत्य के दर्शन होते हैं, वर्तमान में मूर्ख व्यक्ति स्वयं को पण्डित समझकर धन के लोभ में समाज को दूषित कर रहे हैं।

महात्मा विदुर के दर्पण में 'क्षमा'-

"एकः क्षमाव्रतां दोषो द्वितीयो नोपपद्यते। यदेनं क्षमया युक्तमशक्तं मन्यते जनः।"[4]

क्षमाशील पुरुषों में एक ही दोष का आरोप होता है, दूसरे की सम्भावना ही नहीं है। वह दोष यह है कि क्षमाशील मनुष्य को लोग असमर्थ समझ लेते हैं। क्षमा असमर्थ मनुष्यों का गुण तथा समर्थों का भूषण है, इस जगत में क्षमा वशीकरण रूप है।

भारतीय संस्कृति के संवाहक गुणों की विस्तार से चर्चा करते हुए महात्मा विदुर कहते हैं :

"द्वाविमौ पुरूषौ राजन् स्वर्गस्योपरि तिष्ठतः। प्रभुच्श्च क्षमया युक्तो दरिद्रच्श्च प्रदानवान।।"[5]

अर्थात राजन्! ये दो प्रकार के पुरुष स्वर्ग के भी ऊपर स्थान पाते हैं। शक्तिशाली होने पर क्षमा करने वाला और निर्धन होने पर भी दान देने वाला।

महाराज! इन्द्र के पूछने पर उनसे बृहस्पति जी ने जिन चारों को तत्काल फल देने वाला बताया था, उन्हें आप मुझसे सुनिये-

'देवताओं का संकल्प, बुद्धिमानों का प्रभाव, विद्वानों का प्रभाव और पापियों का विनाश।'

पाँच ज्ञानेन्द्रियों वाले पुरुष की यदि एक भी इन्द्रिय छिद्र (दोष) युक्त हो जाये तो उससे उसकी बुद्धि इसी प्रकार बाहर निकल जाती है, जैसे मशक के छेद से पानी। निम्नांकित छः प्रकार के मनुष्य छः प्रकार के लोगों से अपनी जीविका चलाते हैं, सातवें की उपलब्धि नहीं होती।

चोर	-	असावधान पुरुष से,
वैद्य	-	रोगी से
मतवाली स्त्रियाँ	-	कामियों से,
पुरोहित	-	यजमानों से,
राजा	-	झगड़ने वालों से
विद्वान	-	मूर्खों से[6]

विदुर वचन और भारतीय संस्कृति का समागम -

विदुर जी अपने उपदेशों में कहते हैं-बुद्धि, कुलीनता, इन्द्रिय निग्रह, शास्त्र ज्ञान, पराक्रम, अधिक न बोलना, शक्ति के अनुसार दान और कृतज्ञता-ये आठ गुण पुरुष की ख्याति बढ़ा देते हैं।

जो विद्वान (आँख, कान आदि) नौ दरवाजे वाले, तीन (वात पित्त तथा कफ रूपी) खंभों वाले, पाँच (ज्ञानेन्द्रिय रूप) साक्षी वाले, आत्मा के निवास स्थान इस शरीर रूपी गृह को जानता है, वह बहुत बड़ा ज्ञानी है।

द्वितीय अध्याय में विदुर जी कहते है-"असत उपायों-का प्रयोग करके जो कपटपूर्ण कार्य सिद्ध होते हैं, उनमें आप मन मत लगायें। इसी प्रकार अच्छे उपायों का उपयोग करके सावधानी से किया गया कोई कर्म आदि सफल न हो तो बुद्धिमान पुरुष को उसके लिए मन में ग्लानि नहीं करनी चाहिए।"[7]

"यः प्रमाणं न जानाति स्थाने वृद्धौ तथा क्षये। कोशे जनपदे दण्डे न स राण्येऽवतिष्ठते।

न राज्यं प्राप्तमित्येव वर्तितत्यमसाम्प्रतम्। श्रियं ह्यविनयो हन्ति जरा रूपनिवोत्तमम्।"

अर्थात जो राजा स्थिति लाभ, हानि, खजाना, देश तथा दण्ड आदि की मात्रा को नहीं जानता, वह राज्य स्थित नहीं रह सकता। 'अब तो राज्य प्राप्त हो ही गया'-ऐसा समझकर अनुचित बर्ताव नहीं करना चाहिए। उदण्डता सम्पत्ति को उसी प्रकार नष्ट कर देती है जैसे सुन्दर रूप को बुढ़ापा।

विदुर जी के वचनों में भारतीय संस्कृति के गुण दया, प्रेम, सहानुभूति, क्षमा, त्याग सभी का मिश्रण देखने को मिलता है। वे राजा के कार्य बताते हुए कहते हैं कि-राजा को अपनी प्रजा को कष्ट दिये बिना ही धन लेना चाहिए, जिस प्रकार माली बाग से फूल तोड़ता है परन्तु जड़ को लगातार सींचता है, उसी प्रकार राजा को अपनी प्रजा की रक्षा करनी चाहिए।

प्रजाप्रिय राजा के विषय में विदुर जी कहते हैं -

सुपुष्पितः स्यादफलः फलितः स्याद् दुरारूहः। अपक्कः पंसंकाशो न तु शीर्येत कर्हिचित्॥

चक्षुसा मनसा वाचा कर्मणा च चतुर्विधम्। प्रसादयति यो लोकं तं लोकोऽनुप्रसीदति॥[9]

अभिप्राय यह है कि राजा वृक्ष की भाँति होता है यदि वह अच्छी तरह फूलने पर भी फल न दे या फिर अत्यन्त ऊँचाई पर फल लगे और उस पर चढ़कर उन्हें प्राप्त करना दुरूह हो। ऐसा वृक्ष रूपी राजा प्रजा के लिए हितकर नहीं होता। जो राजा नेत्र, मन, वाणी और कर्म इन चारों से प्रजा की सेवा करता है वही प्रजा का प्रिय होता है तथा सत्य और प्रेम का साम्राज्य व्याप्त होता है। भारतीय संस्कृति ऐसे ही साम्राज्य की आधारशिला रखती है।

संस्कृति से अभिप्राय मात्र भाषा, खान-पान, लोक व्यवहार, रिवाज आदि ही नहीं है अपितु हमारे जीवन मूल्य, आदर सत्कार, संयुक्त परिवार, अतिथि सत्कार, परोपकार, विश्वबन्धुत्व की भावना, भाईचारा, प्रेम, करुणा इत्यादि हैं। महात्मा विदुर अनी वाणी से भारतीय संस्कृति के गुणों की गंगा को प्रवाहित कर रहे हैं। संस्कृति का लक्ष्य आत्मा का उत्थान है, यह मानव की जीवन शक्ति है। संस्कृति वास्तव में स्वतंत्रता की वास्तविक प्रतिष्ठा है। राष्ट्र का अस्तित्व संस्कृति द्वारा निर्मित होता है। संस्कृति के उदय और अस्त, उत्थान और पतन पर राष्ट्र का विकास आधारित होता है।

भारतीय दर्शन के अनुसार संस्कृति के पाँच महत्वपूर्ण स्तम्भ हैं -

1. धर्म
2. दर्शन
3. इतिहास
4. वर्ण
5. रीति-रिवाज

हमारी संस्कृति सम्पूर्ण जगत की संस्कृति है। आनन्द व परमानन्द की संस्कृति है। मानसिक व आध्यात्मिक उन्नति से मानव मन अपने जीवन में परमानन्द में यात्रा करता है-न कि रेल, वायुयान, रेडियो, कार आदि साधनों से। जीवन को आनन्द प्रदान करने का खजाना भारत वर्ष में ही है। अनन्त ज्ञान की इन मणियों को पहचानने की सामर्थ्य और किसी में नहीं। कोरोना महामारी के समय भारतीय योग ज्ञान ने विश्व में प्राचीन दर्शन का ज्ञान कराया। यह योग हमारी संस्कृति की पहचान है। प्राचीन काल से कवियों और ऋषि-मुनियों ने योग की महत्ता ही नहीं बतायी अपितु मानव शरीर में छः चक्रों व कुंडलिनी शक्ति के माध्यम से आनन्द प्राप्ति के मार्ग दिखाये परन्तु पश्चिम के आधुनिकीकरण की दौड़ में मानव इनसे दूर होने लगा, कोरोना महामारी ने भारत ही नहीं अपितु सम्पूर्ण विश्व को योग, अध्यात्म के आगे घुटने टेकने को मजबूर कर दिया, परिणामस्वरूप पुनः हम अपने दर्शन के निकट पहुँचे।

महात्मा विदुर धृतराष्ट्र को इसी संस्कृति से समागम कराते हैं तथा मोह-लोभ छोड़कर क्षमा व विश्वबन्धुत्व की शिक्षा देते हैं, जो हमारी संस्कृति की धरोहर है। वे कहते हैं -

''राजन! मनुष्य का शरीर रथ है, बुद्धि सारथी है और इन्द्रियाँ इसके घोड़े हैं। इनको वश में करके सावधान रहने वाला चतुर और बुद्धिमान पुरुष काबू में किये हुए घोड़ों से रथ की भाँति सुखपूर्वक यात्रा करता है।''[10] अतः मन, बुद्धि और इन्द्रियों को नियंत्रित रखें।

आगे विदुर जी उदाहरण देते हुए समझाते हैं -

ईंधन से आग की, नदियों से समुद्र की, प्राणियों से मृत्यु की, पुरुषों से कुलटा स्त्री की कभी तृप्ति नहीं होती है। अतः विवेक का प्रयोग कर निर्णय लेना चाहिए तभी आप सच्चे धर्मात्मा, राजा, व मानव मात्र हो सकते हैं।

निष्कर्ष -

महात्मा विदुर आठवें अध्याय में राजा धृतराष्ट्र को समझाते हुए कहते हैं -

''इदं च त्वां सर्वपरं ब्रवीमि, पुण्यं पदं तात महाविशिष्ट्म।
न जातु कामान्न भयान्न लोभाद्, धर्म जह्याज्जीवितस्यापि हे तो:
नित्यों धर्मः सुख दु:खे त्वनित्ये, जीवो नित्यो हेतुरस्य त्वनित्यः
व्यक्त्वानित्यं प्रतितिष्ठस्व नित्ये, संतुश्य त्व ंतोषपरों हि लाभः॥[11]

अभिप्राय यह है कि प्रत्येक परिस्थिति में धर्म का पालन करें, कामना से, भय से, लोभ से, कभी भी धर्म का मार्ग न छोड़ें, धर्म नित्य है सुख-दु:ख, राज्य आदि अनित्य। अतः हे भरतश्रेष्ठ! धर्म का मार्ग अपनायें तभी आपको शान्ति प्राप्त होगी। आगे वे समझाते हैं कि यह जीवात्मा एक नदी के समान है, इसमें दया की लहरों में मनुष्य को विचरण करना चाहिए क्योंकि परमात्मा से इस जीवात्मा का उद्गम हुआ है अतः धैर्य से, प्रेम से, दया से, क्षमा से, परोपकार से इसी जीवात्मा रूपी नदी में स्नान करना चाहिए।

उपरोक्त वर्णित भारतीय संस्कृति की जो झाँकी विदुर जी ने अपने उपदेशों के माध्यम से इस संसार को प्रदान की है वह अमूल्य है। सच्ची जीवात्मा ही इस ज्ञान का प्रसार कर सकती है वास्तव में विदुर जैसे महात्मा, भारतीय संस्कृति के प्राण तत्व हैं तथा उनके उपदेश ऐसी श्वासें हैं जिसमें मानव को सच्चा जीवन मिलता है, सच्चे आनन्द की प्राप्ति होती है तथा भारतीय संस्कृति के प्रत्येक प्रतिबिम्ब की झलक विश्व में गुंजायमान होती है।

वास्तविकता यह है कि विदुर जी के उपदेशों को पुरातन समय से समझा नहीं गया, परिणामस्वरूप महाभारत! विनाश! संग्राम।

अतः अब पुरातन काल से प्रेरणा लेकर वर्तमान में हिंसा, अनीति, महामारी, डकैती, रिश्वत, एकल परिवार, टूटता घर संसार आदि को संयमित व अनुशासित करने के लिए महात्मा विदुर जी के उपदेशों में अवगाहन करना है तभी एक आनन्दमय जीवन मानव को प्राप्त होगा।

संदर्भ :

1. विदुर नीति (महाभारत उद्योग पर्व) प्रकाशक गीता प्रेस, गोरखपुर, संवत 2059, पृ. सं. 03
2. संक्षिप्त महाभारत (प्रथम खण्ड) प्रकाशक-गीता प्रेस, गोरखपुर, संपादक- जयदयाल गोयन्दका, संवत 2077, पृष्ठ संख्या 562
3. विदुर नीति (महाभारत उद्योग पर्व) प्रकाशक गीता प्रेस, गोरखपुर, संवत 2059, पृ. सं. 08
4. विदुर नीति (महाभारत उद्योग पर्व) प्रकाशक गीता प्रेस, गोरखपुर, संवत 2059, पृ. सं. 11
5. विदुर नीति (महाभारत उद्योग पर्व) प्रकाशक गीता प्रेस, गोरखपुर, संवत 2059, पृ. सं. 12
6. संक्षिप्त महाभारत (प्रथम खण्ड) प्रकाशक-गीता प्रेस, गोरखपुर, संपादक-जयदयाल गोयन्दका, संवत 2077, पृष्ठ संख्या 565
7. संक्षिप्त महाभारत (प्रथम खण्ड) प्रकाशक-गीता प्रेस, गोरखपुर, संपादक-जयदयाल गोयन्दका, संवत 2077, पृष्ठ संख्या 567
8. विदुर नीति (महाभारत उद्योग पर्व) प्रकाशक गीता प्रेस, गोरखपुर, संवत 2059, पृ. सं. 30
9. विदुर नीति (महाभारत उद्योग पर्व) प्रकाशक गीता प्रेस, गोरखपुर, संवत 2059, पृ. सं. 32
10. संक्षिप्त महाभारत (प्रथम खण्ड) प्रकाशक-गीता प्रेस, गोरखपुर, संपादक-जयदयाल गोयन्दका, संवत 2077, पृष्ठ संख्या 569
11. विदुर नीति (महाभारत उद्योग पर्व) आठवां अध्यायय, प्रकाशक गीता प्रेस, गोरखपुर, संवत 2059, पृ. सं. 123
12. हिन्दू संस्कृति-अंक चौबीसवें वर्ष का विशेषांक, गीता प्रेस, गोरखपुर, संवत 2077
13. संक्षिप्त महाभारत (प्रथम खण्ड) प्रकाशक-गीता प्रेस, गोरखपुर, संपादक-जयदयाल गोयन्दका, संवत 2077
14. संस्कृत साहित्य का इतिहास, बलदेव उपाध्याय, प्रकाशक-शारदा मन्दिर, वाराणासी, सप्तम संस्करण 1965
15. पत्र-पत्रिकायें

❑❑❑

असिस्टेंट प्रोफेसर, हिन्दी विभाग, वर्धमान कॉलेज, बिजनौर, फोन : 9411952298

ई-मेल : dr.anju2479@rediffmail.com

साहित्य में व्यंग्य

—प्रो. (डॉ.) अनुसुइया अग्रवाल
—दीप्ति ठाकुर

वर्तमान में समाज के सभी विभागों में भ्रष्टाचार अपनी पैंठ बना चुकी है। सभी क्षेत्रों में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। समाज में राजनैतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, शैक्षणिक तथा धार्मिक क्षेत्रों के सभी विभागों में फैले भ्रष्टाचार के फलस्वरूप मानवों में दयाभाव, नैतिकता, मानवता का धीरे-धीरे पतन हो रहा है। मनुष्य की ऐसी मानसिक विकृतियों को देखकर मन रो उठता है, तभी व्यंग्य रूपी पौधा सिंचित होकर बढ़ता है। व्यंग्य के विषय को सिर्फ हंसी-मजाक न समझा जाए यह गंभीर विषय भी होता है।

व्यंग्य का अर्थ है कटाक्ष करना, ताना, कसना। दूसरे शब्दों में व्यंग्य एक ऐसी साहित्यिक अभिव्यक्ति अथवा रचना है जिसके द्वारा व्यक्ति अथवा समाज की विसंगतियों और विडंबनाओं अथवा उसके किसी पहलू को रोचक तथा हास्यपद तरीके से प्रस्तुत किया जाता है।

आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के अनुसार ''व्यंग्य वह है, जहाँ अधरोष्ठों में हँस रहा हो और सुनने वाला तिलमिला उठा हो और फिर कहने वाले को जवाब देना अपने को और भी उपहासास्पद बनाना हो जाता है।''[1]

हरिशंकर परसाई ने व्यक्ति व समाज में उपस्थित विसंगतियों को लोगों के सामने लाने में व्यंग्य को सहायक माना है, उनके अनुसार ''व्यंग्य जीवन से साक्षात्कार करता है, जीवन की आलोचना करता है, विसंगतियों, मिथ्याचारों और पाखण्डों का पर्दाफाश करता है।''[2]

व्यंग्य एक नश्तर की तरह कार्य करता है। जैसे शरीर के अंदर कोई अवांछनीय वस्तु चली गई हो तथा विकृति आ गई हो तो उसे शरीर से बाहर निकाल फेंकने के लिए नश्तर की आवश्यकता पड़ती है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए नश्तर की आवश्यकता पड़ती है, ठीक उसी प्रकार समाज के स्वास्थ्य के लिए व्यंग्य आवश्यक है।

तलवार की धार या बंदूक की गोली से तो किसी को भी मारना आसान है किन्तु यदि निशाना चूक जाए तो वार बेकार हो जाता है। लेकिन मुखबाज से किया गया वार अचूक होता है। समाज में जैसी-जैसी विकृतियाँ आती गईं वैसे ही वैसे उसका इलाज भी आता गया है। समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार को रोकने के लिए कई समाज सुधारकों एवं संतों ने भी अपना संपूर्ण योगदान दिया, लेकिन फिर भी यह भ्रष्टाचार एक लाईलाज बीमारी की तरह ही हमारे समाज को खोखला कर रही है। समाज में ही समाज के कुछ बुद्धिजीवियों के व्यंग्य बाण के द्वारा समाज की विसंगतियों पर कटाक्ष किया जाता रहा है ताकि अप्रत्यक्ष रूप से किए गए वार से समाज में कुछ बदलाव आ सके, सुधार आ सके।

साहित्य की सभी विधाओं जैसे-कहानी, उपन्यास, नाटक, एकांकी, रिपोर्ताज आदि की तरह ही व्यंग्य विधा भी अपना क्षेत्र बढ़ा रहा है। समाज की अव्यवस्था, अनैतिकता, संवेदनहीनता मुख्य रूप से भ्रष्टाचार ही इस विधा की जनक है।

वर्तमान में समाज के सभी विभागों में भ्रष्टाचार अपनी पैंठ बना चुकी है। सभी क्षेत्रों में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। समाज में राजनैतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, शैक्षणिक तथा धार्मिक क्षेत्रों के सभी विभागों में फैले भ्रष्टाचार के फलस्वरूप मानवों में दयाभाव, नैतिकता, मानवता का धीरे-धीरे पतन हो रहा है। मनुष्य की ऐसी मानसिक विकृतियों को देखकर मन रो उठता है, तभी व्यंग्य रूपी पौधा सिंचित होकर बढ़ता है। व्यंग्य के विषय को सिर्फ हंसी-मजाक न समझा जाए यह गंभीर विषय भी होता है।

यदि विचार किया जाए तो प्राचीनकाल से ही व्यंग्य का पल्लवन प्रारंभ हो चुका था। आदिकाल में खुसरो की पहेलियों में व्यंग्य कविताओं तथा व्यंग्य दोहों के द्वारा नैतिक तथ्यों को समझाया जाता है। भक्तिकाल के सबसे प्रमुख समाज सुधारक संत शिरोमणी कबीरदास से कौन अनभिज्ञ है? कबीर के साहित्य में समाज की कुरीतियों, असंगतियों, अनैतिक कार्यों, धार्मिक मतभेद व अस्पृश्यता पर व्यंग्य बाणों के द्वारा करारा प्रहार किया गया है। कबीर सत्य, अहिंसा के पुजारी थे, वे मूर्तिपूजा, आडम्बर के विरोधी थे, केवल सत्कर्म और भाईचारा की विचारधारा का संदेश देते रहे। इनके विचारों को साखी, सबद, रमैनी में इनके शिष्य धर्मदास ने संजोया था। कबीर पंथ में भी इन्हीं की विचारधारा है। पथभ्रष्ट को मार्ग पर लाने के लिए उन्होंने दोहे बनाए यथा -

1. ''अपनी देखि करत नहिं अहमक, कहत हमारे बड़न किया।
उसका खून तुम्हारी गरदन, जिन तुमको उपदेश दिया॥
बकरी पाती खाति है ताको काढ़ी खाल। जो नर बकरी खात है, तिनका कौन हवाल॥''[3]
2. ''है कोई गुरूज्ञानी जगत महँ उलटि बेद बुझै। पनी महँ पावक बरै, अंधहि आँखिन्ह सूझै।''[4]

सदाचार की शिक्षा -

3. ''बड़ा भया तो क्या भया, जैसे पेड़ खजूर। पंथी को छाया नहीं, फल लागे अति दूर॥''[5]

रीतिकाल के सर्वश्रेष्ठ कवि बिहारी ने भी जयपुर के राजा जयसिंह को एक दोहा लिखकर भिजवाया, जब राजा जयसिंह राजकाज से विरक्त हो अपनी नवविवाहिता रानी के प्रेम में महल के बाहर ही नहीं आ रहे थे। वह इस प्रकार है :-

''नहीं पराग नहीं मधुर मधु, नहिं विकास इहिकाल।
अली कली ही सो बिंध्यों, आगे कौन हवाल॥''[6]

आधुनिक काल में तो अनेक विधाओं की रचनाएँ की गई थीं यह काल साहित्यिक दृष्टिकोण से सर्वश्रेष्ठ युग माना जाता है। कवियों, साहित्यकारों द्वारा लिखी गई व्यंग्य विधा की रचनाएँ इतनी अधिक हैं कि इनके उदाहरण देना गागर में सागर भरने जैसा कार्य प्रतीत होता है। भारतेन्दु युग में सितारे हिन्द की प्रमुख व्यंग्य पुस्तक ''आलसियों का कीड़ा'' इत्यादि द्विवेदी युग में व्यंग्य काव्य और गति दे रही थी। छायावाद के चारों मुख्य कवि तथा कवियत्री ने भी समाज सुधार कार्य हेतु रचनाएँ कीं। निराला ने तो पूँजीपतियों, भ्रष्टाचारियों पर तो काव्य तथा साहित्य के द्वारा करारा प्रहार किया ही है समाज में फैली कुरीतियों पर शब्द बाणों से दण्ड रूपी आघात भी किया है। निराला ने अपनी कविता ''कुकुरमुत्ते'' में शोषक वर्ग को खूब धिक्कारा है तथा शोषित वर्ग के प्रति दया भाव दिखाया है-

"अबे सुन बे गुलाब, भूल मत जो पायी खुशबू, रंगोआब,
खून चूसा खाद का तूने अशिष्ट। डाल पर इतराता है कैपिटलिस्ट।
कितनों को तूने बनाया है गुलाम, माली कर रक्खा, सहाया जाड़ा-घाम॥''[7]

प्रगतिवाद, प्रयोगवाद तथा नई कविता आदि ये सभी साहित्यक युग आते गए जिसमें अनेक प्रसिद्ध कवियों ने समाज में हो रहे अत्याचार, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, संत्रास, कुण्ठा, घुटन एवं दर्द जैसे भावों को कविताओं के द्वारा अभिव्यक्त किया है-

1. ''अपने यहां संसद- / तेली की वह घानी है / जिसमें आधा तेल है / और आधा पानी है / और यदि यह बचा नहीं है / तो वहां एक ईमानदार आदमी को / अपनी ईमानदारी का / मलाल क्यों है? / जिसने सत्य कह दिया है / उसका बुरा हाल क्यों है?''[8]
2. ''बड़ी से बड़ी कृति यहां तो, / कोई बड़ा ही कीमती इश्तहार है / आदमी कोई आधुनिक बाजार है। / जितना बड़ा आर्टिस्ट जो है / उतना ही बड़ा पत्रकार है।''[9]

उपरोक्त भावों में अनेक कवियों, साहित्यकारों ने समाज में हो रहे अनैतिकता, भ्रष्टाचारों पर व्यंग्य बाणों के द्वारा अपने शब्दों को लेखनी से कागज पर उतारा है। अनेक विषय में बता पाना समुद्र के कण-कण को गिनने के समान कार्य हो चला है, लेकिन समाज सुधार हेतु हमारे कवियों, साहित्यकारों का योगदान अवर्णनीय हैं।

अंत में यही कह सकते हैं कि मनुष्य में संवेदना होगी ही तो सही गलत का ज्ञान उचित-अनुचित होने पर पीड़ा होना एक सहज प्रवृत्ति है, लेकिन निःस्वार्थ भाव परहित-परोपकार, दया-भाव, मनुष्यता की भावना लेकर हमें समाज में एकरूपता, सदाचार, नैतिकता, न्यायप्रियता, एकता और अखण्डता के लिए हमेशा तत्पर होना चाहिए कि वह समाज के हित के प्रति जागरूक रहे। समाज की पीड़ा व्यथा को समझे। सहयोग की भावना रखे, स्वयं तथा समाज के सुधार हेतु प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से योगदान देते रहें, चाहे अपनी लेखनी के सार्थक, परहित, व्यंग्य बाणों के द्वारा अथवा प्रत्यक्ष रूप से स्वयं को समाज कल्याण हेतु एक सच्चा नागरिक बनकर, समर्पित होकर। जय हिन्द!

संदर्भ :

1. सोशल मीडिया i - Publisher
2. सोशल मीडिया, द वायर
3. शुक्ल रामचन्द्र, हिन्दी साहित्य का इतिहास, पृ.क्र. - 51
4. शुक्ल रामचन्द्र, हिन्दी साहित्य का इतिहास पृ.क्र. - 51
5. मिश्रा मनोज कुमार, हिन्दी साहित्य का सरल एवं संक्षिप्त इतिहास पृ. क्र. -47
6. शुक्ल रामचन्द्र, हिन्दी साहित्य का इतिहास पृ.सं. - 168
7. 'निराला' त्रिपाठी सूर्यकांत, आधुनिक कवि लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, पृ.क्र. -95
8. 'धूमिल' पांडे सुदामा, आधुनिक कवि, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, पृ.क्र. - 293
9. सिंह शमशेर बहादुर, आधुनिक कवि, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, पृ.क्र. - 184

❑❑❑

1. शोध-निर्देशक, प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (हिन्दी), शा.म.व. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महासमुन्द (छ.ग.)
2. शोधार्थी, शा.म.व. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महासमुन्द (छ.ग.)

मानव समाज को सामाजिक समरसता का पाठ पढ़ाता नीलकंठ

—गिरजेश कुमार

नीलकंठ और राधा के मानवीकरण के माध्यम से नायक-नायिका, प्रेमी-प्रेमिका, पति-पत्नी आदि भावों को भी व्यक्त किया जा सकता है और उनमें शृंगारिकता की स्थिति को साफ देखा जा सकता है तथा शृंगार के दोनों पक्षों संयोग और वियोग की मार्मिक अभिव्यक्ति देखने को मिलती है, जिस प्रकार नीलकंठ और राधा नृत्य करते समय एक दूसरे के बायीं ओर और दायीं ओर से निकलकर अपने प्रेम को व्यक्त कर रहे हैं ठीक उसी प्रकार का भाव नायक-नायिका या प्रेमी-प्रेमिका में भी देखा जा सकता है।

नीलकंठ महादेवी वर्मा द्वारा रचित एक प्रसिद्ध रेखाचित्र है जो उनके रेखांचित संग्रह मेरा परिवार 1972 में संकलित है। इस संग्रह में महादेवी वर्मा जी ने विभिन्न पशु और पक्षियों को आधार बनाया, जैसे गौरा (गाय), गिल्लू (गिलहरी), सोना (हिरनी), दुर्मुख (खरगोश), नीलू (कुत्ता), निक्की (नेवला), रोजी (कुतिया), रानी (घोड़ी)। गौर करने वाली बात है कि महादेवी वर्मा का लेखन कार्य उस दौर में हो रहा था जब साहित्य के केन्द्र में छायावाद जैसी काव्यधारा अपनी महत्वपूर्ण स्थिति को प्राप्त करता है, जिससे कल्याण, करुण प्रवणता, अतिशयता प्रकृति आदि को आधार बनाकर लेखन कार्य हो रहा था। प्रकृति का कल्पनामयी वर्णन तो इस छायावाद की प्रमुख विशेषता बनकर हमारे सामने उजागर होती है। इसीलिये रामकुमार वर्मा ने इसे प्रकृतिवाद तक की संज्ञा दिया है। इसी दौर में महादेवी वर्मा का भी लेखन कार्य हो रहा था। जब तक ये छायावाद के भीतर रहकर लेखन कार्य करती रहीं तब तक तो इनके साहित्य में दर्शन और रहस्यवाद की प्रधानता देखने को मिलती है। लेकिन जैसे ही छायावाद के उत्तरवर्ती समय में आती हैं तो महादेवी वर्मा जी काव्य से हटकर मानवेतर साहित्य को आधार बनाकर लेखन कार्य शुरू करती हैं और यह मानवेतर साहित्य एक लम्बी अवधि तक देखने को मिलता है लेकिन प्रश्न यह है कि क्या महादेवी वर्मा के मन में यह मानवेतर साहित्य लिखने की प्रेरणा एकाएक आ गई, तो ऐसा नहीं, उनका मानवेतर जगत से लगाव बचपन से ही परिलक्षित होता है। जब वे क्रास्थवेट कॉलेज में पाँचवीं कक्षा में पढ़ती थीं और वहीं बगीचे में आम की डाल पर बैठकर घण्टों मानव से इतर पशु पक्षियों को देखती रहतीं और यही विचार आगे चलकर इनके रेखाचित्रों में देखने को मिलता है। कहने के लिये तो महादेवी वर्मा अपने रेखाचित्रों में पशु-पक्षियों का वर्णन करती

हैं पर उन्हें पशु, पक्षी न कहकर मनुष्य और मानव समाज का आवरण या प्रतीकात्मक रूप कहा जाये तो अतिशयोक्ति न होगी जो हमें और हमारे मानव समाज को भिन्न-भिन्न रूप से शिक्षित करने का कार्य करते हैं और हमारी सामाजिकता को दर्शाने का कार्य करते हैं। इसी प्रकार के रेखाचित्रों में एक है नीलकंठ जो एक मोर है और इसके साथ एक मोरनी है जिसे राधा नाम दिया गया है। अब जहाँ राधा और नीलकंठ मानवेतर है वहीं दूसरी ओर मानव जगत से भी जुड़े हैं।

मानव जगत में इन्हें प्रेमी-प्रमिका, नायक-नायिका के रूप में संबोधित किया जाये तो अनुचित न होगा।

इसमें महादेवी वर्मा ने नखासकोने नामक स्थान के माध्यम से मनुष्य के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों दृष्टिकोणों को उजागर किया, पर हमें समाज को किस दृष्टिकोण से देखना है यह समाज पर नहीं हमारी दृष्टिकोण पर निर्भर है।

''पर नखासकोने के प्रति मेरे आकर्षण का कारण उपयुक्त विशेषतायें नहीं हैं वस्तुत: मेरे खरगोश, कबूतर, मोर, चकोर आदि जीव जन्तुओं की कारागार भी है।''[1]

नखासकोना वह स्थान है जहाँ एक ओर मत्स्य क्रय केन्द्र है, तेल फुलैल की दुकानें हैं, जिसमें दुर्गन्ध और सुगंध की समरसता है, वहीं दूसरी ओर जीव जंतु तथा उन पर अत्याचार करने वाले जेलर हैं।

उपरोक्त पंक्तियों के माध्यम से हम महादेवी वर्मा के पशु पक्षी के प्रति संवेदनात्मक भाव को देख सकते हैं, फिर ऐसा क्यों है कि हम मानव होकर भी एक दूसरे के प्रति संवेदनहीन होते जा रहे हैं। महादेवी जी समाज को यह संदेश भी देना चाहती हैं कि समाज में हर व्यक्ति एक दूसरे के प्रति अजनबी बनता जा रहा है, एक दूसरे के दु:ख दर्दों से कोई लेना-देना नहीं है जिसे निम्न पंक्तियों के माध्यम से देखा जा सकता है-

''इन जीवों के कत्ल निवारण का कोई ख्याल न सूझ पाने पर भी किसी पिंजरे में पानी न देखकर उसमें पानी रखवा देती, दाने का अभाव हो तो दाना डलवा देती।''[2]

इन पंक्तियों में जीव और पिंजरे की जो बात की गई है वह केवल पक्षी के लिये ही नहीं बल्कि मानव समाज के लिये भी है। मानव समाज में पिंजरे का आशय आधुनिकता का मायाजाल है जिसमें मनुष्य एक दूसरे को पछाड़कर आगे निकलना चाहता है और जीव का प्रयोग उस आधुनिकता रूपी मायाजाल में फँसे प्राणी के लिये है जिसका कोई सहयोगी नहीं है, जिस प्रकार पिंजरे में पक्षी, सावक गोल फ्रेम में कसे-जड़े चित्र जैसे लग रहे थे ठीक उसी प्रकार वर्तमान समय का मानव भी दिखाई पड़ता है।

महादेवी वर्मा जी यह भी बताने का प्रयास करती हैं कि जब परिवार में कोई नया सदस्य आता है तो उसे कुछ दिनों तक अजीब लगता है, जिस प्रकार एक नई नवेली दुल्हन अपना घर परिवार छोड़कर आती है तो उसे ससुराल में कुछ समय तक अजनबीपन का भाव लगता है। इस उदाहरण को निम्न पंक्तियों के माध्यम से दर्शाया गया है-

''दो चार दिन वे इसी प्रकार इधर-उधर गुप्त बात करते और रात में रद्दी की टोकरी में प्रकट होते रहे फिर आश्वस्त हो जाने पर कभी मेज पर, कुर्सी पर और कभी मेरे सिर पर आविर्भाव होने लगे।''[3]

लेकिन जैसे-जैसे घर परिवार का माहौल समझ में आने लगता है तो नया आने वाला सदस्य भी इस परिवार में घुल मिल जाता है और वह उसे अपने घर परिवार जैसा प्रतीत होने लगता है-

''मुझे स्वयं ज्ञान नहीं कि नीलकंठ ने अपने आपको चिड़ियों/घर के निवासियों का सेनापति और संरक्षक नियुक्त कर लिया।[4]

जैसे ही कोई व्यक्ति किसी परिवार में घुल-मिल जाता है तो वह परिवार के सुख, दुःख को अपना समझने लगता है और उसे दूर करने का प्रयास भी करता है। समस्या चाहे परिवार के जिस व्यक्ति पर हो वह उसे अपनी समस्या समझने लगता है और हरसंभव मदद करता है। इस प्रसंग को भी मोर नीलकंठ के माध्यम से समझा जा सकता है।

''उसी के चौकन्ने कानों ने उस मंद स्वर की व्यथा पहचानी और वह पूँछ पंख समेट कर सर्र से एक छपट्टे में नीचे आ गया और चोच से साँप के फन पर इतने प्रहार किया कि वह अधमरा हो गया।''[5]

महादेवी जी ने नीलकंठ के माध्यम से मानव समाज को यह भी सामाजिक संदेश देना चाहा है कि मनुष्य कितना भी बलवान, धनवान क्यों न हो पर उसे अपने बल और धन का प्रयोग दूसरों के हित के लिए करना चाहिए न कि उन्हें परेशान करने के लिए और न ही उनका शोषण करने के लिए, यदि ऐसा है तो उन्हें क्रूर और हिंसावादियों में रखा जायेगा, लेकिन मानव को वीर होने के साथ-साथ कलाप्रिय होना चाहिए जिससे उन्हें क्रूरता की श्रेणी में न रखा जाये। इस प्रसंग को रेखांकित करते हुए महादेवी जी लिखती हैं-

''मयूर कलाप्रिय वीर पक्षी है हिंसक मात्र नहीं इसी से उसे चील आदि की श्रेणी में नहीं रखा जाता है जिनका जीवन ही क्रूर कर्म है।''[6]

इन पंक्तियों के माध्यम से देखा जा सकता है कि कैसे महादेवी वर्मा जी मानव समाज को सामाजिक समरसता स्थापित करने का संदेश नीलकंठ नामक मोर के माध्यम से दे रही हैं और मयूर को पक्षी के रूप में न चित्रित करके उसका मानवीकरण कर रही है। इतना ही नहीं उसके माध्यम से यह भी बताना चाहती हैं कि हमारा मानव समाज दिनों दिन निर्मम और निर्दयी होता जा रहा है जो पशु पक्षियों की तो क्या कहें एक दूसरे मानव मन को नहीं पहचान रहा है। जीवन की इस आपाधापी में वह कब अन्य से अलग निकल गया कि उसे दूसरों की परवाह ही नहीं रह गयी, जबकि हम इंसानों से अच्छे तो मानवेतर ही हैं जिनके पास जुबान नहीं है फिर भी वे पशु पक्षियों के साथ-साथ मानव समाज से भी जुड़े रहते हैं और उनका मनोरंजन करते हैं, इस पूरे प्रकरण को निम्न पंक्तियों में दर्शाया गया है-

''नीलकंठ ने कैसे समझ लिया कि उसका नृत्य मुझे बहुत भाता है यह तो नहीं बताया जा सकता।''[7]

नीलकंठ और राधा के मानवीकरण के माध्यम से नायक–नायिका, प्रेमी–प्रेमिका, पति–पत्नी आदि भावों को भी व्यक्त किया जा सकता है और उनमें शृंगारिकता की स्थिति को साफ देखा जा सकता है तथा शृंगार के दोनों पक्षों संयोग और वियोग की मार्मिक अभिव्यक्ति देखने को मिलती है, जिस प्रकार नीलकंठ और राधा नृत्य करते समय एक दूसरे के बायीं ओर और दायीं ओर से निकलकर अपने प्रेम को व्यक्त कर रहे हैं ठीक उसी प्रकार का भाव नायक–नायिका या प्रेमी–प्रेमिका में भी देखा जा सकता है। वही उपालम्भ के अलावा करुण भाव को दर्शाया गया है। कभी–कभी जब नीलकंठ को पहले छोड़ दिया जाता और राधा को कुछ देर बाद तब ऐसी स्थिति में नीलकंठ उपालम्भ भाव से खड़ा रहता है। ठीक उसी प्रकार का भाव नायक–नायिका में भी देखने को मिलता है। बिहारी ने तो न जाने कितने दोहे ही इस दशा को आधार बनाकर लिख डाले।

उपालम्भ के अलावा करुण भाव को भी दर्शाया गया है। जब नीलकंठ की मृत्यु हो जाती है तो उसकी मृत्यु से ''राधा निस्चेष्ट सी कई दिन कोने में बैठी रही और प्रतीक्षा के भाव से द्वार पर दृष्टि लगाये रहती।''[8]

इन पंक्तियों को पढ़कर कौन कहेगा कि इसका सम्बन्ध केवल मानवेतर ही है बल्कि यह तो हमें मानव समाज से जोड़ रहा है और नीलकंठ केवल मोर न होकर मानव समाज के हर व्यक्ति का रूपान्तरण दिखाई देता है और राधा केवल मयूरी (मोरनी) न होकर समस्त नारी समाज का प्रतिनिधित्व करती है। राधा का विरह भाव केवल एक पक्षी की विरह–वेदना नहीं है बल्कि पूरी नारी समाज की विरह की सूचक है जो अपने पति, प्रेमी की मृत्यु से व्यथित है। राधा और नीलकंठ के माध्यम से महादेवी वर्मा अपने स्त्री और पुरुष विषयक विचारों को समाज के सामने स्थापित करती हैं। जिसमें यह कहा जा सकता है कि स्त्री और पुरुष की पूर्णता एक दूसरे के साथ रहकर ही है, एक दूसरे से अलग रहकर नहीं।

नीलकंठ और राधा के अलावा एक कुब्जा नाम की मयूरी भी है जिसका मानवीयकरण किया गया, जिसके माध्यम महादेवी वर्मा ने अपने प्रेम से सम्बन्धित विचारों को उजागर किया कि प्रेम हृदय से पाया जाता है जबरदस्ती से नहीं और अगर दो के बीच तीसरे का आगमन होता है तो कहीं न कहीं उन दोनों के आपसी सम्बन्धों में बिखराव आता है और पारिवारिक विघटन तथा प्रेम में त्रिशंकु की स्थिति भी पैदा हो जाती है। कुब्जा के माध्यम से इसे देखा जा सकता है–

''अब तक नीलकंठ और राधा साथ रहते थे पर कुब्जा उन्हें साथ देखते ही मारने दौड़ती, चोंच से मार–मार कर उसने राधा की कलगी और पंख नोच डाले।''[9]

इतना ही नहीं–कठिनाई यह थी कि नीलकंठ उससे दूर भागता था और वह उसके साथ रहना चाहती थी वह किसी को नीलकंठ के समीप भी नहीं आने देना चाहती थी।''[10]

इन पंक्तियों में छिपे मर्म को उजागर किया जाये तो देखने को मिलता है कि प्रेम एक ऐसा भाव है जो समर्पण माँगता है। जिस प्रेम में समर्पण का भाव है वही अच्छा है। अगर प्रेम में दबाव, जोर जबरदस्ती है तो वह प्रेम नहीं घुटन बनकर रह जायेगा।

कृष्णा की यह जबरदस्ती नीलकंठ के लिए घुटन ही है। जहाँ वह घुटन महसूस करता है वही दूसरी ओर राधा से दूर होने का डर भी है। प्रेम का यह स्वरूप मानव समाज में बहुतायत मात्रा में दिखायी देता है। महादेवी वर्मा जी प्रेम के जिस स्वरूप को मानव समाज में दर्शा रही हैं उसमें राधा, कुब्जा जैसे मानवेतर पात्र तो एक बहाना मात्र ही हैं।

कुब्जा के माध्यम से महादेवी वर्मा जी ने परिवार की स्त्रियों और उनके आपसी ईर्ष्या, द्वेष, कलह जैसी भावनाओं को उजागर करने का कार्य किया है। इतना ही नहीं एक दूसरे के संतानों के प्रति ईर्ष्या का भाव भी दर्शाया है। जिसे निम्न पंक्तियों में देखा जा सकता है–

''उसी बीच राधा ने दो अण्डे दिये जिनको वह पंखों में छिपाये बैठी रहती है। पता चलते ही कुब्जा ने चोंच मार–मार कर राधा को धकेल दिया और फिर अण्डे फोड़कर ठूँठ जैसे पैरों से छितरा दिया''[11]

इस पंक्ति में एक निर्मम और ममत्वहीन नारी को भी देखा जा सकता है जो दूसरों की संतानों को देखकर सुख के स्थान पर दुख को प्राप्त करती है और अंदर ही अंदर जलती है।

निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि महादेवी वर्मा जी ने जिन मानवेतर पात्रों को अपने रेखाचित्रों में स्थान दिया है वे केवल मानवेतर पात्र न होकर मानव समाज का रूपांतरण करते दिखाई देते हैं और उनके माध्यम से मानव समाज की सामाजिक दशा तथा उसके राग–द्वेष, लगाव, प्रेम, ईर्ष्या, कलह आदि भावों को दर्शाया गया है।

सन्दर्भ :

1. महादेवी वर्मा–मेरा परिवार, पृष्ठ संख्या– 21
2. वही, पृष्ठ संख्या– 22
3. वही, पृष्ठ संख्या– 24
4. वही, पृष्ठ संख्या– 25
5. वही, पृष्ठ संख्या– 26
6. वही, पृष्ठ संख्या– 27
7. वही, पृष्ठ संख्या– 27
8. वही, पृष्ठ संख्या– 28
9. वही, पृष्ठ संख्या– 29
10. वही, पृष्ठ संख्या– 29

❑❑❑

असिस्टेन्ट प्रोफेसर, विभागाध्यक्ष, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गैरसैण चमोली, उत्तराखण्ड

स्त्री चेतना का सारगर्भित स्वरूप : ममता कालिया का नरक-दर-नरक

—रेणु देवी

एक योग्य और शिक्षित नारी भी समस्याओं का सामना किस प्रकार से करती हैं, इसको पूर्णतः अभिव्यक्ति के साथ लेखिका ने प्रस्तुत किया है। नैतिक नियमों का पालन और अपनी गृहस्थ जिम्मेदारियों का आर्थिक बोझ भी एक विशेष कारण होता है, स्त्री की प्रतिभा और काबिलियत को कुचल डालने का, 'नरक-दर-नरक' इन्हीं समस्याओं का यथार्थ चित्रण प्रस्तुत करना है।

पिछले दो दशकों के दौरान स्त्रियाँ हर क्षेत्र में आगे आयी हैं। घर से बाहर निकल उनमें एक नया आत्मविश्वास आया हैं और उन्होंने हर काम को प्रायः एक चुनौती की तरह स्वीकार किया है। क्षेत्र चाहे उद्योगों के प्रबंधक का हो या होटल मैनेजमेंट का, डॉक्टरी इंजीनियरी का चाहे, प्रशासनिक पदों, पुलिस या वकालत का, पत्रकारिता या विज्ञापन का, एजेंसी, डाक-तार रेलवे, बसों कि कंडक्टरी का, बैंक कम्प्यूटरों का और टेक्नॉलाजी, लेखन जैसी कठिन विधाओं तथा ज्ञान विज्ञान के अन्य विभागों में, हर जगह अब महिलाएँ कामकाज करती हुई दिखाई पड़ती हैं।

ममता कालिया की कलम आज के युग की तलवार हैं, जो नारी जीवन के तमाम पहलुओं और उसके संघर्षों को विविधता से अपने उपन्यासों में चित्रित किया है। ''नरक-दर-नरक'' में जिस समस्या का अवलोकन मैंने किया वह है नारी, जिस परंपरा को झेलकर और कुछ बेड़ियों को उतारकर स्त्री ने अपना आगे का मार्ग प्रशस्त किया वह प्रमुख है। परंतु आज के युवाओं का जीवन जिस तरह से बेकारी के दलदल में फँसता जा रहा है, उसको उन्होंने सामाजिक कुरूपता का नवीन रूप देकर उकेरा हैं।

स्त्री-लेखन के वैकल्पिक मानदंडों के निर्माण की जब कोशिशें शुरू की गईं तो उन्हें 'खास' या 'विशिष्ट' या 'स्पेशल केस' के रूप में देखा गया। फलतः स्त्री लेखन हाशिए पर चला गया या 'स्त्री अध्ययन' से 'स्त्री लेखन' को जोड़कर विशेष पाठ्यक्रम बनाकर मुख्य धारा के साहित्य से अलग करके पेश किया गया। साहित्य में व्याप्त इस लिंगभेद को समाप्त करना आवश्यक है।

मूल शब्द-स्त्री, लेखन, उपन्यास, साहित्य, ममता, कालिया, नरक, अस्तित्व, परंपरागत।

भारतीय आदर्शों में रची-बसी सती नारी के स्थान पर उस नारी का चेहरा सामने आया जिसे अपनी महत्ता और अस्मिता पर गर्व था। महिला लेखन पुरुष की बँधी-बँधायी पूर्वाग्रह से संचित

दृष्टि को त्याग कर नारी को व्यक्ति रूप में देखने का पक्षधर है, जहाँ पुरुष सापेक्ष भूमिकाओं की सीमित परिधि से मुक्त होकर एक विशुद्ध नारी के रूप में उसकी पहचान सम्भव हो। वह नारी जिसके मन में अपनी शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक दुर्बलताओं के प्रति दया का भाव नहीं उपजता, देह संस्कार, संवेदना और विवेक किसी भी स्तर पर वह अपना मूल्यांकन परम्परागत पुरुष निर्मित प्रतिमानों के आधार पर नहीं करती।

'नरक-दर-नरक' को ममता कालिया ने प्रेम विवाह में फंसी एक स्त्री और पुरुष का वह जीवन दिखाया है, जो प्रेम के समय और उस प्रेम को विवाहरूपी बंधन में बँधने के उपरान्त जो अवस्थाएँ होती हैं, उसका बेबाकी से प्रस्तुतीकरण दिया है।

सत्य तो यह है कि किसी भी परिस्थिति में सबसे अधिक स्त्री का जीवन ही बाधित हो जाता है, चाहे व वैयक्तिक हो या सामाजिक प्रेम-विवाह पर जितना आक्षेप और एक लड़की को उस बात की कठिन परश्रिम के साथ यातना भरा जीवन व्यतीत करने का ममता कालिया का 'नरक-दर-नरक' कहता है, वह हकीकत की परिधि को छूकर निकलता है।

स्वतन्त्रयोत्तर हिन्दी कथा जगत में अपनी धारदार कथा साहित्य के माध्यम से विशिष्ट पहचान बनाने वाली कथाकारा है ममता कालिया। समाजिक चेतना से लैस उनके पात्र समकालीन जटिल यथार्थ में अपनी जगह खुद बनाते हैं। यह ऐसी कलमकारा हैं जिन्होंने अपनी रचनाओं में विभिन्न वर्गों की नारी की जिन्दगी का चित्रण किया है। वह नारी जीवन के बहुविधीय पक्षों पर अपनी सूक्ष्म पैनी अन्तदृष्टि डालकर उसकी गहराई को कलात्मकता के साथ प्रस्तुत करने के लिए जानी जाती हैं।

उपन्यास विन्यास की जो अब तक परिभाषा विद्वानों ने दी है, वह काफी हद तक इनकी रचनाओं में दृष्टिगत होती है, किन्तु यथार्थ की तस्वीर भी होती है-''उपन्यास कार्य-कारण श्रृंखला में बँधा हुआ वह गद्यात्मक कथानक है जिसमें अपेक्षाकृत अधिक विस्तार तथा पेचीदगी के साथ जीवन का प्रतिनिधित्व करने वाले व्यक्तियों से सम्बन्धित वास्तविक या काल्पनिक घटनाओं के द्वारा मानव के सत्य का रचनात्मक रूप से उद्‌घाटन किया जाता है।''[1]

परिस्थिति चाहे जो भी हो इस उपन्यास के पात्र 'जगन' व 'उषा' जो कि पढ़े-लिखे नौजवान हैं, परन्तु उनके जीवन में बेरोजगारी का जो कठिन सैलाब रहा उसका उपन्यास के कथानक और अंत तक सामाजिक समस्याओं का सारगर्भित स्वरूप नजर आता है। ममता कालिया ने अपने उपन्यासों में अधिकारों के प्रति सजग, सुशिक्षित स्वाभिमानी, व आत्मनिर्भर पात्रों का चयन तो किया है, पर साथ ही स्त्री की मानसिकता और समाज में उसके दर्जे को भी व्यवस्थित आकार दिया है। समय के साथ ही प्रेम का जो भाव उत्पन्न होता है, वह लड़कियों में अधिक प्रभावी होता है-''उनकी पहचान सिर्फ तीन महीने पुरानी थी। इतनी-सी बिना पर वह अपनी सब नावें जलाकर जगन के साथ चली आई थी।''[2] सफल और असफल प्रेम की दास्तान दोनों का प्रचलित विवेचन ममता के उपन्यास साहित्य में देखने को मिलता है। उषा और जगन ने जिस 'नरक' को भोगा वह बेरोजगारी और माहौल की बदहाली का महत्वपूर्ण दस्तावेज है।

एक योग्य और शिक्षित नारी भी समस्याओं का सामना किस प्रकार से करती हैं, इसको पूर्णत: अभिव्यक्ति के साथ लेखिका ने प्रस्तुत किया है। नैतिक नियमों का पालन और अपनी गृहस्थ जिम्मेदारियों का आर्थिक बोझ भी एक विशेष कारण होता है, स्त्री की प्रतिभा और

काबिलियत को कुचल डालने का, 'नरक-दर-नरक' इन्हीं समस्याओं का यथार्थ चित्रण प्रस्तुत करना है। अनेक आलोचकों ने अपनी राय इस रचना के बारे में दी है-''नरक-दर-नरक में यह भी चित्रित है कि मध्यवर्गीय युवकों के सामने धनाभाव के कारण जितनी अधिक कठिनाइयाँ रहती हैं, उतनी ही महत्वकांक्षाएँ भी होती हैं। दोनों में कहीं संगति न होने पर अकसर संतुलन खो जाता है। वह अपने चारों ओर के वातारण से संघर्ष की राह को पकडता है।''

नारी की वर्तमान स्थिति को लेकर आज की लेखिका के मन में असंतोष एवं आक्रोश है। सामाजिक वैषम्य से जन्मी पीड़ा को लेकर छटपटाहट है और मुक्ति की उत्कंठा उसके रोम-रोम में परिव्याप्त है। सुधीश पचौरी का मत था कि ''साहित्य में भी स्त्रीवाद एक ग्लोबल आंदोलन है इसलिए यह लेखन से अधिक एक राजनीतिक संघर्ष है, निर्मल वर्मा ने कहा कि स्त्री संवेदना का होना एक बात है, पर नारीवाद का झंडा उठाए घूमना दूसरी बात।''[3]

केदारनाथ सिंह ने-''दूसरी भाषाओं के महिला लेखकों की रचनाओं के हिन्दी अनुवाद के खराब स्तर पर दुख प्रकट किया।''[4]

डॉ. चमनलाल ने कहा कि ''जब तक समाज में असमानता है तब तक साहित्य में भी रहेगी।''[5]

हिन्दी की वरिष्ठ लेखिका कृष्णा सोबती ने सदा की तरह स्त्री लेखन शब्द पर एहसान जताते हुए कहा कि-''लेखन एक बड़ा अनुशासन है, इसे महिला लेखन के छोटे चौकटे में कैद नहीं किया जा सकता। महिला लेखन करने से हर कोई हमें दलित समझने लगता है। उन्होंने पूछा, आप यदि लेखक हैं तो मैं महिला लेखक क्यों हूँ, उन्होंने कहा कि हमारी दिलचस्पी शब्द संस्कृति को बचाने से अधिक साहित्य में राजनैतिक करोबार करने में है। कहते हैं साहित्य में रंग, वर्ण, जाति, सम्प्रदाय का भेद नहीं होता।''[6]

पर मैं कहती हूँ जो लिख रहा है उसे वर्षों से अपने संस्कार, इतिहास, परिवेश से जो सोच मिली है, जो मानसिकता मिली है वह सब उसके साहित्य में परिलक्षित होता है। इसलिए वही कथानक जब ममता कालिया के हाथ में आता है तो उसका ट्रीटमेंट बिल्कुल भिन्न होता है। वह समाज की अनकही अनदेखी दास्तान को प्रकट करने में विश्वास करती हैं-''उपन्यास में जगन, उषा के अतिरिक्त प्रेस मालिक मिश्रा तथा विनय गुप्ता का सजीव चरित्र स्पष्ट हुआ है। विनय गुप्ता का अपनी पत्नी से जो व्यवहार है, वह वैसा ही है, जैसा जगन का उषा के प्रति। नरक-दर-नरक संवेदना एवं शिल्प की दृष्टि से अछूती संभावनाओं को उजागर करता है, लेकिन अपने दूसरे सफल उपन्यास के लिए बधाई के पात्र है।''[7]

स्त्री चाहे अनपढ़ हो या शिक्षित उसका दर्जा हमेशा अपने घर में पतिता का परिचायक ही होता है। जिसका खुला रूप इस उपन्यास में ममता कालिया ने प्रस्तुत किया है। यह अनुमोदन वादी साहित्य लेखन रूढ़ियों के आस-पास ही घूमता है, दयनीय विद्रोह का भ्रम देता हुआ। ममता कालिया इस संदर्भ में स्त्री की अपनी भाषा का प्रश्न उठाती हैं-''क्योंकि किसी भी समुदाय का अनुभव जगत उस समुदाय के भाषायी अभ्यास द्वारा ही निर्मित होता है और उसके अभाव में उसे परम्परा से प्राप्त पुरुषों की भाषा में ही अपने अनुभवों को सम्प्रेषित करना पड़ता है। और शायद यही करण है कि प्रचलित वर्चस्ववादी भाषा स्त्री की वाणी नही बन पाती है और बहुत कम लेखिकाएँ स्त्री की निजी भाषा खोजने की चिंता करती है तो वस्तु से व्यक्ति के रूप में पहचान

बनाने को तत्पर स्त्री क्या इस पुरुष सत्तात्मक परिवेश में यह मानने को बाध्य हो जाए कि चिंतन की प्रक्रिया से उसका कोई सरोकार नहीं है, तर्क की भाषा उसे नहीं आती तथा बड़ी राष्ट्रीय, सामाजिक, समस्याओं से निपटने में वह सक्षम नहीं।''[8]

विनय और सीता दोनों दम्पति हैं लेकिन विनय एक बहुत ही शक्की मिजाज का आदमी है, जिसको सभी के आचरण में कुछ खटास नजर आती है–''आज मैंने तुम्हें फोन किया, तुम्हारी प्रिंसिपल ने बताया कि तुम कहीं गई हुई हो।''[9] साधारणत: लेखिका ने यह तथ्य भी उकेरा है कि नारी चाहे जितनी भी सुप्रसिद्ध और बेहतर बन जाए उसके साथ हमेशा ही दुर्व्यवहार होता आया है। 'नरक-दर-नरक' उपन्यास की दृष्टि से ममता कालिया की सार्थक रचना है।

उषा भले ही बचपन से एक बेहद होशियार एवं जिम्मेदार लड़की रहती है, पर प्रेम बिना सोचे-समझे करने के कारण वह अपने जीवन के कठिन मोड़ को भी काफी सहजता से व्यतीत करती है। आर्थिक समस्याओं से अधिकतर नारियों को ही जूझना पड़ता है, इसकी परिणति ममता कालिया ने उपन्यास में की है–''जब इंटरव्यू के लिए उसे बुलावा आया तो उसे बड़ा ताज्जुब हुआ। उसकी माँ ने कहा कि जब शहर की शहर में निकली जगहों में उसे नहीं लिया गया तो बंबई तक रेल किराया नाहक खर्च करने से क्या फायदा।''[10]

ममता कालिया ने कई विधाओं में अपनी कलम चलायी है इसलिए उनके लिए कथा साहित्य में कथाकारा का नाम देना ही उचित होगा। इसके साथ ही वह अध्यापिका भी हैं। अत्यंत परिश्रमी होने के कारण ही ममता कालिया ने अब तक सफलता को अपने नाम करके रखा हुआ है।

वैवाहिक प्रक्रिया के बीच कुछ संघर्षों को तो झेलना पड़ा किन्तु हार न मानने की प्रवृत्ति ने इन्हें आज नया मुकाम दिलाया है। इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि नारी के विषय में जिस प्रकार से ममता कालिया ने विवरण दिया है, उसको संक्षिप्त अध्ययन करने के पश्चात ऐसा प्रतीत हुआ कि ममता कालिया ने अपनी कथा साहित्य प्रमुखत: नारी जीवन की दिनचर्या को विशेषत: प्रस्तुत किया। इसमें वह अपने वजूद को महसूस करती है।

एक सजग इकाई के रूप में वह तमाम यथार्थ स्थितियों से प्रतिकृत होती वर्तमान सामाजिक परिवेश के अन्तर्विरोधों व असंगतियों को स्त्री अस्मिता और मानवीय स्थिति के परिप्रेक्ष्य में जानना-समझना चाहती है, उनका विश्लेषण-विवेचन करने का प्रयास करती हैं।

हालाँकि आज भी और सदियों से यह बात होती आयी है–''स्त्रियों के चरित्र को तो उसका रचयिता भी नहीं समझ पाता, पुरुष का क्या? भारतीय नारी को अधिकार भाव किसने सिखाया? स्वतंत्रता संग्राम में अधिकार घोष किसने किया? पुरुष से आज की स्वतन्त्र नारी कहती है कि वह जीवन की कर्मस्थली में पुरुष की सहकर्मी भार्या हैं। वह भी जीवन भर पुरुष वह नीतियाँ बना रहा है, जो कि पुरुष हित में है। वे पुरुष प्रधानता को पोषित करती हैं। वह स्वार्थवश नारी को दबाकर रखना चाहता है।''[11]

निष्कर्ष–अपने शोध पत्र में 'नरक-दर-नरक' नामक उपन्यास में जिस प्रकार स्त्री जीवन को प्रतिष्ठापित किया है, वह मैंने अन्य लेखिकाओं के समकक्ष भी उनको रखकर उपस्थित किया है। वास्तव में भारतीय स्त्री का अस्त्वि इतिहास के द्वारा गढ़ंत एक ऐसा मिथक है जिसके रहस्यों को तो पुरुष द्वारा निर्मित रहस्यीकरण की कुचेष्टाओं, तिलस्मों का विगोपन आसान नहीं, और

भारतीय स्त्री का प्रतिरोध इन रूढ़ मानसिकता के खिलाफ उठ खड़े होने का ख्याल है, उसका प्रतिरोधी तेवर शारीरिक और मानसिक शोषण के खिलाफ लड़ने की चेतना है, और इसका प्रमुख कारण रहा पश्चिमी नारी आन्दोलन।

इसी परम्परा को एक नयी राह देने के लिए महिला कलमकरों ने अपनी कलम को प्रशस्त किया है, एवं उसके लिए ममता कालिया ने तो स्वयं की विचारधारा को, रचनाओं के माध्यम से समाज में नारी की गतिशीलता को दर्शाया है। ममता कालिया ने अपने उपन्यासों में जहाँ परम्परा के भीतर दबी कुचली नारी को दिखाया है वहीं विशेषकर आजाद ख्यालातों से युक्त नारी की कहानी को अपनी रचनाओं का प्रमुख विषय बनाया है। मानव सभ्यता के इतिहास में महिला की स्थिति प्रत्येक युग में बदलती रहती है। कभी उसे पुरुष ने दासता के बंधनों में पूरी तरफ जकड़कर उसके साथ पशु जैसा व्यवहार किया है तो कभी इतनी स्वतन्त्र हो उठी है कि उसने सभ्यता की दिशा ही बदल दी है। यह बदला हुआ स्वरूप ममता कालिया की कथा यात्रा में देखा गया है।

वह नारी जिसके मन में अपनी शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक दुर्बलताओं के प्रति दया का भाव नहीं उपजता, देह, संस्कार, संवेदना और विवेक किसी भी स्तर पर वह अपना मूल्यांकन परम्परागत पुरुष निर्मित प्रतिमानों के आधार पर नहीं करती। ममता का कथा साहित्य नारी समस्याओं का यथार्थ विवरण प्रस्तुत करता है। वास्तव में बाजारवादी नारी अपनी स्वच्छन्दता के कारण अपना स्वतंत्र व्यक्तित्व स्थापित करना चाहती है।

संदर्भ :

1. ममता कालिया-नरक-दर-नरक, किताबघर प्रकाशन, नई दिल्ली, पुनर्प्रकाशन संस्करण 2007
2. मेरे साक्षात्कार ममता कालिया- सं. विज्ञानभूषण, किताबघर प्रकाशन नई दिल्ली, प्रकाशन संस्करण 2008
3. आधुनिक हिन्दी उपन्यासों में नारी के विवधि रूपों का चित्रण-डॉ. मोहम्मद अजहर ढेरीवाला, चिन्तन प्रकाशन, कानपुर, प्रकाशन संस्करण 2001
4. ममता कालिया के उपन्यासों में नारी-डॉ. स्मिता जायसवाल, विकास प्रकाशन कानपुर, संस्करण 2017
5. समकालीन महिला उपन्यासकारों के उपन्यासों में नारी-विमर्श-त्यागी मुक्ता, अमन प्रकाशन कानपुर-12 संस्करण 2012
6. अक्षरपर्व-सर्वमित्रा सुरंजन देशबंधु, प्रकाशन विभाग रायपुर
7. आजकल पत्रिका- मार्च 2022 अंक 11, वर्ष 77, संपादक फरहत परवीन, सी.जी.ओ. कॉम्लेक्स, लोधी रोड नई दिल्ली
8. उत्तरशती के उपन्यासों में स्त्री डॉ. शशिकला त्रिपाठी, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, प्रकाशन संस्करण 2006
9. ममता कालिया के उपन्यासों में चित्रित समस्याएँ: विविध आयाम, डॉ. लहू रामराव मुंडे, पूजा पब्लिकेशन 6-बी. बौद्ध नगर नौबस्ता, कानपुर संस्करण 2016
10. हिन्दी उपन्यास युगचेतना और पठकीय संवेदना-द्विवेदी मुकुन्द लोकभारती प्रकाशन, प्रथम संस्करण 1970
11. उत्तरशती के उपन्यासों में स्त्री-डॉ. शशिकला त्रिपाठी, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, प्रकाशन संस्करण 2006

❑❑❑

शोधार्थी (हिन्दी), राजकीय स्नाातकोत्तर महाविद्यालय, रानीखेत (अल्मोड़ा) उत्तराखण्ड

मोबाइल : 7500194778, ई-मेल : drenu1216@gmail.com

लेखक-पत्नी की त्रासदी की गाथा 'एक कहानी यह भी'

—संदीप सो. लोटलीकर

दरअसल भारतीय स्त्री के भीतर सदियों से बसे रूढ़ पारंपरिक संस्कार इतने गहरे होते हैं कि पति द्वारा दिए गए तमाम शारीरिक एवं मानसिक उत्पीड़न को झेलने के बावजूद उसे अपने पति के साथ रहने के लिये मजबूर कर देते हैं। इन संस्कारों तथा सामाजिक दबावों का बोझ इतना भारी है कि आज की आधुनिक कही जाने वाली स्त्री भी इन दबावों से मुक्त नहीं हो सकी है। स्त्री के भीतर बसा अंतर्द्वंद्व उसे दोनों ओर खींचता है।

मन्नू भंडारी हिंदी की उन चंद लेखिकाओं में हैं जिन्होंने आजादी के बाद महिला लेखन को नई दिशा देने में सार्थक भूमिका निभाई है। यही सच है, मैं हार गई, त्रिशंकु, सजा, नकली हीरे, रानी मां का चबूतरा, तीसरा आदमी, स्त्री सुबोधिनी, बंद दराजों का साथ, मजबूरी, अकेली, असामयिक मृत्यु, क्षय जैसी यादगार कहानियों एवं आपका बंटी, महाभोज जैसे उपन्यासों के कारण वे हिंदी कथा साहित्य में समादृत हैं। 'बिना दीवारों के घर' जैसे नाटक की वे लेखिका हैं। इसके अलावा उन्होंने हिंदी फिल्मों के लिए पटकथा लेखन भी किया है। रचनाकर्म से लंबे अंतराल तक दूर रहने के बाद वे 'एक कहानी यह भी' जैसी आत्मकथा लेकर पाठकों के समक्ष उपस्थित होती हैं। कहना न होगा कि हिंदी साहित्य में मन्नू भंडारी की आत्मकथा अपनी उपस्थिति दर्ज कराती है।

बहरहाल मन्नू भंडारी की आत्मकथा 'एक कहानी यह भी' हिंदी आत्मकथा साहित्य में अपनी अलग पहचान रखती है। इस आत्मकथ्य से गुजरना एक ऐसी रचना से रूबरू होना है जिसमें नारी संवेदना के विभिन्न आयामों को बड़ी बारीकी से व्यक्त किया गया है। प्रस्तुत आत्मकथा में मन्नू भंडारी ने बहुतेरे समकालीन साहित्यकारों को स्मरण किया है। इन साहित्यकारों के संबंध में दी गई उनकी टिप्पणियाँ अत्यंत रोचक बन पड़ी हैं। खास कर मोहन राकेश, कमलेश्वर, धर्मवीर भारती जैसे जाने-माने रचनाकारों के अंतर्विरोधों की जाँच-पड़ताल इस आत्मकथा में हुई है। लेखक-रचनाकारों के रचनात्मक अवदान से तो पाठक परिचित होते हैं लेकिन उनकी जिंदगी की असलियत के बारे में आखिर हम कितना जानते हैं? विवेच्य आत्मकथा में मन्नू भंडारी ने अपने जीवन में आए अनेक लोगों को याद किया है। एक तरह से वे इन लोगों के प्रति बेहद आत्मीय भाव से कृतज्ञता ज्ञापित करती हुई नजर आती हैं और समूची रचना में यह क्रम जारी रहता है। कहीं-कहीं तो कृतज्ञता का भाव लगभग धन्यवाद ज्ञापन जैसा प्रतीत होने लगता है। इसके

अलावा इंदिरा गांधी द्वारा की गई आपातकाल की घोषणा और इस कारण उपजी विद्रूप परिस्थितियाँ, इंदिरा गांधी की हत्या के बाद 1984 में सिखों के विरोध में हुए दंगों का वर्णन आत्मकथा को अधिक पठनीय बना देते हैं। आत्मकथ्य की एक विशेषता यह भी है कि पाठक उनकी कहानियों एवं उनके द्वारा लिखित दो उपन्यास 'आपका बंटी' एवं 'महाभोज' की रचना प्रक्रिया से अवगत होते हैं। इस रचना प्रक्रिया से अवगत होना लेखिका के सर्जनात्मकता की पहचान कराता है। लेकिन इस रचना को विशेष बनाता है हिंदी के जाने-माने लेखक और हंस पत्रिका के संपादक रहे, मन्नू भंडारी के पति राजेंद्र यादव का किया गया व्यक्तित्व विश्लेषण।

दरअसल मन्नू जी का आत्मकथा लिखने का मूल प्रयोजन उनके और उनके पति राजेंद्र यादव के जटिल और तनावपूर्ण वैवाहिक संबंधों को उद्घाटित करना है। एक भारतीय स्त्री वैवाहिक जीवन में संवेदना के स्तर पर जिन उबड़-खाबड़ रास्तों पर चलते हुए अपनी जिंदगी जीती है, इसका हलफनामा है मन्नू भंडारी की आत्मकथा 'एक कहानी यह भी'। मन्नू जी को अपने बचपन, युवावस्था और फिर वृद्धावस्था की ओर झुकते हुए जिन मानसिक पीड़ाओं को झेलना पड़ा, तथा अपने पति राजेंद्र यादव के साथ रहते हुए वैवाहिक जीवन में उन्होंने जिन मानसिक यंत्रणाओं को भोगा, एक यशप्राप्त लेखक की पत्नी होने के कारण जिन कांटों भरी राहों से वे गुजरीं, इन सारी बातों का लेखा-जोखा वे अपने आत्मकथ्य में बड़ी ही बेबाक शैली में देती हैं।

आत्मकथा के शुरू में मन्नू जी ने अपने जन्म स्थान तथा बाल्यावस्था के संबंध में लिखा है। अपने घर के आर्यसमाजी माहौल का विवरण वे बड़े ही मार्मिक रूप में देती हैं। उन्होंने अपने आर्यसमाजी पिता का व्यक्तित्व-विश्लेषण जिस रूप में किया है उसे पढ़ना एक अलग अनुभव से होकर गुजरना है। यथा-"यशकामना बल्कि कहूँ कि यश लिप्सा पिताजी की सबसे बड़ी दुर्बलता थी और उनके जीवन की धुरी था यह सिद्धांत कि व्यक्ति को कुछ विशिष्ट बनकर जीना चाहिए...कुछ ऐसे काम करने चाहिए कि समाज में उसका नाम हो, सम्मान हो, प्रतिष्ठा हो, वर्चस्व हो।...पर पिताजी! कितनी तरह के अंतर्विरोधों के बीच जीते थे वे! एक ओर 'विशिष्ट' बनने और बनाने की प्रबल लालसा तो दूसरी ओर अपनी सामाजिक छवि के प्रति भी उतनी ही सजगता। पर क्या यह संभव है? क्या पिताजी को इस बात का बिल्कुल भी एहसास नहीं था कि इन दोनों का तो रास्ता ही टकराहट का है?"[1]

मन्नू भंडारी स्वयं के व्यक्तित्व की खामियों को लेकर भी खुलकर पाठकों के समक्ष प्रस्तुत हुई हैं। एक जगह वे लिखती हैं-"मैं काली हूं। बचपन में दुबली और मरियल भी थी। गोरा रंग पिताजी की कमजोरी थी सो बचपन में मुझसे दो साल बड़ी खूब गोरी स्वस्थ और हंसमुख बहिन सुशीला से हर बात में तुलना और फिर उसकी प्रशंसा ने ही क्या मेरे भीतर ऐसे गहरे हीन भाव की ग्रंथि पैदा नहीं कर दी कि नाम, सम्मान और प्रतिष्ठा पाने के बावजूद आज तक मैं उससे उबर नहीं पाई? शायद अचेतन की किसी पर्त के नीचे दबी इसी हीन भावना के चलते ही मैं अपनी किसी भी उपलब्धि पर भरोसा नहीं कर पाती।"[2] लेखिका की इन बातों से साफ पता चलता है कि बचपन से ही वे एक प्रकार की हीनता ग्रंथि से ग्रस्त रही हैं। लगता है कि अपने रंग-रूप तथा व्यक्तित्व को लेकर हीनता के बीज उनमें बचपन से ही बोए गये थे। इस संदर्भ में यह बात सहज ही जहन में आती है कि कहीं इसी हीनता ग्रंथि के चलते उन्होंने राजेंद्र यादव से विवाह करने का

फैसला तो नहीं किया होगा? उनके शारीरिक व्यंग को देखते हुए बस दो-तीन मुलाकातों में वे राजेंद्र यादव को अपना दिल दे बैठी थीं। क्या उनका यह जल्दी में लिया गया फैसला उनके किसी हीनता बोध का तो परिणाम नहीं था? शायद राजेंद्र यादव के व्यक्तित्व में भी जरूर कुछ ऐसी बात देखी होगी उन्होंने जिससे वे उनसे इस कदर आकर्षित हो गई थीं। राजेंद्र यादव के साथ वैवाहिक जीवन के शुरुआती दिनों के सुनहरे पलों के गुजरने के बाद मन्नू भंडारी के लिए वैवाहिक जीवन काँटों भरी राह से कम नहीं रहा है। एक दिन निर्मला जैन ने जब दो टूक शब्दों में मन्नू जी से पूछा कि "राजेंद्र ने तो जो किया सो किया पर आप क्यों नहीं अलग हो गईं? हो सकता है कि आप भी एक यशस्वी प्रतिभाशाली लेखक के मोह से मुक्त नहीं हो पाई हों? सुनकर कतई धक्का न लगा क्योंकि इस संदर्भ में भी मैं भीतर तक अपना मन खंगाल चुकी हूँ और इसे स्वीकार करने में मुझे कोई संकोच नहीं कि यह मेरा मोह ही था...एक गहरा लगाव पर व्यक्ति राजेंद्र के प्रति जिसमें उनका लेखक होना शुमार था पर यशस्वी होना कतई नहीं"[3] इस संदर्भ में इतना ही कहना पड़ेगा कि एक यशस्वी लेखक की पत्नी होने का मोह उनके अवचेतन मन में कहीं न कहीं व्याप्त रहा है। शायद यह उनके भीतर उपजे हीनता ग्रंथि और राजेंद्र यादव के प्रति गहरे लगाव के कारण भी हो सकता है, नहीं तो मन्नू भंडारी जैसी स्वतंत्र विचारों वाली विवेकवान, संवेदनशील लेखिका के लिए ऐसी कौन सी मजबूरी रही होगी कि इतनी कुंठाओं और लगातार मानसिक तनावों में रहते हुए भी वे राजेंद्र यादव के साथ पैंतीस वर्षों तक एक ही छत के नीचे रहने के लिए विवश हो जाती हैं।

दरअसल भारतीय स्त्री के भीतर सदियों से बसे रूढ़ पारंपरिक संस्कार इतने गहरे होते हैं कि पति द्वारा दिए गए तमाम शारीरिक एवं मानसिक उत्पीड़न को झेलने के बावजूद उसे अपने पति के साथ रहने के लिये मजबूर कर देते हैं। इन संस्कारों तथा सामाजिक दबावों का बोझ इतना भारी है कि आज की आधुनिक कही जाने वाली स्त्री भी इन दबावों से मुक्त नहीं हो सकी है। स्त्री के भीतर बसा अंतर्द्वंद्व उसे दोनों ओर खींचता है। एक ओर वैवाहिक जीवन के कारण प्राप्त मानसिक पीड़ा है जिसके कारण वह इस जंजाल से मुक्त होना चाहती है तो दूसरी ओर विरासत में मिले रूढ़-पारिवारिक संस्कार तथा सामाजिक असुरक्षितता का बोध है जो उसे अपने पति से अलग नहीं होने देता। इस विशालकाय समुद्ररूपी समाज में अकेले पड़ जाने का भय उसे भीतर तक दहशत में डुबो देता है। इसके चलते वह वैवाहिक जीवन से जुड़ी मानसिक यातनाओं को झेलकर भी इस बंधन के रथ पर सवार होकर दौड़ती रहती हैं।

राजेंद्र यादव को हम नई कहानी के कहानीकार, उपन्यासकार तथा एक चिंतक के रूप में जानते हैं। कहानियाँ, उपन्यास, समीक्षाएँ एवं हंस में लिखीं वैचारिक संपादकीय के लिए राजेन्द्र यादव हिंदी साहित्यिक समाज में अपनी विशिष्ट पहचान रखते हैं। अपने आत्मकथ्य 'मुड़ मुड़ के देखता हूँ'—के जरिए भी वे पाठकों के समक्ष उपस्थित हुए हैं। हम राजेंद्र यादव को उनकी रचनाओं एवं आत्मकथ्य के माध्यम से जानने-समझने की कोशिश करते हैं। मन्नू भंडारी की आत्मकथा 'एक कहानी यह भी' एक तरह से 'मुड़ मुड़ के देखता हूँ' को प्रत्युत्तर देने की कोशिश भी कही जा सकती है। मन्नू भंडारी का आत्मकथ्य पढ़ने के बाद लगता है कि राजेंद्र यादव का व्यक्तित्व मानों एक अबूझ पहेली जैसे है। ऐसे व्यक्तित्व को जानने-समझने की कोशिश बड़ी दूर की कौड़ी पकड़ने जैसा है क्योंकि उनके करीब से करीब लोग भी उनको ठीक

से नहीं समझ पाए तो आम पाठक इस अबूझ पहेली को कैसे समझ पाएँगे? राजेंद्र यादव के व्यक्तित्व को लेकर मन्नू जी ने बड़ी महत्त्वपूर्ण बातें कही हैं। मन्नू जी लिखती हैं "यूं तो हर व्यक्ति के भीतरी और बाहरी दो रूप होते हैं फिर वह चाहे लेखक हो या सामान्य व्यक्ति। हाँ, यह जरूर होता है कि किसी के व्यक्तित्व के इन दो रूपों में बहुत-बहुत फासला होता है। इतना कि यदि दोनों को सामने रखा जाए तो आप पहचान भी न सकें कि यह एक ही व्यक्ति के दो रूप हैं। और किसी के यहां बिल्कुल नामालूम-सा फर्क होता है। मैं नहीं जानती कि कितने लोग अपने इन दो रूपों के प्रति सचेत होते हैं। और होते भी हैं तो किस सीमा तक होते हैं। लेकिन राजेंद्र को तो जैसे इसका ऑब्सेशन जैसा है कारण भी साफ है क्योंकि इनके दोनों रूपों में इतना अंतर है कि इनके बाहरी रूप को जानने वाले कभी विश्वास ही नहीं करेंगे कि इनके बहुत-बहुत भीतरी व्यक्तित्व का एक ऐसा भी हिस्सा है जो बहुत निर्मम, कठोर और अमानवीयता की सीमाओं को छूने की हद तक क्रूर भी रहा है।"[4] मन्नू भंडारी ने राजेंद्र यादव के संदर्भ में जो लिखा है इसे पढ़कर पाठक का मन एक अतिरिक्त क्रोध से भर जाता है। यह क्रोध इसलिए नहीं है कि विवाह के बाद उन्होंने लेखकीय अनिवार्यता के नाम पर अपनी पत्नी को एक समानांतर जिंदगी का पैटर्न थमा दिया था, बल्कि यह इसलिए है कि एक रचनाकार जो अपनी रचनाओं में इतना संवेदनशील और मानवीय नजर आता है, वह अपनी वास्तविक जिन्दगी में इस कदर असंवेदनशील और अमानवीय भी हो सकता है। राजेन्द्र यादव के इस रूप को देखकर मन विक्षोभ से भर जाता है। विवेच्य आत्मकथा में ऐसे अनेक मार्मिक प्रसंग आए हैं जिन्हें पढ़कर राजेंद्र यादव पर बड़ी कोफ्त होती है। प्रसंगवश मन्नू जी के मुँह में जब घाव हुआ और उनके लिए पानी पीना भी मुश्किल हो गया था तब उन्हें डॉक्टर को दिखाने के बजाय राजेंद्र यादव को कॉफी हाउस में जाना ज्यादा ज़रूरी लगता है और तो और जब उनकी बेटी बीमार हो गई थी तब उसके लिए डॉक्टर से दवाई लाने के बजाय उन्हें साहित्य अकादमी की मीटिंग में जाना और उसके बाद उषा प्रियंवदा से मिलना ज्यादा ज़रूरी लगा था। कहना न होगा कि लेखकीय अनिवार्यता के नाम पर वे निरंतर अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों से भागते रहे हैं। इन प्रसंगों को पढ़ने के बाद ऐसा प्रतीत होता है कि राजेंद्र यादव एक अलग किस्म की मानसिकता के शिकार रहे हैं, जिसमें अपने करीबी लोगों को मानसिक रूप में प्रताड़ना देकर एक खास तरह के अहम् को संतुष्ट किया जाता है। धीरे-धीरे इस अहं रूपी खेल को खेलने में एक अलग ही प्रकार का मज़ा आने लगता है। समय का संबल पाकर व्यक्ति का यह अहं इतना बड़ा हो जाता है कि इससे छुटकारा पाना मुश्किल हो जाता है। शायद इस क्रूर अंहकार को संतुष्ट करने की राजेंद्र यादव को लत-सी लग गई थी। ऐसे में अपनी रचनाओं में संवेदनशीलता, मानवीयता का ढोल पिटने वाले लेखकों की सारी बातें केवल बौद्धिक ऐय्याशी लगने लगती हैं।

दूसरा प्रसंग वह है जब मन्नू जी ने राजेंद्र यादव को घर से बाहर निकाल दिया था तब कुछ दिनों तक इधर-उधर घूमने के बाद वे फिर से मन्नू जी के घर आने लगते हैं। इस बीच जब मन्नू जी गंभीर रूप से बीमार हुईं तो वे साहित्यिक गोष्ठी में जाने के लिए तैयार बैठे थे। सुशीला ने उनसे कहा कि राजेंद्र जी आप चले जाएँगे तो मन्नू को देखेगा कौन, उसकी हालत देख रहे हैं। तब वे फोन पर जोर-जोर से बोल रहे हैं कि "अरे मन्नू जी नहीं जा रही है तो क्या हुआ, मैं देखिए तो क्या मौज करवाता हूँ, अरे खूब मस्ती मारेंगे"[5] राजेंद्र यादव जैसे बुद्धिजीवी

लेखक भली-भाँति जानते हैं कि किसी स्त्री के लिए सबसे बड़ी सजा यह है कि एक छत के नीचे रहते हुए उससे संवाद बंद कर दिया जाए। तनावग्रस्त चुप्पी से बड़ी तकलीफदेह बात और क्या हो सकती थी मन्नू जी के लिए?

अब कुछ बातें राजेंद्र यादव तथा उनकी प्रेमिका मीता के संदर्भ में करना आवश्यक प्रतीत होता है। मीता के साथ प्रेम प्रसंग को लेकर यह प्रश्न उठता है कि अगर मन्नू जी राजेंद्र यादव को घर से बाहर जाने के लिए न कहती, भले ही उनके और मन्नू जी के संबंधों में खिंचाव था, एक प्रकार के संवादहीनता से गुजर रहे थे वे तथा परिवार भी उन्हें अपनी स्वतंत्रता में बहुत बड़ी रुकावट की तरह लग रहा था। राजेंद्र यादव जिस प्रकार की व्यक्तिगत आज़ादी के इच्छुक रहे हैं तथा उन्होंने जिंदगी जीने को लेकर जो पैटर्न अख़्तियार किया था ऐसी परिस्थितियों में मन्नू जी की उनके जीवन में उपस्थिति एक प्रकार से बाधक ही कही जा सकती है। लेकिन अगर वे मन्नू जी के साथ नहीं रहते, उनसे अलग हो जाते तो क्या 'मुड़ मुड़ के देखता हूं' जैसा आत्मकथ्य लिखते? लिखते भी तो क्या इसमें अपनी प्रेमिका और अपने प्रेम संबंधों की चर्चा इस तरह खुले रूप में कर सकते थे? मन्नू जी तो इतने वर्षों तक इन बातों को जानती ही थीं। यह सब जानने के बावजूद उन्होंने राजेंद्र यादव का साथ इतने वर्षों तक निभाया। अपने बेहद निजी प्रेम संबंधों को इस तरह सार्वजनिक करने का अब क्या मतलब था? शायद यह सब इसलिए है कि इन बातों को खुले रूप में जाहिर कर कहीं न कहीं वे मन्नू जी को नीचा दिखाना चाहते हो। शायद उन्हें आहत करने में एक प्रकार के सुख की अनुभूति होती रही है उन्हें। ऐसा क्या कारण रहा होगा कि राजेंद्र यादव मीता जैसी दबंग और दुस्साहसी लड़की से आकर्षित हुए? लगता है कि उनका शारीरिक व्यंग भी उनके मानसिक बनावट को आकार दे रहा था। भीतर कहीं गहरे चेतन-अवचेतन मन में यह हीनता ग्रंथि घर कर गयी होगी कि उनमें शारीरिक रूप में कुछ कमी है।

बहरहाल, राजेंद्र जी ने शादी के सात फेरे तो मन्नू जी के साथ लिये लेकिन अपनी प्रेमिका को दिल-दिमाग से निकाल नहीं पाए। विवाह के संदर्भ में राजेंद्र यादव के ही वाक्य जो उन्होंने अपने विवादित लेख 'होना/सोना एक खूबसूरत दुश्मन के साथ' में लिखा है कि "संबंधों का तो मतलब ही है कि दोनों पक्ष एक-दूसरे का भावनात्मक या भौतिक इस्तेमाल करें। चाहो तो कह लो कि एक दूसरे को बेवकूफ बनाकर अपना काम निकालते हैं।"[6] इस कथन का सहारा लेते हुए कहना पड़ेगा कि राजेंद्र यादव मन्नू जी का भौतिक और भावनात्मक इस्तेमाल तो करते रहे हैं, लेकिन क्या मन्नू जी भी राजेंद्र यादव का भावनात्मक इस्तेमाल नहीं कर रही थीं? अगर ऐसा न होता तो वे राजेंद्र यादव के साथ इतने वर्षों तक कैसे निभा सकती थीं? शायद मन्नू जी भी एक लत की शिकार हुई थी, स्वयं का भावनात्मक स्तर पर इस्तेमाल करवाने की। इन अर्थों में वे भी एक बेहद कमजोर व्यक्तित्व के रूप में इस आत्मकथा में अभिव्यक्त हुई हैं।

एक सवाल यह भी है कि मीता जैसी आज़ाद ख्यालों वाली स्त्री अगर राजेंद्र यादव के साथ विवाह के लिए तैयार हो जाती तो क्या वे मन्नू जी से अलग हो जाते? हमें तो ऐसा प्रतीत होता है कि अगर मीता विवाह के लिए अपनी रजामंदी दे देती तो उनके सामने एक बहुत बड़ा संकट खड़ा हो जाता। चाहते तो यही होंगे कि मीता विवाह के लिए कभी तैयार ही न हो क्योंकि इतना तो वे अच्छी तरह जानते होंगे कि मीता जैसी महिलाओं से इश्क तो लड़ाया जा सकता है लेकिन

विवाह के बंधन में बँधा नहीं जा सकता। क्योंकि जैसे ही प्रेमिका पत्नी का रूप धारण कर लेती है, अधिकारों की बेड़ियाँ व्यक्ति को जकड़ने लगती हैं। व्यक्ति के भीतर अधिकार की भावना पैदा होते ही वह ढेर सारी अपेक्षाएँ पालना शुरू कर देता है और इन्हीं अपेक्षाओं के बोझ तले दब कर अक्सर दुख पाता है। मीता लंबे समय तक राजेंद्र यादव से प्रेम की रास लीला में मगन रही मगर विवाह के बंधन में बँधना नहीं चाहती थी। मीता जैसी स्त्रियाँ इतना तो जरूर जानती हैं कि प्रेमिका जितनी स्वतंत्र होती है उतनी किसी की पत्नी बन कर नहीं हो सकती। प्रेमिका जब पत्नी बन जाती है तब वह अपने आज़ादी के मौलिक अधिकार को खो देती है। भारतीय समाज में विवाह के बाद अधिकार का जन्तु दिल-दिमाग में प्रवेश कर जाता है। यही अधिकार का भाव आगे चलकर अपेक्षाओं की ऐसी ऊँची इमारत खड़ी कर देता है कि इससे पार करने की हिम्मत बिरले ही दिखा पाते हैं।

मन्नू जी ने अपनी आत्मकथा में राजेंद्र यादव को कटघरे में खड़ा तो कर दिया है लेकिन एक सवाल पाठक के मन में उभरता है कि ऐसी कौन सी बात होगी मन्नू जी को लेकर जो राजेंद्र यादव को परेशान करती होगी। राजेंद्र यादव अब हमारे बीच नहीं हैं और अगर होते भी तो क्या वे अपने आप को पूरी तरह से अभिव्यक्त कर पाते? लंबे समय तक किसी व्यक्ति का सान्निध्य जहाँ आत्मीयता-स्नेह बढ़ाता है, वहीं एक ढर्रे पर चलने वाला दांपत्य जीवन बोरियत भी पैदा करता है। सतत की निकटता उलझनें भी पैदा करती हैं, वैवाहिक जीवन में तो और भी ज्यादा। व्यक्ति के गुण भी अवगुण लगने लगते हैं। यह स्थितियाँ पारिवारिक जीवन में एक प्रकार के तनावपूर्ण माहौल का निर्माण करती हैं। किसी व्यक्ति पर किया गया प्रेम सार्वकालिक नहीं होता और न तो शाश्वत होता है। प्रेम का भाव भी समय सापेक्ष होता है। प्रेम का आवेग हर समय एक समान नहीं रहता।

अंत में बस इतना कि ऐसी कौन-सी भारतीय स्त्री होगी जो अपने पति को अन्य स्त्रियों के साथ नाजायज संबंध रखने के लिए अनुमति देगी। भारतीय स्त्री के संस्कार, उसकी मानसिकता उसे इस बात की अनुमति नहीं देते कि उसका पति खुलेआम किसी गैर औरत से शारीरिक संबंध रखे और वह सब कुछ चुपचाप सहती रहे। सामंती युग में जहाँ उसे सब कुछ सहना पड़ता था वहीं आज वह अपना मुँह खोल सकती है, प्रतिरोध के स्वर को बुलंद कर सकती है, बिना संकोच अपनी बात कह सकती है। इसी सोच का नतीजा है मन्नू भंडारी की आत्मकथा 'एक कहानी यह भी'।

संदर्भ :

1. मन्नू भंडारी, एक कहानी यह भी, पृष्ठ क्रमांक : 25
2. मन्नू भंडारी, एक कहानी यह भी, पृष्ठ क्रमांक : 18
3. मन्नू भंडारी, एक कहानी यह भी, पृष्ठ क्रमांक : 221
4. मन्नू भंडारी, एक कहानी यह भी, पृष्ठ क्रमांक : 214
5. मन्नू भंडारी, एक कहानी यह भी, पृष्ठ क्रमांक : 176
6. राजेंद्र यादव, आदमी की निगाह में औरत, पृष्ठ क्रमांक : 98

❏❏❏

एसोसिएट प्रोफेसर, हिन्दी विभाग, पी.ई.एस. महाविद्यालय, फर्मागुडी, फोंडा-गोआ ई-मेल : sandeepslotlikar@gmail.com

हिन्दी यात्रा साहित्य का तुलनात्मक अध्ययन

—डॉ. वीरेन्द्र सिंह यादव

यात्रा-साहित्य जीवन की अभिव्यक्ति है। हिन्दी गद्य साहित्य में यात्रा-साहित्य साहित्यकारों एवं पाठकों के आकर्षण का विषय है। यद्यपि यात्रा-साहित्य गद्य विधाओं में प्राचीन साहित्यिक विधा है। आदिकालीन ग्रंथ रामायण, महाभारत, हर्षचरित्र, कादम्बरी में कहानी का मूल सार यात्रा वृत्तांत ही है। भारतीय राजनैतिक अस्थिरता के कारण हिन्दी साहित्य में अनेक विधाओं का जन्म हुआ। साहित्यकारों ने तत्कालीन प्रचलित भाषा शैली में अपनी अनुभूति, संस्मरण कल्पना आदि को मिलाते हुए नित्य नई साहित्यिक शैली का निर्माण किया।

यात्रा-साहित्य मानवीय जीवन की यायावर प्रवृत्ति का प्रतीक है। मनुष्य अपने जीवन में अनेक यात्रायें करता है। यात्रा करना मनुष्य के जीवन का अनिवार्य अंग है। यात्रा करना मानव जाति की सहज प्रवृत्ति है, घुमन्तू प्रवृत्ति मानव के विकास की कहानी है। भारतीय इतिहास में काव्यों, कथा, साहित्य, लेख में यात्रा वृत्तान्त का उल्लेख प्राप्त होता है। हमारे सबसे प्राचीन ग्रंथ ऋग्वेद में भी मनुष्य से यात्रा करने सम्बंधी प्रार्थना का उल्लेख है। यात्रा करने वाले लोग अपने यात्रानुभवों को लिखने का कार्य भी करते रहे और यही से यात्रावृत्तों की शुरुआत हुई। प्राचीन समय से ही मनुष्य यात्रा करता आ रहा है यथा युद्ध, धर्म प्रचार, तीर्थ, व्यापार, खोज, आदि विषयों के लिए मनुष्य यात्रा करता रहा है और वर्तमान में सुगम परिवहन माध्यमों से इन यात्राओं में वृद्धि हो गई है।

अगस्त्य ऋषि की दक्षिण यात्रा, जातक कथाएँ, विनय वस्तु (बुद्ध की यात्राएँ) कौटिल्य के अर्थशास्त्र (300 ई.पू.) में सामूहिक सुरक्षा, मेगस्थनीज, अलबरूनी (1000 ई.) आदि यात्रियों के यात्रावृत्तान्तों में अनेक रोचक तथा उपयोगी जानकारी मिलती है। धर्मप्रचार के लिए संघमित्रा (200 ई.पू.) का श्रीलंका जाना, कश्यप मांतग एवं धर्मरत्न (70 ई.) बौद्ध भिक्षु का चीन जाना, आचार्य पद्मसंभव (747 ई.) की हिमाचल तथा तिब्बत की यात्रा, आदि ऐसे यात्रा-साहित्य हैं जिन्होंने भारतीय संस्कृति को विश्व के कोने-कोने में पहुँचाने का कार्य किया है।

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और यायावरी उसकी सहज प्रवृत्ति है। यात्रा करना, ज्ञान बटोरना, अन्वेषण करना मानवीय वृत्ति का ही परिणाम है। विश्व में अनेक ऐसे लोग हैं जिन्होंने जिंदगी भर यात्रायें ही की हैं और इन यात्रा वृत्तांतों को साहित्य के रूप में लिखकर रखा है। यह अत्यंत महत्वपूर्ण दस्तावेज है जो मानवीय विकास को प्रेरित करता है। कई भारतीय राजाओं ने राजपाठ छोड़कर धर्म के प्रचार के लिए यात्रायें की हैं।

लेकिन सभी यात्रायें यात्रा-साहित्य नहीं होती हैं किन्तु यात्राओं के दिशा से यात्रा-साहित्य का विकास अवश्य होता रहा है।

ह्वेनसांग एक ऐसा ही चीनी यात्री हुआ है जो हर्षवर्धन के शासनकाल में भारत आया और सत्रह वर्षों तक यहाँ रहा। ह्वेनसांग ने भारत यात्रा का वर्णन अपनी पुस्तक 'सी-यू-की' में किया है। इस पुस्तक में राजा हर्ष के समय की सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक और सांस्कृतिक स्थिति का वर्णन मिलता है। ह्वेनसांग बौद्ध भिक्षु था। भारत में आकर उसने यहाँ के विभिन्न बौद्ध मठों का अध्ययन किया। ह्वेनसांग एक विलक्षण प्रतिभा का व्यक्ति था, वह मात्र 13 वर्ष की आयु में ही मठाधीश बन गया था। किन्तु 20 वर्ष की आयु में उसके बौद्ध धर्मालंबियों से मतभेद उभर गये तभी उसने निश्चय किया वह भारत जाकर बौद्ध धर्म का मूलपाठ का अध्ययन करेगा। 626 ई.पू. में वह संस्कृत का पाठ कर पारंगत हुआ। कई वर्षों की यात्रा के बाद वह 630 में भारत पहुँचा। भारत में आकर वह लगातार यात्रा ही करता रहा। सिंधु नदी, तक्षशिला, कश्मीर, हीनयान, महायन के मठ, मेरठ, मथुरा, अयोध्या, हर्ष वर्धन की राजधानी (कान्यकुब्ज) कन्नौज, कपिलवस्तु, लुम्बनी, सारनाथ, वाराणसी, नालंदा, अमरावती व कांची को करीब से देखा।

यात्रा-साहित्य परम्परा का प्रारंभ आदि काल से हो गया था किन्तु भाषा साहित्य में लिखने की परम्परा का विकास आरंभिक हिन्दी भाषा में देखने को मिलता है। यात्रा वृतांत किसी न किसी से प्रेरित होकर लिखे जाते हैं। बद्रीनाथ सुगम यात्रा एक भक्ति भावना से प्रेरित होकर लिखा गया यात्रावृत्त है। समय के परिवर्तन के साथ ही इस दिशा में क्रांतिकारी परिवर्तन आया। जब तीर्थयात्रा के स्थान पर आत्मकथानात्मक शैली में यात्रा-साहित्य लिखे जाने लगे। "सन् 641 में जैन कवि बनारसीदास लिखित आत्मकथा 'अर्थकथानक' ग्रंथ मिलता है। यह यद्यपि है तो आत्मजीवनी किन्तु जैन कवि बनारसी दास कर्म तथा धर्म से यायावर थे। अतएव हिन्दी में इस आत्मकथा ग्रंथ को हिन्दी का प्रथम (तीर्थयात्रा के अलावा) यात्रा-साहित्य भी माना जा सकता है। कवि बनारसीदास का अर्थकथानक मुगलकालीन जीवन का प्रामाणिक तथा रोचक वर्णन करता है। उनके इस यात्रा-साहित्य के अधिकांश घटनाओं से तत्कालीन मुगल राज्य में शासन और व्यवस्था, समाज के विभिन्न अंगों के संबंध, मार्गों की तथा व्यापार की दशा इत्यादि की रोचक तथा प्रमाणिक जानकारी मिलती है। अर्धकथानक आज के अनेक यात्रावृत्तों से अधिक रोचक एवं समृद्ध है।

अज्ञेय यात्रा-साहित्य के जाने माने साहित्यकार हैं किन्तु वे अपने यात्रा-साहित्य को यात्रा संस्मरण कहना पसंद करते हैं। अज्ञेय जी की 'अरे यायावर रहेगा याद' (1953) 'एक बूंद सहसा उछली' (1960) उनकी प्रसिद्ध यात्रा साहित्य कृति है। हिन्दी यात्रा-साहित्य के संदर्भ में निर्मल वर्मा, मोहन राकेश, यशपाल, भगवतशरण उपाध्याय के नाम विशेष उल्लेखनीय हैं। मोहन राकेश की यात्रा कृति आखिरी चट्टान तक (1953) में दक्षिण भारतीय परिवेश का विस्तृत वर्णन किया गया है। निर्मल वर्मा के यात्रा-साहित्य 'चीड़ो पर चाँदनी' (1964) में यूरोप के जीवन दर्शन को गहराई से उतारा गया है। राहुल जी ने यात्री के रूप में अपना सारा जीवन गुजार दिया। वे हिन्दी साहित्य में सदैव के लिये अस्मरणीय रहेंगे। हिन्दी के विषय को लेकर एक बार उन्होंने कहा था कि मैंने नाम बदला, वेशभूषा बदली, खान-पान बदला, सम्प्रदाय बदला लेकिन हिन्दी के सम्बंध

में मैंने विचारों में कोई परिवर्तन नही किया। यही कारण है कि राहुल जी का यात्रा-साहित्य हिन्दी के विकास में अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करता है। राहुल जी ने अपना साहित्य विभिन्न विधाओं में लिखा है—कथाकार अन्वेषक, यायावर आलोचक निबंध आदि। राहुल जी ने कहानी, उपन्यास, आत्मकथा, जीवनियाँ लिखी हैं, यात्रा-साहित्य के रूप में लंका, जापान, ईरान, चीन में क्या देखा प्रमुख है। यात्रा-साहित्य विभिन्न शैली के पाये जाते हैं, कुछ यात्रा-साहित्य परिचयात्मक प्रकार के होते है जिसमें लेखक किसी देश या स्थान के स्वप्न लोक में खो जाता है। ऐसे यात्रा-साहित्य में रचनाकार स्थान विशेष का वर्णन करता है और स्थान-स्थान पर उल्लास, आत्मीयता, मनोवेग का समावेश करता है जिससे यात्रा-साहित्य में सजीवता आ जाती है। यात्रा-साहित्य सम्राट राहुल सांकृत्यायन, शिवनन्दन सहाय आदि का यात्रा-साहित्य इसी श्रेणी में आता है। कुछ यात्रा-साहित्य का उद्देश्य जीवन की व्यापकता को दर्शाना होता है जिसमें किसी देश की सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक स्थितियों का यथार्थ चित्रण होता है। प्राय: उद्देश्यपरक साहित्यकार अपने यात्रा वृत्तांतों में स्थानों, नगरों, दृश्यों, प्राकृतिक रूपों का चित्रण करते चलते हैं। ये यात्रा-साहित्य यथार्थ के करीब होते हैं, किन्तु लेखक इनमें अपने प्रभावों और भावनाओं का समावेश करता है। राजवल्लभ ओझा, जगदीशचन्द्र जैन, गोविन्द दास एवं यशपाल ऐसे ही यात्रा-साहित्यकार हैं, जो प्राकृतिक और सांस्कृतिक जीवन का चित्रण अपने यात्रा-साहित्य में करते हैं। रांगेय राघव, अमृत राय जैसे साहित्यकार अपने यात्रा-साहित्य में अपने प्रभावों, प्रतिक्रियाओं और संवेदनाओं को अधिक महत्व देते हैं। इनके यात्रा-साहित्य संस्मरणात्मक तरह के होते हैं जिसमें राग रस, दृष्टि, प्रतिक्रिया, संवेदनशीलता, जीवन आदि, साहित्यकार अपने अनुरूप प्रदर्शित करता है जो यात्रा साहित्य को नवीन रोचकता प्रदान करती है।

यात्रा-साहित्य जीवन की अभिव्यक्ति है। हिन्दी गद्य साहित्य में यात्रा-साहित्य साहित्यकारों एवं पाठकों के आकर्षण का विषय है। यद्यपि यात्रा-साहित्य गद्य विधाओं में प्राचीन साहित्यिक विधा है। आदिकालीन ग्रंथ रामायण, महाभारत, हर्षचरित्र, कादम्बरी में कहानी का मूल सार यात्रा वृत्तांत ही है। भारतीय राजनैतिक अस्थिरता के कारण हिन्दी साहित्य में अनेक विधाओं का जन्म हुआ। साहित्यकारों ने तत्कालीन प्रचलित भाषा शैली में अपनी अनुभूति, संस्मरण कल्पना आदि को मिलाते हुए नित्य नई साहित्यिक शैली का निर्माण किया। हमारे देश में यात्रा करने का अनुभव सदियों पुराना है। जैसे कि इतिहास में मिलता है कि, आवागमन के आधुनिक साधनों के समान प्राचीन काल में साधन न तो अधिक विकसित थे और न ही अधिक तीव्र थे। अन्यत्र व्यापार करने के इच्छुक व्यापारियों को सामान एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने के लिये व्यवस्था स्वयं करनी पड़ती थी। साथ ही आवागमन के मार्ग भी पूर्णत सुरक्षित नहीं थे इसलिये व्यापारी सामान्यत: समूहों में ही सामान सहित यात्रा करते थे। याज्ञवल्क्य और विष्णु स्मृति में उल्लेखित है कि वाणिज्य और व्यापार के लिये लोग विदेशों की यात्रा करते रहे थे। ''शूद्रक के नाटक 'मृच्छकटिकम्' में स्त्रियों द्वारा जहाज व्यापार के अस्पष्ट संकेत मिलते हैं।''

स्पष्ट है कि हमारे प्राचीन साहित्य में यात्रा वृत्तांत का उल्लेख प्राप्त होता है किन्तु ये यात्रा वृत्तांत केवल धर्म, व्यापार या किसी विशेष कार्य के लिये ही किये जाते थे। उनका उद्देश्य यात्रा-साहित्य नहीं होता था। किन्तु समयान्तर में इसमें परिवर्तन होने लगा।

इब्नबतूता (1304–1377 ई.) ने लगभग 75000 किमी की यात्रा की थी और अपनी यात्रा के दौरान भारत भी आया। एक बार जब इब्नबतूता मक्का के सफर (यात्रा में था तब उसे दो साधु मिले जिन्होंने पूर्वी देशों के सुख सौंदर्य का वर्णन किया। साधुओं से प्रभावित होकर उसने पूर्वी देशों की यात्रा का संकल्प लिया। वह खीवा, बुखारा होता हुआ सीधे दिल्ली दरबार पहुँचा जहाँ उसकी मुलाकात मुहम्मद बिन तुगलक से हुई। अपने सफरनामा में इब्नबतूता ने अपने लम्बे यात्रा–वृत्तांतों का वर्णन किया है। इब्नबतूता द्वारा अरबी भाषा में लिखा गया उसका यात्रा वृत्तांत जिसे रिहाला कहा जाता है।) 14 शताब्दी के भारतीय महाद्वीप के सामाजिक तथा सांस्कृतिक जीवन के विषय में यथार्थ जानकारी प्रस्तुत करती है। यात्रा वृत्तांतों के संदर्भ में यह सबसे बड़ा तथ्य है कि इब्नबतूता के भ्रमणवृत्तांत को ''तुहफतअल नज्जार की गरायब अल अमसार व अजायब अल अफसार का नाम दिया गया है। उसके यात्रा वृत्तांत में तत्कालीन भारतीय परिवेश की महत्वपूर्ण जानकारी मिलती है। कुछ भौगोलिक एवं तिथि सम्बन्धी भूलों को छोड़ दें तो इब्नबतूता का विवरण उस समय के भारत और उसके आस–पास के देशों की सामाजिक, आर्थिक तथा राजनैतिक दशा को समझने के लिए एक उपयोगी साधन है। मार्कोपोलो के यात्रा विवरण में भी कुछ महत्वपूर्ण जानकारियाँ मिलती हैं।

अज्ञेय के यात्रा–साहित्य कविता, निबंध, उपन्यास सभी से होकर गुजरते हैं। खास बात इनकी रचनाओं में पूर्व वर्तमान और भविष्य के दर्शन होते हैं। भाषा और साहित्य के सम्बन्ध में राहुल जी कहते हैं—भाषा और साहित्य धारा के रूप में चलता है, फर्क इतना ही है कि नदी को हम देश की पृष्ठभूमि में देखते हैं जबकि भाषा देश और भूमि दोनों की पृष्ठभूमि को लिए आगे बढ़ती है। कालक्रम के अनुसार देखने पर ही हमें उसका विकास अधिक सुस्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होता है। ऋग्वेद से लेकर 19वीं सदी के अन्त तक की गद्य धारा और काव्य धारा के संग्रहों की आवश्यकता है।

संदर्भ :

1. अथर्ववेद द्वादश काण्डम्, सूक्त–1 मंत्र–47
2. अरे यायावर रहेगा याद, अज्ञेय, सरस्वती प्रेस, बनारस एक जुलाई 1954 ई.
3. अलकनंदा, मंदाकिनी के दो तीर्थ, डा. सम्पूर्णानन्द, सूचना विभाग उ.प्र. सन् 1959 ई.
4. आवारे की योरोप यात्रा, डॉ. सत्यनारायण
5. अज्ञेय काव्य स्तवक, डॉ. विद्यानिवास मिश्र, रमेशचन्द्र शाह, साहित्य अकादमी, नई दिल्ली, 1995 ई.
6. इत्सिंग की भारत यात्रा, श्री संतराम, इण्डियन प्रेस प्रयाग, 1925 ई.
7. ऋग्वेद 7/88/3 विश्वबन्धु संस्करण, होशियारपुर
8. कश्मीर की वह यात्रा, श्री जैनेन्द्र कुमार, पूर्वोदय प्र. दिल्ली, 1973 ई.
9. काव्य भाषा और काव्येतर भाषा, डॉ. नामवर सिंह
10. काव्य और सौंदर्य, राधाकृष्ण शुक्ल
11. जीवनी साहित्य, हिन्दी साहित्य कोश, अजित कुमार, नंदन प्र. रानी कटरा लखनऊ, सन् 1970 ई.
12. दुनिया की सैर अस्सी दिन में, श्री परमेश्वर दीन शुक्ल, सस्ता साहित्य मंडल दिल्ली, 1967 ई.

❑❑❑

अतिथि प्रवक्ता, वैष्णो देवी शिक्षण व प्रशिक्षण महाविद्यालय, गोदही, नरई कुंडा, प्रतापगढ़ (उ.प्र.)
ईमेल : virendraskd1339@gmail.com

भारतीय रंगमंच में मंच की शास्त्रीय परिकल्पना

—डॉ. मधु कौशिक

भारत में जो मंच-व्यवस्था थी, उसका विवरण भरत के 'नाट्यशास्त्र' में विस्तार से मिलता है। भरत मुनि ने मंच निर्माण की पृष्ठभूमि में एक महत्वपूर्ण कथा का उल्लेख किया है। दानवों पर इंद्र की विजय के उपलक्ष में भरत ने 'महेंद्र विजयोत्सव' नामक नाट्य का अभिनय किया, जिसमें असुरों की निंदा की। इस पर दानवों ने अत्यंत क्रुद्ध होकर उसका भयंकर विध्वंस किया। इस पर ब्रह्मा ने दानवों को शांत करने के लिए नाट्य के महत्व का उपदेश दिया। नाट्य में सभी लोकों के सुख-दुखात्मक भावों का अनुकरण होगा जिसे देखने से दुखी और परिश्रांत व्यक्तियों का विनोद होगा।

